- संवत् के प्रारम्भ में (अप्रैल से मई, 2014 ई. तक) शनि–मंगल एवं राहु (खलत्रयी) का वक्रत्व प्रधान राजनैतिक दलों में विशेष शक्तिपरीक्षणकी स्थिति बनाएगा। परिणाम आश्चर्यजनक होंगे।
- जुलाई से कन्याराशि का राहु एवं बुध का अतिचार एवं 14 जुलाई से सितम्बर, 2014 ई. तक शनि–मंगल का एकराशिसम्बन्ध देश में अघटित घटनाओं को सामने लाएगा।
- यह वर्ष देश के नेतृत्व में परिवर्तन एवं कुछ राष्ट्रीय प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए भयावह है।
- जुलाई से सितंबर, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति उग्रवादियों द्वारा देश में (छत्तीसगढ़, पंजाब, दिल्ली, जम्मू–काश्मीर एवं बिहार आदि किंवा महानगरों में) भारी कष्टप्रद वातावरण बनाए। शासनतन्त्र को सावधान रहना होगा।
- श्रीमती सोनियागांधी, श्रीराहुलगांधी एवम् श्रीनरेन्द्रमोदी जी की ग्रहस्थिति इसवर्ष क्या दिशा–निर्देश देती है ?
- 2 अक्तूबर से 6 दिसंबर, 2014 ई. तक एवं 4 जनवरी, 2015 ई. से संवत् के अन्त तक समुद्री तूफान (सुनामी), हैरीकेन एवं भारी प्राकृतिक आपदा का संकेत ग्रहचाल से मिलता है।
- भारत की राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थिति और देश का नेतृत्व इसवर्ष क्या संकेत देता है ?
- देश–विदेश (भारत, अमेरिका, मुस्लिमराष्ट्र एवम् यूरोपीय देशों) में घटित होने वाले घटनाचक्र का विवरण।

पाठको यह बृहद् ब्रह्माण्ड विधाता का एक चक्र है, सभी जीव उसके अनुसार ही चलने को विवश हैं। इस प्रकार स्वयं को ईश्वर से पृथक् समझता प्राणी इस चक्र से बन्धा जीवन–मरण से मुक्त नहीं होता। ' श्वेताश्वतरोपनिषद् ' का वचन है;–

"सर्वाजीवे सर्वसंस्थे बृहन्ते अस्मिन् हंसो भ्राम्यते ब्रह्मचक्रे।
पृथगात्मानं प्रेरितारं च मत्वा जुष्टस्ततस्तेनामृतत्वमेति।। "

इस उपनिषद्वाक्य के अनुसार प्रत्येक प्राणी अपने अस्तित्व की वास्तविकता को ढूंढने के लिए सर्वप्रथम ज्योतिषशास्त्र का आश्रय लेता है।

अज्ञात, अलौकिक शक्ति के परिचायक अनन्तकोटि तारों एवं ग्रहों के अदृश्य संकेत से संचालित ब्रह्माण्ड में कभी भूकम्प, समुद्री–बर्फानी तूफान, ज्वालामुखी–विस्फोट एवं जनजीवन में उग्र–विनाशक घटनाएं स्पष्ट अनुभव की गई हैं।

सभी शुभाशुभ घटनाएं मनुष्य की पहुंच से बाहिर समझी जाती हैं, लेकिन जो रहस्य साधारणतः इन्द्रियों की पहुंच से बाहर हैं अथवा भूत–भविष्य के गर्भ में निहित हैं, वे ज्योतिषशास्त्र द्वारा प्रत्यक्ष जान लिए जाते हैं। हमारे ऋषियों ने उसी ज्योतिषशास्त्र की रचना की है, जोकि भारत के लिए गौरव की बात है;–

" ज्योतिषामयनं साक्षाद् यत्तदज्ञानमतीन्द्रियम्।
प्रणीतं भवता येन पुमान् वेद परावरम्।।"– (श्रीमद्भागवतपुराण)

इस प्रकार जगत्पिता की अदृश्य, अलौकिक शक्ति ग्रहों के आकर्षण–विकर्षण के आधार पर ब्रह्माण्ड को प्रभावित करती है, संचालित करती है। ग्रहगतिजन्य इस परिणाम को हम "भवितव्यता" किंवा "ईश्वरेच्छा" कहकर स्वीकार करते हैं।

ग्रहगतिजन्य प्रभाव से प्रताड़ित समस्त समाज, व्यक्ति किंवा देश की स्थिति

ठीक उस तिनके की भान्ति ही अनुभव की गई है, जो वायुवेग से प्रताडित होकर अपने अस्तित्व को खोकर इधर--उधर भागता फिरता है। नैषधचरित में स्पष्ट लिखा है–

> "अवश्य भव्येष्वनवग्रह ग्रहा यया दिशा धावति वेधसः स्पृहा।
> तृणेन वात्येव तयानुगम्यते लोकस्य चित्तेन भृशाऽवशात्मना।।"–(नैषधचरित)

यह बात भी नितांत सत्य है कि– ग्रहों की प्राकृतिक व्यवस्था में तनिक भी रूपान्तरण होने से दिग्दाह, उल्कापात, भूकम्प, अतिवृष्टि, अनावृष्टि, युद्ध, महामारी, अराजकता आदि उपद्रवों से संसार त्रस्त हो जाता है। अतः स्पष्ट है कि– आकाशीय पिण्डों (ग्रहों) का विश्वजनीन घटनाचक्र से कुछ सम्बन्ध अवश्य है – इस तथ्य को वैज्ञानिक, विचारक एवं बुद्धिजीवियों का एक बड़ा वर्ग स्पष्ट स्वीकार करता है।

इस पृथ्वी पर जो कुछ भी घटित होता अनुभव करते हैं, वह सब ग्रहों के वक्र–मार्ग आदि का ही परिणाम है। इस ग्रहगतिजन्य संकेत के आधार पर ही अपनी मति के अनुसार विश्व में जो भी प्रतिवर्ष घटित होता है, " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" के माध्यम से प्रिय पाठकों के समक्ष उपस्थित करते रहते हैं और यह इस प्रकाशन का 87वां गौरवपूर्ण वर्ष प्रारम्भ हो रहा है।

श्री वि. संवत् 2071 की ग्रहस्थिति के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं की भविष्यवाणी प्रस्तुत करने से पहिले हम अपने विद्वान्, प्रबुद्ध पाठकों का आभार व्यक्त कर देना उचित समझते हैं, जिन्होंने लगातार 86 वर्षों तक हमारी भविष्यवाणियों का सही मूल्यांकन करके हमें आज 87 वें वर्षप्रवेश पर भी इस बारे में कुछ लिखने को प्रोत्साहित किया है। पाठको ! आपका यह पंचांग अपनी सर्वांगशुद्ध गणित, समस्या–समाधान, प्रामाणिक ग्रहणगणित, शोधपूर्ण लेखों एवं आश्चर्यजनक भविष्यवाणियों के लिए भारत में ही नहीं, विदेशों में भी विश्रुत हो चुका है।

आपके इस लोकप्रिय पंचांग में प्रतिवर्ष प्रकाशित होने वाली आश्चर्यजनक, अव्यभिचरित भविष्यवाणियों में साधारण वर्ग के व्यक्ति से लेकर भारतरत्न श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीमती इन्दिरा गांधी, प्रथम राष्ट्रपति डॉ.राजेन्द्र प्रसाद एवं अन्य गण्यमान्य प्रतिष्ठित ऐतिहासिक महापुरुषों की अभिरुचि रही है। आज भी यह पंचांग अपनी सफल, आश्चर्यचकित कर देने वाली भविष्यवाणियों के कारण तथा ग्रहण आदि पंचांगगणित की सूक्ष्मता एवं शुद्धि के कारण भारत में ही नहीं, विदेशों में भी लोकप्रिय है और भारत में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है।

[*भारत–पाकविभाजन; बंगलादेश का अस्तित्व में आना; श्री जवाहरलाल नेहरु, श्रीलालबहादुर शास्त्री, श्रीमती इन्दिरागांधी के शासन का अंत एवं मृत्यु की सूचना; भारत–पाकयुद्ध; भारत–चीनयुद्ध; विदेशों में घटित होने वाले महत्त्वपूर्ण घटनाचक्र; समय–समय पर भारत की राजनीति में विशेष परिवर्तनों एवं अन्य घटनाचक्र की सूचना किंवा ऐतिहासिक भूकम्प; गुजराल सरकार का अपदस्थ होना, भाजपा सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होना; पाक में श्री नवाज़शरीफ की सरकार का तख्तापलट; अमेरिका में वर्ल्डट्रेड सेंटर एवं पेंटागन पर उग्रवादियों का हमला, अमरीका की कोलम्बिया आन्तरिक शटलयान दुर्घटना; इराक पर अमरीकी हमला और सद्दाम हुस्सैनशासन का अन्त; नेपाल में माओवाद से अशान्ति एवं राजशाही का अन्त; अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री रीगन की मृत्यु; संवत् 2061 वि. में भाजपा एवम् N.D.A. शासन का तख्तापलट एवम् भारत के लोकसभानिर्वाचनों में त्रिशंकु शासनसत्ता की भविष्यवाणी के अतिरिक्त 26 दिसंबर 2004 ई. को तामिलनाडु, आन्ध्रप्रदेश एवं अण्डेमान–निकोबार में समुद्री सुनामी–लहरों से प्रलयंकारी तबाही की सटीक भविष्यवाणी, 30 अगस्त, 2004 ई. को अमरीका में भूकम्प एवम् अन्य अनेकों अवाक् कर देने वाली सफल भविष्यवाणियां कर देने का शीर्षस्थ स्थान केवल 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' को ही प्राप्त हुआ है ।*]

अपि च– संवत् 2063 वि. में इराक के तानाशाह की फांसी की घोषणा; 20 दिसम्बर, 2006 ई. को समुद्रीतूफान, जहाज डूबा, 865 यात्री मारे गए– इस घटना की भविष्यवाणी; भारत–अमेरिका परमाणुकरार में बाधा एवम् प्रधानमन्त्री श्रीमनमोहन सिंह जी के निर्णय में बाधक स्थिति की सूचना; मई से जुलाई 2007 ई. के मध्य पाक आदि मुस्लिम राष्ट्रों में घटित घटनाओं का चित्रण; 30 जून, 2007 ई. को देहली के भूतपूर्व मुख्यमन्त्री श्रीसाहिब सिंह के दुर्घटनाग्रस्त होने की भविष्यवाणी, 16 अगस्त, 2007 ई. को पीरु के भयंकर भूकम्प; 21 अगस्त, 2007 ई. में मैक्सिको के भयंकर तूफान; 12 सितम्बर, 2007 को सुमात्रा–इण्डोनेशिया में 7.9 स्केल के भूकम्प; *संवत् 2064 वि.* की भविष्यवाणी के अनुसार उत्तर प्रदेश में बसपा सरकार की स्थापना, नेपाल में माओवादियों के प्रभाव की घोषणा; 27 दिसम्बर, 2007 ई. को पाक में श्रीमती बेनज़ीर भुट्टो की हत्या की भविष्यवाणी; 12 मई, 2008 ई. को चीन में भयंकर भूकम्प; 3 मई, 2008 ई. को म्यांमार में भूकम्प; सं. 2065 वि. में मुंबई स्थित ताज होटल पर सब से बड़े उग्रवादी हमले की भविष्वाणी; 14 नवम्बर, 2008 ई. को चन्द्रमा पर भारत का तिरंगा फहराना एवं भारत के विश्व की चौथी शक्ति के रूप में उदय की भविष्यवाणी; *सं. 2066 वि. में नेपाल में राजतन्त्र की समाप्ति एवम् गणतन्त्र की स्थापना, सं 2066 वि. में अमरीका में बराक ओबामा के राष्ट्रपति बनने की भविष्यवाणी, श्री मनमोहन सिंह जी का पुनः प्रधानमन्त्री बनना; 12/13 जनवरी, 2010 ई. को हैती के विनाशकारी भूकम्प की भविष्यवाणी;* 27 फरवरी, 2010 में चिल्ली में 8.8 रैक्टेयर भूकम्प, *17 जनवरी, 2010 को भारतीय राजनीति के युग पुरुष ज्योतिवसु जी के स्वर्गवास, 15 मई, 2010 ई. को पूर्व उपराष्ट्रपति श्री भैरोसिंह शेखावत का महाप्रयाण, 5/6 अगस्त, 2010 ई. को लेह–लदाख में बादल फटने से हवाई अड्डे के ध्वस्त होने की भविष्यवाणी, 10/11 अगस्त, 2010 को जापान एवं चीन में भयंकर भूकम्प की भविष्यवाणी, 14 अगस्त, 2010 ई. को तिब्बत के पठार में भयंकर भूकम्प की भविष्यवाणी एवम्* अन्य अवाक् कर देने वाली सहस्रों सफल भविष्यवाणियों का श्रेय "श्रीमार्त्तण्ड पञ्चांग" को ही जाता है।

इस प्रकार अव्यभिचरित भविष्यवाणियों के लिए यह एकमात्र प्रामाणिक 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' सम्पूर्ण भारत में ही नहीं किंवा विदेशों में भी ख्यातनामा हो चुका है।

विगत सभी स्तब्ध कर देने वाली भविष्यवाणियों की चर्चा करना तो स्थानाभाव के कारण यहां संभव नहीं है, लेकिन सं. 2071 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर भावी घटनाओं पर विचार करने से पूर्व गत दो–तीन वर्षों की कुछ

भविष्यवाणियों की चर्चा करना प्रासंगिक समझते हैं, ताकि फलितशास्त्र की प्रामाणिकता को स्थापित किया जा सके।

(1) 11 मार्च, 2011 ई. को जापान में अब तक इस सदी के भयंकर विनाशकारी भूचाल एवं सुनामी से जो विनाश हुआ था, उसका उल्लेख सं. 2067 वि. के " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " में स्पष्टरूप से कर दिया गया था, देखें पृ. 122 " लोकभविष्य"–

" इस चान्द्रमास में पांच शनिवार होने से अमरीका, जापान एवं अन्य देशविशेष में भूकम्प, समुद्री तूफान, अग्निकाण्ड व ज्वालामुखी–विस्फोट से जनधनहानि के संकेत मिलते हैं।"

इस भयंकर जापानी दुर्घटना को The Times of India ने इस प्रकार लिखा था–" **Quake, Tsunami Pummel Japan, 8.9 Temblor Triggers Wall of water, Many fires, Houses, cars Tossed Ground like Toys."**

दैनिक पंजाब केसरी ने इस घटना को– "महाभूकम्प / महासुनामी" रूप मे घोषित किया।

समाचारपत्रों के अनुसार यह 140 वर्षों में सबसे भयानक भूकम्प था, इसमें 1,000 लोग मारे गए। इस सुनामी का प्रभाव फिलिपीन्स एवं अमरीका में भी देखा गया।

(2) **"Terror Back in Mumbai"- Hindustan Times, dated 14th July, 2011;-**

" मुम्बई में उग्रवादियों द्वारा 13/7/2011 को कहर बरपाया गया"– इस वारदात की भविष्यवाणी पढ़ें–" श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " संवत् 2068 वि., पृ. 29, कॉलम 1 में–

"12 जून से मंगल वृषराशि में आकर सूर्य, शुक्र एवं केतु के साथ मेल करेगा। पहले ही 7 जून को राहु वृश्चिक एवं केतु वृष में प्रविष्ट होकर दोनों संवत् 2068 के अन्त तक इन्हीं राशियों में चलेंगे। इसी मध्य अघटित घटनाचक्र चलेगा। उग्रवादी विदेश एवं स्वदेश के महानगरों में कहर बरपाएंगे। जानी–माली नुक्सान से विश्व में अशान्ति व्याप्त होगी। कहीं समुद्री तूफान, यानदुर्घटना एवं वरिष्ठ व्यक्तिविशेष के निधन किंवा हत्या से जनजीवन अस्त–व्यस्त होगा। "

(3) 2 मई को आतंकवादी नेता लाडेन की हत्या कर दी गई– " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " संवत् 2068 वि. पृ. 29, कॉलम 1 में पढ़ें–

" विश्व के यावनराष्ट्रों एवं अमेरिका, भारत आदि राष्ट्रों में उग्रवादजन्य घोर अशान्ति, विस्फोट आदि से जनधनहानि एवं किसी व्यक्ति के हत्याकाण्ड की घटना शनि–मंगल के समसप्तक के कारण होगी। शनि–मंगल का यह समसप्तक 2 मई, 2011 ई. तक प्रभावी रहेगा।"

(4) (A) संवत् 2068 वि. में 20 अक्तूबर को लीबिया के शासक 'कर्नल गद्दाफी' के मारे जाने की भविष्यवाणी–

(B) 24 अक्तूबर, 2011 को तुर्की में 7.2 रिक्टर के भूकम्प से लाखों लोग बेघर हुए एवं हज़ारों लोग मारे जाने का समाचार समाचार पत्रों में प्रकाशित हुआ।

इन दोनों भविष्यवाणियों बारे पढ़ें–" श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " संवत् 2068 वि., पृ. 29, कॉलम 2 में–

" 20 सितंबर को चित्रा नक्षत्र का शनि एवं 26 सितम्बर को शनि का अस्त होना तथा 'खप्परयोग' कहीं किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन का संकेत देते हैं– "यदा चित्रांगतः सौरिः छत्रभंगस्तदा भवेत्।" कहीं किसी राष्ट्र में आन्तरिक स्थिति विकृतरूप धारण करेगी। कहीं शासनसत्ता में आकस्मिक परिवर्तन हो। भूकम्प, चक्रवात, समुद्री तूफान (सुनामी) आदि से किंवा यानदुर्घटना से भारी हानि भी संभव है।"

सं. 2069 के "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" से आश्चर्यजनक रूप से सत्य सिद्ध भविष्यवाणियों का उल्लेख–

(5) 3 अगस्त (2012 ई.) को चीन में भीषण तूफान से 10 लाख लोग बेघर। (पढ़ें– " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " संवत् 2069 वि., पृ. 33–34)

" .... राशि वाले देश में समुद्रतटवर्ती भूभाग पर समुद्री तूफान.........से भारी जनधनहानि के योग हैं। "

चीन के तटीय इलाकों में 2 भीषण तूफानों से 10 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए।

(6) 27 अगस्त (2012 ई.) को केरल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, मुम्बई, नेपाल, उत्तरप्रदेश के कई ज़िले जलग्रस्त, लाखों लोग बेघर हुए। (पढ़ें– " श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " संवत् 2069 वि., पृ. 100 पर–)

"आर्द्रा में सूर्य का प्रवेश रात्रि के समय हुआ है। बुध–चन्द्रयोग आंधी–तूफान, दक्षिण–पश्चिम में सामान्य से अधिक वर्षा का संकेत देता है। पूर्वी एवं पश्चिमी भूभाग में कहीं असामयिक वर्षा भी हो। "

(7) (i) भारत के पूर्व प्रधानमन्त्री श्री इन्द्रकुमार गुजराल जी के 30 नवंबर, 2012 ई. को निधन की भविष्यवाणी।

(ii) शिवसेना प्रमुख श्री बालठाकरे जी के 17 नवंबर, 2012 ई. को निधन की भविष्यवाणी। (सं. 2069 वि. के "श्री मार्त्तण्ड पंचांग", पृष्ठ 38, कॉलम 2 के अन्तिम स्टैंजा में पढ़ें)

"4 अक्तूबर को देवगुरु बृहस्पति वक्रगति से चलना शुरु करता है। इस समय गुरु पर मंगल–राहु की दृष्टि है तथा 29 जनवरी, 2013 ई. तक गुरु ग्रह वक्रगति से ही चलता रहेगा। इस समय शनि–गुरु का षडष्टकयोग चल रहा है।

शनि भी वक्रगति से 10 अक्तूबर तक चलता रहेगा। इस समयावधि में किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन से शोक व्याप्त होगा।"

(8) उत्तराखण्ड में प्राकृतिक भीषण आपदा से महाविनाश (2 जून, 2013 ई.) (श्री मार्त्तण्ड पंचांग, सं. 2070 वि. पृष्ठ 44 कॉलम 2)–

"4 मई से 22 जून तक गुरु–शुक्र का एकराशिसम्बन्ध महाराष्ट्र, उड़ीसा उत्तराखण्ड आदि में प्राकृतिक आपदा (भयंकर वर्षा, भूकम्प एवं तूफान आदि) से जनधनहानि का योग बनाता है।"

किञ्च– पृ. 45 पर, कॉलम 1 में स्पष्ट लिखा था कि– " जुलाई के प्रथम सप्ताह में सूर्य, मंगल, बुध, गुरु का एकत्र होना हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, जम्मू–काश्मीर, महाराष्ट्र, उड़ीसा किंवा बिहार में प्राकृतिक आपदा से जनधनहानि का संकेत देता है।"

इस (20 सितंबर, सन् 2012 ई. को 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में की) भविष्यवाणी के अनुसार उत्तराखण्ड की भयंकर त्रासदी ने 22 जून को लाखों व्यक्तियों को केदारनाथ यात्रा के समय काल–कवलित कर लिया। लगभग 600 गांव समाप्त हो गए'। अरबों रुपए की सड़कें, घर एवं वन्य सम्पदा की हानि को उत्तराखण्ड भुला न पाएगा।

इसी समयावधि में असम, जम्मू–काश्मीर, उड़ीसा, मुंबई में भी वर्षा से जो हानि हुई है, वह भी जगजाहिर है। उत्तराखण्ड के पिथोरागढ़ में 19 जून, 2013 ई.को भूकम्प से जनजीवन दहल उठा।

(9) काश्मीर (किश्तवाड़) में भारी हिंसा–" Kishtwar burns"- (Hindustan Times- 13-8-2013)- पढ़ें " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" सं. 2070 वि., पृ. 48, कॉलम 2 पर "जम्मू–काश्मीर" शीर्षक के अन्तर्गत – " गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 7 जुलाई, 2013 ई. तक एवं 18 अगस्त के लगभग से 4 अक्तूबर, 2013 ई. तक इस प्रान्त में भयंकर प्राकृतिक आपदा एवं भीषण उग्रवादजन्य विस्फोटक स्थिति से भारी जनधनहानि के योग हैं। सीमाप्रान्तों पर आपसी झड़पों से अशान्ति रहेगी।"

(10) (i) पुंछ क्षेत्र में रातभर फायरिंग करता रहा पाकिस्तान– 50 घण्टे में 5वीं बार किया संघर्ष–विराम का उल्लंघन– (13/8/2013) (पंजाब केसरी)।

(ii) भारतीय चौकियों पर पाकिस्तान की फायरिंग (13 अगस्त, से 14 अगस्त, सन् 2013 ई. तक फायरिंग जारी रही)–दैनिक भास्कर– 15/8/2013, पढ़ें– " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" सन् 2070 वि., पृ. 41, कॉलम 2 पर अन्तिम स्टैंज़ा–

"18 अगस्त से 5 अक्तूबर, सन् 2013 ई. तक राहुयुत शनि का मंगल के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बनेगा। इस समयावधि में अफग़ानिस्तान, पाकिस्तान में उग्रवादी ग्रुप के मुखिया, चरमपंथी एवं उनके अधीन काम कर रहे मुस्लिम गुट सीमाप्रान्तों, महानगरों में नरसंहार करने में सफल होंगे।"

(11) "महाराष्ट्र में अकाल"– पढें" पृ. 45, कॉलम 1 में–

"17 जुलाई से 10 अगस्त, 2013 ई. तक शुक्र सिंह राशि में रहेगा, जोकि प्रान्तविशेष में वर्षा की कमी किंवा सूखे की स्थिति बना सकता है।"

(12) " अमेरिकन राष्ट्रपति 'ओबामा' पुनर्निर्वाचित"– "Obama Re-elected" The Tribune- Dated 6-11-2012 (पढ़ें– " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" पृ. 41, कॉलम 1 पर)–

" श्री बराक ओबामा जी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति एवं गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार मिथुनस्थ गुरु इनके (जोकि 31 मई, 2013 से शुरु है) भाग्यस्थान में एवं शनि भी तुला–राशिस्थ होकर इनके लग्न (तुला राशि) में राहु के साथ केन्द्रस्थ होगा। जोकि इन्हें राजयोग पुनः प्रदान करता है।"

(13) भारत की चरमराती आर्थिक स्थिति, असह्य महंगाई, घोटाले एवं भ्रष्टाचार की महामारी की स्थिति देश को कहां ले जा रही है– इस स्थिति की भविष्यवाणी– पढ़ें– " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" (सं. 2070 वि.) पृ. 43, कॉलम 1 पर–

भारतीय गणतन्त्र 64वें वर्ष की कुण्डली के आधार पर लिखा था–

" धनेश बुध अभी अस्त है, जोकि नवमभाव में मकर राशिस्थ सूर्य के सन्निकर्ष में है। अतः भारत अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सक्षम मालूम नहीं देगा।"

पृष्ठ 44, कॉलम 2 भी पढ़ें– "ध्यान दें– 18 फरवरी, सन् 2013 ई. से 7 जुलाई, 2013 ई. तक शनि वक्री हालत में राहु के साथ चलता रहेगा। हमारे नेतागण वोटबैंक की राजनीति को प्रमुख रखते हुए देश को धर्मनिरपेक्ष बनाम सांप्रदायिकता में बांट देने का अपराध कर बैठेंगे। भारत के सत्ताकांक्षी राजनीतिक दल मुस्लिम, जाट आदि के आरक्षण से किंवा अप्रवासियों को भी शरण प्रदान करके तोषणनीति द्वारा देश के भविष्य की परवाह नहीं करेंगे। इससे असम, पश्चिमी बंगाल, नागालैण्ड, मणिपुर, बिहार, त्रिपुरा, उत्तर–प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान एवं दिल्ली में भी अप्रवासियों की संख्या आगे चलकर भारत के भविष्य के लिए प्रश्नचिन्ह बनेगी। जिसका परिणाम कहीं साम्प्रदायिक दंगे, कहीं उग्रवादजन्य भयंकर जनधनहानि भी संभव है। "

केन्द्रीय शासनसत्ता की कारगुज़ारी के बारे में पृष्ठ 45, कॉलम 2 पर और भी देखें–

" इस समयावधि में (अक्तूबर, 2013 से जनवरी, 2014 ई. तक) भारतीय जनता अनुभव करने लगेगी कि– भ्रष्टचार की महामारी हमारी शासनव्यवस्था को जर्जर कर रही है, सरकार कौमा में एवं राजनीति मदहोश है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियां देश को लूट रही हैं। इसे सुधारार्थ जनता सचेष्ट होंगी। परिणाम आश्चर्यजनक होंगे।"

(14) चीन एवं पाकिस्तान द्वारा सीमाप्रान्तों पर अतिक्रमण एवं सैनिक हत्याकाण्ड की भविष्यवाणी पढ़ें– " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" (सं. 2070 वि.) पृ. 42, कॉलम 2 पर–

" स्वतन्त्र भारत के 67वें वर्ष (15 अगस्त, 2013 ई. से आगे) की ग्रहस्थिति के अनुसार मुंथेश–मंगल मिथुन राशि में गुरु के साथ है। लेकिन 18/19 अगस्त को मंगल कर्क (अपनी नीच) राशि में आकर शनि–राहु के साथ दशम–चतुर्थसम्बन्ध बना लेगा; जोकि 4/5 अक्तूबर तक इसी तरह बना रहेगा। यह ग्रहस्थिति सीमाप्रान्तीय क्षेत्रों पर शत्रु की गतिविधि से सावधान रहने एवं समुद्रतटवर्ती क्षेत्रों एवम् कुछ पर्वतीय भूभाग पर प्राकृतिक आपदा, भूकम्प, समुद्री तूफान, किंवा महानगरों में कहीं उग्रवादजन्य जनधनहानि का संकेत देती है। सरकार को इस समयावधि में सतर्क रहना होगा।"

इस समयावधि में हिमाचल प्रदेश में जल से हानि, उत्तराखण्ड की त्रासदी, जम्मू–काश्मीर में भूकम्प एवं छत्तीसगढ़ में उग्रवादियों द्वारा नरसंहार आदि एवं चीन–पाक द्वारा सीमा–अतिक्रमण की घटनाएं भी इन पंक्तयों की सत्यता को प्रमाणित करती हैं।

(15) तेलंगाना एवं वोडोलैण्ड के लिए हंगामा– पढ़ें " श्री मार्त्तण्ड पंचांग" 2070 वि., पृष्ठ 45, कॉलम 1, अन्तिम स्टैंज़ा–

" हमें भी सीमाप्रान्तों पर सावधान रहना ही होगा। असम में बोडोलैण्ड समस्या पुनः उजागर होगी। कहीं हत्याकाण्ड एवं पुनः यहां (असम में) अगस्त से अक्तूबर, 2013 ई. तक अराजकता का वातावरण बनना संभव है। सरकार को सावधान रहना होगा।"

तेलंगाना पर 12 M.P.'s को सस्पैण्ड कर दिया गया है। आन्ध्रप्रदेश में उपद्रव हुए। अब बोडोलैण्ड के लिए भी असम में भारी अन्दोलन हो रहे हैं;– यह जनता जानती है।

[नोट– स्थानाभाव के कारण सभी सफल भविष्यवाणियों की चर्चा करना यहां सम्भव नहीं है।]

पाठको ! श्रीमार्त्तण्ड पंचांग के माध्यम से की गईं या की जा रहीं भविष्यवाणियों की सफलता का श्रेय जो आप हमें दे रहे हैं, वह सब पूर्वाचार्यों एवं ज्योतिषशास्त्र के मर्मज्ञ गुरुचरणों की कृपा ही है या जनताजनार्दन के सौहार्द का परिणाम। हम उन पाठकों के भी आभारी हैं, जो विभिन्न प्रान्तों किंवा विदेशों से पत्राचार द्वारा भविष्यवाणियों की सफलता पर बधाई भेजकर हमें भावी वर्षों में ग्रहगतिजन्य संकेतों के आधार पर कुछ न कुछ लिखने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

संवत् 2071 वि. की ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव

विज्ञान 'कार्य–कारण के सिद्धान्त' पर आधारित है। परन्तु असंख्य घटनाएं ऐसी हैं, जिनका कारण समझने एवं समझाने में चोटी के वैज्ञानिक भी अपने आपको सर्वथा असमर्थ पा रहे हैं। अतः सिद्धांतों के व्यभिचारमात्र से ज्योतिषशास्त्र की वैज्ञानिकता का प्रतिवाद नहीं किया जा सकता। ज्योतिष चिरन्तन सत्यसिद्धांतों पर आधारित एक विज्ञान है, जिसमें अभी अत्यधिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

जिस तरह पृथ्वी पर लोकतांत्रिक राज्य की स्थापना के लिए प्रधानमंत्री आदि के चुनाव होते हैं और उन निर्वाचित व्यक्तियों के गुण–कर्म–स्वभाव–योग्यता का प्रभाव उनके अधिकृत क्षेत्रों एवम् शासनतंत्र पर पड़ता है, उसी प्रकार अखिलेश्वर प्रभु की इच्छा से निर्मित आकाशीय शिशुमार चक्रस्थ ग्रहों की परिषद् में संसारचक्र को चलाने के लिए प्रतिवर्ष दिव्य एवं अद्भुत शक्तिमती 'आकाशी कौंसिल' का निर्माण होता है। इस आकाशीय कौंसिल में ग्रहों की शुभाशुभ प्रकृति के अनुकूल संसार में जो उलट–फेर एवं अघटित घटनाएं घटित होती हैं; इस घटनाचक्र को त्रिकालज्ञ दैवज्ञों द्वारा लिखित ग्रन्थों के आधार पर वि. सं. 2071 की ग्रहस्थिति के अनुसार कुछ लिखने की चेष्टा कर रहे हैं।

इस संवत् (2071 वि.) को शास्त्रों ने ' प्लवंग ' नामक संज्ञा दी है। यह 'रुद्रविंशति' का प्रथम संवत्सर है।

' प्लवंग ' संवत्सर में चावल, चना, जौ, बाजरा आदि अनाज प्राकृतिक प्रतिकूलता किंवा अकालिक वर्षा से या सामयिक वर्षा के अभाव से नष्ट हो जाते है। खाद्यान्नों एवं जनजीवनोपयोगी वस्तुओं के सर्वसाधारण–व्यक्ति की पहुंच से बाहिर होने से जनता शासनतन्त्र से रुष्ट रहे। कहीं भूकम्प किंवा भयंकर अन्य प्राकृतिक आपदा से जनधनहानि का संकेत भी मिलता है;–

" तुषधान्यानि नश्यन्ति मेघो वर्षति माधवे।
प्लवंगे पीड़िता सर्वे भूमिकम्पो क्वचिद् भवेत्।।"

किञ्च– इस ' प्लवंग ' संवत्सर में वर्षा मध्यम हो, जनता में नाना प्रकार के भयंकर रोगों से परेशानी हो, शासकगण (राजनैतिक दल) परस्पर शक्तिपरीक्षण के लिए कटिबद्ध रहेंगे। राष्ट्रविशेष की सत्ता में (इस संवत् 2071 वि. में) परिवर्त्तन के भी योग बनते हैं–

" प्लवंगे मध्यमा वृष्टिः रोग–शोकाकुला धरा।
परस्परं द्विषन्तो वै शत्रुभिर्हृत–वैभवाः।।"

अपि च–रुद्रविशन्ति का प्रारम्भिक संवत्सर होने से यह वर्ष (सन् 2014–15 ई.) विशिष्ट राजनीतिज्ञों एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों के लिए विशेष सावधानी का है। राजनैतिक हत्याकाण्ड, तूफान एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं।

इस संवत्सर का राजा एवं मन्त्री– दोनों पदों पर केवल चन्द्रमा का ही अधिकार है। अतः इस संवत्सर में अग्निकाण्ड एवं अनैतिक (चोरी, लूटमार किंवा अपहरण आदि) घटनाएं शासनतन्त्र के लिए सिरदर्द बनेंगी –

" स्वयं राजा स्वयं मन्त्री अग्निचौरादिजं भयम्।"

संवत् 2069 वि. में पृष्ठ 32, कॉलम 2 पर ' ग्रहपरिषद् के अधिकारियों का विश्व पर प्रभाव ' शीर्षक के अन्तर्गत हमने देश के प्रान्तों में भयंकर बाढ़, राजनैतिक संकट, आर्थिक संकट की स्पष्ट घोषणा इन पंक्तियों में की थी, जोकि आज केन्द्रीय शासनसत्ता को स्पष्टरूप से अनुभव करना पड़ रहा है। सटीक भविष्यवाणी फलितज्योतिष की गरिमा को स्पष्ट करती है –

" इस संवत् (2069 वि.) में महाक्रूर ग्रह शनि को धान्याधिपति पद प्राप्त है। अतः कुछ प्रान्तों में भयंकर बाढ़ आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण शासकों को कठिन परिस्थिति एवं आर्थिक सकट का सामना करना पड़ेगा। देश में राजनैतिक दल शक्तिपरीक्षणार्थ अन्तर्मन से तैयारी में सन्नद्ध मालूम देंगे। केन्द्रीय सत्तारूढ़ दल के लिए कई प्रश्नचिह्न उपस्थित होंगे, जिसका हल सहज संभव न मालूम देगा।"

2 सितंबर, सन् 2011 ई. में लिखी गई इन पंक्तियों की सत्यता का मूल्यांकन जनता स्वयं कर सकती है। कोयला–घोटाला आदि को उजागर करके विपक्षी दल ने केन्द्रीय शासनतन्त्र के आगे प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी से त्यागपत्र की मांग करके प्रश्नचिह्न उपस्थित कर दिया है। क्या इसे विपक्षी दल के शक्तिपरीक्षण का अन्तर्मन न समझें ?

आज भी उल्लिखित भविष्यवाणी केन्द्रीय शासनतन्त्र को सचेत कर रही है।

वर्तमान संवत् (2071 वि.) में सस्येश, नीरसेश, धनेश– ये तीन पद बाल ग्रह बुध के अधिकारक्षेत्र में हैं, जोकि इस वर्ष के राजा–मन्त्री ग्रह चन्द्र का शत्रु है। लेकिन बुध के साथ चन्द्र की मैत्री अवश्य है। इस वर्ष के सूर्योदय–कालभेद से धनेश पद मंगल को भी प्राप्त है। इस संवत् में दुर्गेश सूर्य है एवं सूर्योदय–कालभेद से अन्यत्र दुर्गेश पद शनि को भी प्राप्त है। इस वर्ष रसेश शुक्र, फलेश शनि एवं मेघेश सूर्य है।

इस प्रकार शुभाशुभ ग्रहों की संख्या प्रायः सन्तुलन में है। क्रूर ग्रह सूर्य, मंगल, शुक्र, शनि अधिक प्रभावशाली हैं, जोकि राजनैतिक दृष्टि से विरोधी पार्टियों का प्रातिनिध्य करते हैं।

संवत् 2071 वि. की गोचर ग्रहस्थिति एवं जगत् लग्नकुण्डली के अनुसार विश्वजनीन घटनाओं पर एक नजर

सं. 2071 वि. की जगत् लग्नकुण्डली में मेषस्थ सूर्य–केतु का शनि–राहु के साथ समसप्तकयोग बन रहा है, जोकि सीरिया, ईरान, पाकिस्तान एवं अमेरिका के किसी प्रान्त में प्राकृतिक आपदा से भारी जनधनहानि का संकेत देता है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि यावनराष्ट्रों में कहीं सत्तापरिवर्तन, कहीं देश के विभाजन के लक्षण बनेंगे।

वर्षेश(जगत्)लग्नकुण्डली
(संवत् 2071 वि.)



(14 अप्रैल, सन् 2014 ई., 7 घं.36 मि.)

लग्नेश शुक्र मित्रक्षेत्र में है। शनि नवमेश एवं दशमेश होकर छठेभाव में होने से अरबराष्ट्र, कोरिया, बंगलादेश, चीन, जापान, लंका, नाइजीरिया, इटली में कहीं समुद्री तूफान, हैरिकेन एवं आन्तरिक आपदा से हानि संभव है। क्योंकि, शनि की दृष्टि इसवर्ष पश्चिमी भूभाग पर है एवं वर्षेश–प्रवेश वृषलग्न एवं व्याघात योग में हुआ है, अतः भारत के उत्तरांचल, महाराष्ट्र, आसाम, मणिपुर, उड़ीसा, जम्मू–काश्मीर, बिहार, दिल्ली, पश्चिमी बंगाल में आतंकी घटनाओं से जनधनहानि के योग भी हैं। भारत के दक्षिणी भूभाग पर समुद्री तूफान एवं कुछ प्रान्तों में भूकम्प आदि प्राकृतिक आपदा से भयंकर जनधनहानि के योग इसवर्ष शासन को स्तब्ध कर सकते हैं।

भारत की प्रभावराशि मकर का स्वामी शनि उच्चस्थ, स्वभावतः वक्री राहु के साथ तुला राशि में चल रहा है। 2 मार्च, 2014 ई. से ही शनि–राहु वक्रगति से चल रहे हैं। 3 मई, 2014 ई. तक सूर्य, बुध–केतु के साथ शनि–राहु का समसप्तक–योग रहेगा। बुध इस समय अतिचारी है। 19 मई तक कन्याराशिस्थ मंगल वक्रगति से चलेगा। यह ग्रहस्थिति केन्द्रीय शासनतन्त्र में (19 मई, सन् 2014 ई. तक शनि–मंगल के वक्रत्वकाल में) राजनैतिक उलटफेर का संकेत देती है। परिणाम आश्चर्यजनक होंगे।

जुलाई, सन् 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार मुस्लिम–राष्ट्रों में कहीं अचानक शासकीय परिवर्तन, कहीं आन्तरिक क्रान्ति, कहीं सेना द्वारा सत्ता–हथियाना भी संभव है।

भारत के उत्तरांचल, महाराष्ट्र, आसाम, मणिपुर, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार, जम्मू–काश्मीर किंवा बंगाल में भयंकर आतंकियों की गतिविधि पर सरकार को विशेष ध्यान देना होगा। माओवादी किंवा अन्य उग्रवादी ग्रुप भारत के महानगरों में इसवर्ष

(सं. 2071 वि में) कहीं समुद्रतटवर्ती भूभाग पर उग्रवाद, प्राकृतिक प्रकोप, भूकम्प, तूफान, सुनामी आदि से भयंकर हानि के संकेत गोचर ग्रहस्थिति से स्पष्ट नजर आ रहे हैं– भगवान् रक्षा करें ! भारत के दक्षिणी भूभाग पर प्राकृतिक प्रकोप का प्रभाव अधिक अनुभव होगा। नववर्षप्रवेश चतुर्दशी, चन्द्रवार को होने से श्रावण से आश्विन तक एवं माघ–फाल्गुन में विशेष कष्टपूर्ण घटनाएं घटेंगी। प्राकृतिक आपदाएं इसवर्ष जनता एवं शासकों के लिए अधिक घातक एवं कष्टप्रद होगीं।

11 जुलाई से 3 नवंबर तक की ग्रहस्थिति के अनुसार शनि–मंगल का एकराशि–संबन्ध एवं राहु के राशिपरिवर्तन से इण्डोनेशिया, जापान, चीन, अमेरिका, भारत के समुद्रतटवर्ती भूभाग, महाराष्ट्र, गुजरात एवं पर्वतीय क्षेत्रों तथा कुछ अन्य देशों/क्षेत्रों में कहीं विनाशकारी भूकम्प, समुद्री तूफान, सुनामी किंवा ज्वालामुखी– विस्फोट से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं।

यूरोप के देश

यूरोपीय देशों की कुण्डली नं. (1) – 1 जनवरी से दिसं. 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार 22 जनवरी, 2014 ई. तक यूरोपीय देशों में कहीं प्राकृतिक आपदा से संकटापन्न स्थिति बनेगी। कहीं हिमपात, कहीं समुद्री तूफान से भारी हानि के योग हैं।

4 फरवरी, सन् 2014 ई. से 24 मार्च, सन् 2014 ई. तक शनि, मंगल, राहु– ये तीनों तुला राशि में चलते रहेंगे। 1 मार्च (शनैश्चरी अमा) को मंगल वक्री एवं 2 मार्च को शनि भी वक्री हो रहा है। इस प्रकार खलत्रयी का सम्बन्ध बहुत ही अघटित घटनाओं को जन्म देगा। इस समयावधि में कहीं उग्रवादजन्य हत्याकाण्ड, कहीं भयंकर यान–दुर्घटना से जनधनहानि, कहीं भूकम्प, सुनामी आदि प्राकृतिक आपदाओं से भारी जनधनहानि के योग बनते हैं। कहीं किसी प्रतिष्ठित महामान्य राजनीतिज्ञ के निधन से शोक भी व्याप्त हो।

यूरोपीय देशों की कुण्डली (1)
(1 जनवरी, 2014 ई.
मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)



ध्यान दें:– मंगल–राहु–शनि संवत् 2071 वि. के प्रारम्भ से 19 मई तक वक्री रहेंगे। 7 मई तक बुध भी अतिचारी रहेगा। चान्द्रमास चैत्र में पांच मंगलवार भी किसी विशेष दुर्घटना के संकेतक है –

"चैत्रे वा श्रावणे मासि यदा पञ्चार–वासराः। राजानश्च क्षयं यान्ति।।"

"राजानश्च क्षयं यान्ति"–इस प्रमाण से कहीं किसी देशविशेष में सत्ता–हस्तान्तरण, प्रतिष्ठित व्यक्ति के निधन का अभिप्राय स्पष्ट समझें।

14 अप्रैल से 13 मई तक शनि–राहु का सूर्य–केतु के साथ समसप्तक किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के लिए भारी चुनौतीभरा है। सिंह, वृष, तुला एवं कुम्भ राशि वाले राजनीतिज्ञों के लिए समय अग्निपरीक्षा का है। स्वास्थ्य की दृष्टि से भी समय विशिष्ट राजनीतिज्ञ के लिए ठीक नहीं।

20 मई को मंगल मार्गी होगा। 23 मई को शुक्र मेष राशि में आकर शनि–राहु के साथ समसप्तकयोग बनाएगा। यह योग यूरोप के कुछ देशों में भारी प्राकृतिक आपदा का संकेत देता है। कहीं वायुवेग, समुद्री तूफान किंवा भूकम्प आदि से हानि सम्भव है।

30 मई को बुध आर्द्रा में आकर 7 जून को वक्री हो जाता है। शुक्र–मंगल का षडष्टकयोग, शनि–राहु का शुक्र–केतु के साथ समसप्तक कहीं महावृष्टि किंवा तूफान से हानि का संकेत देता है।

15 जून को मिथुनस्थ सूर्य वक्री बुध से मेल करेगा एव 18 जून को वृषस्थ शुक्र शनि–राहु के साथ षडष्टकयोग बनाएगा। 19 जून को गुरु कर्क राशि में आकर शनि की नजर में आ जाएगा। यह योग कहीं बाढ़ से विनाश करेगा। कुछ देशों में भारी दुर्भिक्ष की स्थिति से शासकों को परेशानी में किंकर्तव्य–विमूढ़ बना सकता है।

28 मई से 13 जून, 2014 ई. की ग्रहस्थिति यूरोप के देशों के लिए प्राकृतिक आपदाओं को लेकर उपस्थित होगी।

13 जुलाई, 2014 ई. से संवत् के अन्त तक राहु कन्या राशि में ही रहेगा। 14 जुलाई से 3 सितंबर, 2014 ई. तक शनि–मंगल ये दोनों क्रूर ग्रह तुलाराशि में ही एकसाथ चलेंगे। " युद्धदौ शनिमाहेयौ तथा दुर्भिक्षकारकौ"– प्रमाण के अनुसार यूरोपीय देशों में कहीं युद्धाग्नि प्रज्वलित हो, कहीं प्राकृतिक प्रकोप व कहीं दुर्भिक्ष से जनजीवन त्रस्त रहे। कहने का तात्पर्य यह है कि– जुलाई से सितंबर, 2014 तक की ग्रहस्थिति यूरोप के राजनीतिज्ञों एवं जनता के लिए भारी संकटापन्न है। उग्रवादजन्य जनधनहानि, भयंकर बाढ़, भूकम्प, विस्फोट एवं समुद्री सुनामी किंवा हैरीकेन आदि आपदाओं से यूरोप के देश–विशेष को जूझना पड़ेगा।

4 सितंबर को मंगल वृश्चिक (अपनी राशि) में आ जाता है एवं 10 सितंबर को बुधवारी प्रतिपदा एवं 17 सितंबर को बुधवारी संक्रान्ति व 24 सितंबर को बुधवारी अमा, 2 अक्तूबर को शुक्रास्त एवं 8 अक्तूबर को चन्द्रग्रहण होने से किसी विशिष्ट व्यक्ति की मृत्यु किंवा पदरिक्त होने से जनता स्तब्ध रहेगी।

अक्तूबर से दिसम्बर, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार देखें तो 27 नवंबर से 3 जनवरी, सन् 2015 ई. तक मंगल मकर राशि में चलेगा। 26 नवंबर, 2014 ई. से मंगल अतिचारी होकर मकर राशि में रहेगा। नवम्बर, 2014 ई. में मंगल ग्रह पर भारत एक यान भेजने में सफल होगा, जिससे मंगलग्रह पर जीवन की सत्ता के बारे में रहस्यपूर्ण परिणाम अगस्त, 2016 ई. से आगे उपलब्ध होंगे। ग्रहस्थिति के अनुसार नवम्बर में एक धूम्रकेतु के उदय होने का योग है। यह ग्रहस्थिति अमेरिका आदि प्रतिष्ठित देशों के प्रधान राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है। जापान, जर्मनी, ऑस्ट्रिया

आदि में कहीं भूकम्प, ज्वालामुखी–विस्फोट, समुद्री सुनामी किंवा अग्निकाण्ड, वायुवेग आदि से जनधनहानि का संकेत मिलता है।

यूरोप की कुण्डली (नं. 2)– (जनवरी, 2015 से संवत् 2071 के अन्त तक की ग्रहस्थिति पर एक दृष्टि) इस कुण्डली (नं. 2) में शनि एवं गुरु की मंगल–शुक्र पर विशेष दृष्टि है। 26 नवंबर, 2014 से 12 फरवरी, 2015 ई. तक मंगल अतिचारी रहेगा। कर्कस्थ गुरु वक्री है। कहीं दुर्भिक्ष की स्थिति बने। फ्रांस आदि में कहीं अकस्मात् राष्ट्रनायक के विरुद्ध सेना आदि द्वारा विद्रोह संभव है –

> "राष्ट्रभंगं विजानीयात् वैरोपद्रव–संकुलम्।
> कर्कराशिगतो जीवो यदा वक्री भवेत्तदा।
> तदा दुर्भिक्षकं ज्ञेयं राजानो युद्धतत्पराः।।"

यूरोपीय देशों की कुण्डली (2)
(1 जनवरी, 2015 ई.
मध्यरात्रि 0 घं. 00 मि.)



अतः इन दिनों कहीं राष्ट्रव्यापी आन्दोलन, कहीं हत्याकाण्ड, कहीं शासक–विरुद्ध सेनाविद्रोह आदि अघटित घटनाएं देखने में आएंगी,– ऐसा ग्रहस्थिति से ज्ञात होता है।सर्वज्ञ तो ईश्वर ही है।

सं. 2071 वि. में मुस्लिम–राष्ट्रों के हालात

मुस्लिम देशों की कुण्डली (1)
05 नवं., सन् 2013 ई., मंगलवार,
17 घं. 27 मि. (सूर्यास्त–समय)



हिजरी सन् 1435 (1 मुहर्रम)

मुस्लिम देशों की कुण्डली (2)
26 अक्तू .,सन् 2014 ई., रविवार,
17 घं. 36 मि. (सूर्यास्त–समय)



हिजरी सन् 1436 (1 मुहर्रम)

कुण्डली (1) –मुस्लिमदेशों की कुण्डली (नं. 1) (अर्थात् 5 नवंबर, 2013 से 25 अक्तूबर, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति) का परिशीलन करने से निम्नांकित घटनाचक्र का पता चलता है। नीचस्थ सूर्य के साथ शनि–बुध एवं राहु का एक राशि में होना अफग़ानिस्तान, पाक एवं इराक–ईरान के लिए अनेकों आर्थिक, राजनैतिक एवं उग्रवाद–नेतृत्व के पोषण की समस्याओं को लेकर उपस्थित हो रहा है। सन् 2014 ई. में अफग़ानिस्तान में आर्थिक स्थिति विषम होगी, अमेरिका फिर भी आर्थिक सहायतार्थ आगे आएगा। गुरु–शुक्र का समसप्तकयोग 5 दिसंबर, 2014 ई. तक चलेगा। 15 नवंबर, 2014 ई. तक राहु, बुध एवं सूर्य का एकराशिसम्बन्ध रहेगा। शनि–राहु का भी एकराशिसम्बन्ध 11 जुलाई, 2014 तक चलेगा। मुस्लिमराष्ट्रों की स्थिति चिन्तनीय बनेगी। ग्रहस्थिति अनुसार पाकिस्तान में नवाज़ शरीफ के प्रधानपद पर आने से भारत को जो उम्मीदें जगीं थीं– वे नकारा सिद्ध होंगी। मुस्लिमराष्ट्रों की आर्थिक स्थिति चरमराएगी। ईरान, सीरिया के साथ अमेरिका–ब्रिटेन के सम्बन्ध बिगड़ेंगे। परिणामस्वरूप, युद्धमय स्थिति बनेगी।

सीमाओं का अतिक्रमण एवं उग्रवादजन्य हिंसाकाण्ड भारत को कठोर उत्तर देने पर विवश कर देंगे। स्थिति बिगड़ जाने के योग हैं। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार शनि–मंगल का तुला राशि में रहना एवं पाकराशि कन्या में राहु का सञ्चार मुस्लिमराष्ट्रों की आतंकवादी नीति को और बल देगा। परिणामस्वरूप, कहीं आन्तरिक क्रान्ति, कहीं रासायनिक अस्त्रप्रहार, कहीं भयंकर भूकम्प से ज़ोरदार जनधनहानि के योग बनते हैं। इस समय मुस्लिमराष्ट्रविशेष में प्रधानपद को खतरा है। उग्रवादी किंवा सेना मुस्लिम–राष्ट्रों पर हावी रहेगी।

4 सितंबर, 2014 के बाद अक्तूबर, 2014 तक बुध–राहु, शनि–बुध एवं सूर्य–राहु का योग भीषण आपदाओं (विशेषतः प्राकृतिक आपदाओं) एवं हिंसक घटनाओं से अरब–राष्ट्रों एवं सभी मुस्लिमराष्ट्रों को लकवाग्रस्त कर सकता है। कहीं राष्ट्रविशेष में सेना शासनसत्ता पर भी काबज़ हो सकती है।

कुण्डली (नं. 2) (अर्थात् 26 अक्तूबर, 2014 ई. से इस संवत् 2071 वि. के अन्त तक) की ग्रहचाल मुस्लिम–राष्ट्रों की स्थिति ग्रहगोचर के हिसाब से इसप्रकार है–24 अक्तूबर को बुध पूर्व में उदित होगा। 2 अक्तूबर से 26 नवंबर, 2014 ई. तक शुक्र अस्त रहेगा। साथ ही 1 नवंबर को शनि भी अस्त होकर 5 दिसंबर तक अस्त ही रहेगा। मुस्लिम–राष्ट्रविशेष कट्टरपन्थी व तालिबानी देश के रूप में जाने जाएंगे, विशेषतः पाकिस्तान। इस समयावधि में उत्तर–कोरिया के साथ दक्षिण–कोरिया की युद्धस्थिति बन सकती है। इसमें रूस एवं अमेरिका की दखलंदाजी संभव है। संवत् के अन्त तक पाक एवं अफग़निस्तान में शिया–सुन्नी–टकराव खतरा बनकर उभरेगा। कुण्डली (नं. 2) में स्पष्ट भान होता है कि– बलूच–राष्ट्रवाद पाकिस्तान द्वारा समर्थित तालिबान यदि अफगानिस्तान में अपनी पैठ बना लेता है तो सीमाप्रान्तों पर पाक को ही चुनौती देने लगेगा एवं पाक की अर्थव्यवस्था भयंकर रूप से चरमरा जाएगी।

संवत् 2071 वि. की गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार भारत एवं भारत–सरकार में घटित होने वाले घटनाचक्र का आकलन

"संसार का प्रत्येक परमाणु एक निर्धारित नियम से विलग नहीं हो सकता। एक सूक्ष्मतम परमाणु में यदि तनिक अव्यवस्था किंवा अनुशासनहीनता आ जाए तो विराट् ब्रह्माण्ड एक क्षण के लिए भी न टिक सके। एक क्षणिक विस्फोट से अनन्त प्रकृति अग्नि– ज्वालाओं से अतिरिक्त कुछ न रहे।"

'ऋग्वेद' में स्पष्ट लिखा है– कि एक विलक्षण तेज श्रोत से सूर्य सहित समस्त ज्योति–पिण्ड देदीप्यमान हैं। उस सूर्य से समस्त आकाशस्थ व सांसारिक पदार्थ प्रकाशित हो रहे हैं। स्पष्ट है कि– सूर्य व सौर–मण्डल ही इस चराचर समस्त पदार्थों का नियन्ता है।

" एक एवाग्निर्बहुधा समिद्ध एकः सूर्यो विश्वमनु प्रभूतः।।"

इस प्रकार समस्त घटनाचक्र एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड को संचालित करने वाला ग्रहपुञ्ज प्रकृति किंवा ईश्वर के अनुशासित कार्यक्रम का एक निदर्शन है, जोकि– गोचर ग्रहगति के संकेतानुसार हमें प्रतिवर्ष कुछ लिखने को प्रेरित करता है।

स्वतन्त्र भारत का 67वां वर्ष

(14 अगस्त, 2013 ई. से 15 अगस्त, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति का विवेचन)

स्वतन्त्र भारत के 67वें वर्ष (15 अगस्त, 2013 ई. से आगे) की ग्रहस्थिति के अनुसार मुंथेश–मंगल मिथुन राशि में गुरु के साथ है। लेकिन 18/19 अगस्त को मंगल कर्क (अपनी नीच) राशि में आकर शनि–राहु के साथ दशम–चतुर्थ सम्बन्ध बना लेगा; जोकि 4/5 अक्तूबर तक इसी तरह बना रहेगा। यह ग्रहस्थिति सीमाप्रान्तीय क्षेत्रों पर शत्रु की गतिविधि से सावधान रहने एवं समुद्रतटवर्ती क्षेत्रों एवम् कुछ पर्वतीय भूभाग पर प्राकृतिक आपदा– भूकम्प, समुद्री तूफान, किंवा महानगरों में कहीं उग्रवादजन्य जनधनहानि का संकेत देती है। सरकार को इस समयावधि में सतर्क रहना होगा।

स्वतन्त्र भारत का 67 वां वर्ष
14 अग., 2013 ई. (22 घं. 05 मि.)(I.S.T.)



ध्यान दें– इस (अगस्त से अक्तूबर 2013 ई. की) समयावधि में प्रमुख राष्ट्रनायकों विशेषतः कन्या, सिंह, तुला एवं कुम्भ राशि वाले नेताओं को अपनी सुरक्षाव्यवस्था को सुदृढ़ रखना अनिवार्य है। क्योंकि कन्याराशि का स्वामी बुध इस (67वें वर्ष की कुण्डली के) समय अतिचारी है, कन्याराशि में नीच शुक्र पर मंगल की दृष्टि भी है। शनि–राहु तुलाराशिस्थ है। शनि की सिंह–राशीश– सूर्य पर विशेष दृष्टि भी है। मुंथा अष्टमभाव में नीच–चन्द्र के साथ है। अतः यह वर्ष भारतीय राजनीति में भारी अस्थिरता एवं परिवर्तन को लेकर आ रहा है। आगे केन्द्रीय शासनतन्त्र की स्थापना के लिए नए समीकरण बनेंगे।

18 अगस्त, सन् 2013 ई. से 5 अक्तूबर, शनिवार, सन् 2013 ई. तक शनि–मंगल का दशम–चतुर्थ–सम्बन्ध देश की सुरक्षा के लिए विशेष कठिन परिस्थिति वाला है। सीमाप्रान्तों पर चीन–पाक की तरफ से सीमातिक्रमण होने पर भी भारत सरकार की अनदेखी किंवा उपेक्षा वाली तथाकथित कूटनीति से भारत की अस्मिता एवं सुरक्षा के लिए खतरा निरन्तर बढ़ता ही जाएगा। संवेदनशील रणनीतिक महत्वपूर्ण मुद्दों को टालते ही जाना आगे बहुत महंगा पड़ेगा, जिससे भारत के सीमावर्ती क्षेत्र चीन हड़प लेगा। केवल "शठे शाठ्यं समाचरेत्" वाली नीति ही अपनानी होगी।

वर्षकुण्डली में मुंथेश–मंगल, नीचाकांक्षी है एवं नीच चन्द्र के साथ मुन्था छठे भाव में है। यह ग्रहस्थिति भी देश की सुरक्षा एवं समृद्धि के लिए बाधक परिस्थिति का संकेत देती है।

7 नवंबर, 2013 ई. से 5 मार्च, 2014 ई. तक मिथुनस्थ गुरु वक्री रहेगा। साथ ही 21 दिसंबर, 2013 ई. से 30 जनवरी, 2014 ई. तक शुक्र भी वक्रगति से चलेगा। इस समयावधि में छत्तीसगढ, कश्मीर, हिमाचल प्रदेश एवं महानगरों में भारी भूकम्प किंवा उग्रवादजन्य जघन्य कृत्यों से भारी जनधन–हानि के योग बनते हैं।

1 मार्च को मंगल एवं 2 मार्च, सन् 2014 ई. को शनि वक्रगति से चलने लगेगा। ध्यान दें कि– 4 फरवरी, सन् 2014 ई. से मंगल तुला राशि में आकर शनि–राहु के साथ मेल करेगा। ये–ग्रहों की एकराशिस्थ खलत्रयी भारतीय शासन–पद्धति में विशेष रदो–बदल करके पुनः शासनतन्त्र को कुछ अच्छा करने का अवसर प्रदान करेगी।

शनि–मंगल एवं स्वभावतः वक्रगति से चलने वाला राहु – इन तीनों का वक्रत्वकाल (अर्थात् 4 मार्च, सन् 2014 ई. से मई, सन् 2014 ई. तक) देश के राजनीतिज्ञों एवं देश की सुरक्षा के लिए विशेष सावधानी का है। प्रतिष्ठित–व्यक्तियों की सुरक्षा में कोताही (अनदेखी) न हो एवं उग्रवादियों की जानी–माली नुक्सान देने वाली कुनीति से भी गुप्तचर विभाग को सावधान रहना होगा। यह समय (फरवरी से मई, 2014 ई. तक) चीन–पाकिस्तान की कुनीति से सीमाप्रान्तों पर विशेष सुरक्षा–व्यवस्था का है। क्योंकि शनि, मंगल, राहु– ये सब तुला राशि में हैं, सभी वक्री हैं। अतः नजदीकी देशों में भी प्राकृतिक प्रकोप एवं उग्रवादजन्य विस्फोट से हानि का प्रभाव यहां (भारत) के व्यापार–क्षेत्र पर भी होगा। भारत की अर्थव्यवस्था चिन्तनीय स्थिति में रहेगी।

महंगाई उत्तरोत्तर बढ़ेगी। सरकार की आकर्षक घोषणाएं कार्यान्वित न होने से जनता में आक्रोश बढ़ेगा।

20 मई को मंगल एवं 19 जुलाई, 2014 ई. को शनि भी मार्गी हो जाएगा। इस समयावधि में कुछ भारतीय प्रान्तों में दुर्भिक्ष की स्थिति बने, कहीं बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जनहानि एवं खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी।

14 जुलाई को मंगल शनि के साथ एकराशिसम्बन्ध 3/4 सितम्बर तक बनाएगा। यह समयावधि भी भारतीय शासन-पद्धति के लिए भारी कठिनाइयों को लेकर उपस्थित होगी।

स्वतन्त्र भारत का 68वां वर्ष

(15 अगस्त, 2014 ई. से 20 मार्च, 2015 ई. (संवत् 2071 वि.) तक का विवेचन)

स्वतन्त्र भारत के 68वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार कर्क लग्न में सूर्य-शुक्र-गुरु भारत की प्रभावराशि मकर पर दृष्टिपात कर रहे हैं। शुक्र आयेश एवं चतुर्थेश (केन्द्रेश) भी है। सूर्य धनेश होकर लग्नस्थ है। उच्च बृहस्पति नवमेश होकर नवमभाव को देख रहा है। भारत के समक्ष इस समय गहरा आर्थिक-संकट तो है ही, लेकिन इस संकट से निजात पाने के लिए नई योजनाएं, नए विचार, नए कार्यक्रम बनेंगे, जिनके कारण भारत इस आर्थिक संकट से मुक्ति पाकर तरक्की की तरफ आगे बढ़ने लगेगा।

स्वतन्त्र भारत का 68 वां वर्ष
14/15 अग., 2014 ई. (28 घं. 14 मि.)(I.S.T.)



कन्या राशि का राहु चन्द्र को देख रहा है एवं 14 जुलाई, 2014 ई. से तुला राशि में स्थित शनि-मंगल का 3 सितंबर, 2014 ई. तक एकसाथ रहना भारत के राजनीतिज्ञों के लिए भयावह अवश्य है। राजनीतिज्ञों के लिए यह (14 जुलाई से 3 सितंबर तक का) समय सीमाप्रान्तों पर चीन किंवा पाकिस्तान की गतिविधि से कठिन परिस्थिति पैदा करेगा, जिसका हल सामूहिक पार्टियों के सहयोग की जरूरत चाहेगा। शनि, मंगल एवं शुक्र की स्थिति को दृष्टि में रखते हुए संकेत मिलता है कि सितम्बर, 2014 ई. से संवत् 2071 वि. के अन्त तक की अवधि में भारत समुद्रीक्षेत्र से तेल एवं गैस प्राप्त कर सकेगा- यह वर्ष की बड़ी उपलब्धि होगी। इस उपरोक्त समय (लगभग 14 जुलाई से सितंबर तक) के दौरान किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का ओहदा खाली होगा एवं भयंकर प्राकृतिक प्रकोप किंवा उग्रवादी संगठनों द्वारा भारी जनधन हानि का योग भी बन रहा है।

जुलाई से अगस्त तक कहीं वर्षा-बाढ़, कहीं अकालग्रस्त क्षेत्रों से जनधनहानि के योग भी हैं। 17 सितंबर को बुधवारी संक्रान्ति एवं 24 सितंबर, 2014 ई. को बुधवारी अमावस होने से खप्पर-योग बनता है;- इस प्रकार 5 दिसंबर (सन् 2014 ई.) तक की ग्रहस्थिति पश्चिमी देशों एवं प्रमुख नेताओं के लिए विशेषतः अमेरिका एवं मुस्लिम देशों के लिए समय भयावह है।

8 दिसम्बर को गुरु वक्री होकर संवत् के अन्त तक वक्री रहेगा। फरवरी, 2015 ई. से मार्च, 2015 ई. तक शनि, राहु एवं मंगल की स्थिति एवं मंगल का अतिचारी होना आर्थिक, राजनैतिक एवं सामाजिक-दृष्टि से समय उग्रवाद एवं भूकम्प आदि से भारी क्षतिपूर्ण एवं भयावह मालूम देता है। भगवान् रक्षा करें- यही प्रार्थना है।

भारतीय गणतन्त्र का 65वां वर्ष

भारतीय गणतन्त्र के 65वें वर्ष की ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश सूर्य छठे भाव में शनि के क्षेत्र में बुध के साथ व्यय भाव को देख रहा है। संकेत मिलता है कि- भारत को भयंकर आर्थिक-संकट का सामना करना पड़ेगा। वर्तमान कांग्रेस सरकार 'खाद्य सुरक्षा' आदि बिलों का प्रलोभन देकर सत्ता-प्राप्ति की तरफ बढ़ने का यत्न कर रही है, लेकिन इन्हें अन्तिम-रूप देकर अन्त तक बनाए रखना ग्रहस्थिति के अनुसार संभव प्रतीत नहीं होता। क्योंकि मुंथेश-चन्द्र भी भूमि अधिग्रहण के स्वामी मंगल के क्षेत्र में नीचस्थ है। मंगल नवमेश-चतुर्थेश होकर धनस्थान में है। लेकिन नवम भाव पर शनि-राहु की दृष्टि होने से भारतदेश अपनी अस्मिता एवं गणतन्त्र की सत्ता को कठिन परिस्थिति में भी बनाए रखेगा।

भारतीय गणतन्त्र का 65 वां वर्ष
26 जन. 2014 ई.(20घं. 06मि.)(I.S.T.)



योजना-स्थान के स्वामी (पंचमेश) गुरु की पंचम भाव पर पूर्णदृष्टि है, गुरु-शुक्र का समसप्तक भी बना हुआ है। शुक्र तृतीयेश एवं दशम-भावेश है। अतः नए शासन-तन्त्र का उदय अनुभवी समर्थ-शासक के तत्वावधान में ही होगा। नई उम्मीदें, नए रूप एवं नई योजनाओं के साथ क्षेत्रीय-पार्टियों के सहयोग से नए समीकरण लेकर गणतन्त्र का उदय फरवरी, 2014 से मई, 2014 ई. तक होने वाला है। लेकिन गणतन्त्र-कुण्डली के तृतीय भाव में शनि-राहु हैं। इसवर्ष शनि-मंगल-राहु की गति-स्थिति के आधार पर किसी प्रतिष्ठित-व्यक्ति को भारी कष्ट सहन करना पडेगा एवं कोई कष्टप्रद समाचार मिल सकता है।

संवत् 2071 वि. की गोचर ग्रहस्थिति का भारत पर प्रभाव

सम्पूर्ण विश्व 'कार्य–कारण सिद्धान्त' पर अपनी गतिमत्ता बनाए हुए है। ज्योतिषशास्त्र 'ग्रहस्थिति' को कारण मानकर सम्पूर्ण विश्व में भावी घटनाचक्र का आकलन करता है।

'श्रीमद्भागवतपुराण' के चतुर्थ स्कन्ध के 11वें अध्याय के श्लोक नं. 17 में स्पष्टरूप से घोषित किया है कि–निर्गुण परमात्मा तो संसारचक्र को संचालित करने में केवल निमित्तमात्र है। उसी के आश्रय से कार्य–कारणात्मक जगत् उसी प्रकार भ्रमण करता है, जिस प्रकार चुम्बक के प्रभावक्षेत्र में रहता हुआ लौहखण्ड चुम्बक के अनुरूप इधर–उधर संचलित होने पर विवश होता है–

" निमित्तमात्रं तत्रासीन्निर्गुणः पुरुषर्षभः।
व्यक्ताव्यक्तमिदं विश्वं यत्र भ्रमति लौहवत्।।"

गतसंवत् 2070 वि. में चैत्र कृष्ण अमावस, रविवार, तदनुसार 30/31 मार्च, सन् 2014 ई. को 24 घं. 16 मि. पर उ.भा. नक्षत्र, ब्रह्म योग एवं मीनस्थ चन्द्र के समय नवसंवत् 2071 वि. का शुभारम्भ वृश्चिक लग्न में होगा। लग्नेश एवं षष्ठेश मंगल शत्रुक्षेत्र में स्थित होकर योजनास्थान एवं शत्रुभाव को देख रहा है। नई–नई योजनाओं की घोषणाएं एवं सुधारात्मक प्रयास कार्यान्वित होंगे। इसवर्ष सन् 2014 ई. में राजनैतिक उलटफेर एवं जनजीवन में नई चेतना जागृत होगी। व्ययस्थान में उच्चस्थ शनि एवं राहु गुरुदृष्ट होने से देश की प्रगतिप्रद योजनाओं में व्यय अधिक होगा। लेकिन वृश्चिक राशि में नववर्ष का उदय होने से पश्चिमी प्रान्तविशेष में कहीं नौ मास तक दुर्भिक्ष की स्थिति बनने से शासकवर्ग कठिन परिस्थितियों में आ जाएंगे। उत्तर में विपरीत जलवायु के कारण फसलें प्रभावित हों। उपज आधी हाथ लगे। सोना–चान्दी एवं अन्य धातुओं में समर्घता रहे;–

शुभ संवत् 2071 वि. की प्रवेशकालीन कुण्डली



(30/31 मार्च, सन् 2014 ई., 24 घं. 16 मि.)

" वृश्चिके पश्चिमे देशे दुर्भिक्षं नवमासिकम्।
उदीच्यामर्ध–निष्पत्तिः समर्घा धातवस्तथा।।"

पूर्व में राजविग्रह, जनता दुःखी, मध्यप्रदेश में धान्यनाश हो। दक्षिण में कहीं प्रतिष्ठित व्यक्ति की मृत्यु से शासनसत्ता में परिवर्तन हो–

"पूर्वस्यां विग्रहो राज्ञां दुःखः मासत्रयं भवेत्।
पश्चात् सुखं धान्यनाशो मध्यदेशे प्रजायते।
दक्षिणस्यां देशभंगो भाविवर्षे प्रजायते।।"

संवत् 2071 वि. के प्रारम्भ होने से पहले ही शनि एवं मंगल–ये दोनों खलग्रह 2 मार्च, सन् 2014 ई से ही वक्रगति से चल रहे हैं। 19 मई, 2014 ई. तक शनि, राहु एवं मंगल– यह खलत्रयी वक्रगति में ही रहेगी। यह समय राजनैतिक पार्टियों के लिए विशेष महत्वपूर्ण है। गतवर्ष 2070 वि. के "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" के पृष्ठ 45, कॉलम 2 पर हमने स्पष्टरूप से विपक्षी दल की कारगुजारी के बारे में लिखा था– " ध्यान दें– 4 फरवरी, 2014 ई. से मंगल तुला राशि में आकर शनि–राहु के साथ 24 मार्च, 2014 ई. तक इकट्ठे चलेंगे। 1 मार्च, 2014 ई. से शनि–मंगल दोनों वक्री पोज़ीशन में भी रहेंगे। सत्ता–प्राप्ति के लिए क्षेत्रीय–पार्टियों की भाजपा द्वारा पीठ थपथपाना उतना ही अपराध है जितना संसद सत्र की कारवाई को रोकना। जनता इस पग को राजनैतिक स्वार्थ के लिए सुधार की राह में रुकावट ही समझेगी।"

अब सं. 2071 वि. की प्रारम्भिक ग्रहस्थिति से स्पष्ट संकेत मिलता है कि–कांग्रेस भू–अधिग्रहण, खाद्य सुरक्षा बिल आदि लोक–लुभाऊ बिल संसद में पारित कराकर आगामी निर्वाचनों में प्रभावी पार्टी के रूप में उदित होने का प्रयास करेगी, लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों को प्रलोभन देकर ही कांग्रेस पार्टी सत्ता–सुख भोगना चाहेगी।

इस समय भारतीय राजनीति की ग्रहगति चिन्तनीय है। केन्द्रीय शासनसत्ता मई, 2014 ई. तक की ग्रहचाल के अनुसार अनुभव हो रहा है कि– देश विश्व एवं विदेशी उद्यमियों का विश्वास खो देगा। नववर्ष कुण्डली में धनेश–गुरु अष्टमस्थ होने से गहराते आर्थिक–संकट से कार्पोरेटवर्ग में भी सरकार के विरुद्ध रोष बढ़ेगा। U.P.A. (II) द्वारा सुधारात्मक प्रक्रिया भी असंतोषजनक रहेगी। परिणाम दूरगामी होंगे– ऐसा गोचर ग्रहस्थिति से मालूम देता है।

आगामी निर्वाचनों में महंगाई, भ्रष्टाचार एवं घोटाले राष्ट्र में व्याप्त–अराजकता जैसी स्थिति, रूलिंग पार्टी के लिए सिरदर्द बनेगी। भारतीय लोकतन्त्र में ऐतिहासिक आर्थिक गिरावट की ओर बढ़ रहा देश " भोजन गारंटी " योजना का निर्वहण करने में समर्थ नहीं होगा। ग्रहचाल आगे विषम परिस्थिति का संकेत देती है। देश नेतृत्व किंवा पार्टी में परिवर्तन तो चाहेगा, लेकिन विपक्ष में भी जनता को देश का हित नज़र नहीं आएगा। अन्ततः वही होगा जो जनता के न चाहने पर भी उन्हें स्वीकार करना पड़ेगा।

19 मई, सन् 2014 तक की ग्रहस्थिति राजनीतिक–परिपेक्ष्य से अप्रत्याशित परिणामों वाली है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि– लोकसभा का परिदृश्य

निर्वाचनों के बाद भी स्थायी किंवा सुदृढ़ सरकार नहीं होगा, क्योंकि विभिन्न पार्टियों का मेल (खिचड़ी) अपने–अपने स्वार्थो से सरकार को प्रगति की ओर नहीं ले जाने देगा। यह देश के लिए दुःखद रहेगा।

ज्येष्ठ चान्द्रमास (15 मई से 13 जून, सन् 2014 ई. तक) में पांच गुरुवार होंगे। अतः पश्चिमी प्रान्तों में कहीं उग्रवादजन्य परेशानी से जनधनहानि हो, कहीं प्राकृतिक प्रकोप से भी दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी–

"ज्येष्ठ–शुक्ल–तृतीयायां आर्द्रानक्षत्रकं यदा।
तदा वै दुःखदा वर्षा महादुर्भिक्षकारिणी।।"

आषाढ़ चान्द्रमास में (14 जून से 12 जुलाई, सन् 2014 ई तक) पांच शनिवार हैं। 19 जून को गुरु कर्कराशि में आकर शनि की दृष्टि में आ जाता है। 3 जुलाई, 2014 ई. तक गुरु पुनर्वसु नक्षत्र में ही चलेगा। कहीं भयंकर बाढ़ से भारी जनधनहानि होगी एवं कही बुध–शनि का वक्रत्व भारी दुर्भिक्ष की स्थिति भी बना सकता है।

जून–जुलाई, 2014 ई. में कुछ प्रान्तों में घोर दुर्भिक्ष बन सकता है, क्योंकि शनि वक्र है;– गुरु कर्क में है;–

"बृहस्पतिर्यदा कर्के स्वल्पं मेघः प्रवर्षति।
अनावृष्टिस्तदा घोरा दुर्भिक्षं सर्वमण्डले।।"

राहु 12 जुलाई को कन्याराशि में प्रवेश करेगा। कन्याराशि भारत की राशि भी कुछ विद्वान् मानते हैं। 14 जुलाई से 3 सितम्बर तक शनि–मंगल ये दोनों क्रूरग्रह तुला राशि में एकसाथ चलेंगे। 26 जुलाई से अगस्त के प्रथम सप्ताह तक बुधग्रह अतिचारी भी रहेगा। अतः जुलाई से सितंबर, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति भारत के दिल्ली, बंगाल, गुजरात, महाराष्ट्र, बिहार किंवा छत्तीसगढ़, जम्मू–काश्मीर आदि प्रान्तों एवं महानगरों में भी उग्रवादी ग्रुपों द्वारा भारी जनधनहानि के योग बनाती है।

श्रावण शुक्लपक्ष में (27 जुलाई से 10 अगस्त, 2014 ई. तक) तिथिक्षय किसी प्रतिष्ठित–व्यक्ति का पदरिक्त करेगी–

"श्रावणे शुक्लपक्षे तिथिर्कापि क्षया भवेत्।
तदा वै कार्तिके मासे छत्रभंगः प्रजायते।।"

17 सितंबर को बुधवारी संक्रान्ति तथा 24 सितंबर को बुधवारी अमावस होने से खप्पर योग भी बन रहा है, जो कि कहीं दहशतग्रस्त लोगों द्वारा 27 जुलाई से 24 सितंबर, 2014 ई तक का समय राजनीतिज्ञों किंवा विश्व के प्रतिष्ठित–व्यक्तियों के लिए भारी संघर्षपूर्ण एवं भयावह है। सीमाप्रान्तों पर चीन, पाक आदि विरोधी देशों की गतिविधि से सीमाप्रान्त अशान्त रहेंगे। इसलिए देश के नेतृत्व एवं देश की सैन्यसत्ता को सावधान रहना होगा। शत्रुदेशों को मुंहतोड़ उत्तर देने के लिए सेना को कुछ अधिकार अधिक देने होंगे।

सितंबर से अक्तूबर, 2014 ई. तक कहीं छत्रभंग (शासन सत्ता में परिवर्तन) किंवा प्रतिष्ठित व्यक्ति की हत्या से वातावरण क्षुब्ध रहेगा। क्योंकि 8 अक्तूबर, 2014 ई. को चन्द्रग्रहण, सूर्य–चन्द्र का समसप्तक है–

"क्रूरग्रह–संयुक्ते सूर्येंद्वोर्ग्रहणे नृपतिक्षयः।।"

17 अक्तूबर को सूर्य तुला राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। 19 अक्तूबर को शुक्र भी तुलाराशि में आएगा। सूर्य, शुक्र, शनि एकराशि में आकर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में हलचल पैदा करेंगे। भारत और चीन को सीमा–विवादों पर शान्ति–स्थापनार्थ कदम उठाने होंगे, अन्यथा सीमा–प्रान्तों पर अशान्ति बढ़ेगी। 17 अक्तूबर से 15 नवंबर तक पाकिस्तान की कुनीति एवं दक्षिण–कोरिया के साथ स्थिति बिगड़ने से वैश्विक–शान्ति भंग होगी एवं भारत की राजनीति में हलचल रहे।

ध्यान दें– शताब्दी का धूम्रकेतु नवम्बर अन्त या आगे जल्दी सूर्य के पास आएगा। यह भयंकर भूकम्प एवं प्राकृतिक प्रकोप से प्रलयंकारी दृश्य उपस्थित करेगा। 1 नवम्बर को शनि अस्त होकर 2 नवम्बर को शनि वृश्चिक राशि में प्रवेश करेगा। इस समय तुला राशिस्थ शुक्र भी 26 नवंबर, 2014 ई. तक अस्त रहेगा। वृश्चिक–राशिस्थ शनि राजनीतिज्ञों (विपक्षीदलों) में आपसी संघर्ष की स्थिति बनाएगा। सर्पादि विष से जनजीवन त्रस्त रहे। पक्षियों की मृत्यु हो। विश्व के प्रमुख देशों में नवम्बर से संवत् 2071 वि. के अन्त तक विनाशकारी भयंकर तूफान, विस्फोट किंवा समुद्री–विनाश से भारी जनधन हानि होगी। भारत भी इन दिनों उग्रवादियों की गतिविधियों एवं भूकम आदि प्राकृतिक प्रकोप से अछूता नहीं रहेगा।

वृश्चिक के शनि में 22 नवम्बर को शनिवारी अमावस एवं 22 नवम्बर, 2014 ई. से 3 जनवरी, 2015 ई. तक मंगल मकर राशि में आकर 26 नवम्बर से 12 फरवरी, 2015 ई. तक अतिचारी रहेगा;– शनि मंगल का राशि व्यत्यय भी है। इस समयावधि में जम्मू–काश्मीर, गुजरात, उड़ीसा, आसाम, बिहार, छत्तीसगढ़ आदि राज्यों एवं देहली आदि प्रमुख महानगरों में नवंबर, 2014 ई. से फरवरी, 2015 ई. तक भूकम्पादि प्राकृतिक प्रकोप एवं उग्रवादजन्य भयंकर जनधनहानि के योग हैं। चीन, पाकिस्तान आदि के साथ लगने वाले सीमाप्रान्तों पर भी शान्ति भंग होगी। सैन्य शक्ति का प्रयोग अनिवार्य अनुभव होने लगेगा। शासनतन्त्र को अपनी सुरक्षा–व्यवस्था को सुदृढ़ रखना होगा। किसी प्रतिष्ठित–व्यक्ति का शोक भी राष्ट्र को झेलना पड़ सकता है।

8 दिसम्बर, 2014 ई. को गुरु वक्री हो रहा है। राष्ट्र में उपद्रव, किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति का पद रिक्त हो–

" कर्कराशिं गतो जीवो वक्रतामुपयाति चेत्।
राष्ट्रभंगं विजानीयाद् वैरोपद्रव–संकुलम्।।"

ध्यान दें–मकर राशि का शुक्र एवं मकर राशि के मंगल के समय (दिसंबर, 2014 ई. तक) भयंकर महंगाई से जनता में शासन के विरुद्ध भयंकर रोष पनपेगा। जिससे शासकों को अपना औहदा खतरे में पड़ता दिखाई देगा।

" मकरे च स्थिते भौमे घृत–तैल–महर्घता।
धान्यानां च महर्घत्वं नात्र कार्या विचारणा।।"

माघ चान्द्रमास में (6 जनवरी से 3 फरवरी, सन् 2015 ई. तक) पांच मंगलवार एवं 20 जनवरी को मंगलवारी अमावस है। कुम्भस्थ अतिचारी मंगल की शनि पर दृष्टि भी है– **" मंगले म्रियते राजा पञ्च भौमे महद्भयम्।"**– प्रमाणानुसार वरिष्ठ राजनीतिज्ञ–विशेष के लिए उल्लिखित समावधि विशेष कष्टमय किंवा कठिन परिस्थिति में उलझने की है। पदरिक्त होने का भय भी है। समुद्र तटवर्ती भूभाग पर कहीं भयंकर हानि किंवा भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधन हानि का भी योग है।

12 फरवरी को मंगल मीन राशि में आकर अतिचारी नहीं रहता। 15 फरवरी, 2015 ई. को शुक्र भी मीन राशि में आकर मंगल के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। यह सम्बन्ध 11 मार्च, सन् 2015 ई. तक बना रहेगा। 14 मार्च, सन् 2015 ई. को वृश्चिकस्थ शनि वक्री होगा। यह समयावधि पक्ष–विपक्ष में भारी नोक–झोंक वाली रहेगी। महंगाई से जनता का धैर्य टूटता दिखाई देगा। शासन को अपने बिल पूरा करने भारी पड़ेंगे। जिससे जनता में रोष व प्रदर्शन होंगे।

महामहिम श्री प्रणवमुखर्जी महाभाग (राष्ट्रपति भारत गणतन्त्र)

महामहिम श्री प्रणव मुखर्जी का जन्म मिराती (वीरभूम) West Bengal में 11 दिसंबर, 1935 ई. को मिथुन लग्न में हुआ था। इनकी यथालब्ध जन्मकालिक ग्रहस्थिति इस प्रकार है–

जन्मकुण्डली श्री प्रणव मुखर्जी



भाग्येश–शनि भाग्यस्थान में एवं कर्मेश–गुरु की कर्मस्थान पर विशेषदृष्टि है। यह राजयोगकारक ग्रहस्थिति है। शुक्र की महादशा में राहु के अन्तर में गुरु के प्रत्यन्तर में इन्हें राष्ट्रपतिपद प्राप्त हुआ। शुक्र में शनि एव बुध का प्रत्यन्तर 3 नवंबर, 2013 ई. तक प्रभावी रहेगा। इन्हें गणतन्त्र के हित में अच्छे राजनैतिक कर्त्तव्य निभाने होंगे।

श्री प्रणव मुखर्जी के लिए सितंबर 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति सुदृढ़ सुरक्षा का संकेत देती है। 6 जनवरी, 2014 ई. के बाद सितम्बर, 2014 ई. के प्रथम सप्ताह तक की ग्रहस्थिति में महामहिम श्री प्रणवमुखर्जी महाभाग को स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की दृष्टि से सावधान रहना होगा। ऐसे प्रबुद्ध एवं योग्य राजनीतिज्ञ के संरक्षण में भारतीय गणतन्त्र प्रगतिपथ पर रहे– यही ईश्वर से प्रार्थना है।

" श्रीमार्त्तण्ड पंचांग " के सह सम्पादक श्री संयमी शर्मा ज्योतिषाचार्य, M.A. ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान सन् 2011 ई. में U.S. प्रैसकॉन्फ्रेंस में इनके बारे में स्पष्ट घोषणा इस प्रकार की थी,–

" Sanyami Sharma, who was on a tour of the U.S., spoke to India Tribune about his hall mark predictions.

He claims that he and his father have accurately predicted the Indonesian and Japanese' tsunamis, Barack Obama's ascendance to the Presidency of the USA, A.B. Vajpayee becoming the Prime Minister of India, the assassination of the former Indian Prime Minister Indira Gandhi, the end of royalty in Nepal replaced by Maoist-backed government, and terrorist attack on Taj Hotel in Mumbai. He observed that the continuation of Dr. Manmohan Singh as the Prime Minister of India is doubtful for two reasons-his frail health and the pressure exerted by the Opposition parties.

But the future is very bright for Union Finance Minister Parnab Mukherjee, who will rise in his stature because the stars are in his favour for growth.

"श्री मार्त्तण्ड पंचांग" सं. 2069 वि. में पृ. 41 पर 20 अक्तूबर, सन् 2012 ई. तक इन्हें विशेष पदाप्ति का योग बनने की बात लिखी थी जोकि अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई है।

भारत के प्रमुख राजनैतिक दल

कांग्रेस पार्टी की कुण्डली



कांग्रेस– संवत् 2071 वि. में गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार लग्नेश गुरु 18 जून, 2014 ई. तक मिथुन राशि में ही रहकर धनुराशि (लग्न) पर पूर्णदृष्टि से देखता रहेगा। जोकि कांग्रेस पार्टी की शासन–सत्ता को दिए गए प्रलोभनों से लाभ की ही आशा में रखेगा। लेकिन शनि, मंगल एवं राहु–ये तीनों क्रूरग्रह वक्रगति से चलेंगे। 2 मार्च, सन् 2014 ई. से 19 मई, 2014 ई. तक गोचर ग्रहस्थिति कांग्रेस पार्टी एवं अधिकारीवर्ग के लिए विशेष प्रतिष्ठाप्रद नहीं है। विशेषतः 4 फरवरी, सन् 2014 ई. से 24 मार्च,

2014 ई. तक शनि, मंगल, राहु–ये तीनों ग्रह तुला राशि में ही चलेंगे। यह समय राजनीतिक पार्टियों के लिए विषम परिस्थिति वाला है। गतवर्ष के पञ्चांग सं. 2070 वि. में हमने कांग्रेस पार्टी के बारे में पृष्ठ 46, कॉलम 1–2, पर स्पष्ट लिखा था कि–

“सं. 2070 वि. में 18 अगस्त, 2013 ई. से लगभग 5 अक्तूबर तक शनि–मंगल का दशम–चतुर्थ दृष्टि सम्बन्ध भारत की राजनीति में भारी उलटफेर का संकेतक है। इस दौरान राजनैतिक पार्टियों की स्वार्थ परकता एवं सत्तालोलुपता तीसरे मोर्चे का गठन करेगी, जिसका प्रभाव बड़ी पार्टी कांग्रेस पर आंशिकरूप से होगा, लेकिन सत्ता प्राप्ति की महत्त्वाकांक्षा फलवती नहीं होगी। तीसरा मोर्चा कुछ राजनीतिज्ञों के लिए मृगतृष्णामात्र सिद्ध होगा। त्रिशंकु सरकार ही बनेगी।

4 फरवरी, 2014 ई. को मंगल, शनि, राहु– ये तीनों खलग्रह तुला राशि में 24 मार्च, 2014 ई. तक एकराशि में ही रहेंगे। विशेषतः 1 मार्च से 24 मार्च 2014 ई. तक मंगल वक्रगति से शनि–राहु के साथ चलेगा।

इस समयावधि में (फरवरी से मार्च, 2014 तक) कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता जनता को लुभाने के लिए अनेक वायदे करने पर भी जनता से पूर्ण बहुमत प्राप्त करने में असमर्थ रहेंगे;– परिणाम कांग्रेस पार्टी के लिए आश्चर्यजनक रहेंगे। प्रधानमन्त्रीपद के लिए यदि युवा नेता का नाम आगे आए तो पार्टी संभल सकेगी। ”

लेकिन क्षेत्रीय पार्टियों के सहयोग से ही सत्ता प्राप्त करना संभव होगा। कांग्रेस पार्टी देश को आर्थिक–राजनैतिक एवम् घोटालों की दृष्टि से बैकफुट पर ले गई है– यह सब कांग्रेस की कुण्डली में नवमेश–दशमेश सूर्य–बुध के द्वादश भाव में होने से ही हुआ है।

शनि–राहु का वक्रत्व एवं 12 जुलाई के बाद राहु का कन्या राशि में प्रवेश तथा 14 जुलाई से 3 सितंबर तक शनि–मंगल की एकसाथ स्थिति कांग्रेस पार्टी के लिए बहुत विषम परिस्थितियों को लेकर आ रही है। प्रधान नेतागण एवं प्रतिष्ठित व्यक्तियों को इस समय (जुलाई से सिम्तबर, 2014 ई. तक) बहुत सावधानी से सीमाप्रान्तों पर घटित हो रही चीन या पाक की नीति से राष्ट्र के हित में सोचना होगा एवं अपनी सुरक्षा–व्यवस्था को भी सुदृढ़ रखना होगा। भारी कष्टप्रद घटना घटित होने का योग है। ध्यान दें– आश्विन शुक्ल पक्ष में शुक्र का अस्त होना एवं 8 अक्तूबर को चन्द्रग्रहण कहीं सीरिया आदि में युद्धाग्नि को प्रज्वलित होने से महंगाई कांग्रेस एवं भाजपा को परेशानी में डाल सकती है–

“ शुक्लपक्षे यदा शुक्रः समुदेत्यस्तमेति वा।
राजपुत्र–सहस्राणां मही पिबति शोणितम्।।”

इसवर्ष मंहगाई, भ्रष्टाचार एवं घोटाले बहुत अधिक होने से कांग्रेस की साख कमजोर एवं दयनीय रहेगी।

भारतीय जनता पार्टी– संवत् 2070 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार इसवर्ष शनि–मंगल एवं राहु–ये तीनों क्रूरग्रह लगभग 1 मार्च सन् 2014 ई. से ही 19 मई, तक वक्री पोजीशन में रहेंगे। शनि भाजपा की कुण्डली में अष्टमेश एवं नवमेश है। बृहस्पति कर्मेश होकर 18 जून तक मिथुनराशि में ही रहकर भाग्यस्थान को एवं भाग्येश तुलाराशिस्थ शनि को देखेगा। यह योग भाजपा के लिए प्रतिष्ठा देने वाला अवश्य है, लेकिन **भाजपा में प्रधानपद के लिए हो रहा अन्तर्कलह सारा काम बिगाड़ सकता है।** ग्रहगति के अनुसार हम घोषणा कर देना उचित समझते हैं कि– कांग्रेस की केन्द्रीय शासन सत्ता तो लकवाग्रस्त छवि के कारण सं. 2071 वि. के प्रारम्भ में ही भाजपा को सत्ताप्राप्ति के लिए अग्रेसर होने के लिए प्रेरित कर सकती है। लेकिन शनि, मंगल, राहु, बृहस्पति की गति, वक्र–मार्ग एवं उदयास्त वाली ग्रहस्थिति आगे इस पार्टी के प्रधानपद को सर्वसम्मति से स्वीकार करने में ऐकमत्य न होने से भाजपा भी पूर्ण बहुमत से दूर रह सकती है। भाजपा को क्षेत्रीय पार्टियों का असहयोग होना ही कमज़ोरी है। 2014 ई. में त्रिशंकु संसद ही बनेगी।

कुण्डली भारतीय जनता पार्टी



ध्यान दें– 1 मार्च से 19 मई, सन् 2014 ई. तक शनि–मंगल–राहु के **वक्रत्वकाल में कांग्रेस धर्मनिरपेक्ष नीति की दुहाई देकर** भारतीय जनता पार्टी के ऊपर हावी रहेगी। श्री नरेन्द्रमोदी के नेतृत्व को लेकर भाजपा अल्पसंख्यकों का भरोसा जीतने में सक्षम होगी, इसमें सन्देह है। मई, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति के अनुसार ऐसी स्थिति में प्रधानमन्त्री का औहदा कोई लोकप्रिय व्यक्ति ही लेगा। यह जनता के लिए आश्चर्य–जनक होगा।

14 जुलाई से 3 सितंबर, 2014 ई. तक शनि–मंगल का तुला राशि में एकसाथ रहना, 10 से 24 सितंबर तक बन रहा खप्परयोग एवं 8 अक्तूबर के लगभग की ग्रहस्थिति राष्ट्र एवं राजनीतिज्ञों के लिए भयावह है। राष्ट्र का हित देखकर ही सारी राजनैतिक–पार्टियों को एकराय होकर ही काम करना चाहिए।

26 नवंबर से 12 फरवरी (सन् 2015 ई.) तक राष्ट्रनायकों के लिए शत्रुराष्ट्र की तरफ से एवं सीमाप्रान्त पर समय भारी हानिकारक है। लिखने का तात्पर्य यह है कि– 3 सितंबर, 2014 ई. से फरवरी, 2015 ई तक का समय भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के लिए अग्निपरीक्षा का है।

भारतीय राजनीति में संभावित तीसरा मोर्चा एवं बहुजन समाज पार्टी– समाजवादी पार्टी एवं अन्य समूह क्षेत्रीय–पार्टियों की ग्रहस्थिति का चिन्तन करने से ज्ञात होता है कि– केन्द्रीय–शासन में कांग्रेस किंवा भाजपा को केन्द्र में सत्तासुख दिलाने के लिए क्षेत्रीय पार्टियों का सहयोग विशेषरूप से अनिवार्य होगा। आगामी संसद मिली–जुली पार्टियों के सहयोग से ही बनेगी।

बहुजन समाजपार्टी केन्द्रीय–शासनसत्ता के पक्ष में रहेगी, लेकिन इस पार्टी के लिए अभी दिल्ली कोसों दूर है। यह बात भी ग्रहस्थिति से स्पष्ट मालूम देती है कि– गठबन्धन वाली आगामी सरकार का जीवन किंवा कार्यकाल अधिक मालूम नहीं देता। इस बारे विशेष विचार अगले वर्ष लिख रहे हैं।

कुछ प्रतिष्ठित राजनीतिज्ञ

श्रीमती सोनिया गांधी– सं 2071 वि. के प्रारम्भ में वक्री शनि–मंगल–राहु की 19 मई तक की स्थिति श्रीमती सोनियागांधी की जन्मकालिक ग्रहस्थिति से विपरीत स्थिति को दर्शाती है। अतः इन की राजनैतिक स्थिति को चिन्ताजनक स्थिति में लाकर खड़ा कर देने वाली है। राजनैतिक क्षेत्र एवं प्रशासकीय दिशाविहीनता एवं कठिनाइयों से भरपूर समय आ रहा है। आगे लगभग जुलाई से 3 सितंबर, 2014 ई. तक का समय श्रीमती सोनिया गांधी की सेहत के लिए चिन्ताजनक है। इनको अपने स्वास्थ्य–सुरक्षा की दृष्टि से विशेष सावधान रहना अनिवार्य है।

जन्माङ्ग श्रीमती सोनिया गांधी,
जन्म 9 दिसं.,1946, 21$^{घं.}$ 15$^{मि.}$ (स्टैं.टा.)
TURIN (ITALY)



प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह– सं. 2071 वि. की ग्रहस्थिति के अनुसार शनि, मंगल एवं राहु– ये तीनों ग्रह वक्री पोज़ीशन में हैं। अब तक की विपरीत राजनैतिक परिपेक्ष्य में भी इन्हें सत्ता में बने रहने का सुख मिला है,– यह बात गतवर्ष के श्री मार्त्तण्ड पंचांग में हमने स्पष्टरूप से लिखी थी, पढ़ें– पृ. 47, कॉलम 2, स्टैंज़ा 1 पर–

जन्माङ्ग प्रधानमन्त्री, डॉ. मनमोहन सिंह
26 सितं., 1932, 14 घं. 0 मि. (गाहा–पाक)



"वर्तमान प्रधानमन्त्री श्री मनमोहन सिंह जी की ग्रहस्थिति के अनुसार जन्मकालिक– ग्रहस्थिति के आधार पर गोचर में योजनास्थान (पंचमभाव) पर राहुयुत– शनि की नीच दृष्टि है। द्वितीयेश एवं तृतीयेश– शनि जोकि इनकी देश की समृद्धि एवं हित में लिए गए निर्णयों को असामयिक होने से विपक्षीदल नकारने की नीति अपनाएंगे, जिससे इन्हें राजनैतिक दृष्टि से कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

आगे राहु की महादशा में मंगलान्तर 1 फरवरी, 2014 तक, तदुपरान्त गुरु में गुरु का अन्तर 18 मार्च, 2016 ई. तक चलेगा। राहु में मंगलान्तर इसवर्ष 19 मई, सन् 2014 ई. तक इनकी सेहत एवं प्रशासकीय–क्षमता को क्षीण कर देगा। आगे सत्ता–सुख से वञ्चित भी होना पड़ेगा– ऐसी ग्रहस्थिति है।

श्रीराहुल गान्धी– इससे पहले कि– संवत् 2071 वि. में श्री राहुल महाभाग के बारे में कुछ लिखें, हम सं. 2070 वि. के पंचांग में अंकित कुछ पंक्तियों को उदधृत करना चाहेंगे। श्री मार्त्तण्ड पंचांग, संवत् 2070 वि., पृ. 47, कॉलम 2 पर पढ़ें;–

जन्मकुण्डली श्रीराहुल गांधी
19 जून, 1970 ई., नई दिल्ली (5-05 A.M)



" श्री राहुल गांधी जी की जन्मकालिक दशा के अनुसार 27 अगस्त, 2013 ई. तक चन्द्रमा में शनि का अन्तर इन्हें राजनैतिक–उच्चपदाप्ति में यद्यपि बाधक होने पर भी शनि–भाग्येश एवं कर्मेश होकर इन्हें फिर भी राजनीति में प्रतिष्ठित जगह पर स्थापित अवश्य करता है।"

इस भविष्यवाणी की सत्यता कांगेस–पार्टी के महा सचिव एवं कांग्रेस में नं. 2 की पदाप्ति होने से स्पष्ट सिद्ध हो गई है।

श्री राहुल गान्धी जी की जन्माङ्गगत ग्रहस्थिति के अनुसार इस समय चन्द्रमा की महदशा में बुधान्तर अगस्त, सन् 2015 ई. तक प्रभारी रहेगा। बुध चन्द्रमा का मित्र है। लेकिन जन्मकालीन कुण्डली में चन्द्र तृतीयेश होकर सप्तमभाव में नीच है। जोकि विरोधीपक्ष के सामने मनोबल को कमज़ोर करता है। क्योंकि चन्द्रमा बुध के साथ शत्रुभाव रखता है।

गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार जन्मकुण्डली में भाग्येश–कर्मेश दोनों का स्वामी शनि तुलाराशि में उच्च एवं राहु के साथ होकर मार्च से 19 मई, 2014 ई. तक वक्रगति से चलते रहेंगे एवं साथ ही विपक्षीवर्ग का प्रतिनिधि ग्रह मंगल भी वक्रगति से ही चलेगा। जोकि अभी इन्हें संभावित पदप्राप्ति में बाधक मालूम देता है। हां ! गुरु ग्रह के कर्कराशि में आने पर (अर्थात् 19 जून, 2014 ई. के लगभग) इन्हें उच्च पद प्राप्ति संभव है। विचारणीय बात यह है कि– "देहली–दीपकन्याय" से अगर दीपक को घर की देहली पर अन्दर की ओर रखा जाए तो रौशनी देहली से बाहिर भी तो आएगी।

इसलिए यदि इनके यथालब्ध जन्मसमय में कुछ अन्तर हुआ तो कर्क के गुरु की भाग्यस्थान पर दृष्टि इन्हें संभावित प्रमुख पद पर आसीन कर दे तो कोई आश्चर्य नहीं। लेकिन 3 सितंबर, 2014 ई. तक का समय इनके लिए कठिन परिस्थितियों से भरा है। इन्हें अपनी सुरक्षा–व्यवस्था को भी सुदृढ़ रखना होगा।

श्री नरेन्द्रमोदी महाभाग– श्री नरेन्द्रमोदी जी का जन्म 17 सितम्बर, सन् 1950 ई. में गुजरात स्थित महेसाना में 11.00 A.M. पर हुआ। इनकी जन्मकालिक ग्रहस्थिति इस प्रकार है–


जन्माङ्गकालिक ग्रहस्थिति
श्रीनरेन्द्रमोदी

यथालब्ध जन्मकालिक ग्रहस्थिति के अनुसार इस समय चन्द्र में राहु का अन्तर एवं गुरु का प्रत्यन्तर 2 अक्तूबर 2013 ई. तक चलेगा। यह ग्रहस्थिति इन्हें भारी अन्तर्द्वन्द में रखेगी। बृहस्पति पञ्चमेश होकर मित्रवर्ग में है एवं राहु योजनास्थान में। स्पष्ट है कि– इन्हें सहयोगी दलों की राजनैतिक स्वीकृति प्राप्त करना कठिन प्रतीत होता है। ग्रहस्थिति से संकेत मिलता है कि– निजी पार्टी के आन्तरिक कलह का भी ये शिकार रहेंगे। दिल्ली आदि अनेक प्रान्तों में इनके व्यक्तित्व का प्रभाव निर्वाचन क्षेत्रों में अनुभव होगा।

चन्द्रमा लग्न में नीच है, लेकिन गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार निर्वाचन के समय श्री मोदी चन्द्र में केत्वन्तर किंवा शुक्रान्तर के प्रभाव में चलेंगे, शनि शत्रुक्षेत्री भी है। चन्द्र शुक्र शत्रु हैं। अतः मार्च, 2014 ई. से मई, 2014 ई. तक शनि, मंगल, राहु– ये सब वक्र स्थिति में होने से इनका राष्ट्र के प्रधानपद पर बैठना सामयिक परिस्थिति के अनुसार क्षेत्रीय पार्टियों पर निर्भर करेगा। आगे ईश्वरेच्छा बलवती है।

आगामी लोकसभा निर्वाचन में दो राष्ट्रस्तरीय पार्टियों का शक्तिपरीक्षण आकर्षक घोषणाओं के बावजूद जनतन्त्र में जागृति के रूप में उभर कर आएगा। वंशवाद से जनमानस का मोह भी क्षीण होने लगेगा। यह निर्वाचन गणतन्त्र की विजय के रूप में देखा जाएगा। परिणाम आश्चर्यजनक होंगे।

भारत के कुछ प्रान्त

पंजाब– इस प्रान्त की प्रभावराशि मीन एवं नामराशि कन्या है। मीन राशि का स्वामी गुरु मिथुन राशि में हैं एवं मिथुन–राशि एवं कन्या राशि का स्वामी बुध 13 अप्रैल, 2014 ई. तक सूर्य के साथ बुधादित्य योग बना रहा है। लेकिन मंगल की इन पर दृष्टि भी है। मंगल मजदूर एवं कृषि कर्मियों का प्रतिनिधि है। सूर्य–बुध औद्योगिक–क्षेत्र के अधिपति हैं। लेकिन शनि अयस्क–निर्माण एवं उद्योगक्षेत्र के विकास का सूचक है। ध्यान दें– शनि, मंगल एवं राहु –ये तीनों मई, 2014 ई. तक वक्रगति से चल रहे हैं। अतः पंजाब के उद्योगाधिपति उद्योगों सहित पंजाब सरकार की नीति के कारण अन्यत्र जाने लगेंगे, जिससे पंजाब की आर्थिक स्थिति कमजोर होने लगेगी। नोट करें– कन्याराशि में 12 जुलाई, सन् 2014 ई. को राहु प्रवेश करेगा एवं जुलाई से सितम्बर तक शनि–मंगल के एकसाथ होने पर कुछ अपराधी तत्व बाहरी देशों से यहां के वातावरण को खराब करने का प्रयास करेंगे। लेकिन पंजाब के जत्थेदार साहिबान (अकाली लीडरशिप) एवं बादल साहब की आलोचना करने वालों से सावधान रहना होगा। पंजाब के सुयोग्य शासक श्री प्रकाश सिंह बादल उन्हें निरस्त कर सकेंगे। पंजाब के किसानों एवं उद्यमियों के हुनर को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में प्रशिक्षण एवं विकास केन्द्र बनेंगे। किसानों को एग्रो–फोरैस्ट्री की तरफ ध्यान देने पर भी सरकार ध्यान दिलाएगी ताकि जल की कमी एवं बिजली संकट का भी सामना किया जा सके। पंजाब में नए टैक्सों से जनता में आक्रोश बढ़ेगा। औद्योगिक क्षेत्रों की स्थिति भी भारी संकट में आ सकती है। कुछ ज़िलों में उग्रवादी अपनी उपस्थिति जाहिर करेंगे, जोकि जनता में क्षोभ पैदा कर सकता है। मार्च, 2014 ई. से आगे विशेषतः फरवरी, 2014 ई. से संवत् 2071 वि. के अन्त तक का समय पंजाब की स्थिति एवं राजनीतिज्ञों के लिए संकटापन्न है।

हरियाणा– इस प्रान्त की नाम राशि मिथुन एवं प्रभावराशि मीन होने से 2 मार्च, 2014 ई. से सितम्बर तक शनि, राहु एवं मंगल की स्थिति प्रधान नेता के लिए भारी चक्रव्यूह वाली है। अपने ही विश्वस्त–व्यक्ति विरोध करके सत्ता प्राप्ति की ओर बढ़ने का प्रयास करेंगे। इसवर्ष शनि–मंगल का एकराशि–सम्बन्ध भारत की प्रमुख राजनीतिक पार्टियों भाजपा–कांग्रेस एवं अन्य सहयोगी पार्टियों के लिए भारी चक्रव्यूह की रचना वाला है। इस समयावधि में भारतीय राजनीति को एक विशेष दिशा मिलेगी एवं स्वच्छ पारदर्शी छवि वाली पार्टी के हाथ ही सत्ता रहेगी। हरियाणा का राजनैतिक इतिहास इस बात का गवाह है कि राज्य की राजनीति में होने वाले बदलाव हमेशा आश्चर्यजनक ही रहे हैं।

हरियाणा जनहित पार्टी एवं भाजपा का गठबन्धन भी अन्तर्कलह के कारण सत्ता तक पहुंचने में 2014 ई. के लोकसभा एवं विधानसभाई निर्वाचनों में विशेष सफलता प्राप्त करता मालूम नहीं देता।

इनैलो के प्रति जनता की सहानूभति से विधानसभाई निर्वाचनों में इन्हें अच्छी गति मिल सकती है। लेकिन सत्ता तो सुप्रीमो के निर्देश पर व्यक्ति विशेष को ही प्राप्त

होगी। वैसे यह प्रान्त सर्वतो भावेन प्रगतिपथ पर रहेगा।

हिमाचलप्रदेश– इस प्रान्त की नामराशि कर्क और प्रभावराशि मीन है। गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार जून, 2014 ई. तक हि. प्र. में सत्ताधारी कांग्रेस तथा प्रतिपक्ष भाजपा में राजनैतिक जंग तेज होगी। श्रीशान्ताकुमार एवं श्री प्रेमकुमार धूमल जी का परस्पर सहयोग यहां लोकसभा निर्वाचनों में रंग ला सकता है। लेकिन सत्तारूढ़पक्ष श्रीवीरभद्र सिंह जी पर विपक्ष विधानसभा के बाहिर एवं अन्दर एकजुट होकर राजनैतिक प्रहार करेंगे। राज्य की आर्थिक स्थिति में गिरावट के आसार फलों की आयात नीति से और अधिक बनेंगे। वित्तायोग से हि.प्र. की जनता एवं सेवा कर्मियों को भारी लाभ होगा। जुलाई, 2014 ई. के लगभग बृहस्पति के कर्क में आने पर इस प्रान्त में सत्तारुढ दल का मनोबल बढ़ेगा। लेकिन 14 जून से सितम्बर, 2014 ई. तक की ग्रहस्थिति से यहां यानदुर्घटना आदि से जनधनहानि के योग बनते हैं।

जम्मू–काश्मीर– इस प्रान्त की प्रभावराशि तुला एवं नामराशि मकर है। शनि एवं मंगल दोनों वक्री पोजीशन में संवत् के प्रारम्भ से पूर्व ही मार्च, 2014 ई. 11 जुलाई, 2014 ई. तक तुलाराशि में ही रहेंगे। ध्यान दें– शनि, मंगल, राहु– ये तीनों ग्रह 19 मई तक वक्री चलेंगे। जोकि इस प्रान्त के शासकों के लिए एवं आतंकवादियों द्वारा किए जा रहे कुकृत्यों द्वारा इस प्रान्त को नारकीय स्थिति का आभास कराएंगे। आगे 14 जुलाई से सितम्बर, 2014 ई. तक शनि–मंगल का एकराशि–सम्बन्ध होने पर यहां उग्रवादियों द्वारा भयंकर खून–खराबा होने के योग बनते हैं एवं साम्प्रदायिक झगड़े भी होंगे। एक वर्गविशेष स्थानान्तरण करने पर विवश होगा। सरकार इस स्थिति का हल करने के लिए असमर्थ मालूम देगी। गतवर्ष सं. 2070 वि. के पंचांग में इस प्रान्त के बारे में की गई भविष्यवाणी अक्षरशः सत्य सिद्ध हुई है– पढ़ें 'श्रीमार्त्तण्ड पंचांग' पृ. 48, कॉलम 2 पर–

" गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार 7 जुलाई, 2013 ई. तक एवं 18 अगस्त के लगभग से 4 अक्तूबर, 2013 ई. तक इस प्रान्त में भयंकर प्राकृतिक आपदा एवं भीषण उग्रवादजन्य विस्फोटक–स्थिति से भारी जनधनहानि के योग हैं। सीमाप्रान्तों पर आपसी झड़पों से अशान्ति रहेगी। Tourism को बढ़ावा देने के बावजूद इस प्रान्त की आर्थिक–राजनैतिक–सामाजिक स्थिति चिन्तनीय रहेगी। आगे फरवरी, 2014 से संवत् 2070 वि. के अन्त तक भी यह प्रान्त उग्रवाद एवं प्राकृतिक आपदाओं से ग्रस्त रहेगा; ऐसा गोचर ग्रहस्थिति से मालूम देता है। सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।"

काश्मीर के कुपवाड़ा एवं अन्य क्षेत्रों में भी होने वाले उपद्रव जगज़ाहिर हैं। सीमाप्रान्तों पर पाक, चीन का अतिक्रमण भी स्पष्टरूप से राजनीतिज्ञों के लिए सिरदर्द बना है। भूकम्प, बाढ़ आदि से भी जो हानि गतवर्ष काश्मीर में हुई है, वह भी इस भविष्यवाणी की सत्यता के प्रमाण हैं।

इसवर्ष काश्मीर को विशेष संवैधानिक दर्जे की मांग देश के हित में नहीं होगी। स्थिति इसवर्ष भी चिन्तनीय रहेगी।

पाठको ! प्रभुकृपा से भूत–भविष्य में जो कुछ (ग्रहगोचरवश) अनुभव किया, आपके सामने रख दिया है। जो घटित हो चुका, वह आपने देख लिया। जो भविष्य है, उस पर आप भूतानुसन्धान के आधार पर विश्वास करें–

"समस्तमेतद् गतमागतं तथा भविष्यमप्यक्षरशो यथोत्तरम्।
निबोधितं शास्त्र–परम्परावशाद् भवादृशां भारतवासिनां पुरः।।"

लेख पूर्ण होने की तिथि–
28 अगस्त, सन् 2013 ई.
(श्रीकृष्ण जन्माष्टमी)

शुभचिन्तक–

इन्दुशेखर शर्मा, संयमी शर्मा,
श्रीमार्त्तण्ड भवन, मु. पो. कुराली,
(अजीतगढ़– मोहाली), (पंजाब)।

"अभिजित् प्रकाशन" की पुस्तकें कहां से खरीदें ?

"अभिजित् प्रकाशन", 59/6 (अभिजित्) P. O. पंचकूला (हरि.) द्वारा प्रकाशित प्रो. प्रियव्रत शर्मा की पुस्तकें भारतीय ज्योतिष जगत् की अपूर्व प्रकाशन मानी गईं हैं। इनकी लोकप्रियता देखकर कुछ धूर्त बुक्सेलर्स इनकी नकली प्रतियां बेचते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे किसी भी बुक्सेलर से खरीदी गई अवैध पुस्तक की अपूर्णता, मुद्रण आदि सम्बन्धी किसी भी प्रकार की अशुद्धि अथवा अन्य किसी भी त्रुटि के लिए हम कदापि उत्तरदायी नहीं हैं। इन पुस्तकों को बेचने का अधिकार दिल्ली या अन्य किसी भी नगर के किसी भी बुक्सेलर को हमने बिल्कुल नहीं दिया है। इन पुस्तकों को प्राप्त करने के लिए ग्राहक केवल सीधा हमसे ['अभिजित् प्रकाशन', 59/6 (अभिजित्) P. O. पंचकूला (हरियाणा) से] ही सम्पर्क करें। अवैधरूप से इन प्रकाशनों का विक्रय करने वाले बुक्सेलर्स के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के लिए हम बाधित हैं। हमारी पुस्तकें बेचने वाले ऐसे किसी भी बुक्सेलर की सूचना देने वाले महानुभाव के हम आभारी होंगे।

प्रियव्रत शर्मा

संवत् 2071 वि. में भारत की जलवायु एवं वर्षा–विचार

– संयमी शर्मा,

जल, वायु, अनाज किंवा अन्य कृषि–उत्पादन-- ये प्राकृतिक चतुष्टयी ही संवत्सर के फल की दिशा व दशा को निर्धारित करती है। यदि वर्ष के ये चार स्तम्भ सुदृढ हों तो वर्ष सुदृढ़, जनजीवन स्वस्थ एवं समृद्ध रहेगा;– ऐसी मान्यता है। लेकिन " जल एवं वायु "– ये संवत् के प्रमुख स्तम्भों में से हैं। इन्हीं के आधार पर "अन्न स्तम्भ" की कल्पना की जा सकती है। जलवायु के बिना प्राणियों के जीवनाधायक अन्न की भी उपज संभव नहीं। अतः सं. 2071 वि. के जलवायु का ग्रहयोग के आधार पर यहां संक्षिप्त निर्देश नीचे दे रहे हैं। आशा करते हैं कि-- **यह संक्षिप्त लेख किसानों/बाग़वानों के लिए एक दिशा–निर्देशक सिद्ध** होगा।

जब सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करता है, लगभग उसी समय से ही भारत के प्रान्तों में वर्षा का आगमन माना जाता है।

इसवर्ष (सं. 2071 वि.) की आर्द्रा–प्रवेशकुण्डली के अनुसार अश्विनी नक्षत्र के समय 22 जून, 2014 ई. को 10 घं. 39 मि. पर सिंह लग्न के समय सूर्यदेव आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे। ग्रहचाल के अनुसार मध्याहन से पहले ही आर्द्रानक्षत्र में सूर्य प्रविष्ट होगा; जोकि कहीं भयंकर अकाल की स्थिति बनाए। **कहीं दक्षिण–पूर्वी व उत्तरी भूभाग एवं समुद्र में तूफान (सुनामी) किंवा कहीं भयंकर भूकम्प से इसवर्ष जानी–माली भारी नुक्सान होने के योग बन रहे हैं।** शासन इस स्थिति से निपटने में अशक्त अनुभव करेगा।

सूर्य आर्द्राप्रवेश कुण्डली
(22 जून, 2014 ई., 10 घं. 39 मि.)(भा.स्टैं.टा.)



आर्द्राप्रवेश–कुण्डली में मिथुनस्थ सूर्य–बुध वृषस्थ शुक्र एवं कर्कस्थ गुरु से आक्रान्त हैं। अतः कहीं भयंकर बाढ एवं कहीं सूखाग्रस्त भूमि पर सरकार को मुआवज़ा देना पड़े। महाराष्ट्र, उ.प्र. का कुछ भाग, केरल, उड़ीसा, तामिलनाडु एवं बिहार–छत्तीसगढ़ का कुछ भाग प्राकृतिक प्रकोप से ग्रस्त रहेगा।

इस संवत् में नवमेघविचार/चतुर्मेघ विचार से 'वायु' एवं 'पुष्कर' नामक मेघ हैं। अनेकत्र मन्दवृष्टि होने से काश्मीर एवं हि.प्र. में फल, कन्दमूल को हानि पहुंचे। उत्तरी भारत में भारी बादल होने पर भी वायुवेग से बादल छंट जाएं एवं वर्षा की कमी अनुभव हो, खड़ी फसलों को हानि पहुंचे एवं कहीं अकाल की स्थिति बने।

इसवर्ष रोहिणी का वास 'सन्धि' में होने से कुछ प्रान्तों में वर्षा काफी अनुकूल रहेगी। कहीं धूप, कहीं बादलचाल रहे, कहीं खण्डवृष्टि हो।

शनि की दृष्टि पश्चिम की ओर ही रहेगी। अतः पश्चिमी प्रान्तों किंवा महानगरों में कहीं भयंकर भूकम्प, वायुवेग, समुद्री तूफान से हानि के योग हैं।

सप्तवायुविचार से आंधी--तूफान से देश के दक्षिणी–पश्चिमी भूभाग पर एवं विश्व के समुद्र--तटवर्त्ती देशों में समुद्री तूफान (सुनामी), भूचाल किंवा भारी बाढ़–वर्षा से भयंकर जनधनहानि के योग इसवर्ष जनजीवन को अस्त--व्यस्त करेंगे। शासन इस स्थिति को संभालने में असमर्थ अनुभव करेगा। भूमध्यगत–तरंगों से होने वाले इस प्राकृतिक प्रकोप का परिणाम अनेक देशों के लिए विध्वंसकारी रहेगा।

सं. 2071 वि. में जलस्तम्भ एवं वायुस्तम्भ-विचार से--

इसवर्ष 'जलस्तम्भ' 94. 22 प्रतिशत होने से कुछ प्रान्तों में भयंकर वर्षा एवं भारी बाढ़ से विनाशकारी दृश्य उपस्थित होगा। कहीं समुद्री तूफान, सुनामी से प्रलयंकारी दुःखद घटनाएं घटित होंगी। बहुजल–प्रधान अन्न जीरी, चावल, बाजरा आदि की फसलें काफी अच्छी होंगी। भूजल के स्तर में काफी उठाव बने।

सं. 2071 वि. में 'वायुस्तम्भ' 22. 52 प्रतिशत होने से निर्दल है। इसवर्ष तूफान, बवंडर आदि से जनधनहानि के योग बनते हैं। 1 जून के लगभग लू , गर्म हवाओं एवं नानाविध रोगों से जनता परेशान रहे। क्योंकि, बादलों का सञ्चालन वायुवेग से ही होता है, अतः कहीं महावृष्टि तो कहीं सूखे से दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। कहीं खड़ी फसलें सूखेंगी। मानसून के अव्यवस्थित होने से गर्मी से जनजीवन क्षुब्ध रहने का योग भी बनता है।

इसवर्ष मेघेश सूर्य होने से कुछ प्रान्तों में अकाल की स्थिति बने।

गत सन् 2013 ई. में घटित उत्तराखण्ड की त्रासदी का संकेत

इस प्राकृतिक आपदा का संकेत "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में " भारत की जलवायु एवं वर्षाविचार" शीर्षक के अन्तर्गत पृ. 49, कॉलम 2 पर स्पष्टरूप से निम्नांकित शब्दों में दिया गया था–

" इसवर्ष (सं 2070 वि. में) रोहिणी का वास 'समुद्र' में होने से कुछ प्रान्तों में महावृष्टि का योग है। महावृष्टि से अभिप्राय कहीं सुनामी एवं कहीं बाढ़ का संकेत समझें। कहीं वायुवेग, आंधी, तूफान से हानि भी होगी। कहीं ज्वालामुखी– विस्फोट किंवा भूचाल आदि से हानि भी संभव है।"

तदनुसार उत्तराखण्ड में प्रलयंकारी बाढ़–महावृष्टि भी हुई। हि. प्र. में बादल फटने की घटना से विनाश एवं काश्मीर में भूकम्प से हानि भी हुई।

अब गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार सं. 2071 वि. का वर्षाविचार लिख रहे हैं –

ध्यान दें–यहां जिन तारीखों में हमने वर्षा का निर्देश किया है, उन तारीखों में वर्षा यत्र–तत्र अवश्य होगी। स्थानविशेष के लिए वर्षा का विचार करने हेतु सूक्ष्मविचार की आवश्यकता होती है, जोकि समयाभाव के कारण प्रत्येक स्थानविशेष के लिए वर्षा का निर्देश करना संभव नहीं है।

संवत् 2071 वि. के प्रारम्भ से ही शनि–मंगल 19 मई तक राहु के साथ वक्रगति से चलेंगे। इन पर सूर्य की दृष्टि भी है एवं शनि–राहु पर गुरु की दृष्टि है। अतः लगभग मई तक महाराष्ट्र , केरल, बंगाल एवं बंगलादेश, आसाम में कहीं भारी वर्षा रहे। उत्तरभारत में वर्षा के भयंकर अवरोध से हानि के योग हैं।

मार्च / अप्रैल– मार्च 31 एवं अप्रैल 4, 6, 13, 14, 18, 20, 24, 26, 27 एवं 30 को बंगलादेश, मुंबई, हि.प्र., भूटान, सिक्किम, आसाम, तिरुवनन्तपुरम्, उड़ीसा, बिहार में वर्षा के योग हैं। जम्मू–काश्मीर एवं उत्तरीभारत के कुछ भागों में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि संभव है।

मई– 1, 2, 4, 7, 9, 10, 11, 12, 14, 15, 17, 20, 22, 23, 25 एवं 30 मई को मुम्बई सैंट्रल, आसाम, तिरुवनन्तपुरम्, उड़ीसा, बिहार, भूटान, उत्तराखण्ड, उ.प्र., हि.प्र. तथा काश्मीर के कुछ भागों में वायुवेग के साथ बादल–वर्षा के योग हैं। उत्तरी भारत में आंधी–तूफान के साथ कहीं खण्डवृष्टि संभव है।

शनि–मंगल के वक्रत्वकाल (अर्थात अप्रैल से मई, 2014 ई. के मध्य) में किसी महानगर एवं गुजरात, उ.खण्ड, हि.प्र., जम्मू–काश्मीर आदि क्षेत्रों में भयंकर भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप या सूखे से हानि के योग हैं। उग्रवादजन्य जनधनहानि भी इस दौरान संभावित है। अप्रैल से मई तक बुध के अतिचारी होने एवं शनि–मंगल–राहु के वक्रत्व के कारण कुछ क्षेत्र सूखाग्रस्त रहें; ऐसा आभास होता है–

"क्रूरा वक्रा यदा काले सौम्याः शीघ्रास्तु चागताः।
अनावृष्टिश्च दुर्भिक्षं नृपराष्ट्र– भयप्रदाः।। "

20 मई को मंगल के मार्गी होने पर मई के अन्त तक अनेकत्र अच्छी वर्षा हो।

जून– 1, 4, 5, 6, 8, 9 10, 11 एवं 15 से 27 जून तक एवं 29, 30 जून को हि. प्र., उ.प्र., काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, बिहार, उ.खण्ड, दिल्ली, चण्डीगढ़, महाराष्ट्र, उड़ीसा आदि में अनेकत्र वायुवेग के साथ वर्षा के योग हैं।

जून मास में वक्री शनि–राहु का शुक्र के साथ समसप्तकयोग एवं शनि–राहु पर गुरु की विशेष दृष्टि होने से हि. प्र., उत्तराखण्ड, मुम्बई, दिल्ली, बिहार, आसाम आदि में प्राकृतिक प्रकोप किंवा अतिवर्षा हो। उत्तरी भारत के कुछ प्रान्तों में वर्षा न होने से अकाल की स्थिति भी बनेगी। कहीं खड़ी फसलों को हानि पहुंचेगी।

नोट– पर्यावरण–शास्त्रियों अनुसार एवं ग्रहगति के अध्ययन से प्रकृति के सौम्य किंवा वास्तविक रूप की छवि को बिगाड़ने से उ.खण्ड, उ.प्र., आसाम, बंगाल, केरल किंवा हि.प्र. आदि में बादल फटना आदि से भयंकर हानि आदि प्राकृतिक आपदाओं की आशंका बनी रहेगी।

ध्यान दें :– जून में गुरु पुनर्वसु के चतुर्थ चरण में आकर कर्कराशि में प्रवेश करेगा। फलस्वरूप, दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। कहीं भारी बाढ़ से फसलों को हानि हो–

"पुन. पुष्याश्लेषासु गुरुर्कर्के प्रजायते।
अनावृष्टिस्तदा घोरा दुर्भिक्षं सर्वमण्डले।।"

जुलाई– 1, 6, 11, 12 से 17, 18 से 22 एवं 27 से 30 जुलाई तक भारत के दक्षिण –पश्चिमी भूभाग, उत्तरभारत, राजस्थान, उड़ीसा, उत्तराखण्ड, आसाम, हि.प्र., उ.प्र. एवं केन्द्रशासित राज्यों में अच्छी वर्षा होगी। राजस्थान, उड़ीसा, महाराष्ट्र आदि प्रान्तों के कुछ खण्डों में दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। 13, 14, 20 एवं 26 जुलाई को कहीं अतिवृष्टि संभव है। कहीं बादल फटने किंवा बिजली गिरने से हानि भी हो।

अगस्त– ध्यान दें– 26 जुलाई से लगभग अगस्त के पहले हफ्ते तक बुध अतिचारी रहेगा। गुरुकर्क राशि में सूर्य के साथ चल रहा है। कहीं अतिवृष्टि से हानिभय है;– " कर्केऽतिवृष्टिर्धान्यस्य विनाशः चौरजं भयम्।।"

ध्यान दें;– 14 जुलाई से मंगल तुला राशि में आकर शनि के साथ 3 सितम्बर तक एक–साथ चलेगा। यह योग अनेक प्रान्तों में भयंकर बाढ़ से हानिकारक मालूम देता है–

" शनैश्चर–धरापुत्रावेकस्थौ वृष्टिकारकौ।
तदा स्यात्तावती वृष्टिर्यावती गृहपातिनी।।"

इस समय बुध–शुक्र 11 अगस्त तक एक–साथ रहेंगे;– यह योग भी अतिवर्षा का संकेत देता है;– "बुध–शुक्रौ समीपस्थौ कुरुत एकार्णवां महीम्।"

लेकिन शुक्र, बुध के साथ सूर्य भी होने से– " तयोरन्तर्गतो भानुः समुद्रमपि शोषयेत्"– इस प्रमाण के अनुसार कहीं वर्षा की खैंच रहने से किसान परेशानी में रहें।

वर्षा के विचार से अगस्त में 3, 4, 5, 6, 10, 12, 17, 19, 22 एवम् 27 से 29 एवं 31 अगस्त को पंजाब, हरियाणा, चण्डीगढ़, हि. प्र., जम्मू–काश्मीर, दिल्ली, उ.प्र., महाराष्ट्र, केरल, नेपाल, दार्जीलिंग, बिहार, उ.खण्ड आदि में कहीं अतिवर्षा संभावित है। बादलचाल, वायुवेग के चलते भी कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा की कमी रहे। कुछ क्षेत्रों में सूखा पड़ने से भारत सरकार चिन्तित रहे।

सितम्बर– 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 14, 16 से 23, 26, 27, 29 एवं 30 सितंबर को भारत के उत्तर–पश्चिमी क्षेत्रों में कहीं बादलचाल व खण्डवृष्टि हो। हि.प्र. एवं काश्मीर के कुछ क्षेत्रों में हिमपात हो। उत्तरी भारत में शीत ऋतु का आगाज़ बने।

नोट– 3 सितंबर तक शनि–मंगल का एकराशिसम्बन्ध समाप्त हो जाता है। 4/5 सितंबर को मंगल वृश्चिक राशि में आकर अच्छी वर्षा करके मौसम में शीत का वातावरण बनाएगा। आगे केवल वायु का जोर रहे। मौसम खुला रहे।

अक्तूबर– 2, 3, 8, 9, 10, 13, 18, 19 एवं 24 से 28 अक्तूबर तक काश्मीर, हि.प्र. एवं उत्तर–दक्षिणी भारत में कहीं बादलचाल व वायुवेग के साथ खण्डवृष्टि हो। हिमाचल के उन्नत शृंग एवं काश्मीर के कुछ क्षेत्रों में हिमपात हो। शीत जोर पकड़े।

नवम्बर– मासारम्भ में ही शनि अस्त होकर 5 दिसंबर तक अस्त रहेगा। ध्यान दें;– 2 नवंबर को शनि वृश्चिक राशि में आएगा। " चलत्यंगारके वृष्टिः"– प्रमाणानुसार यह वर्षा करके शीत को बढ़ावा देगा। **26 नवंबर को शुक्रोदय वर्षा में अवरोध करता है।**

1, 2, 3, 4, 6, 9, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 22 एवं 24 से 30 नवंबर तक जम्मू–काश्मीर, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड एवं उत्तरी भारत में सूखी शीतलहर चलेगी। इस पक्ष में वायुवेग के साथ कुछ प्रान्तों में वर्षा एवं उत्तराखण्ड, हिमाचल, काश्मीर में जोरदार बर्फ पड़े।

दिसम्बर– 26 नवम्बर, 2014 ई. से 12 फरवरी, 2015 ई. तक मंगल अतिचारी पोजीशन में चलेगा। 6 दिसंबर को शनि उदित होगा।

2 से 11 दिसंबर तक एवं 16, 17, 20, 21 एवं 27 से 31 दिसंबर तक उत्तरी भारत, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड, राजस्थान में सर्वत्र शीतलहर चलेगी। धुन्द से यातायात प्रभावित होगा। पर्वतीय उन्नत शृंग हिमाच्छादित रहें।

जनवरी (सन् 2015 ई.)– 1, 3, 4, 6, 7, 11, 13, 14, 17, 21, 22, 24, 28, 30, 31 जनवरी को उ.भारत भयंकर शीतलहर की चपेट में रहेगा। कुछ प्रान्तों में कहीं बादलचाल, बून्दाबान्दी व खण्डवृष्टि हो। भयंकर शीतलहर एवं धुन्द से अनेकत्र यातायात बाधित रहेगा।

ध्यान दें– 4/5 जनवरी को मंगल कुम्भ राशि में आकर शनि के साथ राशि की अदला–बदली करेगा। मंगल अतिचारी है। अतः वर्षा की कमी से रोग बढ़े।

फरवरी (सन् 2015 ई.)– 5 से 16 फरवरी तक एवं 19, 20 फरवरी को लंका के पूर्वी–छोर, शिलांग व अन्य कुछ प्रान्तों में बादलचाल व बूंदाबांदी के योग हैं। उत्तर भारत में हवा का जोर रहेगा। फरवरी में ऋतु–परिवर्तन अनुभव होगा।

मार्च (सन् 2015 ई.)– 3, 4, 5, 6, 8, 12 से 15, 18, 21 मार्च एवम् 22 से 29 मार्च के मध्य मध्यप्रदेश, बंगाल, आसाम में कहीं बादलचाल एवं बूंदाबांदी रहे। उत्तरी भारत में आसमान साफ रहे, हवा का जोर एवं गर्मी अनुभव होने लगे।

पाठको! कुछ गतवर्षो एवं आगामी वर्षों की ग्रहस्थिति के परिशीलन से ज्ञात होता है कि भारत में वर्षा से होने वाली एवं प्राकृतिक दुर्घटनाएं बढ़ेंगी और मध्यमवर्षा का दौर कम होता जाएगा। आगे सर्वज्ञ तो प्रभु ही हैं।

शनि–मंगल एवं राहु का रोल जलवायु–वर्षा, अग्निकाण्ड आदि घटनाओं में सर्वाधिक है; जैसे लिखा भी है;–

" भौमे वक्रे त्वनावृष्टिः शनौ वक्रे महाभयम्।
द्विवक्रे तु महाकष्टं राहुः स्यादग्निकारकः।।"

व्यापार–विमर्श (संवत् 2071 वि.)

(संवत् 2071 वि. की ग्रहस्थिति के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं एवं शेयर बाज़ारों में आने वाली तेज़ी एवम् मन्दी का मासिक विवरण)

लेखक :– इन्दुशेखर शर्मा–संयमी शर्मा,

संसार के सभी पदार्थों पर ग्रहों का नियंत्रण है, सभी पदार्थों का समावेश बारह राशियों में है। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशिभोग करता है, तो उस राशि में समाहित सभी व्यापारिक वस्तुएं ग्रह की प्रकृति के अनुसार प्रभावित होती रहती हैं। प्रभावित वस्तुओं में परिवर्तन आते हैं और इन्हीं परिवर्तनों से बाजारों में घटाबढ़ी होती है, जिसे हम ' तेजी–मंदी ' कहते हैं। तेज़ी–मन्दी – इन दो शब्दों से व्यापारी अपने भाग्य को आजमाता है। परन्तु मनुष्य का भाग्य कर्मफल किंवा ग्रहचाल के मुताबिक आर्थिक स्थिति को कभी बिगाड़ता है तो कभी सुधारता है। रथ के पहिए में लगे आरों की भांति मनुष्य को भाग्य में कभी ऊपर उठाता है तो कभी नीचे गिराता है – "चक्रारपंक्तिरिव गच्छति भाग्यपंक्ति"। कहने का तात्पर्य यह है कि, जो व्यक्ति आज व्यापार में घाटा खा चुका है, वह सदा के लिए डूबा ही रहेगा–यह धारणा भ्रामक है। व्यापार में बहुत ही आश्चर्यजनक उतार–चढ़ाव आते हैं, न जाने आपको कब शीघ्र उत्तम धनलाभ हो जाए। जो व्यक्ति धनाढ्य होकर सट्टे का काम विचारपूर्वक नहीं करते, वे शीघ्र ही डूब सकते हैं । इस विज्ञान के युग में समस्त संसार का गठबन्धन हो चुका है। किसी भी राष्ट्र की क्रान्ति या राजनैतिक गतिविधि का प्रभाव तत्काल दूसरे राष्ट्र किंवा विश्वजनीन व्यापारक्षेत्र पर अमूमन देखा गया है। आजकल व्यापार के दो अंग महत्त्वपूर्ण हैं; पहला वायदा (सट्टा) एवम् दूसरा हाज़र। अमेरिकी या विश्व के किसी भी बाज़ार या घटनाओं से विशेषतः सोना, चान्दी, पैट्रोलियम आदि सभी प्रकार के बाज़ारों में जब उठापटक होती है, तो लाखों रुपयों का नफा–नुक्सान मिनटों में होता है। इसप्रकार प्रत्येक प्रमुख देश के राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक ग्रहगोचर को अच्छी तरह आंक कर ही हम इस व्यापार–विमर्श में कुछ व्यापारिक तेज़ी–मन्दी लिखने का प्रयास कर रहे हैं।

खुलकर व्यापार करने से पहिले अप्रत्याशित हानि से बचने के लिए अपनी व्यक्तिगत ग्रहचाल को ध्यान में रखना सतर्कता है । हानिप्रद ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। वर्ष में जो ग्रह लाभप्रद हैं, उन ग्रहों के अधिकारक्षेत्र में आने वाली वस्तुओं का ही व्यापार करें, तभी आप लाभ ले सकेंगे। हाज़र एवम् वायदा व्यापारी जो अपने व्यापारिक जीवन से निराश हो चुके हैं, उनके लिए हम यहां 'व्यापार–विमर्श' में ग्रहों का पूर्ण अध्ययन करके तेज़ी–मन्दी का मशवरा देते हैं। व्यापारियो ! निराश न हों। हमसे प्रत्यक्ष मिलें, आपकी उलझी हुई व्यापारिक समस्या का समाधान हम करेंगे ।

संवत् 2071 वि. में गुरु, शनि, राहु, मंगल, यूरेनस, नेप्च्यून और प्लूटो आदि के चार एवम् युति–प्रतियुति के आधार पर यह स्पष्ट घोषणा की जाती है कि, इस साल जगत् में विशेष लम्बे तेज़ी एवम् मन्दे के रिएक्शन्ज़ आएंगे। इस वर्ष गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन एवम् सोना, चान्दी, तांबा में विशेष लाभ के चांस हैं, तुरन्त फीस भेजकर टेलीफोन से सम्पर्क स्थापित करें । विदेशी व्यापारी पत्र द्वारा या टेलीफोन द्वारा सम्पर्क स्थापित करें, उत्तर मिलेगा।

संवत् 2071 वि. में व्यापारिक बन्धु दालवाना, गुड़, ग्वार, सोना, चान्दी आदि धातु; चावल, गेहूं, जौ, चना आदि अनाज; तेल, तिलहन, घी के व्यापार से धनाढ्य बन सकेंगे– यह हम इसवर्ष के योगायोगों के आधार पर घोषणा कर देना चाहते हैं। अतः *प्रत्यक्ष मिलकर या वर्षभर की फीस भेजकर टेलीफोन के जरिये समय–समय पर ताजा परामर्श प्राप्त करके उत्तम लाभ प्राप्त करें।* 'व्यापार–विमर्श' लेख में जिस जगह हम ताजा मशवरा हासिल करने की बात लिखते हैं, वहां व्यापारी अगर प्रत्यक्ष मिलकर मशवरा लें, तो अच्छा रहेगा । 'व्यापार–विमर्श 'लेख में हम ग्रहचाल के मुताबिक सभी व्यापारियों को प्रतिवर्ष बाज़ारों के उतार–चढाव से सावधान करते रहे हैं।

संवत् 2070 वि. में वायदा व्यापारी एवम् हाजर का काम करने वाले व्यापारी रुई, दालवाना, सरसों, ग्वार, सोना, चान्दी एवम् तांबा में भयंकर तेज़ी से और आश्चर्यजनक तेज़ी एवं मन्दे के Reactions से भरपूर लाभ हमारे ताजा मशवरे से उठा चुके हैं। *व्यापारी सज्जनो ! 1 जनवरी, सन् 2014 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस अर्थात् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़; चना, ग्वार आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला*

आदि तिलहन; जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रतिमास प्रतिजिन्स के हिसाब से भेजकर Advance Report प्राप्त करें। एकवर्ष की प्रतिजिन्स फीस Rs. 50,000/– (पचास हज़ार रु.) है।

Note- व्यापारियों से निवेदन है, कि वे अपनी ग्रहचाल के अनुकूल होने पर ही व्यापार करें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि के लिए सम्पादक/लेखक जिम्मेदार न होंगे।

ध्यान दें– किसी प्रकार के नुक्सान (हानि) की जिम्मेदारी हम नहीं लेते, अर्थात् व्यापार में हानि होने पर हम जिम्मेदार न होंगे ।

संवत् 2071 वि. में ग्रहस्थिति के अनुसार तेज़ी–मन्दी का आकलन

संवत् 2071 वि. में तेज़ी–मन्दी का विस्तृत विवरण देने से पहिले हम इस संवत् के नाम, वर्ष के राजा, मन्त्री, सस्येश, धान्येश, मेघेश आदि ग्रहपरिषद् का व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ेगा ? – इसका संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर देना प्रासंगिक समझते हैं, जोकि निम्नांकित है;–

संवत् 2071 वि. '**प्लवंग**' नामक संवत्सर है। इसका फल शास्त्रों में इस प्रकार लिखा है–

" तुषधान्यानि नश्यंति मेघो वर्षति माधवे।
प्लवंगे पीड़िता सर्वे भूमिकम्पो क्वचिद् भवेत्।।"

अर्थात्– चावल, जौ, चना, बाजरा आदि अनाजों की फसलें प्राकृतिक प्रतिकूलता के कारण नष्ट हो जाती हैं। (वैशाख मास में) अकालिक वर्षा से किसान चिन्तित रहें। महर्घता से जनता परेशान रहे। भूकम्प आदि प्राकृतिक प्रकोप से जनधनहानि भी संभव है।

इस संवत् 2071 वि. का राजा एवं मन्त्री दोनों पद 'चन्द्रमा' को ही प्राप्त हैं। चावल आदि बहुजलीय अनाजों की फसलें उत्तम होंगी। वृक्ष, वनस्पति, जड़ी–बूटियों एवं तिलहन की उपज अच्छी हो। वर्षा काफी हो। इसवर्ष चावल, तिलहन एवं सोना–चान्दी के व्यापारी जोरदार मन्दी किंवा तेजी से पर्याप्त लाभ उठा सकेंगे।

हमारे साथ सम्पर्क रखने वाले व्यापारी जानते हैं कि-- गतवर्ष सं. 2070 वि. में सोना–चान्दी के व्यापारी भारी तेजी में न रहकर जोरदार मन्दी से भरसक लाभ उठा चुके हैं।

इसवर्ष भी राजा– मन्त्री दोनों पद चन्द्र के पास होने से व्यापारी आश्चर्यजनक तेजी–मन्दी से लाभ उठा सकेंगे।

वर्तमान संवत् (2071 वि.) में धान्येश मंगल होने से गेहूं, सरसों, चना, मूंग, मोठ, माह आदि अनाज एवं तिलहन, सोना,–तांबा, पीतल में तेजी से लाभ मिलेगा।

इस संवत् के **मेघेशों पर विचार** करने से **पुष्कर** एवं **वायु** नामक मेघ होने से अनेक प्रान्तों में तिलहन, दालवाना एवं अन्य अनाजों, रुई की फसलों को भारी हानि पहुंचेगी। कुछ प्रान्त अकालग्रस्त होंगे। **परिणामस्वरूप, महंगाई से व्यापारी बहुत लाभ प्राप्त करेंगे। व्यापारी नोट करें;– इस साल रुई, सोना, चान्दी के व्यापारी संवत् के शुरु में ही सम्पर्क करें, हम उत्तम लाभ के चान्स देंगे, सोना बरसेगा।**

शरत्सस्यजातक–ग्रहस्थिति के अनुसार गन्ना, मक्का, चावल, ज्वार, बाजरा, अरहर, मूंग, तिल एवं कपास की फसल का झाड़ किसान के लिए निराशाजनक रहेगा।

ग्रीष्मसस्यजातक–कुण्डली के अनुसार इस वर्ष गेहूं, जौ, चना, दालों एवं सरसों आदि तिलहन में किसान विशेष लाभ न लेकर, तेजी से व्यापारी उत्तम लाभ ले लेंगे।

व्यापारी ध्यान दें– संवत् 2071 वि. में *ग्रहों के वक्र–मार्ग, युति–प्रतियुति के अनुसार इस वर्ष चावल, गेहूं, चना, ग्वार आदि अनाज, गुड़, दालवाना, रुई, कपास, नरमा, मैंथा, तेल एवम् सरसों आदि तिलहन, लाल–कालीमिर्च, जीरा, लौंग, सोना–चान्दी में तेज़ी– मन्दी के भयंकर रिएक्शन्ज़ आएंगे।* **दूर–दराज से आने वाले व्यापारी टेलीफोन से समय निश्चित करके आएं** या सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़ में से किसी भी जिन्स/धातु की लिखित रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए एक मास की

फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रति जिन्स / प्रतिधातु के हिसाब से भेजकर आगामी मास की दैनिक तेज़ी–मन्दी की रिपोर्ट प्राप्त करें।

सज्जनो ! संवत् के आरम्भ से पहले सं. 2070 वि. के अन्तिम चरण की ग्रहस्थिति के अनुसार 25 मार्च, सन् 2014 ई. से मार्च के अन्त तक तेल, तिलहन, सोना, चान्दी, तांबा, घी, दालवाना एवं शेयरों में तेज़ी के व्यापारी लाभ ले सकेंगे।

अप्रैल (सन् 2014 ई.)

मासारम्भ में ही शनि–राहु–मंगल ये तीनों खल ग्रह वक्रगति से चल रहे हैं, जोकि राष्ट्र में राजनैतिक गतिविधि को प्रभावित करेंगे, जिसका प्रभाव व्यापार पर स्पष्टतः पड़ेगा। अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सज्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना, चावल तेज रहें। गुड़, खाण्ड, सूत, चान्दी, दालवाना मन्दे रहें।

1 अप्रैल को सोना–चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। अनाजों के वायदा बाजार तेज रहें। 3 अप्रैल तक सावधानी से काम करें। 4 अप्रैल को बुध मीन राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इस समय इन पर पापग्रह मंगल की दृष्टि भी है। अतः रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी की उम्मीद होने पर भी बाजार तेज रहेंगे। सोना, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहेगी। यह तेजी उत्तम–मध्यमरूप से लगभग 12 अप्रैल तक चल सकती है। परन्तु इस दौरान जब भी अच्छा लाभ मिले, तुरन्त लें, आखरी तारीख का इन्तजार न करें।

13 अप्रैल को वक्री मंगल हस्त में आकर घी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेज़ी का झटका लाएगा। लेकिन यह 13 अप्रैल को केसर, मजीठ, कुसुम्भ, लाल– चन्दन, गेहूं, लालमिर्च एवं लालरंग की चीजों में तेजी करे। गुड़, खाण्ड, घी, तिल, तेल, सरसों एवं चान्दी में अचानक मन्दा बने।

14 अप्रैल को बुध के पूर्व में अस्त होने पर अनाज, घी मन्दे रहें। रुई में घटाबढ़ी– पहले तेज, बीच में मन्दी, अन्त में फिर तेजी बने। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे।

14 अप्रैल को सावधानी से काम करें, क्योंकि इसदिन सूर्य अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में प्रविष्ट होगा। साथ ही बुध पूर्व में अस्त हो रहा है। मेषस्थ सूर्य–केतु पर शनि–राहु की दृष्टि है। किञ्च– 15 अप्रैल से बुध अतिचारी हो जाता है। इस समय बुध पर वक्री मंगल की नजर भी है। बुध अफवाहें फैलाने वाला ग्रह है। अलसी आदि तिलहन, तेल, सोना, चान्दी, लोहा, तांबा, लालचन्दन, नारियल, सुपारी, बादाम, हींग, सूत, मेथी, लौंग, इलायची, किशमिश, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहें। गेहूं, चावल, उड़द, मूंग, मोठ, अरहर, चना, जौ, मटर आदि मन्दे हों। यह स्थिति 17 अप्रैल तक घटाबढ़ी के साथ चलेगी।

18 अप्रैल को शुक्र पू. भा. में आकर शनि की नजर में 26 अप्रैल तक रहेगा। कुम्भराशि का शुक्र तेल, तिलहन, दालवाना, चावल आदि अनाजों एवं वायदा बाजारों में मन्दी करेगा। इस समय रुई में तेजी बन सकती है। 19 अप्रैल को भी उल्लिखित रूप से बाजार चलेंगे।

20 अप्रैल को बुध अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होकर सूर्य–केतु के साथ मेल करेगा। जब भी बुध का सूर्य के साथ मेल होता है, तब बुध क्रूर हो जाता है, तेजी की इसकी पावर बढ़ जाती है। मेष राशिस्थ सूर्य–बुध–केतु पर वक्री मंगल एवं वक्री शनि–राहु की दृष्टि भी है।

ध्यान दें– यद्यपि मेष राशि का बुध बाजारों में मन्दी करता है, लेकिन क्रूरग्रहदृष्टि एवं मेल से हमें यहां जोरदार तेजी मालूम देती है, फिर भी बाजार के रुख को देखकर सावधानी से काम करें। हमारे विचार से गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, चना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, घी, मूंगा, मोती, जवाहरात, सोना, चान्दी आदि धातु, रुई, कपास में जोरदार तेजी या मन्दा बनेगा। यदि इस समय पहले मन्दी बने तो खूब माल पकड़ें, जल्दी ही तेजी से लाभ मिलेगा। यदि पहले जोरदार तेजी बने तो मन्दे का विचार छोड़ दें। तेजी अच्छी आने पर लाभ लें। क्योंकि 24 अप्रैल के लगभग पुनर्वसु नक्षत्र का गुरु बाजारों में विशेषतः रुई, चान्दी में मन्दी करे, अनाज तेज रहें।

आगे 26, 27 अप्रैल को बुध एवं सूर्य भरणी नक्षत्र में आ जाते हैं। रुई, अलसी मन्दे रहें। सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, गेहूं, जौ, चना, चावल, मूंगी, मोठ, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड एवं घी तेज ही रहेंगे।

ध्यान दें– 27 अप्रैल को शुक्र मीन राशि में आकर मंगल की पूरी नज़र में रहेगा। शुक्र ग्रह विशेषतः गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, पाट, बारदाना, तिलहन, चान्दी में अच्छी घटाबढ़ी करता है। यद्यपि अकेला शुक्र चान्दी में साधारण मन्दी के बाद तेजी करता है। अनाज, तेल, तिलहन एवं गुड़, खाण्ड में मन्दी करता है, लेकिन इस समय सरकार की Export & Import की नीति से बाजारों में उठपटक चलेगी। वायदा बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी आएगी।

हमारे विचार से उच्च–शुक्र पर मंगल की पूर्ण दृष्टि होने से 27/28 अप्रैल को चान्दी में धमाके की जोरदार तेजी बनेगी।

29 अप्रैल को भौमवती अमावस एवं 30 अप्रैल के लगभग उ.भा. का शुक्र एवं 30 अप्रैल को ही बुधवारी चन्द्रदर्शन भी चावल, चान्दी, रुई, कपास, कपूर, नमक, खाण्ड, शक्कर, बारदाना, अफीम आदि में मन्दी का झटका लाकर तेजी करेगा या तेजी का झटका आकर मन्दी बने,– सावधानी से काम करें।

मई (सन् 2014 ई.)

(मासारम्भ में उ.भा. का शुक्र एवं चन्द्रदर्शन की स्थिति को ध्यान में रखते हुए हमें रुई, कपास, चान्दी, सोना आदि में मन्दी–तेजी की प्रतिक्रिया जारी रहने की उम्मीद है।)

1 मई को वक्री शनि विशाखा नक्षत्र के दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। इस प्रकार शनि ग्रह का तेजी का भयंकर योग समाप्त होता है। धीरे–धीरे बाजार नीचे आने लगते हैं। तेलवाना, रुई, कपास, चान्दी, सोना, गुड़, खाण्ड, बारदाना आदि बाजारों में अचानक मन्दा आ सकता है। सवाधानी से काम करें।

2 मई अक्षय तृतीया को रोहिणी नक्षत्र सुभिक्ष एवं मन्दी का संकेत देता है;– "अक्षयाख्य–तृतीयायां सुभिक्षायैव रोहिणी।" इस समय सोना–चान्दी की खरीददारी अधिक होगी, सोना–चान्दी के व्यापारी अच्छा लाभ प्राप्त करेंगे।

3 मई को चान्दी तथा अफीम में खास घटाबढ़ी के बाद मन्दी आएगी। अनाज एवं रुई तेज रहें।

4 मई को वृषराशि का बुध, रुई में मन्दी के बाद तेजी करे। गेहूं, जौ, चना, मटर, रुई, अफीम, तिल, तेल आदि में तेजी बनेगी। ध्यान दें– वायदा बाजारों में मन्दे का ही वातावरण रहेगा। रुई, शेयर बाजार, ग्वार, चना, चावल एवं सोना–चान्दी के वायदा बाजार मन्दे रहें।

7 मई तक बुध अतिचारी रहता है, अतः हाजर बाजार तेज रहें।

8 मई को बुध पश्चिम में उदित होकर रुई, शेयर बाजार, तिलहन में जोरदार मन्दे का झटका लाकर तेजी करेगा। इस समय माल पकड़ें।

9 मई को बुध रोहिणी में आकर रुई, कपास, सूत, वस्त्र, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लालमिर्च, हींग एवं शेयर–बाजारों में तेजी करेगा।

10 मई को राहु चित्रा 3 एवं केतु अश्विनी 1 में आकर शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बना ही रहा है। सूर्य–केतु के साथ समसप्तक–योग भी चल रहा है। अतः यह योग भी हाजर एवं वायदा व्यापार में तेजी ही करेगा। घी, रुई, तेल, तिलहन, चान्दी, गुड़, खाण्ड एवं दालवाना में तेजी करेगा।

11 मई से 15 दिन में घी, रुई, सोना, चान्दी, अलसी, एरण्ड, गेहूं, जौ, चना, मूंग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी बनेगी। क्योंकि इस समय सूर्य कृतिका नक्षत्र में प्रवेश करेगा।

[9 से 11 मई तक शेयरों एवं हाजर/वायदा बाजारों में तेजी का ही माहौल रहेगा।]

12 मई को शुक्र रेवती नक्षत्र में आकर रुई, कपास, चान्दी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर तथा जवाहरात में 13 मई तक अचानक मन्दा बनाएगा।

14 मई को बुधवारी वैशाख–शुक्ल पूर्णिमा वाले दिन सूर्य वृष राशि में प्रवेश करेगा। बुध–सूर्य दोनों एकसाथ हैं। पूर्णिमा एवं प्रतिपदा दोनों बुधवारी हैं। संक्रान्ति–मुहूर्त्त 45 है। अतः यह योग तेजी का है। चान्दी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रुई, सूत, बादाम, सुपारी, नारियल, तिल, तेल, सरसों आदि तिलहन अच्छे तेज रहें। जौ, चना, गेहूं, अरहर, मटर, मूंग, चावल में भी सामान्य तेजी ही रहे। लेकिन 15 मई को गुरु पुनर्वसु के द्वितीय चरण में आकर चान्दी, रुई में अचानक कुछ मन्दी का झटका ला सकता है, सावधानी से काम करें। लेकिन हमें मोटे अनाज एवं दालवाना में तेजी ही दिखाई देती है।

17 मई को बुध मृग. नक्षत्र में आकर रुई में तेजी एवं चान्दी में घटाबढ़ी के बाद मन्दी करे। गेहूं, तिल, सरसों, उड़द मन्दे हों।

ध्यान दें– शनि एवं मंगल– ये दोनों क्रूरग्रह 1 मार्च, 2014 ई. से वक्रगति से चल रहे हैं। 20 मई को मंगल मार्गी होगा। इस समय जो चीजें तेज चल रही थीं, उनमें जल्दी मन्दा, जो मन्दी थीं, उनमें तेजी बनेगी;– यहां ध्यान रखकर व्यापार करें। लेकिन शनि अभी भी वक्री ही है। अनुभव के आधार पर हम लिख देना उचित समझते हैं कि– इस समय वायदा बाजारों में जोरदार तेजी बनेगी, बाद में मन्दा बनेगा– सावधानी से काम करें। और भी नोट करें कि– इस समय से तीन दिन बाद रुई में बहुत बड़ी मन्दी या भयंकर तेजी का झटका आएगा। तेल, तिलहन एवं चान्दी में तेजी रहे।

22 मई को बुध मिथुन राशि में आएगा एवं गुरु के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। अतः यह रुई, सोना–चान्दी में मन्दा करे एवं सरसों आदि तिलहन मन्दे हों।

23 मई को शुक्र अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आकर शनि–राहु के साथ समसप्तक–योग बनाएगा। यह हाजर एवं वायदा बाजारों में अच्छी तेजी करेगा। गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों, रुई, ऊन, सोंठ, जौ, चना, गेहूं, उड़द, अरहर, मूंग, मोठ में मन्दे की हवा होने पर भी तेजी आए, गुड़, शक्कर, बारदाना एवं घी में भी तेजी ही मालूम देती है। सोना तेजी में विशेष तेजी के झटके आ सकते हैं।

25 मई को रोहिणी नक्षत्र का सूर्य तिलहन, तेल, गुड़, खाण्ड, घी गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, ऊन, सूत, सण, सुपारी, मिर्च एवं राई में तेजी करे। चान्दी नरम रहे।

[20 से 28/29 मई तक हाजर एवं वायदा बाजार तेज रहेंगे।]

30 मई को आर्द्रा नक्षत्र का बुध एवं चन्द्रोदय गेहूं, तिल, उड़द, मूंग, मोठ, सरसों, तिल, तेल मन्दे करें। रुई, सूत, सोना, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। 30/31 मई तक बाजार अनिश्चित रहें।

जून (सन् 2014 ई.)

[विहंगम दृष्टि से ग्रहस्थिति का परिशीलन करने से प्रतीत होता है कि– इस मास का पूर्वार्ध बाजारों में उथल–पुथल वाला ही है। पुनरपि, प्रत्येक दिन की ग्रहगति का विचार करना उचित होगा।]

1 जून को गुरु पुन. के तीसरे चरण में आकर चान्दी एवम् रुई में मन्दी का झटका लाएगा। 4 जून को भरणी नक्षत्र में शुक्र का प्रवेश होगा। शुक्र की दृष्टि शनि–राहु पर है। मंगल की दृष्टि भी शुक्र–केतु पर है। अतः लोगों की खरीद–शक्ति बढ़ेगी। ऊन, कपड़ा व सूत का उठाव अधिक होगा। सरकार **Export** कोटा का ऐलान कर सकती है। रुई के बाजार में जोरदार तेजी बने। किञ्च– सोना, चान्दी, अफीम, रक्तवस्तु, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में कुछ मन्दी के बाद तुरन्त बाजार तेज रहेंगे। चना, मूंग, मोठ, ज्वार, तूअर में घटाबढ़ी चले।

5 जून को गुरु ग्रह के पास स्थित बुध मिथुन राशि में वक्री होगा। मिथुन राशि के अन्तर्गत रुई, कपास, तेलवाना, पाट, बारदाना, हल्दी, कपास की फसलें आती हैं। लेकिन गुरु ग्रह के साथ बुध का मेल होने से यहां जोरदार मन्दा रहे। हाजर एवं वायदा बाजार, विशेषतः गेहूं, जौ, चना आदि अनाज एवं रुई, कपास, सरसों, तोड़िया, एरण्ड आदि तिलहन, हल्दी में जोरदार मन्दी आकर भयंकर तेजी बनेगी। मन्दी में माल पकड़ें। 7 जून तक उत्तम–मध्यमरूप से बाजार ऊपर–नीचे रहेंगे। जब मन्दा हो, माल पकड़ें, तेजी में लाभ लेते रहें।

8 जून को सूर्य मृगशिरा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। रुई, सूत, रेशम, सण, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चान्दी, चना, उड़द, मूंग, मोठ, बाजरा, अलसी, नारियल, खरबूजा आदि सभी फल तेज रहेंगे।

10 जून को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होगा। बुध बृहस्पति के साथ है। रुई, हैसियन, शेयर बाजार, सोना, चान्दी में मन्दा बनेगा। यह मन्दी 14 जून तक चल सकती है।

15 जून को सूर्य लगभग 11 A.M. पर मिथुन राशि में आकर गुरु एवं वक्री और अस्त बुध के साथ मेल करेगा। 16 जून को बुध मृग. नक्षत्र में आ जाता है। ध्यान दें– इस समय सूर्य भी मृगशिरा नक्षत्र में ही है। इसी दिन शुक्र कृत्तिका नक्षत्र में आ रहा है। बारदाना, रेशम, सूत, सण, रुई, कपास, सरसों, लोहा, तिल, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, मूंग, उड़द, गेहूं, चना, चावल, सोना, चान्दी में तेजी आकर मन्दे हों।

ध्यान दें– मिथुन के सूर्य–बुध तेजी करते हैं, लेकिन कृत्तिका का शुक्र मन्दा करता है। अतः हाजर एवं वायदा बाजारों में तेजी के बाद तुरन्त मन्दा बन सकता है। सावधानी से काम करें। हमारे विचार से 16 से 18 जून तक बाजारों में प्रायः मन्दे का ही रुख रहेगा।

18 जून को शुक्र वृष राशि में आकर रुई–कपास में अच्छी मन्दी; सोना, चान्दी में पहले घटाबढ़ी, अन्त में तेजी करे। अनाज व दालवाना में मन्दे का रुख रहे।

19 जून को दिन में लगभग 8 बजकर 45 मि. पर गुरु अपनी उच्चराशि कर्क में दाखिल होगा। ठीक, इसी दिन वक्री शनि विशाखा नक्षत्र के प्रथम चरण में अर्धरात्रि के बाद प्रवेश करेगा। कर्कस्थ गुरु पर राहुयुत वक्री शनि की दृष्टि भी है। ध्यान दें– कर्कराशि के गुरु का सबसे अधिक प्रभाव रुई, कपास पर अनुभव हुआ है। कर्क का गुरु भारी तेजीकारक माना गया है। इसका प्रभाव रुई, कपास, तेलवाना एवं शेयर–बाजारों तथा तमाम हाजर एवं वायदा बाजारों में तेजी का तूफान लाने वाला अनुभव किया गया है। गतवर्षों के हमारे अनुभव के मुताबिक कर्क के गुरु में रुई में अढाई–गुणा लाभ व्यापारियों ने प्राप्त किया था। नोट– व्यापारी, रुई एवं गेहूं चना, चावल आदि अनाजों का स्टॉक गुरु के राशि–प्रवेश से पहले ही कर लें। आगे उत्तम लाभ प्राप्त होगा। हमारे विचार से गुरु के कर्क में आने से पहले ही थोड़ा–थोड़ा माल पकड़ें, बाद में भी जब मन्दा आए पकड़ते जाएं। गुरु के वक्री

होने पर भारी तेजी Top की होगी।

तेज़ी आने के कारण– गोचर ग्रहस्थिति के कारण कर्कस्थ गुरु जब पुष्य 4 में आता है, वर्षा कम होती है। वर्षा कम होने से कहीं अकाल की स्थिति बनती है अतः, वायदा एवं हाजर व्यापार में तेजी बन जाती है;–

“ बृहस्पतिर्यदा कर्के स्वल्पं मेघः प्रवर्षति।
राज्ञां तु विग्रहस्तत्र दुर्भिक्षं वै तदा भवेत्।।

किञ्च–

“ पुनपुष्याश्लेषासु गुरुर्कर्के प्रजायते।
अनावृष्टिस्तदा घोरा दुर्भिक्षं सर्वमंडले।।”

इन योगों के कारण बाजार एवं व्यापारियों की मनोवृत्ति तेजी की तरफ बढ़ती है। इस साल के अन्त तक रुई, कपास, तिलहन, चान्दी, सोना एवं शेयरों में भारी तेजी बनेगी।

22 जून को सूर्य आर्द्रा में आकर रुई, सूत, सण, कपास, तेल, अलसी, एरण्ड, मोती, गेहूं, चावल, चना, जौ, चान्दी तेज करे। सोने में घटाबढ़ी रहे।

26 जून को रोहिणी नक्षत्र का शुक्र 12 दिन में सोना, चान्दी आदि धातु, अलसी, एरण्ड, सरसों घी, तेल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, दाख, छुहारा, सुपारी, नारियल एवं ऊन में मन्दे का वातावरण बनाए। यदि इस समय बाजार मन्दे हों तो स्टॉक करें। लेकिन हमारे विचार में यह मन्दी बिल्कुल स्थायी नहीं है।

28 जून को चित्रा नक्षत्र का मंगल गेहूं, चावल, चना, रुई, सोना, चान्दी, तांबा, पीतल में तेजी लाएगा।

29 जून को वक्री बुध के पूर्व में उदित होने पर रुई में पहले थोड़ी मन्दी आकर 25 दिन तक अच्छी तेजी बनेगी। अनाज, घी, तिल, पाट, हैसियन, लालमिर्च में भी तेजी ही रहे। 29 जून को कर्कस्थ चन्द्र के समय चन्द्रदर्शन भी बाजारों में तेजी ही करे।

[नोट–19 जून से मासान्त तक अनाजों, कपास, रुई एवं शेयरों में तेजी एवं जोरदार मन्दी प्रधान रहेगी। व्यापारी–वर्ग इस समय 50,000/– (पचास हजार) रुपए फीस भेजकर, ताजा मशवरा लें, लाखों का लाभ ले सकेंगे।]

जुलाई (सन् 2014 ई.)

मासारम्भ में ही बुध मार्गी हो रहा है। रुई में पहले मन्दी आकर बाद में तेजी बनेगी। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना आदि अनाज तेज होंगे। इस समय तेल, तिलहन, कपूर, चन्दन, अगर आदि पदार्थ मन्दे हों।

[1 से 12 जुलाई तक रुई, तेल, तिलहन का स्टॉक करें, जल्दी ही लाभ मिलेगा।]

4 जुलाई को गुरु ग्रह पुष्य के प्रथम चरण में आकर रुई आदि सभी चीजों में तेजी करेगा।

6 जुलाई को सूर्य पुनर्वसु में आकर रुई, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्ड, अलसी, सरसों, लाख, देवदारु, तिल, ज्वार, मोठ, बाजरा, उड़द, चावल, नमक, सज्जी, हरड़, सुपारी, नारियल, माजु, केसर, मजीठ, नील, सोंठ, गुग्गुल आदि सुगन्धित पदार्थ एवं करयाणा में तेजी लाए।

8 जुलाई को मृगशिरा का शुक्र 12 दिन के अन्दर गेहूं, जौ, चना, ज्वार में मन्दी करे। गुड़, खाण्ड, शक्कर में तेजी करे।

11 जुलाई को कर्कस्थ गुरु अस्त होगा। इस पर शनि की दृष्टि भी है। इस समय रुई एवं शेयरों में तेजी; सोना–चान्दी एवं अनाज मन्दे हों।

12 जुलाई को राहु चित्रा नक्षत्र के दूसरे चरण एवं कन्याराशि में आता है तथा केतु रेवती 4–मीन राशि में दाखिल होगा। यूरेनस भी रेवती नक्षत्र एवं मीन में ही है। अतः 2 मास में चावल, पिप्पली, कपूर, चन्दन, कस्तूरी आदि सुगन्धित पदार्थ तेज होंगे। नोट करें– शेयरों, रुई, चान्दी एवं तिलहन में भी जोरदार तेजी या मन्दे का योग है। इस समय पहले से ही ताजा मशवरा प्राप्त करें।

13 जुलाई को शुक्र मिथुन राशि में एवं बुध आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। 15 दिन में रुई, सोना, चान्दी, सरसों, गेहूं, उड़द, तिल, जौ, चना, मूंग, मोठ में मन्दी बने, स्टॉक करें।

14 जुलाई को मंगल तुला राशि आकर 20 जुलाई तक वक्री पोजीशन में चल रहे शनि के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। नोट करें–कि यह शनि–मंगल का एकराशि–सम्बन्ध आगे 3 सितम्बर (2014 ई.) तक बना रहेगा। इस ग्रहस्थिति का प्रभाव राजनैतिक पटल पर अप्रैल (2014 ई.) से ही दिखने लगेगा, जिससे व्यापार–जगत् भी प्रभावित होगा।

तुलाराशिस्थ शनि–मंगल रुई, कपास, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों एवं तिलहन में अच्छी तेजी करेगे। 20 जुलाई तक लाभ लें। ध्यान दें– तुलाराशि वायदा बाजारों, विशेषकर रुई, कपास, बारदाना से सम्बन्ध रखती है। अतः तुलाराशि में शनि–मंगल का रहना उल्लिखित चीजों में अच्छी तेजी से लाभ देगा। इस समय तेल, तिलहन के व्यापारी भी पूरा लाभ उठा सकेंगे। पहले ही फोन से ताजा मशवरा प्राप्त करें, अत्युत्तम लाभ मिलेगा।

16 जुलाई को सूर्य कर्कराशि में आकर गुरु के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। लेकिन इन पर राहु–मंगल–शनि की दृष्टि भी है। अतः रुई, सूत, कपास, बादाम, सुपारी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, नारियल, सरसों, चान्दी, सोना तेज रहें।

19 जुलाई को शुक्र आर्द्रा में एवं अस्त गुरु पुष्य–2 में आता है। गेहूं, दालवाना में अचानक मन्दा बने। रुई, सोने–चान्दी में तेजी रहे।

20 जुलाई को सूर्य पुष्य में पदार्पण करेगा। गुरु भी इस समय पुष्य नक्षत्र में ही है। इसी दिन विशाखा नक्षत्र का शनि अपनी वक्रगति को छोड़कर मार्गीगति को अपना लेता है। इस समय बाजार का रुख अचानक बदल सकता है। बाजार के रुख को देखकर काम करें। सामान्यतः हमारे विचार से तिल, तेल, सरसों, मघ, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं, जौ, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गुल, मोम, हींग, हल्दी, मिर्च, लाख, सण, ऊनीवस्त्र, सिक्का, सोना, चान्दी तेज रहें। 6 दिन में रुई में तेजी–मन्दी के झटके आते रहें।

23 जुलाई को बुध पुनर्वसु में आकर 8 दिन में रुई, चान्दी मन्दी करे। बुध–शुक्र एकसाथ होने से वायदा व्यापार में जोरदार उठापटक होगी;– सावधानी से काम करें।

27 जुलाई को स्वाती नक्षत्र का मंगल एवं बुध का पूर्व में अस्त होना मन्दा बना सकता है। लेकिन रुई, ऊन, तिलहन तेज रहें। चान्दी में घटाबढ़ी; सोना, घी कुछ मन्दे रहें।

28 जुलाई को चन्द्रवारी चन्द्रदर्शन एवं इससे पहले 26 जुलाई को शनैश्चरी अमावस वाले दिन कर्कस्थ चन्द्र एवं गुरु का एकराशिसम्बन्ध कहीं बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोप से हानि का संकेत देता है, जिससे व्यापार प्रभावित होगा;– " कर्केऽतिवृष्टिर्धान्यस्य नाशः चौरजं भयम्।"

अतः व्यापार बाजार के रुख को देखकर करें।

28 जुलाई को कर्क में बुध सूर्य–गुरु के साथ मेल करेगा। यह योग गेहूं, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी करता है। रुई और चान्दी में घटाबढ़ी चलेगी।

30 जुलाई को बुध पुष्य एवं शुक्र पुनर्वसु नक्षत्र में आ रहा है। सोना, चान्दी, कपास, सूत मन्दे एवं रुई में झटके की मन्दी आए। चना, जौ, चावल, बिनौला तेज रहें।

अगस्त (सन् 2014 ई.)

अगस्त के प्रारम्भ में बाजार को परख कर व्यापार करें।

3 अगस्त को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। इसी दिन गुरु पुष्य नक्षत्र के तृतीय चरण में आता है। इस समय सूर्य, बुध, गुरु– ये तीनों कर्क में ही हैं। बुध भी पुष्य नक्षत्र में ही चल रहा है। 3 अगस्त को ही शुक्र पुनर्वसु नक्षत्र में आ रहा है। 14 दिन में सोना, चान्दी, रुई, बिनौला, गेहूं, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च, मजीठ, नील के भाव तेज हों। कहने का तात्पर्य यह है कि– सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का वातावरण बनेगा।

4 अगस्त को गुरु उदित होगा। चान्दी, धान्य तेज; सोना मन्दा रहे।

6 अगस्त को बुध आश्लेषा में आएगा। इस प्रकार सूर्य एवं बुध (दोनों) आश्लेषा नक्षत्र में ही होंगे। तिल, तेल, सरसों, मूंगफली आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूंग में तेजी बने।

7 अगस्त को शुक्र कर्कराशि में आकर गुरु–बुध–सूर्य के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। इस समय यदि 30 अगस्त तक रुई में अच्छी मन्दी बने तो स्टॉक करें, बाद में तेजी से लाभ मिलेगा। अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर तेज रहेंगे। चान्दी, गेहूं, जौ, चना, मटर, अरहर मन्दे रह सकते हैं, फिर भी बाजार का रुख देखकर काम करें। क्योंकि इस मास में शनि–मंगल एकराशि में ही चल रहे हैं, जोकि कहीं भयंकर वर्षा–बाढ़ से धन–धान्य एवं जनहानि कर सकते हैं। कुछ प्रान्तों में वर्षा के अभाव में दुर्भिक्ष की स्थिति बनने की ग्रहस्थिति है;–

" शनैश्चर–धरापुत्रावेकस्थौ वृष्टिकारकौ।
तदा च तावती वृष्टिर्यावती गृहपातिनी।।"

लगभग 7 अगस्त के बाद बुध–शुक्र भी जलराशिस्थ होने से भयंकर

वर्षा–बाढ़ का संकेत देते हैं;– " बुध–शुक्रावेकस्थौ कुरुत एकवर्णवां महीम्।"

लेकिन सूर्य के साथ बुध–शुक्र होने से कुछ भारतीय प्रान्तों में दुर्भिक्ष (अकाल) की स्थिति बनेगी– " तयोरन्तर्गतो भानुः समुद्रमपि शोषयेत्।"

इस मास में इस प्रकार अतिवर्षा एवं दुर्भिक्ष की स्थिति सरकार को चिन्ता में डालेगी, जिसका प्रभाव व्यापार पर पड़ेगा।

10 अगस्त को शुक्र पुष्य नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। रुई, सूत, सण, रेशम, ऊन व धान्य तेज रहें। हींग, गुड़, खाण्ड, शक्कर, लाख, चमड़ा, कपूर, पारा, शिंगरफ, अफीम में मन्दे का रुख रहे।

[मासारम्भ से 10/11 अगस्त तक वायदा एवं हाजर बाजारों में जोरदार मन्दा या तेजी बने। हमारा विचार इन दिनों मन्दे का ही है, फिर भी बाजार का रुख देखकर व्यापार बढ़ावें।]

12 अगस्त को अस्त बुध मघा सिंह में प्रवेश करेगा। चान्दी, सोना, रुई, सूत, ऊनीवस्त्र, देवदारु, खट्टे पदार्थ तेज हों। कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर आदि रसपदार्थ मन्दे हों।

16 अगस्त को सूर्य मघा–सिंह में प्रवेश करेगा। यहां बुध भी सिंह में है। 15 दिन में रुई सोना, चान्दी, मूंग, ज्वार, बाजरा, दाख, मिर्च, रुई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तेल, सरसों, तिल, एरण्ड एवं लाल रंग की चीजें , शेयर व अनाज कुछ तेज रहें।

18 अगस्त को गुरु पुष्य के चतुर्थ चरण में आकर गेहूं, चावल, रुई आदि सभी वस्तुओं में तेजी करेगा।

[12 से 18 अगस्त तक बाजार तेजी की तरफ रहेंगे।]

19 अगस्त को मंगल विशाखा एवं बुध पू.फा. नक्षत्र में आएगा। 10 दिन में गुड़, खाण्ड, गेहूं आदि अनाज पहले मन्दे होकर बाद में तेज हों। रुई में तेजी रहे। 20 अगस्त को शनि विशाखा के दूसरे चरण में आकर गेहूं, चावल, चान्दी में तेजी करे। 21 अगस्त को आश्लेषा नक्षत्र का शुक्र 12 दिन में रुई, अरहर, गेहूं, चावल मन्दे करे।

22 अगस्त को बुध पश्चिम में उदित होगा। रुई, वस्त्र एवं शेयरों में 15 दिन में मन्दा बने।

बुध सिंह राशि में सूर्य के साथ होने से यहां मन्दे की जगह कदाचित् तेजी भी बन सकती है– सावधान रहें।

27 अगस्त को चन्द्रदर्शन बुधवार को होगा एवं 27 अगस्त को ही बुध उ.फा. एवं 29 अगस्त को बुध कन्या में आकर राहु के साथ मेल करेगा। रुई, चान्दी, गेहूं, चना, जौ, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी में तेजी आए। धातुएं भी तेज रहें।

30 अगस्त को सूर्य पू.फा. एवं 31 अगस्त को शुक्र मघा–सिंह राशि में सूर्य के साथ मेल करेगा। 14 दिन में जीरा, गुड़, खाण्ड, शक्कर, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूं, ज्वार, जौ, चना, चावल, ऊनी कपड़ा, रुई, सूत, सोना, तांबा, लालचन्दन, मजीठ, लालमिर्च, घी में तेजी रहेगी।

[19, 20 और 25 से 31 अगस्त तक बाजार तेज रहेंगे। वायदा एवं हाजर बाजार भी तेज रहेंगे।]

सितम्बर (सन् 2014 ई.)

मासारम्भ में बाजार तेज रहें।

नोट– 14 जुलाई (2014 ई.) से 3 सितंबर तक शनि–मंगल तुला राशि में ही चलते हैं। इसलिए 4 सितंबर को बाजारों में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी। 3 सितंबर को गुरु आश्लेषा नक्षत्र के प्रथम चरण में दाखिल होगा। यह योग तेजी का बहु बड़ा फैक्टर है। इस समय घी, तेल, रुई, कपास, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, चीनी, तिलहन बाजारों में तेजी की लाईन बनेगी, बहुत लाभप्रद चांस है।

नोट करें कि– 4 सितंबर को मंगल, शनि का साथ छोड़कर अपनी राशि वृश्चिक में आ जाता है। इस समय वृश्चिकस्थ मंगल पर गुरु की दृष्टि भी है। इसी दिन बुध हस्त में भी आ रहा है। मंगल–शनि दोनों 9 सित. तक विशाखा नक्षत्र में ही चलते रहेंगे। रुई, सूत, सण, पाट, बारदाना, मूंगफली, गुड़, खाण्ड, गेहूं, उड़द, मूंग आदि अनाजों एवं सोना–चान्दी में तेजी रहेगी। मंगल पर गुरु की दृष्टि होने से विशेष तेजी नहीं बनेगी।

9 सितंबर को मंगल अनुराधा में आता है। रुई, कपास, गेहूं, लालमिर्च, लालचन्दन, सोना एवं लालरंग की चीजें तेज रहें।

[1 से 10 सितंबर तक बाजार उत्तम–मध्यमरूप से तेजी में रहेंगे।]

11 सितंबर को पू.फा. नक्षत्र का शुक्र मनुष्यगण में रहेगा। सरकार को दुर्भिक्षग्रस्त क्षेत्रों मारवाड़, महाराष्ट्र, उड़ीसा आदि में गेहूं, जौ, बाजरा, उड़द,

मूंग, चना आदि सस्ता भेजना पड़े। लेकिन अन्यत्र घी, सोना, चान्दी, कपास, रुई, सूत एवं उक्त सभी अनाजों में तेजी ही रहेगी।

13 सितंबर को सूर्य उ.फा. में आएगा। इस समय सूर्य–शुक्र दोनों उ.फा. में ही चलेंगे। इसी दिन (13 सितंबर को ही) राहु चित्रा प्रथम पाद एवं केतु रेवती के तीसरे चरण में प्रवेश करेगा। रुई, कपास, रेशम, सूत, लोहा, चावल, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, उड़द, ज्वार, सुपारी, नारियल, मूंज, बांस, नील तेज हों। सोने, चान्दी एवं शेयरों में मन्दा रहे।

14 सितंबर को बुध चित्रा नक्षत्र के तृतीय चरण में दाखिल होगा। ध्यान दें;– इस समय राहु एवं बुध चित्रा नक्षत्र में ही हैं। बुध–राहु का एकराशि–सम्बन्ध भी चल रहा है। आश्विन–कृष्ण पक्ष में बुधवारी अमावस एवं बुधवारी संक्रान्ति भी है, अतः यहां 'खप्पर–योग' बन रहा है। 19 सितंबर तक राहु, बुध एकसाथ रहेंगे। रुई, कपास, तेल, सभी तिलहन, पाट, बारदाना, हल्दी में हमारे विचार से जोरदार तेजी बनेगी। बुध अफवाहों का ग्रह होने से कई बार मन्दे के झटके भी ला देता है;– समय पर ताजा मशवरा प्राप्त करें।

16 सितंबर को सूर्य कन्याराशि में आकर राहु एवं बुध के साथ 20 सितंबर तक एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। इस समय पश्चिमी देशों में कोई अशान्ति का कारण बनेगा। जिससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होगा। एरण्ड, अलसी, मूंगफली, तेल, अनाज, सोना, शेयर–बाजार, रुई, हल्दी एवं कालीमिर्च, नारियल, सुपारी, मजीठ, लालमिर्च एवं लालरंग की चीजों में भी विशेष तेजी बनेगी। ध्यान दें;– सूर्य–राहु का संयोग होने से प्रत्येक वायदा एवं हाजर के व्यापार तेजी की तरफ बढ़ेंगे।

20 सितंबर को बुध तुला राशि में एवं इसी दिन गुरु आश्लेषा 2 में प्रविष्ट होगा। नोट करें;– तुला राशि का बुध इस समय शनि के साथ मेल करेगा। यद्यपि तुलाराशि में बुध बाजारों में मन्दा करता है, लेकिन तेल, तिलहन में जोरदार घटाबढ़ी करेगा–ऐसा विचार है। मन्दे में खरीदें, तेजी में माल निकाल कर लाभ लेते रहें। हमारे विचार से रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम, घी, तेल तेज एवं चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली में जोरदार मन्दी एवं तेजी के झटके आएंगे।

22 सितंबर को शुक्र उ.फा. में आएगा। शुक्र–सूर्य एकनक्षत्र, भिन्नचरण में हैं। इस समय गुड़, खाण्ड, चान्दी, सोना, रुई, कपास, तिलहन के व्यापारी बहुत विचारपूर्वक बाजार के रुख को देखकर काम करें। जोरदार मन्दी या तेजी भी बन सकती है। हमारे विचार से अनाज, दालवाना एवं रुई तेज रहे। सोने–चान्दी में घटाबढ़ी चले।

25 सितंबर को कन्या राशि में शुक्र, राहु एवं सूर्य के साथ मेल करेगा। सूर्य–शुक्र–राहु की यह ग्रहस्थिति तेल, तिलहन, दालवाना, चावल, गेहूं, चान्दी आदि में जोरदार तेजी करेगी। हमारे विचार से चान्दी में घटाबढ़ी के बाद उत्तम तेजी से लाभ मिलेगा। गेहूं आदि अनाज, दालवाना, गुड़, खाण्ड, तिलहन, विशेषतः चावलों में झटके की तेजी से लाभ मिलेगा।

26 सितंबर को चन्द्रदर्शन तेल, तिलहन, गेहूं, चावल, उड़द, चना में घटाबढ़ी के साथ तेजी करे। रुई, चान्दी, सोना, सूत, कपास में भी तेजी का संकेत देता है।

27 सितंबर को हस्त नक्षत्र का सूर्य 15 दिन में गेहूं, जौ, चना, ज्वार, बाजरा, गुड़, खाण्ड, कपास, रुई, सूत, नमक, हरड़, हींग, धनिया, हल्दी में तेजी करे, लेकिन मासान्त में 29 सितंबर को स्वाती नक्षत्र का बुध एवं ज्येष्ठा नक्षत्र का मंगल चान्दी एवं रुई में घटाबढ़ी, अफीम में तेजी बनाता है।

हमारे विचार से सितंबर के अन्त में मंगल पर गुरु की दृष्टि है एवं बुध–शनि एकत्र हैं, अतः वायदा एवं हाजर बाजारों में उठापटक चलेगी। फिर भी तेजी प्रधान रहेगी।

अक्तूबर (सन् 2014 ई.)

1 अक्तूबर को बुधवार, मूल नक्षत्र एवं सौभाग्य योग है। बाजार तेज रहें। 2 अक्तूबर को शुक्र पूर्व में अस्त हो जाता है। शुक्र, सूर्य एवं राहु– ये तीनों कन्या राशि में ही हैं। कन्या राशि का शुक्र नीच है, लेकिन सूर्य–शुक्र हस्त नक्षत्र में हैं, राहु का साथ है। अतः दो–तीन दिन बाजार के रुख को देखकर व्यापार बढ़ावें। यद्यपि कन्या का शुक्र मन्दी करता है, परन्तु ग्रहचाल के मुताबिक शुक्र देवतागण में अस्त हुआ है। अतः रुई में मन्दी, चान्दी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो। अनाज, चान्दी, सोना, तांबा, पीतल, जस्ता, हींग, पारा, केसर, गुड़, खाण्ड, रुई, कपास, तिलहन में तेजी के रिएक्शनज़ आएं, यदि पहले तेजी हो तुरन्त लाभ लें। यदि पहले मन्दी हो तो माल पकड़ें, जल्दी लाभ मिलेगा।

3 अक्तूबर को शनि विशाखा के तीसरे चरण में एवं इसी दिन शुक्र हस्त में आ जाता है। यदि इस समय अनाज मन्दे हों तो स्टॉक करें, आगे अच्छा लाभ जल्दी मिलेगा। गुड़, खाण्ड, शक्कर में घटाबढ़ी रहे। गेहूं, रुई, चावल, सोना, चान्दी में तेजी रहे।

4 अक्तूबर को बुध वक्री होगा। बुध–शनि तुलाराशि में हैं। 24 दिन में घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं तेल, तिलहन में अच्छी तेजी की उम्मीद है। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज मन्दे रहें।

8 अक्तूबर, बुधवार को भारत में दृश्य चन्द्रग्रहण मीन राशि में होगा। इस समय शुक्र–राहु–सूर्य की चन्द्र पर दृष्टि है। अनाज, घी, तिल, तेल, गुड़, चीनी में तेजी से लाभ मिलेगा।

[मासारम्भ से 8 अक्तूबर तक अनाजों में उठापटक, शेयरों एवं तेल–तिलहन, चीनी, गुड़, खाण्ड में तेजी रहे।]

9 अक्तूबर, गुरुवार को गुरु आश्लेषा के तीसरे चरण में एवं वक्री बुध चित्रा में दाखिल होगा। घी, तेल, तिलहन में जोरदार तेजी बने। रुई, चान्दी में घटाबढ़ी होकर तेजी हो। हरप्रकार के अनाजों एवं व्यापारिक वस्तुओं में तेजी रहे।

10 अक्तूबर को बुध पश्चिम में अस्त होगा। इसी दिन सूर्य चित्रा में एवं 13 अक्तूबर को शुक्र भी चित्रा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। बुध वक्रगति से चल रहा है। सूर्य शुक्र–राहु के साथ कन्या राशि में हैं। रुई में झटके की मन्दी बने तो माल पकड़ लें। चान्दी तेज, पाट हैसियन एवं शेयरों में मन्दा बने। सूत, सोना, मोती आदि रत्न, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूं, चना, तिल, नारियल, सण, केसर, कपूर में तेजी रहे।

16 अक्तूबर को वक्री बुध कन्या एवं 17 अक्तूबर को सूर्य तुला में आएगा। यहां सूर्य ने शनि के साथ एवं वक्री बुध ने राहु के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाया है। गेहू, जौ, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, अलसी आदि सभी तिलहन, सोने, ताम्बा में तेजी आएगी। रुई, चान्दी में मन्दा रहे। लालचन्दन, श्रीफल, सुपारी में कुछ तेजी रहे।

18 अक्तूबर को मंगल मूल–धनु में आएगा। शनि की मंगल पर विशेष दृष्टि है। इस समय रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी; चान्दी, सोना आदि धातु, लकड़ी, सूत, सण, बिनौला, सरसों, घी एवं सभी अनाज तेज रहेंगे।

19 अक्तूबर को शुक्र तुला में दाखिल होकर सूर्य–शनि के साथ मेल करेगा। यह योग हाजर एवं वायदा व्यापार में जोरदार तेजी का है–

" तुलाराशौ यदा भानुर्हेम–धान्ये महर्घता।"

नोट करें;– शनि, सूर्य, शुक्र– ये तीनों चित्रा नक्षत्र में हैं। लोगों की खरीद–शक्ति बढ़ेगी। सूत, कपड़ा, रुई, तिलहन में भारी तेजी आएगी। जौ, गेहूं, चना, अलसी, सोना, तांबा, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी।

[16 से 20 अक्तूबर तक चीनी, गुड़, खाण्ड, घी, तेल, तिलहन, रुई, कपास एवं अनाज तेज रहेंगे।]

23 अक्तूबर को वक्री एवं अस्त बुध हस्त नक्षत्र में आकर गेहूं आदि अनाजों में मन्दी बनाए। राहु तो वक्र है ही एवं ये (बुध–राहु) कन्या राशि में ही हैं। अतः गेहूं आदि अनाजों में मन्दी आएगी।

24 अक्तूबर को बुध पूर्व में उदित होगा। रुई में पहले मन्दी होकर 25 दिन बाद झटके की तेजी से लाभ मिलेगा। गेहूं, चना, घी, पाट, हैसियन एवं लालमिर्च में तेजी बनेगी। ध्यान दें कि– 24 अक्तूबर को सूर्य एवं शुक्र स्वाती नक्षत्र में आ रहे हैं। जोकि तेल, तिलहन, रुई, सोना, चान्दी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल में तेजी ही करेंगे।

25 अक्तूबर को बुध मार्गी होगा एवं मासान्त तक की ग्रहस्थिति, शनिवारी चन्द्रदर्शन, 26 अक्तूबर को मुहर्रम, 28 अक्तूबर को चित्रा नक्षत्र का बुध– यह ग्रहस्थिति रुई, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी करे। 8 दिन में गेहूं, जौ, चना, चावल, दालवाना, ग्वार आदि में तेजी बनेगी। रुई, सूत, वस्त्र, चान्दी, सोना, सरसों, तेल, मूंगफली आदि तिलहन में अच्छी तेजी आएगी।

[10 अक्तूबर से मासान्त तक उत्तम लाभ के चांस हैं। समय पर ताज़ा मशवरा प्राप्त कर सकते हैं।]

नवम्बर (सन् 2014 ई.)

मासारम्भ में ही (1 नवंबर को) तुला राशि में शुक्र सूर्य के साथ बैठा है, शनि अस्त हो रहा है। 1 नवंबर से 5 दिसंबर तक शनि अस्त रहेगा। इस समयावधि में रुई , वस्त्र, सोना, शेयर एवं तेल, तिलहन में जोरदार मन्दा आएगा। शनैः–शनैः माल पकड़ते जाएं। रुई एवं तिलहन में आगे भयंकर तेजी से उत्तम लाभ मिलेगा।

2 नवंबर को शनि वृश्चिक राशि में दाखिल होगा। इस शत्रुक्षेत्रस्थ शनि का प्रभाव समझ लें। शनि ग्रह के अधिकारक्षेत्र में विशेषतः तिलहन बाजार एवं शेयर बाजार आते हैं। मूंगफली, अलसी, एरण्ड, कपास, सरसों तथा सभी खाद्य तेलों पर शनि का विशेष प्रभाव हमने अनुभव किया है। शनि का सीधा प्रभाव कच्ची चीजों की फसलों एवं पैदावार पर पड़ता है। फसल नष्ट हो जाने से बाजार तेजी की तरफ बढ़ते हैं।

इस समय शनि विशाखा नक्षत्र में चल रहा है। अतः चावल, गेहूं आदि अनाजों की फसलों को प्राकृतिक प्रकोप से हानि पहुंचे। जिससे अनाजों के वायदा व्यापार में भारी तेजी बनेगी। लेकिन रुई, शेयर बाजार एवं सोना तेज रहें–" स्वल्पं धान्यमलौ जने नृपभयं पीड़ापि शलभादिजा।"

ध्यान दें – 2 नवंबर को वृश्चिक राशि का वक्री शनि स्वतन्त्र है। अनुभव के आधार पर वृश्चिक का शनि जोरदार मन्दी का झटका बाजारों में देता है। लेकिन पुरातन शास्त्रानुसार यह तेजी देता है। ध्यान दें;– यदि इस समय बाजारों में मन्दी आए तो खूब स्टॉक करें, 8 दिसंबर के बाद उत्तम लाभ मिलेगा।

ग्रह–गोचर के अनुसार अनाज, दालवाना, तिल, तेल, अजवायन, मेथी, रुई, घी, तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, चान्दी में जोरदार तेजी व मन्दे का झटका आएगा। हमारा विचार यहां तेजी का है।

3 नवंबर को गुरु आश्लेषा के चतुर्थ चरण में आएगा। इस समय यह घी, तेल, तिलहन एवं दालवाना में तेजी करेगा। हरप्रकार की व्यापारिक वस्तुओं एवं सोना में भी तेजी करेगा।

4 नवंबर को बुध तुलाराशि में दाखिल होकर सूर्य–शुक्र के साथ मेल करेगा। इसी दिन शुक्र विशाखा नक्षत्र में आएगा। शनि एवं शुक्र– दोनों इस समय विशाखा नक्षत्र में ही हैं।

रुई, गुड़, खाण्ड, सोना, अफीम तेज रहें। चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूंगफली, अनाज मन्दे होकर तेजी पकड़ें।

5 नवंबर को मंगल पू.षा. नक्षत्र में आकर सोना, चान्दी, चावल, उड़द, घी, दूध, तिल–तेल, सरसों, मूंगफली में तेजी ही करे। गेहूं आदि अनाज मन्दे रहेंगे। 6 नवम्बर को विशाखा नक्षत्र का सूर्य 14 दिन में जौ, चावल, गेहूं, मसूर, गुड़, खाण्ड, रुई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अफीम तेज करे। अलसी और चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। नोट– 6 नवंबर से सूर्य एवं सवंत् के प्रारम्भ से ही शनि– दोनों 18 नवंबर तक एक साथ विशाखा नक्षत्र में ही रहेंगे, अतः तेजी का ही विचार समझें।

8 नवंबर को बुध स्वाती नक्षत्र में आएगा। रुई में 8 दिन में मन्दी बने।

12 नवंबर को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर शनि के साथ मेल करेगा। अस्त शनि एवं शुक्र का यह सम्बन्ध बाजारों में अनिश्चितता रखता है; हमारे विचार से 2/3 दिन बाजार को जांचकर व्यापार को बढ़ाएं। ग्रहचाल के मुताबिक इस समय रुई, शेयर बाजार, चान्दी एवं अफीम में पहले मन्दी आकर तेजी बनेगी। गुड़ में घटाबढ़ी चले गेहूं, जौ, उड़द, मूंग, मोठ, चावल, चना, बाजरा आदि में तेजी; इस समय तेल–तिलहन भी तेज ही रहें।

[नोट– मासारम्भ से 6 नवंबर तक एवं 12, 13 नवंबर को तेल, तिलहन, अनाज एवं दालवाना तेज रहें।]

14 नवंबर को अनुराधा में शुक्र एवं हस्त के चतुर्थ चरण में राहु तथा रेवती–2 में केतु का सञ्चार होगा। गुड़, खाण्ड, चावल, नमक एवं अनाजों, दालों के बाजार एवं सोना–चान्दी कमजोर रहें।

16 नवंबर को सूर्य वृश्चिक राशि में आकर शनि एवं शुक्र के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा।

इस समय सरकार की आयात–निर्यात (**Export-Import**) की नीति पर ध्यान रखें। इस समय कोई प्राकृतिक आपदा किंवा किसी दुर्घटना से भी शेयर एवं हाजर बाजारों में उठापटक संभव है। हमारे विचार से इस समय रुई, तांबा, चान्दी, सोना, ऊनीवस्त्र, तेल–तिलहन तेज रहें। लेकिन रिस्क न लें;– बाजार के रुख को नजर–अन्दाज़ न करें। क्योंकि, इस समय शुक्र–शनि एवं बुध अस्त हैं, अतः बाजार उलटे भी चल सकते हैं।

17 नवंबर को बुध विशाखा नक्षत्र में आकर रुई के भाव में अच्छी मन्दी लाएगा। 19 नवंबर को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में एवं 22 नवंबर को शनैश्चरी अमा वाले दिन मंगल उ.षा. में आएगा। ग्रह–गत्यनुसार गेहूं, जौ, चना, चावल आदि में तेजी रहे। सोना, चान्दी, तांबा, लालमिर्च में मन्दी के बाद तेजी; रुई में विशेष तेजी का झटका आएगा। घी, तेल, सरसों, उड़द में भी तेजी बनेगी।

23 नवंबर को रविवारी चन्द्रदर्शन, 24 नवंबर को वृश्चिकराशि में बुधसंक्रमण एवं सूर्य–शनि–शुक्र के साथ एकराशिसम्बन्ध, 25 नवंबर को ज्येष्ठा नक्षत्र में शुक्र का संचार होगा। शुक्र, बुध अस्त हैं।

इस समय व्यापारी नोट कर लें– यदि बाजार मन्दे हों तो शुक्र–बुध का मेल जबरदस्त मन्दा करेगा। यदि तेजी चल रही हो तो जोरदार तेजी का उछाला आएगा– यह ध्यान में रखें।

हमारे विचार से यदि तेल, तिलहन, रुई, चान्दी एवं दालों में मन्दा बने तो भरपूर स्टॉक करें; आगे 26 नवंबर से 12 फरवरी, सन् 2015 ई. तक भारी लाभ मिलेगा।

लेकिन मौजूदा ग्रहचाल के अनुसार हमें घी, तेल, सरसों, रुई, चान्दी,

सोना में तेजी मालूम देती है।

26 नवंबर को अनुराधा नक्षत्र का बुध एवं इसी दिन शुक्र का पश्चिम में उदय होना घी में कुछ मन्दा करे। लेकिन शुक्र–शनि–सूर्य एवं बुध का एकत्र होना रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी, तिल, चावल में तेजी से लाभ देगा।

27 नवंबर को मंगल अपनी उच्चराशि मकर में प्रवेश करेगा। शनि एवं बृहस्पति की इस पर दृष्टि भी रहेगी। लेकिन नोट करें कि– इस समय मंगल अतिचारी भी चल रहा है; जिसका बहुत महत्त्व है। बाजारों में एकतरफा लाईन बन सकती है। हमारे विचार से तिलहन, घी, रुई, कपास, पाट, बारदाना, गुड़, खाण्ड एवं सभी बाजारों में तूफानी तेजी आएगी।

30 नवंबर को शनि के अनुराधा नक्षत्र में आने पर काली एवं लालमिर्च, नमक, मसाले, केसर, चन्दन, कपूर एवं तेल–तिलहन में तेजी से अच्छा लाभ मिलेगा।

[नोट– 27 नवंबर से मासान्त तक तेल, तिलहन, सोना, चान्दी, रुई एवं मसालों के व्यापारी उत्तम लाभ लेंगे। आगे भी तेजी चलेगी।]

दिसम्बर (सन् 2014 ई.)

दिसंबर के प्रारम्भ में (3 दिसंबर को) सूर्य ज्येष्ठा नक्षत्र में आएगा। इस समय सूर्य, शुक्र, बुध, शनि– एकसाथ हैं। बुध–सूर्य–शुक्र ज्येष्ठा नक्षत्र में ही हैं। अनेकत्र वर्षा का अभाव एवं शीत की मार से फसलें खराब होंगी। गेहूं, जौ, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, हींग, गुग्गुल, पारा, चान्दी, सोना, तांबा, घी, गुड़, खाण्ड, चावल एवं शेयर बाजार तेज रहें।

5 दिसंबर को शुक्र मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में आकर मेदिनी ग्रह प्लूटो से मेल करता है। गेहूं, जौ, चना, चावल आदि अनाज, चान्दी, सोना, तांबा आदि धातु एवं शेयरों में तेजी होगी। रुई, सूत, कपास में पहले मन्दी, बाद में तेजी बने या पहले तेजी, बाद में मन्दी बने।

6 दिसंबर शनिवार को शनि उदित होगा। 8 दिन में रुई, शेयर, अलसी आदि सारे तिलहन मन्दे होंगे। सज्जी, लोहा, जस्ता, सीसा, रंग आदि, काले पदार्थ, लकड़ी, लहसुन, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी रहे।

8 दिसंबर को गुरु आश्लेषा नक्षत्र में वक्री होगा। गुरु पर मंगल की दृष्टि भी है। कर्कराशि में गुरु के वक्री होने से गुड़, खाण्ड, शक्कर, चीनी, घी, तेल, रुई, ऊन, कपास में निस्सन्देह लाभ होगा;–

" रसादि–सर्वसंयोगो घृततैलादि–खण्डकम्।
कार्पासादीनि वस्तुनि लाभं दद्युर्न संशयः।।"

हमारा विचार है कि– सुगन्धित पदार्थ, सभी रसपदार्थ, गेहूं, चना, चावल आदि सभी व्यापारिक वस्तुएं तेज हों। तीन मास तक तेजी रहे। दिसंबर के प्रारम्भ में ताजा मशवरा प्राप्त करें तो अच्छा रहेगा।

10 दिसंबर को मंगल श्रवण नक्षत्र में आकर गेहूं जौ, चना, चावल आदि अनाजों, अफीम, सोना, चान्दी में तेजी करेगा। रुई में घटाबढ़ी चले।

13 दिसंबर को बुध मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में दाखिल होगा। इस समय धनुराशि में शुक्र भी है। इस समय व्यापारी नोट करें कि– बाजार मन्दे हैं या तेज। बुध–शुक्र इकट्ठे होकर बाजार के चलते रुख को जोरदार बढ़ावा देते हैं। चल रही मन्दी में जोरदार मन्दी व तेजी में जोरदार तेजी बना देना इनका स्वभाव है। अतः बाजार के रुख को देखकर काम करें।

हमारे विचार से रुई, कपास, सूत, सोना, चान्दी में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी।

16 दिसंबर को सूर्य भी मूल नक्षत्र एवं धनुराशि में प्रवेश करेगा। ध्यान दें;– इस समय शुक्र एवं बुध भी धनुराशि में ही हैं। 16 दिसंबर को शुक्र पू.षा. नक्षत्र में आएगा। धनुराशि में तीन ग्रहों का एकसाथ होना एवं मंगल का अतिचारी होना ज़ोरदार तेजी का सूचक है। हमारे विचार से रुई, कपास, वस्त्र, सूत, चान्दी, सोना, घी, तिल, तेल, तिलहन एवं दालें तेज हों।

21 दिसंबर को बुध भी पू.षा. नक्षत्र में आ जाता है। इस समय बिनौला तेज रहे; अनाजों एवं सोने–चान्दी में जोरदार मन्दी आने का योग है।

23 दिसंबर को मंगलवारी चन्द्रदर्शन होने से मोटे अनाज, दालवाना एवं व्यापारिक वस्तुओं में तेजी बने। रुई, सोने–चान्दी में घटाबढ़ी रहे।

27 दिसंबर को मंगल धनिष्ठा में एवं शुक्र उ.षा. में पदार्पण करेगा। गुड़, खाण्ड, सोना, चान्दी, तांबा, पीतल, जस्ता, लोहा, अलसी, एरण्ड, रुई, जौ, पीपल तेज रहें। गुड़, शक्कर, खाण्ड, घी एवं अनाज कुछ मन्दे रहें।

29 दिसंबर को पू.षा. नक्षत्र का सूर्य तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, हल्दी, गुग्गुल, चमड़ा, कपूर, ऊनीवस्त्र, सण एवं चान्दी में तेजी करेगा। 29 दिसंबर को ही शुक्र मकरराशि में आकर मंगल के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा।

शुक्र–मंगल का योग शेयर बाजार, अफीम, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूं, चना, चावल, सोना, चान्दी, रुई में तेजी का ही संकेत देता है।

30 दिसंबर को बुध उ.षा. नक्षत्र में एवं शनि अनुराधा नक्षत्र के दूसरे चरण में आएगा। बुध पर शनि की दृष्टि भी है। अतः मिर्च, नमक, केसर, कपूर में तेजी; तेल, तिलहन अनाजों एवं दलहन में भी तेजी से लाभ मिले। 31 दिसंबर तक तेल, तिलहन एवं रुई के व्यापारी लाभ में रहेंगे।

जनवरी (सन् 2015 ई.)

1 जनवरी को बुध मकर राशि में आकर मंगल एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध पश्चिम में उदित होगा। इन पर शनि की दृष्टि भी है। मकर राशि का शुक्र सभी अनाजों की फसलों को हानि पहुंचाता है। अतः तेजी बनती है;–

" मकरे च यदा शुक्रः सर्वसस्य विनाशकृत्।
जायन्ते च महर्घाण नात्र कार्या विचारणा।।"

मकर राशि का मंगल घी, तेल, तिलहन में भारी तेजी करता है। ध्यान दें कि– मंगल का अतिचार भी बना हुआ है। अतः अनाज, दालें, रुई, सोना, चान्दी, तेल, तिलहन में भारी तेजी लेकर चलें;– " मकरे च स्थिते भौमे घृत–तैलमहर्घता।" शेयर बाजारों में भी तेजी आकर आगे 15 दिन में मन्दी आने का योग है।

4 जनवरी (2015 ई.) को मंगल कुम्भराशि में आकर शनि के साथ राशिव्यत्यय (राशि की अदला–बदली) भी कर रहा है। अर्थात्– मंगल की राशि में शनि एवं शनि की राशि में मंगल है। मंगल अतिचारी ही है।

इस समय रुई और चान्दी में जोरदार घटाबढ़ी चलेगी। गेहूं, चना, चावल, बाजरा आदि मोटे अनाज एवं गुड़, खाण्ड, सोना–चान्दी तेज रहेंगे। **नोटः– आगे 3 जनवरी को पौष शुक्ल त्रयोदशी शनिवारी होने से भी सभी अनाजों में तेजी ही रहेगी;– ऐसा शास्त्रवाक्य है। यदि कभी मन्दा हो तो स्टॉक कर सकते हैं।**

6/7 जनवरी को शुक्र श्रवण नक्षत्र में आएगा। शुक्र–बुध दोनों मकर–राशि में बृहस्पति एवं शनि की नजर में हैं। इस समय बुध भी श्रवण नक्षत्र में ही है। **नोटः– व्यापारी विशेष सावधान रहें। बाजार की चाल ध्यान में रखें। अगर 6 जनवरी से पहले तेजी चल रही है तो तेजी और ज्यादा होगी, यदि बाजार मन्दे के हैं तो मन्दी भयंकर रूप से आएगी।**

हमारे विचार से चान्दी, सोना, गुड़, खाण्ड, शक्कर, मूंग, मोठ, उड़द आदि अनाजों में मन्दा संभव है। आगे 10 दिन में गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावलों में तेजी बनेगी। तेल–तिलहन तेज रहेंगे– ऐसा विचार है। फिर भी पहले दिए गए नोट पर ध्यान जरूर दें।

11 जनवरी (2015 ई.) को सूर्य उ.षा. में एवं 12 जनवरी को वक्री गुरु आश्लेषा के तृतीय चरण में आएगा। ध्यान रहे;– इस समय सूर्य स्वतन्त्ररूप से धनुराशि में ही चल रहा है। अतः वायदा एवं हाजर बाजारों में तेजी रहेगी। उड़द, मूंग, चावल, चना, गेहूं, गुड़, खाण्ड, लालशक्कर, कपास, पिप्पलामूल, चमड़ा, मूंज, पट्टसूत्र में तेजी रहे। घी, तेल, तिलहन किंवा सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का वातावरण रहता है।

[मासारम्भ से 12 जनवरी, 2015 ई. तक बाजार तेजी में रहेंगे। फिर भी ताजा मशवरा लेते रहें तो ठीक रहेगा।]

13 जनवरी को अतिचारी मंगल शतभिषा नक्षत्र में आता है। अनाज के भाव मन्दे, रुई, सोना, चान्दी पहले मन्दे होकर फिर तेज होंगे। यदि मन्दा बने तो तुरन्त लाभ लें या स्टॉक करें।

14 जनवरी को सूर्य मकर राशि में आकर बुध के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। इस समय इन पर गुरु की दृष्टि भी है। बाजार जबरदस्त घटाबढ़ी में रहेंगे। रुई, एरण्ड, अलसी, मूंगफली आदि तिलहन, तेल, सोना, शेयर बाजार, हल्दी, कालीमिर्च, जीरा आदि मसालों एवं घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं रुई में भयंकर तेजी या मन्दी बनेगी। गेहूं आदि अनाज व बारदाना के व्यापारी भी समझ से काम करें।

[13 से 16 जनवरी (2015 ई.) तक यदि तेल, तिलहन, रुई, कपास एवं दालों में से किसी भी चीज में मन्दा आए तो माल पकड़ लेने में कोई हर्ज नहीं, आगे एक मास में जब भी लाभ मिले, लाभ ले लें, अन्त तक जाने की जरूरत नहीं।]

17 जनवरी को धनिष्ठा का शुक्र बुध, सूर्य के साथ आ जाता है। चावल, मूंग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, चान्दी, सोना, रुई, कपास में मन्दी बने। 17 जनवरी को ही राहु हस्त नक्षत्र के तृतीय चरण में मंगल की दृष्टि में आता है। रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, दालवाना, तिल, तिलहन तेज रहें; सोना–चान्दी मन्दे हों।

नोट– धनिष्ठा का शुक्र यद्यपि मन्दी करता है, लेकिन शुक्र, बुध, सूर्य

का एकत्र होना उपरोक्त चीजों में अचानक तेजी भी कर सकता है, ध्यान से काम करें।

21 जनवरी को मकर राशि में बुध वक्री हो रहा है। सूर्य भी मकरस्थ है। इन पर शनि–बृहस्पति की दृष्टि है। घी, गुड़, खाण्ड में तेजी रहे। गेहूं, जौ, चना आदि अनाज मन्दे रहें। 21 जनवरी को बुधवारी चन्द्रदर्शन होने से सोना, चान्दी, रुई, सूत, सण, बारदाना, जूट एवं चीनी मन्दी हो।

23 जनवरी से (वक्री बुध श्रवण नक्षत्र में होने से) 10 दिन में गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल में तेजी बनेगी।

24 जनवरी को सूर्य भी श्रवण में आ जाता है। 14 दिन में गेहूं, जौ, चावल, रुई, सूत, सण, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग एवं पीपल तेज रहें। इसी दिन वक्री बुध पश्चिम में अस्त भी हो रहा है। रुई में शीघ्र ही झटके से मन्दी हो; चान्दी तेज, पाट, हैसियन और शेयरों में मन्दी बने।

28 जनवरी को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में प्रविष्ट होगा। गेहूं, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रुई, सोना, चान्दी तेज रहें।

30 जनवरी को मंगल के पू.भा. में आने पर 31 जनवरी किंवा कुछ आगे तक तिल, तेल, मूंगफली, एरण्ड, अलसी, सरसों, नारियल, सुपारी, रुई, सूत, कपास, सोना एवं चान्दी में तेजी से मासान्त तक लाभ मिलेगा।

फरवरी (सन् 2015 ई.)

लगभग 12 फरवरी तक मंगल अतिचारी रहेगा। मंगल ग्रह का प्रभाव मौसम, हवा, बरसात पर खास तौर से पड़ता है। मंगल ग्रह के कारण बरसात के समयानुकूल न होने से बाजारों में तूफानी तेजी आती है। मंगल का प्रभाव तेलवाना, रुई, कपास, जूट, चान्दी, सोना तथा शेयर बाजारों पर विशेषतः अनुभव किया गया है।

5 फरवरी को मकर राशि में स्थित वक्री बुध उ.षा. में प्रविष्ट होगा। इस समय बुध पर शनि एवं गुरु की दृष्टि भी है। 6 फरवरी को बुध पूर्व में उदित होगा। इसी दिन सूर्य धनिष्ठा में प्रवेश करेगा। 15 दिन में सोना, चान्दी, मोती–मणि आदि जवाहरात, मूंग, मसूर, गेहूं आदि अनाज एवं अलसी, रुई तेज हों। रुई में पहले मन्दी, फिर तेजी रहे। तिलहन, घी, पाट, हैसियन, लालमिर्च तेज रहें।

7 फरवरी को पू.भा. नक्षत्र का शुक्र रुई, चान्दी, कपास में तेजी करेगा।

8 फरवरी को वक्री गुरु आश्लेषा के दूसरे चरण में दाखिल होगा। घी, तेल एवं सभी व्यापारिक वस्तुओं में तेजी का वातावरण रहेगा।

10 फरवरी को शनि अनुराधा के तीसरे चरण में प्रविष्ट होगा एवं 11 फरवरी को बुध मार्गी होगा। लाल–कालीमिर्च, सभी मसाले, चन्दन, केसर, कपूर, गेहूं, जौ, चना, रेशम, तेल, अलसी, एरण्ड, गुड़, मूंगफली, खण्ड आदि के बाजारों में उठापटक चलेगी। रुई में मन्दी के बाद तेजी, सोना तेज रहे।

11 फरवरी को बुध मार्गी हो जाता है। यहां व्यापारी ध्यान दें कि– बाजारों में अचानक रुख बदल सकता है। यदि बाजार तेज हों, तो मन्दे हो जाएंगे; यदि बाजार मन्दे चल रहे हों तो तेज हो सकते हैं। होशियारी से काम करें। हमारे विचार से रुई में मन्दी के बाद तेजी बने। चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी हो। तेल, तिलहन, गुड़, खाण्ड, कपूर, रसकस में मन्दे की चाल बने। सोना तेजी की तरफ रहे।

12 फरवरी को मंगल का अतिचार लगभग समाप्त हो रहा है। इस दिन मंगल मीन में आकर केतु के साथ है। इस समय सोना, रुई, तृण, काष्ठ, लकड़ी से निर्मित वस्तुएं तेज रहें। चान्दी में घटाबढ़ी। पहले मन्दी, फिर तेजी रहे।

[मासारम्भ से लगभग 12 फरवरी तक बाजार तेज रहेंगे। आगे सावधानी से काम करें।]

13 फरवरी को सूर्य कुम्भ राशि में प्रवेश करेगा। कुम्भ राशि का मालिक शनि, सूर्य का शत्रु है। अतः बाजारों में मन्दी या तेजी का उछाल आएगा। हमारे विचार से घी, तेल, नमक, सरसों, मूंगफली एवं राई में तेजी बने। रुई, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन एवं गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बनेगी।

15 फरवरी को शुक्र मीन में आकर मगल–केतु के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। मीन राशि पर गुरु की विशेष दृष्टि है। अनाज, सरसों, तेल, अलसी, एरण्ड आदि तिलहन, गुड़, खाण्ड में मन्दी रहे। रुई में तेजी आए। ध्यान रहे– मंगल, केतु के साथ शुक्र होने से चान्दी में धमाके की तेजी आ सकती है।

16 फरवरी को मंगल उ.भा. में आएगा। मंगल इस समय मीन राशि में शुक्र–केतु के साथ है। बृहस्पति की इन पर दृष्टि भी है। चान्दी, सोना, रुई, गेहूं, जौ, चना सामान्यतः तेज रहें। एक मास में देवदारू, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थ भी प्रायः तेज रहें।

18 फरवरी को बुध श्रवण में एवं शुक्र उ.भा. में आएगा। गुड़, खाण्ड, अलसी, चना, चावल तेज रहें एवं चन्दन, चान्दी, कपूर, नमक, खाण्ड, रुई, कपास आदि में मन्दी रहे।

19 फरवरी को सूर्य शतभिषा नक्षत्र में आकर गुरु की दृष्टि में है। रेशम, सोना, चान्दी, गेहूं, सूत, सण, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गुड़ तेज होकर मन्दे हों।

[13 फरवरी से 28 फरवरी तक तेल, तिलहन, दालवाना, रुई, चावल आदि के बाजारों में जोरदार तेजी–मन्दी के झटके आएंगे–सावधानी से काम करें।]

मार्च (सन् 2015 ई.)

1 मार्च को शुक्र रेवती में आता है। शुक्र, मंगल, केतु एकराशि में ही हैं। इन पर वक्री बृहस्पति की दृष्टि भी है। रुई, कपास, चान्दी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर एवं जवाहरात मन्दे हों।

3 मार्च को मकरस्थ बुध धनिष्ठा में आता है। इस पर शनि की विशेष दृष्टि है। बुध मकर में आकर मन्दी के झटके एवं मन्दी की अफवाहों के साथ बाजारों में उठापटक करता है। सावधानी से काम करें। बुध की खास विशेषता यह है कि– जब बुध क्रूर ग्रहों–(सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि) के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाता है, तो क्रूर एवं तेजीकारक हो जाता है।

इस समय तेल, तिलहन, दालें, चावल, सोना, चान्दी में मन्दे की उम्मीद होने पर भी तेजी का झटका बनेगा।

5 मार्च को मंगल रेवती नक्षत्र में दाखिल होगा। स्पष्ट है कि– शुक्र, केतु, मंगल मीन राशि में एकसाथ ही हैं। गेहूं, चना, मूंग, मोठ, जौ, ज्वार, बाजरा में जोरदार मन्दी या तेजी बनेगी, सवाधानी से काम करें। मंगल आदि पर वक्री गुरु की दृष्टि भी है। बाजार की चाल को देखकर काम करें। हमारा विचार मन्दे का ही है। चान्दी, सोना तेज रहें। रुई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

8 मार्च को वक्री गुरु आश्लेषा के प्रथम चरण में प्रवेश करेगा। यह भी जबरदस्त तेजी देने वाला है। रुई, कपास, तिलहन, चान्दी, सोना, शेयर, घी, तेल, दालवाना आदि सभी प्रमुख बाजारों में जोरदार तेजी से लाभ मिलेगा।

ध्यान दें– 8 मार्च को ही बुध शनि की राशि (कुम्भ) में प्रविष्ट होगा। अलसी, रुई, चान्दी में मन्दी के बाद कुछ तेजी बने। घी, तेल, रसकस, गुड़, खाण्ड तेज रहें। दलहन भी तेज रहें।

ध्यान दें;– चैत्रकृष्ण पंचमी को (11 मार्च के दिन) बुधवार होने से गेहूं, दालवाना, चना, तिलहन एवं घी में तेजी रहेगी–

"चैत्रस्य प्रथमे पक्षे बुधवारेऽस्ति पंचमी।
भौमे वा महर्घ स्यात् गोधूमस्य घृतस्य च ।।"

12 मार्च को शुक्र अश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में आएगा। जौ, चना आदि सभी अनाज, घी एवं सोने, चान्दी में खास तेजी आती है। गुड़, खाण्ड, बारदाना में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने। ऊन, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड आदि में कुछ मन्दी रहे।

13 मार्च को बुध शतभिषा में आकर सोना, चान्दी एवं अनाजों के भावों में कुछ तेजी करेगा।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर मंगल एवं केतु के साथ एकराशि–सम्बन्ध बनाएगा। वक्र गुरु की इन पर विशेष दृष्टि है। इसी दिन वृश्चिक राशि का शनि वक्रगति से चलने लगेगा।

इन दिनों तिल, तेल, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, शक्कर, रुई, सोना, सिक्का, कली, गेहूं, पीतल, चावल, घी, सरसों, सीमेण्ट, तम्बाखू तेज रहेंगे।

18 मार्च को सूर्य उ.भा. में आकर 14 दिन में चावल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, गेहूं, तेल, तिलहन में तेजी करेगा।

21 मार्च (शनिवार) को चन्द्रदर्शन होने से रुई, सूत, वस्त्र, सोना, चान्दी में अच्छी तेजी बने।

22 मार्च को बुध पू.भा. में आएगा। बुध कुम्भ राशि में है। रुई में घटाबढ़ी रहेगी। सोना, चान्दी, तांबा, लोहा एवं अनाजों में मन्दा रहे।

23 मार्च को मंगल आश्विनी नक्षत्र एवं मेष राशि में दाखिल होकर शुक्र के साथ एकराशिसम्बन्ध बनाएगा। यह योग बाजारों में झटके के साथ तेजी करेगा। ज्वार, बाजरा, चना, मूंग, मोठ, गेहूं, गुड़, खाण्ड, रुई, सोना, तांबा, मूंगा, मोती, ऊन, कपास, पाट, बारदाना एवं रसादि पदार्थ तेज रहेंगे। **यह फल प्रायः 15 दिन तक प्रभावी होगा।**

27 मार्च को बुध मीन राशि में आकर पूर्व में अस्त होगा। यह सूर्य, केतु के साथ मेल करेगा। सोना, चान्दी एवं रुई में घटाबढ़ी के साथ पहले तेजी

फिर उतनी ही मन्दी बने। बिनौला तेज रहे। सोने में घटाबढ़ी के बाद तेजी रहे। अनाज, घी आदि मन्दे हों।

29 मार्च के लगभग बुध उ.भा. में आकर सूर्य के साथ एकराशि एवं एकनक्षत्रसम्बन्ध बनाएगा। इस समय चान्दी में घटाबढ़ी एवं रुई, गुड़, खाण्ड, चावल, गेहूं आदि में बाजार खड़े रहें, अनिश्चित रहें– सावधानी से काम करें।

31 मार्च को सूर्य रेवती नक्षत्र में आकर केतु के साथ नक्षत्र–सम्बन्ध बना रहा है। अलसी, सरसों, एरण्ड, मूंगफली, लहसुन, मोती, लाख, सज्जी, रुई, गेहूं, जौ, चना एवं चावलों में तेजी से लाभ रहे।

सज्जनों ! हमने ग्रहचाल को पूरी तरह जांचकर तेजी–मन्दी के रुख का बेरवा इस पंचांग में दिया है, फिर भी ग्रहचालवश यदि किसी प्रकार से आपको व्यापार में हानि होती है तो हम उसके लिए उत्तरदायी न होंगे। वैसे, हमारी प्रभु से प्रार्थना है कि– आपको व्यापार में हमेशा उत्तम लाभ प्राप्त होता रहे।

–: व्यापारियों के लिए विशेष सुविधा :–

तेजी–मन्दी की प्रतिमास लिखित Advance Report

(अर्थात् आगामी माह की दैनिक तेज़ी–मन्दी की लिखित रिपोर्ट)

व्यापारी सज्जनो ! 1 जनवरी, सन् 2014 ई. से यदि आप प्रतिमास किसी भी जिन्स की दैनिक तेजी–मन्दी या वायदा–हाजर बाजार का चांस अर्थात् सोना, चान्दी, कॉपर आदि मैटल्ज़; चना, ग्वार आदि अनाज; तिल, तेल, सरसों किंवा बिनौला आदि तिलहन; जीरा, धनिया, हल्दी, लाल–कालीमिर्च, रुई एवम् कपास में से किसी भी जिन्स की मासिक लिखित रिपोर्ट चाहते हैं तो फीस 5000/– (पांच हज़ार रु.) प्रतिमास, प्रतिजिन्स के हिसाब से भेजकर **Advance Report** प्राप्त करें। एकवर्ष की प्रतिजिन्स फीस **Rs.** 50,000/– (पचास हज़ार रु.) है।

ध्यान दें–यदि आप लिखित Report के अतिरिक्त प्रतिदिन Telephone से तेज़ी–मन्दी का विचार करना चाहते हैं तो उसकी फीस अलग से होगी।

नोट– पहली बार यदि प्रत्यक्ष मिलें तो अधिक सन्तोषजनक जानकारी मिल सकेगी। दूर से आने वाले व्यक्ति आने से पहले टेलिफोन करके आने का समय निश्चित कर लें।

पत्र या **M.O.** फार्म पर अपना नाम, पता एवम् फोन नं. साफ–साफ लिखें एवम् धनादेश, किस जिन्स की तेज़ी–मन्दी जानने के लिए भेज रहे हैं– यह अवश्य लिखें। **M.O.** या **D.D.** भेजने के बाद आप अपना रजिस्ट्रेशन नंबर टेलिफोन से अवश्य प्राप्त करें।

Payment Advance आने पर ही अगले माह की रिपोर्ट भेजी जाएगी। **D.D.** या **M.O.** नीचे लिखे पते पर भेजें–

PHON: 0160-2641 277
0160-2641 577

नोटः– गुरुवार को
कार्यालय में अवकाश रहता है।

संयमी शर्मा , **M.A.**, ज्योतिषाचार्य, धर्मशास्त्राचार्य,
सुपुत्र पं. इन्दुशेखर शर्मा, शास्त्री, **M.A.**, ज्योतिषाचार्य,
श्री मार्त्तण्ड ज्योतिष कार्यालय ,कुराली – **PIN** 140 103
(मोहाली) पंजाब।

आपके स्वप्न क्या संकेत देते हैं ?

(डॉ. आशुतोष शर्मा)

[पुरातन घटना है, कि– अमेरिका के भूतपूर्व राष्ट्रपति श्री इब्राहीम लिंकन की धर्मपत्नी को स्वप्न आया, कि– " U.S.A. के सर्वोच्च सेनाधिकारी रो रहे हैं।" कारण पूछने पर उत्तर मिला कि– " राष्ट्रपति इब्राहीम लिंकन की मृत्यु हो गई।" इस स्वप्न ने Mrs. लिंकन को चिन्तित कर दिया। पूरी सुरक्षा की व्यवस्था रखी गई। **लेकिन एक सप्ताह के अन्दर ही थियेटर के अन्दर प्रदर्शन कर रहे 'बूथ' ने गोली मारकर उनकी जीवनलीला समाप्त कर दी।]** – क्या पूर्व स्वप्न का यह निदर्शन नहीं था ? – **स्पष्ट है, स्वप्न के संकेत को समझें; ये कुछ कहते जरूर हैं। " भाग्यवश स्वप्न पहले न देखी गई घटनाओं को भी मनुष्यों को स्वप्न के माध्यम से पहले ही दिखा देते हैं;– " अदृष्टमप्यर्थमदृष्टवैभवात् करोति सुप्तिर्जनदर्शनातिथिम्।" (नैषधचरित)**

– सम्पादक।

जिस समय पांच कर्मेन्द्रियां एवं पांच ज्ञानेन्द्रियां और मन– ये सब जब अपनी–अपनी क्रिया से रहित होते हैं और व्यक्ति अपने आप को शान्त अनुभव करता है, उस अवस्था में कुछ विचित्र अनुभूति होती है। उसी अनुभूति को 'स्वप्न' कहते हैं। स्वप्न में उस अनुभूति को समझना कठिन है; क्योंकि स्वप्नसंकेत आपको बोलकर नहीं बता सकते। स्वप्न भूत–भविष्यत् तथा वर्तमान की जानकारी से आपको सावधान कर सकते हैं। आइए देखें कि– " **स्वप्न आपको क्या बतलाते हैं ?**"

स्वप्न दो प्रकार के होते हैं– (1) इष्टफल–संकेतक,(2) दुष्टफल–संकेतक। इन्हीं के बारे में संक्षिप्त जानकारी हम यहां दे रहे हैं–

स्वप्न में बादाम देखना आने वाली बीमारी का सूचक है। स्वप्न में किसी पर क्रोध करने का अभिप्राय है कि– आप उस व्यक्ति से बेहद प्यार करते हैं। **नाराज़** होने पर भी यही फल है।

नदी या समुद्र में तैरना, आकाश में उड़ना, सूर्य को उदित होते देखना, प्रचण्ड अग्नि को देखना, सूर्यादि ग्रहों किंवा अश्विनी आदि नक्षत्रों को यथावस्थ देखना, ध्रुव तारे को देखना, महल, गृह, शिवालय आदि के शिखर पर चढ़ना– इत्यादि स्वप्न व्यक्तिविशेष की **कार्यसिद्धि** एवं **प्रगति** के सूचक हैं।

जापान में वैज्ञानिकों ने **M.R.I.** स्कैन से नींद की शुरुआती अवस्था में देखी गई चीजों का अनुमान लगाया है। शोधकर्ताओं के दल में तीन लोगों पर सोते वक्त **M.R.I.** स्कैन से परीक्षण किए। स्कैनर के अन्दर निद्रा लेने वाले व्यक्तियों को जगाकर, "उन्होंने क्या देखा एवं क्या अनुभव किया"; इस बात को याद करने को कहा गया। सब कुछ नोट किया गया। इस प्रक्रिया को 200 बार दोहराने पर शोधकर्ताओं ने दिमागी हलचलों एवं नींद में देखे गए स्वप्नों को 60 प्रतिशत सही पाया। शोधकार्य जारी है।

स्वप्न में मद्यपान, चर्बी–मांसभक्षण, कीटों का खाना, शरीर पर कीड़े लगना किंवा शरीर पर विष्ठा का लेपन देखना, देह पर रुधिरलेपन, दही–भात–खाना, श्वेत–चन्दन लगाना, नाना प्रकार के सफेद अलंकार धारण करना अथवा सफेद आभूषण पहने व्यक्ति को देखना शुभ है। अभीष्ट **कार्यसिद्धि** होगी।

स्वप्न में देवता, ब्राह्मण, चन्द्र, छत्र, राजा, श्वेतकलश, श्वेतवस्त्र, नानाविध अलंकारों से अलंकृत–स्त्री, बैल, पर्वत, दूध, फलयुक्त–वृक्ष किंवा बट–पीपलादि वृक्ष–दर्शन एवं इन वृक्षों पर चढ़ना, मांस किंवा फूलमाला मिलना, अथाह जल में तैरना – **ये स्वप्न अथाह द्रव्यलाभ के सूचक हैं। यदि शरीर में रोग हो (व्यक्ति रोगी हो) तो रोग से मुक्त होगा। ऐसे स्वप्न से सुख–समृद्धि एवं प्रगतिकारक वातावरण बनते हैं।**

अभीष्ट फल द्योतक स्वप्न–

(i) स्वप्न में राजा, हाथी, घोड़ा, बैल, गाय को देखना;– **ये स्वप्न कुटुम्ब की वृद्धि का संकेत देते हैं।**

(ii) स्वप्न में गाय, हाथी, बैल, शिवालय या पर्वत पर या फलयुक्त वृक्ष पर चढ़ना, स्वयं को मरा हुआ देखना, अयोग्य–स्त्री–संगम करना;– **ये स्वप्न दीर्घायु एवं यश–प्रदान करते हैं।**

(iii) स्वप्न में दूध मिलना, फलान्वित–वृक्ष (बटवृक्ष) आदि पर अकेले चढ़ना एवं तुरन्त आंख का खुल जाना;– **ये स्वप्न जल्दी ही धनलाभ, परीक्षा में सफलता तथा अच्छी सर्विस का लाभ प्रदान करते हैं।**

(iv) स्वप्न में जो व्यक्ति अपने हाथ पर सफेद–रंग के सांप द्वारा कटता देखे, **उसको दस दिन के भीतर ही आकस्मिक धनप्राप्ति होती है।**

(v) स्वप्न में जल के भीतर बिच्छू काटे, **उसको राजकार्य में विजय, मनोरथ सिद्ध हों किंवा पुत्रलाभ हो।**

(vi) स्वप्न में पर्वत पर चढ़े एवं समुद्र पार करे, **वह व्यक्ति गरीब घर में पैदा होकर भी राजपद को प्राप्त करता है।**

(vii) जो पुरुष तालाब में उत्पन्न सम्पूर्ण कमल–पत्र पर घृत–खीर का भोजन करे;– **ऐसा स्वप्न सार्वभौम वैभव–सम्पन्न होने का संकेत देता है।**

(viii) बगुला, मुर्गी, क्रौंचपक्षी– इनको स्वप्न में देखते ही जाग जाए, तो **उसे कुलीन, मधुंरभाषिणी–कन्या भार्यारूप में प्राप्त होती है।**

(ix) जो पुरुष स्वप्न में हाथ–पावों में जंजीर बन्धी हुई देखे, **तो उसे पुत्र अथवा धन जल्दी प्राप्त होगा, इसमें सन्देह नहीं।**

(x) जो स्वप्न में अपना आसन, बिछौना, पालकी, अपनी देह, गाड़ी आदि को जलते हुए देखे तो, **उसे व्यापार में आशातीत धनलाभ हो।**

(xi) जो स्वप्न में केवल सूर्यमण्डल को देखे तो उसका रोग **दूर हो अथवा लक्ष्मी किंवा यशप्राप्ति हो।**

(xii) स्वप्न में रुधिर व मद्यपान करता दीखे तो **विद्यार्थी को विद्याप्राप्ति व अन्य को धनलाभ हो।**

(xiii) यदि स्वप्न में श्वेतवस्त्र पहने हुए स्त्री, सफेद चन्दन लेप करके स्नान करती दिखाई दे तो **धनधान्यसमृद्धि हो।**

(xiv) स्वन्न में खड़ाऊं का जोड़ा, छत्र, अच्छी धार की तलवार मिले, तुरन्त निद्रा खुले तो **जमीन जायदाद का लाभ एवं अन्न लाभ हो।**

अशुभ स्वप्न

(क) स्वप्न में सूर्य–चन्द्र को निस्तेज देखना, ध्रुवादि तारों को टूटता देखना– **मनुष्य को अशुभ–समाचार, मृत्यु किंवा शोकाकुल बनाता है।**

(ख) स्वप्न में अशोक, कनेर, बांस वृक्ष को फूल लगे हुए देखे तो **शोक–समाचार से दुःख हो।**

(ग) लालवस्त्र पहिने, लालचन्दन लगाए हुए स्त्री, स्नान करे या आपको स्नान कराए तो **मृत्युतुल्य कष्ट हो।**

(घ) स्वप्न में तैल लगाकर काले वस्त्रपहने हुए कोई व्यक्ति दक्षिण दिशा में गमन करे **तो दुर्घटना में मृत्युभय है या भयंकर रोगग्रस्त हो।**

(च) स्वप्न में सिर से केश स्वयं गिर जाएं, दांत टूट गिरे तो **धनहानि एवं पुत्रकष्ट व मृत्युभय हो।**

(छ) स्वप्न में गधा, ऊंट अथवा महिष (भैंसे) से लगे वाहन पर बैठे सवारी करे (विशेषतः दक्षिण दिशा की तरफ जाए) तो मरणभय किंवा महारोग से जीवन व्यतीत करना पड़े।

सामान्यतया नेष्टफल–द्योतक स्वप्न–

स्वप्न में यज्ञ के खम्भे अथवा नीम एवं पलाश–वृक्ष पर चढ़ना, वल्मीक पर चढ़ना, तेल, कपास, रुई, लोहा आदि धातु का मिलना, स्वप्न में रतिक्रीड़ा करना, लाल कपड़ा पहिनना व ओढना, नदी का मार्ग बदलना, पके मांस का खाना;– **ऐसे स्वप्न आगामी विपत्ति के सूचक हैं।**

अन्य प्रकार के अशुभ स्वप्न– निम्नलिखित समुदाय के दर्शन अनिष्ट फलप्रद जानने चाहिएं;– राक्षस, जलती हुई देह, रक्त, हड्डी, कपाल, रुई, राख, शुष्क–कांटेदार वृक्ष तथा उन पर अकेला चढ़ना, फांसी लगाना, नाभि के अतिरिक्त अंग से तृण, वृक्ष या पुष्पों की उत्पत्ति, घृत–तैलपान; गधा, हाथी का बच्चा, बन्दर, जंगली जानवर, सर्प आदि के दर्शन, उन पर आरोहण अथवा उनके साथ क्रीड़ा; शरीर पर कीचड़ युक्त जल, स्याही, काजल, घृत, तैल का लेप करना, आंख जिह्वा, दाढ़ी, दन्तपंक्ति तथा केशों का पतन; रिक्तपात्र, पानी का स्रोत, अपमान, भ्रमण, रज्जु का काटना, बुद्धि में विक्षिप्तता, माता के शरीर में प्रवेश, शरीर या किसी अंग का कंपन, लाल या काले वस्त्रधारण करना, गुप्तेन्द्रियों का मर्दन, मैदान में कोमल पशुओं और कीटों से क्रीड़ा; जलप्रायः देश में विचरण, गुड़ आदि का भक्षण, गोबर या उष्णोदक का भक्षण–पान, विष्ठा–मूत्र, मलिनवस्त्र, पितृकार्यों का सम्पादन, उच्चस्थान से अवरोह, सांप का कान–नाक में प्रवेश, सांप का शरीर से लिपटना, क्षीणकाय, क्रोधित तथा भयभीत व्यक्ति, ब्राह्मण, मृत पितरों का विकृत रूप में दर्शन, सम्बन्धी तथा देवता; मेघाच्छन्न आकाश, रसोई घर, लाल पुष्पों का वन, आंधी आना, गन्दा जल, नंगे पुरुष–स्त्री, भैंसा, काले घोड़े के दर्शन अथवा उन पर बैठकर दक्षिण दिशा की यात्रा, तीन जीभें होना, गाना–बजाना, क्रीड़ा करना, हंसना, खुशियां मनाना, किसी को ललकारना, सूर्य–चन्द्र–नक्षत्रों का पात, दल–दल में डूबना, जलाशयों का पानी सूख जाना, कनेर व अशोक वृक्ष, लताओं में फंस जाना, काले वस्त्र पहने हुए स्त्री से आलिंगन, स्वयं का धुएं के सदृश वर्ण का होना, लाल पुष्पों से शरीर को अलंकृत करना, लाल–वस्त्र पहने हुए पुरुष से लिपटना या हाथ मिलाना, मुर्गा, बिल्ली, नेवला, सांप, मक्खी, मच्छर, बिच्छू, वस्त्रालंकार तथा उपभोग्य वस्तु की चोरी, शरीर के अवयवों का छेदन, मुण्डन, रोग से आर्त्त होना, कबूतर, बाज, चील, रीछ, उल्लू, कौआ, खरहा, कुत्ता; कचौड़ी, मालपुवा, खिचड़ी, पक्कान्न का भक्षण, बिना सूर्य का दिन, सूर्य–चन्द्रग्रहण, बिना चन्द्र–तारों की रात्रि; भूत, प्रेत, पिशाच या चाण्डालों के साथ मिलाप, दक्षिण की यात्रा; सीसा, पीतल, जस्ता, कांसा, तांबा, लोहा या रांगा, सुनार, लुहार, चमार तथा बढ़ई; देवालय, छत्र या शिखर का गिरना, कोलाहल, स्वनिन्दा श्रवण, पराजय, राजभय, अकाल तथा सींग वाले जंतुओं का भागना;– ये सब स्वप्न में देखना अशुभ है।

दुःस्वप्न–दर्शन के परिहार

(1) शुभ स्वप्न आने पर जल्दी ही उठ जाना चाहिए एवं अनिष्ट स्वप्न देखने पर पुनः सो जाना चाहिए, चाहे सूर्योदय भी क्यों न हो।

(2) अशुभ स्वप्न देखने पर उसे साधुओं, मित्रों तथा ब्राह्मणों को सुनाना चाहिए, ताकि उनके आशीर्वाद से दुष्ट फल कम हो जाए;–

"स्वप्ने दृष्टे शोभनेनैव विद्यात् पश्चाद् दृष्टो यस्सपाकं विधत्ते।
तद् वक्तव्यं साधुमित्रद्विजेभ्यो ते चाशीभिर्वर्धयेयुर्नरेन्द्रम्।।"

(3) दुष्ट स्वप्नदर्शन के पश्चात् पुनः निद्रा लेकर उठने पर स्वप्न को किसी से तत्काल ही न कहना चाहिए अर्थात् गंगाजल से स्नानादि करके **'महामृत्युंजय'** का जाप तथा स्वस्तिवाचन–पूर्वक होम व शान्ति का निष्पादन पहले करें।

(4) पीपल एवम् गायों की पूजा व ब्राह्मणों का अभिनन्दन करके, उन्हें यथाशक्ति तिल, अन्न तथा सुवर्ण प्रदान करें। तत्पश्चात् किसी विद्वान् ब्राह्मण से भागवत, महाभारतादि का श्रवण करें।

(5) बृहस्पति के द्वारा रचित **'स्वप्नाध्याय'** का पठन या श्रवण करने से अशुभ स्वप्न के दोष का निवारण होता है। **उक्तं च–**
"बृहस्पतिप्रणीतं च स्वप्नाध्यायं पठेदपि।।"

(6) दुःस्वप्नद्रष्टा प्रातः स्नानादि करके घृतयुक्त तिलों या लाल–सरसों का गायत्री–मन्त्र से होम करे;– यह प्रयोग दोष–निवृत्तिकारक है।

यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

(1 जनवरी, सन् 2014 ई. से 20 मार्च, सन् 2015 ई. तक)

जप एवं यन्त्र–मन्त्र आदि की साधना के लिए शास्त्रों द्वारा बारह सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा सूर्य–चन्द्र के क्रान्तिसाम्य (महापात) के काल को ठीक सूर्य–चन्द्रग्रहण के समान ही महत्त्वपूर्ण माना गया है। संहिता और ज्योतिषग्रन्थों में इस विषय के अनेक वचन उपलब्ध हैं। क्रान्तिसाम्य को तन्त्रादि की सिद्धि के लिए ऋषियों ने स्पष्टरूप से फलप्रद माना है। आचार्य भास्कर ने भी 'सिद्धान्तशिरोमणि' में कहा है कि–क्रांतिसाम्य के काल में विवाहादि मंगलकृत्य करना तो निषिद्ध है, लेकिन यदि इस समय जप, अनुष्ठानादि किया जाए तो उसकी वृद्धि होती है– *"पातस्थितिकालान्तर्गतमंगलकृत्यं न शस्यते तज्ज्ञैः। स्नान–जप–होमदानादिकमत्रोपैति खलु वृद्धिम्।।"* यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों की साधना में विशेष रुचि रखने वाले पाठकों के लिए हम नीचे 1 जनवरी, 2014 ई. से 20 मार्च, सन् 2015 ई. तक की सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल तथा क्रान्तिसाम्य के प्रारंभ और समाप्तिकाल (भा.स्टैं.टा.) दे रहे हैं। इन कालों में यंत्र–तंत्रों के निर्माण एवम् मंत्रजाप से वे अभीष्ट सिद्धि प्राप्त कर सकेंगे।

सूर्य और चन्द्रमा के ग्रहण के पर्वकाल को भी मन्त्रादि–साधना के लिए साधकों को उपयोग में लाना चाहिए। सायन संक्रान्तिपुण्यकाल, क्रान्तिसाम्य और सूर्य–चन्द्रग्रहण के पर्वकाल के अलावा मन्त्रादि–साधना के लिए अर्धोदय, महोदय, महामहावारुणीपर्व, महावारुणीपर्व और वारुणीपर्व भी महत्त्वपूर्ण माने गए हैं। ये अर्धोदय आदि योग कभी–कभी ही आते हैं।

सावधान–यंत्र–मंत्र–तंत्रों के प्रयोग को प्रभावशाली रूप में सद्यः फलप्रद बनाने के लिए शास्त्रविहित काल में साधना कीजिए, अन्यथा आगमशास्त्र पर साधक की निराधार अनास्था होने की पूर्ण आशंका है।

सायनसंक्रान्ति–पुण्यकाल

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2014 ई.					
20 जन.	02	58	20 जन.	15	46
18 फर.	17	06	19 फर.	05	54
20 मार्च	16	02	21 मार्च	04	50
20 अप्रै.	3	02	20 अप्रै.	15	50
21 मई	2	05	21 मई	14	53
21 जून	9	57	21 जून	22	45
22 जुला.	20	47	23 जुला.	9	35
23 अग.	3	52	23 अग.	16	40
23 सितं.	1	35	23 सितं.	14	23
23 अक्तू.	11	03	23 अक्तू.	23	51
22 नवं.	8	44	22 नवं.	21	32
21 दिसं.	22	08	22 दिसं	10	56
सन् 2015 ई.					
20 जन.	8	48	20 जन.	21	36
18 फर.	22	56	19 फर.	11	44
20 मार्च	21	51	21 मार्च	10	39

निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल

सायन संक्रान्तियों के पुण्यकाल की भान्ति निरयण संक्रान्तियों के पुण्यकाल में भी यंत्र–मंत्रादि की साधना की जा सकती है, लेकिन सायन संक्रान्तियों का पुण्यकाल इसके लिए विशेष महत्त्व रखता है।

क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ और समाप्तिकाल

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त		
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं.	मि.
सन् 2014 ई.					
26 जन.	12	33	27 जन.	05	02
06 फर.	17	34	07 फर.	02	31
20 फर.	02	40	20 फर.	09	18
03 मार्च	17	42	03 मार्च	23	07
29 मार्च	00	34	29 मार्च	05	38
10 अप्रै.	18	29	11 अप्रै.	01	09
23 अप्रै.	01	23	23 अप्रै.	08	17
5 मई	04	22	5 मई	15	46
5 अग.	08	25	5 अग.	22	01
16 अग.	15	12	16 अग.	23	24
30 अग.	00	30	30 अग.	07	16
10 सितं.	19	07	11 सितं.	00	18
23 सितं.	22	17	24 सितं.	04	19
06 अक्तू.	02	55	06 अक्तू.	08	05
18 अक्तू.	10	53	18 अक्तू.	18	05
31 अक्तू.	00	39	31 अक्तू.	08	41
11 नवं.	09	23	12 नवं.	01	23
सन् 2015 ई.					
29 जन.	16	29	30 जन.	12	39
11 फर.	17	31	12 फर.	02	31
23 फर.	04	04	23 फर.	10	18
08 मार्च	06	29	08 मार्च	13	01
20 मार्च	07	51	20 मार्च	12	45

सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य

सूर्य–चन्द्र की राशियों के अनुसार निर्धारित किए जाने वाले क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल नितान्त स्थूल होता है। यहां दिया गया क्रान्तिसाम्य का प्रारम्भ–समाप्तिकाल महापातगणित द्वारा स्पष्ट किया गया है। यह सर्वथा सूक्ष्म है। विवाहादि मुहूर्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य के काल को ही वर्जित किया गया है।

ध्यान दें– इस वर्ष (संवत् 2071 वि. में) चन्द्र की परमक्रान्ति 18° से 19° अंशों के मध्य रहेगी। अतः सन् 2014 ई. के मई, जून, जुला. तथा नवं., दिसं. मासों एवं सन् 2015 ई. के जनवरी मास में, जहां चन्द्र की परमक्रान्ति से सूर्यक्रान्ति अधिक रहेगी, वहां सूर्य और चन्द्र की क्रान्तियां परस्पर समान नहीं हो पाएंगी, जिससे इस अवधि में इसवर्ष क्रान्तिसाम्य(महापात)दोष घटित नहीं होगा।

वारुणी पर्व (सन् 2014 ई.)

(भा. स्टैं. टा.)

प्रारम्भ			समाप्त	
तारीख	घं.	मि.	तारीख	घं. मि.
28 मार्च	7	52	28 मार्च	सूर्यास्त
(सन् 2015 ई.)				
18 मार्च	17	38	18 मार्च	सूर्यास्त

सूर्य–चन्द्रग्रहण

ऊपर लिखे अनुसार यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र–साधना के लिए सूर्य एवम् चन्द्र ग्रहणों का पर्वकाल विशेष महत्त्व रखता है। एतदर्थ पृष्ठ 24 देखिए।

ध्यान रहे– मन्त्रसाधना में उच्चारणादि की शुद्धि परमावश्यक है। उच्चारणादि की अशुद्धि साधक के लिए सुफलप्रद कदापि नहीं होती। इस बारे शास्त्रवचन इस प्रकार है–

"मन्त्रो हीनः स्वरतो वर्णतो वा
मिथ्या प्रयुक्तो न तमर्थमाह।
स वाग्वज्रो यजमानं हिनस्ति
यथेन्द्रशत्रुः स्वरतोऽपराधात्।।"

यन्त्र–मन्त्र एवम् तन्त्रों का चमत्कार

इस स्तम्भ के अन्तर्गत अनुभूत यन्त्र–मन्त्र–तन्त्र गतवर्षो से देते आ रहे हैं। इस स्तम्भ के अन्तर्गत दिए गए मन्त्रों को शुभ मुहूर्त्त में गुरुमुख से प्राप्त करके ग्रहणवेला, क्रान्तिसाम्य या सायन–संक्रान्तियों के पुण्यकाल में दृढ़–निश्चयपूर्वक अनुष्ठान करके सिद्ध कर लेना चाहिए। **ध्यान रहे–** दीपमाला के समय एवं महाशिवरात्रि की महत्त्वपूर्ण रात्रियों में किंवा 'यन्त्र–मन्त्र–तन्त्रों के लिए साधनाकाल' की उल्लिखित समयावधियों में इन मन्त्र–तन्त्रों को सिद्ध करके इनका चमत्कार आप अविलम्ब देख सकेंगे। यन्त्र–मन्त्रों के बल पर ही दैवज्ञ अपने वैदुष्य से अक्षुण्ण यश प्राप्त कर सकता है,–**"सिद्धिर्भूषयते विद्याम्।"**

मन्त्र ऐसे दिव्यशब्दों का समूह है, जिसे दृढ़ इच्छाशक्तिपूर्वक उच्चारण एवं मनन से ही हम अलौकिक काम कर सकते हैं। चुने हुए गुप्त शब्द ही मन्त्र हैं। इनमें शब्दों को ऐसा क्रम दिया जाता है, कि उनके मौन या अमौन अवस्था में उच्चारणमात्र से शून्य महाकाश में एक विचित्र कम्पन उत्पन्न होती है, जिसमें अभीप्सित कार्यसिद्धि एवं रचनात्मक प्रबल–प्रछन्न शक्ति होती है–

ऊपर हमने चम्बा में १५ जुलाई १९६९ को प्रातः १० घंटे ४५मि. (भा. स्टै. टा.)पर सां.का. ५ घं. ५१ मि. १३ सै. स्पष्ट किया है । चम्बा के अक्षांश ३२ अं.२९ क. है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घं. ३० मि. के आगे लग्न १७३ अं. ३४ क. लिखा है । यह "स्थूलतम लग्न"है। लग्नसारणी में अक्षांश ३२ के नीचे सां. का. ५ घ. ३० मि. के आगे १७३ अं. ३४ क. और सां. का.६घं. ० मि. के आगे १८० अं.० क. लिखा है । इन दोनों का अन्तर ६अं. २६ क. (=३८६क.) लग्न की ३० मि. की गति है । हमारे अभीष्ट सां. का. ५ घं. ५१ मि. और ५ घं. ३० मि. का अन्तर २१ मि. है । इन २१ मि. (सा.का.के शेष मिनटों) से लग्न की ३० मिनट की गति कलाओं (३८६) को गुणा करके ३० का भाग देने पर २७० क. (= ४ अं. ३० क.) मिलीं। इन्हें " स्थूलतम लग्न " में जोड़ने पर १७८ अं. ४ क. "स्थूल लग्न "हुआ ।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग १ म}

सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(उ.)		अक्षांश ११°(उ.)		अक्षांश १४°(उ.)		अक्षांश १७°(उ.)		अक्षांश २०°(उ.)		सम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए		अक्षांश ८°(उ.)		अक्षांश ११°(उ.)		अक्षांश १४°(उ.)		अक्षांश १७°(उ.)		अक्षांश २०°(उ.)	
		दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न				दशम		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न		लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
०	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४	१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६
०	३०	८	१०	१००	३	१०१	१५	१०२	२७	१०३	४१	१०४	५७	१२	३०	१८८	१०	२७३	४१	२७२	२७	२७१	११	२६९	५३	२६८	३३
१	०	१६	१७	१०६	५४	१०८	३	१०९	१३	११०	२४	१११	३६	१३	०	१९६	१७	२८०	३९	२७९	२५	२७८	९	२७६	५०	२७५	२९
१	३०	२४	१८	११३	४७	११४	५३	११५	५९	११७	६	११८	१४	१३	३०	२०४	१८	२८७	४३	२८६	३०	२८५	१५	२८३	५७	२८२	३५
२	०	३२	११	१२०	४३	१२१	४५	१२२	४७	१२३	५०	१२४	५२	१४	०	२१२	११	२९४	५७	२९३	४६	२९२	३३	२९१	१६	२८९	५५
२	३०	३९	५५	१२७	४५	१२८	४३	१२९	४०	१३०	३६	१३१	३३	१४	३०	२१९	५५	३०२	२१	३०१	१४	३००	४	२९८	५०	२९७	३२
३	०	४७	२८	१३४	५४	१३५	४५	१३६	३६	१३७	२७	१३८	१८	१५	०	२२७	२८	३०९	५८	३०८	५६	३०७	५१	३०६	४२	३०५	२८
३	३०	५४	५१	१४२	१०	१४२	५५	१४३	३९	१४४	२२	१४५	६	१५	३०	२३४	५१	३१७	४९	३१६	५४	३१५	५५	३१४	५३	३१३	४५
४	०	६२	५	१४९	३३	१५०	१०	१५०	४६	१५१	२३	१५१	५८	१६	०	२४२	५	३२५	५४	३२५	७	३२४	१७	३२३	२३	३२२	२५
४	३०	६९	१२	१५७	३	१५७	३१	१५८	०	१५८	२७	१५८	५५	१६	३०	२४९	१२	३३४	१२	३३३	३५	३३२	५५	३३२	१२	३३१	२६
५	०	७६	११	१६४	३८	१६४	५८	१६५	१७	१६५	३६	१६५	५४	१७	०	२५६	११	३४२	४१	३४२	१५	३४१	४८	३४१	१८	३४०	४५
५	३०	८३	७	१७२	१८	१७२	२८	१७२	३८	१७२	४७	१७२	५७	१७	३०	२६३	७	३५१	१८	३५१	५	३५०	५१	३५०	३६	३५०	१९
६	०	९०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८०	०	१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
६	३०	९६	५३	१८७	४२	१८७	३२	१८७	२२	१८७	१३	१८७	३	१८	३०	२७६	५३	८	४१	८	५५	९	९	९	२४	९	४१
७	०	१०३	४९	१९५	२२	१९५	२	१९४	४३	१९४	२४	१९४	६	१९	०	२८३	४९	१७	१९	१७	४५	१८	१२	१८	४२	१९	१५
७	३०	११०	४८	२०२	५७	२०२	२९	२०२	०	२०१	३३	२०१	५	१९	३०	२९०	४८	२५	४८	२६	२५	२७	५	२७	४८	२८	३४
८	०	११७	५५	२१०	२७	२०९	५०	२०९	१४	२०८	३७	२०८	२	२०	०	२९७	५५	३४	६	३४	५३	३५	४३	३६	३७	३७	३५
८	३०	१२५	९	२१७	५०	२१७	५	२१६	२१	२१५	३८	२१४	५४	२०	३०	३०५	९	४२	११	४३	६	४४	५	४५	७	४६	१४
९	०	१३२	३२	२२५	६	२२४	१५	२२३	२४	२२२	३३	२२१	४२	२१	०	३१२	३२	५०	२	५१	४	५२	९	५३	१८	५४	३२
९	३०	१४०	५	२३२	१५	२३१	१७	२३०	२०	२२९	२४	२२८	२७	२१	३०	३२०	५	५७	३९	५८	४६	५९	५६	६१	१०	६२	२८
१०	०	१४७	४९	२३९	१७	२३८	१५	२३७	१३	२३६	१०	२३५	८	२२	०	३२७	४९	६५	३	६६	१४	६७	२७	६८	४४	७०	५
१०	३०	१५५	४२	२४६	१३	२४५	७	२४४	१	२४२	५४	२४१	४६	२२	३०	३३५	४२	७२	१७	७३	३०	७४	४५	७६	३	७७	२५
११	०	१६३	४३	२५३	६	२५१	५७	२५०	४७	२४९	३६	२४८	२४	२३	०	३४३	४३	७९	२१	८०	३५	८१	५१	८३	१०	८४	३१
११	३०	१७१	५०	२५९	५७	२५८	४५	२५७	३३	२५६	१९	२५५	३	२३	३०	३५१	५०	८६	१९	८७	३३	८८	४९	९०	७	९१	२७
१२	०	१८०	०	२६६	४८	२६५	३५	२६४	२०	२६३	४	२६१	४६	२४	०	०	०	९३	१२	९४	२५	९५	४०	९६	५६	९८	१४

अब लग्न सारणी में ३२ अक्षांश और ३५ अक्षांश वाले कालमों में सां.का. ५घं. ३० मि. के आगे क्रमशः १७३ अं. ३४ क.
और १७३ अं. ४४ क. लिखा है। इन दोनों का अन्तर १० क. हुआ। यह लग्न की '' ३ अक्षांश की गति'' है। क्योंकि लग्न
३५ अक्षांश में बढ़ रहा है। अतः यह गति धन है। ३२ अक्षांश और चम्बा के अक्षांश ३२ अं. २९ क. का अन्तर २९ क. है।
इससे ३ अक्षांश की लग्न की गति कलाओं (१०) को गुणा करके १८० से भाग देने पर लब्धि १ क. मिली। क्योंकि ३
अक्षांशों की लग्न गति धन है अतः इसे ''स्थूल लग्न'' में जोड़ने पर १७८ अं. ५ क. सायन लग्न हुआ। इसमें से इस दिन
का अयनांश २३अं. २६क. घटा देने पर १५४ अं. ३९ क. (=५ रा ४ अं. ३९ क.) नियरणलग्न बन गया।

दशमलग्न साधन का उदाहरण- १५ जुला. १९६९ ई. को प्रातः १० घं. ४५ मि. (भा.स्टै.टा.) पर ही चम्बा,
हि.प्र. में दशमलग्न स्पष्ट करना है। इस समय चम्बा में सां का ५ घं. ५१ मि. है। लग्नसारणी के दूसरे कालमें में

में सां.का. ५ घं. ३० मिनट के आगे दशमलग्न८३ अं.७क. है, यह ''स्थूल दशमलग्न'' है। सारणी में सां.का. ५ घं.३०मि. और ६ घं. ० मि. के आगे क्रमशः ८३ अं. ७ क. एवं ९० अं. ० क. है इन दोनों का अन्तर ६ अं. ५३ क. (=४१३ क.) है, यह ३० मि. की दशमलग्न की गति है। इन कलाओं को सां. का. के शेष मि. (५ घं. ५१ मि.- ५घं. ३० मि.=२१ मि.) से गुणा करके ३० का भाग देने पर २८९ क. (=४अं.४९क.) मिली। इन्हें ''स्थूलदशमलग्न'' में जोड़ने पर ८७ अं. ५६ क. सायन दशमलग्न स्पष्ट हुआ। इसमें से इस दिन का अयनांश २३ अं. २६ क. घटा देने पर ६४ अं.३० क. (=२ रा.४अं. ३०क.) इष्टकालिक निरयण दशम लग्न हुआ।

ध्यान दें-यहां हमने सां.का. के सेकण्ड और अयनांश की विकलाओं को अनावश्यक समझकर छोड़ दिया है। क्योंकि लग्न और दशम में विकलाओं तक की सूक्ष्मता लाने का प्रयास वस्तुतः अर्थहीन है। कला तक की सूक्ष्मता भी लग्न में संभव नहीं है; इस तथ्य का विस्तार पूर्वक स्पष्टीकरण गणित द्वारा ''गणकमार्तण्ड'' में हमने किया है वहाँ पढ़ें।

लग्न सारणी (पूरे भारत के लिए) {भाग २ य}

साम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए दशम		अंक्षाश २३° (उ.) लग्न		अंक्षाश २६° (उ.) लग्न		अंक्षाश २९° (उ.) लग्न		अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न		अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
०	०	०	०	९९	३५	१००	५९	१०२	२६	१०३	५७	१०५	३४
०	३०	८	१०	१०६	१४	१०७	३४	१०८	५७	११०	२४	१११	५३
१	०	१६	१७	११२	४९	११४	४	११५	२२	११६	४७	११८	७
१	३०	२४	१८	११९	२२	१२०	३३	१२१	४५	१२३	०	१२४	१७
२	०	३२	११	१२५	५६	१२७	०	१२८	७	१२९	१७	१३०	२५
२	३०	३९	५५	१३२	३१	१३३	२९	१३४	२९	१३५	३०	१३६	३२
३	०	४७	२८	१३९	३	१४०	००	१४०	५२	१४१	४५	१४२	४०
३	३०	५४	५१	१४५	५०	१४६	३४	१४७	१८	१४८	४	१४८	५०
४	०	६२	५	१५२	३४	१५३	१०	१५३	४७	१५४	२४	१५५	१
४	३०	६९	१२	१५९	२२	१५९	५०	१६०	१७	१६०	४६	१६१	१४
५	०	७६	११	१६६	१३	१६६	३२	१६६	५०	१६७	९	१६७	२८
५	३०	८३	७	१७३	६	१७३	१५	१७३	२५	१७३	३४	१७३	४४
६	०	९०	०	१८०	००	१८०	००	१८०	०	१८०	०	१८०	०
६	३०	९६	५३	१८६	५४	१८६	४५	१८६	३५	१८६	२६	१८६	१६
७	०	१०३	४९	१९३	४७	१९३	२८	१९३	१०	१९२	५१	१९२	३२
७	३०	११०	४८	२००	३८	२००	१०	१९९	४३	१९९	१४	१९८	४६
८	०	११७	५५	२०७	२६	२०६	५०	२०६	१३	२०५	३६	२०४	५९
८	३०	१२५	५९	२१४	१०	२१३	२६	२१२	४२	२११	५६	२११	१०
९	०	१३२	३२	२२०	५१	२२०	००	२१९	८	२१८	१५	२१७	२०
९	३०	१४०	५	२२७	२९	२२६	३१	२२५	३१	२२४	३०	२२३	२८
१०	००	१४७	४९	२३४	४	२३३	०	२३१	५३	२३०	४५	२२९	३५
१०	३०	१५५	४२	२४०	३८	२३९	२७	२३८	१५	२३७	०	२३५	४३
११	०	१६३	४३	२४७	११	२४५	५६	२४४	३८	२४३	१७	२४१	५३
११	३०	१७१	५०	२५३	४६	२५२	२६	२५१	३	२४९	३६	२४८	७
१२	०	१८०	००	२६०	२५	२५९	३	२५७	३४	२५६	३	२५४	२६

साम्पातिक काल		सभी स्थलों के लिए दशम		अंक्षाश २३° (उ.) लग्न		अंक्षाश २६° (उ.) लग्न		अंक्षाश २९° (उ.) लग्न		अंक्षाश ३२° (उ.) लग्न		अंक्षाश ३५° (उ.) लग्न	
घं.	मि.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.	अं.	क.
१२	०	१८०	००	२६०	२५	२५९	१	२५७	३४	२५६	३	२५४	२६
१२	३०	१८८	१०	२६७	१०	२६५	४३	२६४	१२	२६२	३६	२६०	५४
१३	०	१९६	१७	२७४	३	२७२	३४	२७१	०	२६९	२१	२६७	३३
१३	३०	२०४	१८	२८१	९	२७९	३९	२७८	२	२७६	१९	२७४	१९
१४	०	२१२	११	२८८	३०	२८६	५९	२८५	२२	२८३	३६	२८१	४५
१४	३०	२१९	५५	२९६	९	२९४	४०	२९३	४	२९१	२०	२८९	२६
१५	००	२२७	२८	३०४	१०	३०२	४४	३०१	१२	२९९	२८	२९७	३८
१५	३०	२३४	५१	३१२	३३	३११	१५	३०९	४८	३०८	१३	३०६	२५
१६	०	२४२	५	३२१	२२	३२०	१३	३१८	५६	३१७	३०	३१५	५४
१६	३०	२४९	१२	३३०	३५	३२९	३९	३२८	३६	३२७	२५	३२६	४
१७	०	२५६	११	३४०	९	३३९	३०	३३८	४५	३३७	५८	३३६	५५
१७	३०	२६३	७	३५०	००	३४९	४०	३४९	१६	३४८	४९	३४८	१९
१८	०	२७०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०
१८	३०	२७६	५३	१०	०	१४	२०	१०	४४	११	११	११	४१
१९	०	२८३	४९	१९	५१	२०	३०	२१	१५	२२	६	२३	४
१९	३०	२९०	४८	२९	२४	३०	२१	३१	२४	३२	३५	३३	५६
२०	०	२९७	५५	३८	३८	३९	४७	४१	४	४२	३०	४४	६
२०	३०	३०५	९	४७	२७	४८	४५	५०	१२	५१	४७	५३	३५
२१	०	३१२	३२	५५	४०	५७	१६	५८	४८	६०	३२	६२	२२
२१	३०	३२०	५	६३	५१	६५	२०	६६	५६	६८	४०	७०	१४
२२	०	३२७	४९	७१	३०	७३	१	७४	३८	७६	२४	७८	१५
२२	३०	३३५	४२	७८	५१	८०	२१	८१	५८	८३	४१	८५	३१
२३	०	३४३	४३	८५	५६	८७	२६	८९	०	९०	३९	९२	२६
२३	३०	३५१	५०	९२	४०	९४	१७	९५	४८	९७	२४	९९	६
२४	०	०००	०	९९	३५	१००	४९	१०२	२६	१०३	५७	१०४	३४

साम्पातिककाल कोष्ठक नं. १

सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.	सन्	घं.	मि.	से.
१९७१	६	३९	०७	१९७८	६	४०	१६	१९८५	६	४१	३२	१९९२	६	३८	४७	१९९९	६	३९	५९	२००६	६	४१	११	२०१३	६	४२	२३	२०२०	६	३९	३९
१९७२	६	३८	१०	१९७९	६	३९	२२	१९८६	६	४०	३५	१९९३	६	४१	४६	२०००	६	३९	०२	२००७	६	४०	१४	२०१४	६	४१	२६	२०२१	६	४२	३८
१९७३	६	४१	१०	१९८०	६	३८	२४	१९८७	६	३९	३८	१९९४	६	४०	४९	२००१	६	४२	०१	२००८	६	३९	१७	२०१५	६	४०	२९	२०२२	६	४१	४०
१९७४	६	४०	१२	१९८१	६	४१	२३	१९८८	६	३८	४०	१९९५	६	३९	५२	२००२	६	४१	०४	२००९	६	४२	१६	२०१६	६	३९	३१	२०२३	६	४०	४३
१९७५	६	३९	१५	१९८२	६	४०	२६	१९८९	६	४१	३९	१९९६	६	३८	५४	२००३	६	४०	०७	२०१०	६	४१	१९	२०१७	६	४२	३१	२०२४	६	३९	४६
१९७६	६	३८	१७	१९८३	६	३९	२९	१९९०	६	४०	४१	१९९७	६	४१	५३	२००४	६	३९	०९	२०११	६	४०	२१	२०१८	६	४१	३३	२०२५	६	४२	४५
१९७७	६	४१	१६	१९८४	६	३८	३२	१९९१	६	३९	४४	१९९८	६	४०	५६	२००५	६	४२	०९	२०१२	६	३९	२४	२०१९	६	४०	३६	२०२६	६	४१	४८

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० २

ता.	जनवरी			फरवरी			मार्च			अप्रैल			मई			जून			जुलाई			अगस्त			सितम्बर			अक्तूबर			नवम्बर			दिसम्बर			ता.
↓	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	घं.	मि.	से.	↓
१	०	०	०	२	२	१३	३	५२	३७	५	५४	५१	७	५३	७	९	५५	२१	११	५३	३८	१३	५५	५०	१५	५८	४	१७	५६	२१	१९	५८	३४	२१	५६	५०	१
२	०	३	५७	२	६	९	३	५६	३३	५	५८	४७	७	५७	४	९	५९	१७	११	५७	३४	१३	५९	४७	१६	२	०	१८	०	१७	२०	२	३१	२२	०	४७	२
३	०	७	५३	२	१०	६	४	०	३०	६	२	४३	८	१	०	१०	३	१४	१२	१	३१	१४	३	४४	१६	५	५७	१८	४	१४	२०	६	२७	२२	४	४३	३
४	०	११	५०	२	१४	२	४	४	२६	६	६	४०	८	४	५७	१०	७	१०	१२	५	२७	१४	७	४०	१६	९	५३	१८	८	९	२०	१०	२४	२२	८	४०	४
५	०	१५	४६	२	१७	५९	४	८	२३	६	१०	३६	८	८	५३	१०	११	७	१२	९	२४	१४	११	३६	१६	१३	५०	१८	१२	७	२०	१४	२०	२२	१२	३६	५
६	०	१९	४३	२	२१	५५	४	१२	१९	६	१४	३३	८	१२	५०	१०	१५	३	१२	१३	२१	१४	१५	३३	१६	१७	४६	१८	१६	३	२०	१८	१७	२२	१६	३३	६
७	०	२३	३९	२	२५	५२	४	१६	१६	६	१८	२९	८	१६	४६	१०	१९	०	१२	१७	१७	१४	१९	२९	१६	२१	४३	१८	२०	०	२०	२२	१३	२२	२०	३०	७
८	०	२७	३६	२	२९	४८	४	२०	१२	६	२२	२६	८	२०	४३	१०	२२	५६	१२	२१	१४	१४	२३	२६	१६	२५	४०	१८	२३	५७	२०	२६	१०	२२	२४	२७	८
९	०	३१	३२	२	३३	४५	४	२४	९	६	२६	२२	८	२४	३९	१०	२६	५३	१२	२५	१०	१४	२७	२३	१६	२९	३७	१८	२७	५४	२०	३०	६	२२	२८	२३	९
१०	०	३५	२९	२	३७	४२	४	२८	५	६	३०	१९	८	२८	३६	१०	३०	४९	१२	२९	६	१४	३१	२०	१६	३३	३३	१८	३१	५०	२०	३४	३	२२	३२	२०	१०
११	०	३९	२५	२	४१	३९	४	३२	२	६	३४	१६	८	३२	३२	१०	३४	४६	१२	३३	३	१४	३५	१६	१६	३७	३०	१८	३५	४७	२०	३८	०	२२	३६	१६	११
१२	०	४३	२२	२	४५	३५	४	३५	५९	६	३८	१३	८	३६	२९	१०	३८	४२	१२	३६	५९	१४	३९	१३	१६	४१	२६	१८	३९	४३	२०	४१	५६	२२	४०	१३	१२
१३	०	४७	१८	२	४९	३२	४	३९	५६	६	४२	९	८	४०	२५	१०	४२	३९	१२	४०	५६	१४	४३	९	१६	४५	२३	१८	४३	४०	२०	४५	५२	२२	४४	९	१३
१४	०	५१	१५	२	५३	२८	४	४३	५२	६	४६	६	८	४४	४२	१०	४६	३५	१२	४४	५२	१४	४७	६	१६	४९	१९	१८	४७	३७	२०	४९	४९	२२	४८	६	१४
१५	०	५५	१२	२	५७	२५	४	४७	४९	६	५०	२	८	४८	१८	१०	५०	३२	१२	४८	४९	१४	५१	२	१६	५३	१६	१८	५१	३३	२०	५३	४५	२२	५२	२	१५
१६	०	५९	८	३	१	२१	४	५१	४५	६	५३	५९	८	५२	१५	१०	५४	२८	१२	५२	४५	१४	५४	५९	१६	५७	१२	१८	५५	३०	२०	५७	४२	२२	५५	५९	१६
१७	१	३	४	३	५	१८	४	५५	४२	६	५७	५५	८	५६	११	१०	५८	२५	१२	५६	४२	१४	५८	५५	१७	१	९	१८	५९	२६	२१	१	३९	२२	५९	५६	१७
१८	१	७	१	३	९	१४	४	५९	३८	७	१	५२	९	०	८	११	२	२१	१३	०	३८	१५	२	५२	१७	५	५	१९	३	२२	२१	५	३६	२३	३	५३	१८
१९	१	१०	५७	३	१३	११	५	३	३५	७	५	४८	९	४	४	११	६	१८	१३	४	३५	१५	६	४८	१७	९	२	१९	७	१९	२१	९	३२	२३	७	४९	१९
२०	१	१४	५४	३	१७	८	५	७	३१	७	९	४५	९	८	१	११	१०	१५	१३	८	३२	१५	१०	४५	१७	१२	५८	१९	११	१५	२१	१३	२९	२३	११	४६	२०
२१	१	१८	५१	३	२१	५	५	११	२८	७	१३	४१	९	११	५८	११	१४	१२	१३	१२	२९	१५	१४	४१	१७	१६	५५	१९	१५	१२	२१	१७	२५	२३	१५	४२	२१
२२	१	२२	४८	३	२५	१	५	१५	२५	७	१७	३८	९	१५	५५	११	१८	८	१३	१६	२५	१५	१८	३८	१७	२०	५१	१९	१९	८	२१	२१	२२	२३	१९	३९	२२
२३	१	२६	४४	३	२८	५८	५	१९	२२	७	२१	३४	९	१९	५१	११	२२	५	१३	२०	२२	१५	२२	३४	१७	२४	४८	१९	२३	५	२१	२५	१८	२३	२३	३५	२३
२४	१	३०	४१	३	३२	५४	५	२३	१८	७	२५	३१	९	२३	४८	११	२६	१	१३	२४	१८	१५	२६	३१	१७	२८	४४	१९	२७	१	२१	२९	१५	२३	२७	३२	२४
२५	१	३४	३७	३	३६	५१	५	२७	१५	७	२९	२८	९	२७	४४	११	२९	५८	१३	२८	१५	१५	३०	२७	१७	३२	४१	१९	३०	५८	२१	३३	११	२३	३१	२८	२५
२६	१	३८	३४	३	४०	४७	५	३१	११	७	३३	२४	९	३१	४१	११	३३	५४	१३	३२	११	१५	३४	२४	१७	३६	३७	१९	३४	५४	२१	३७	८	२३	३५	२५	२६
२७	१	४२	३०	३	४४	४४	५	३५	८	७	३७	२०	९	३५	३७	११	३७	५१	१३	३६	८	१५	३८	२०	१७	४०	३४	१९	३८	५१	२१	४१	४	२३	३९	२१	२७
२८	१	४६	२७	३	४८	४०	५	३९	५	७	४१	१७	९	३९	३४	११	४१	४७	१३	४०	४	१५	४२	१७	१७	४४	३१	१९	४२	४८	२१	४५	१	२३	४३	१८	२८
२९	१	५०	२३	३	५२	३७	५	४३	१	७	४५	१३	९	४३	३०	११	४५	४४	१३	४४	१	१५	४६	१४	१७	४८	२८	१९	४६	४५	२१	४८	५७	२३	[illegible]	१४	२९
३०	१	५४	२०				५	४६	५८	७	४९	१०	९	४७	२७	११	४९	४१	१३	४८	५७	१५	५०	११	१७	५२	२४	१९	५०	४१	२१	५२	५४	२३	५१	११	३०
३१	१	५८	१६				५	५०	५४				९	५१	२४				१३	५१	५४	१५	५४	७				१९	५४	३८				२३	५५	७	३१
																																		२३	५९	३	३२

लीप इयर हो तो केवल फरवरी के बाद के महीनों में अभीष्ट तारीख में एक जोड़ कर कोष्ठक नं० २ को प्रयोग में लाइए ।

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ३

रेखांश	०°	पू.२०°	पू.४०°	पू.६०°	पू.८०°	पू.१००°	पू.१२०°	पू.१४०°	पू.१६०°
संस्कार सेकण्ड	+५०	+३७	+२४	+११	-२	-१५	-२८	-४१	-५४
रेखांश	१८०°	प.१६०°	प.१४०°	प.१२०°	प.१००°	प.८०°	प.६०°	प.४०°	प.२०°
संस्कार सेकण्ड	-६७/+१६९	+१५६	+१४३	+१२९	+११६	+१०३	+८९	+७७	+६३

साम्पातिक काल कोष्ठक नं० ४

मि.	०	५	१०	१५	२०	२५	३०	३५	४०	४५	५०	५
घं.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से.	मि. से
०	० ००	० १	० २	० २	० ३	० ४	० ५	० ६	० ७	० ७	० ८	० ९
१	० १०	० ११	० ११	० १२	० १३	० १४	० १५	० १६	० १६	० १७	० १८	० १९
२	० २०	० २१	० २१	० २२	० २३	० २४	० २५	० २५	० २६	० २७	० २८	० २९
३	० ३०	० ३०	० ३१	० ३२	० ३३	० ३४	० ३४	० ३५	० ३६	० ३७	० ३८	० ३९
४	० ३९	० ४०	० ४१	० ४२	० ४३	० ४४	० ४४	० ४५	० ४६	० ४७	० ४८	० ४८
५	- ४९	० ५०	० ५१	० ५२	० ५३	० ५३	० ५४	० ५५	० ५६	० ५७	० ५७	० ५८
६	० ५९	१ ००	१ १	१ २	१ २	१ ३	१ ४	१ ५	१ ६	१ ७	१ ७	१ ८
७	१ ९	१ १०	१ ११	१ ११	१ १२	१ १३	१ १४	१ १५	१ १६	१ १६	१ १७	१ १८
८	१ १९	१ २०	१ २०	१ २१	१ २२	१ २३	१ २४	१ २५	१ २५	१ २६	१ २७	१ २८
९	१ २९	१ ३०	१ ३०	१ ३१	१ ३२	१ ३३	१ ३४	१ ३४	१ ३५	१ ३६	१ ३७	१ ३८
१०	१ ३९	१ ३९	१ ४०	१ ४१	१ ४२	१ ४३	१ ४३	१ ४४	१ ४५	१ ४६	१ ४७	१ ४८
११	१ ४८	१ ४९	१ ५०	१ ५१	१ ५२	१ ५३	१ ५३	१ ५४	१ ५५	१ ५६	१ ५७	१ ५७
१२	१ ५८	१ ५९	२ ०	२ १	२ २	२ २	२ ३	२ ४	२ ५	२ ६	२ ६	२ ७
१३	२ ८	२ ९	२ १०	२ ११	२ ११	२ १२	२ १३	२ १४	२ १५	२ १६	२ १६	२ १७
१४	२ १८	२ १९	२ २०	२ २०	२ २१	२ २२	२ २३	२ २४	२ २५	२ २५	२ २६	२ २७
१५	२ २८	२ २९	२ २९	२ ३०	२ ३१	२ ३२	२ ३३	२ ३४	२ ३४	२ ३५	२ ३६	२ ३७
१६	२ ३८	२ ३९	२ ३९	२ ४०	२ ४१	२ ४२	२ ४३	२ ४३	२ ४४	२ ४५	२ ४६	२ ४७
१७	२ ४८	२ ४८	२ ४९	२ ५०	२ ५१	२ ५२	२ ५२	२ ५३	२ ५४	२ ५५	२ ५६	२ ५७
१८	२ ५७	२ ५८	२ ५९	३ ०	३ १	३ २	३ २	३ ३	३ ४	३ ५	३ ६	३ ६
१९	३ ७	३ ८	३ ९	३ १०	३ ११	३ ११	३ १२	३ १३	३ १४	३ १५	३ १५	३ १६
२०	३ १७	३ १८	३ १९	३ २०	३ २०	३ २१	३ २२	३ २३	३ २४	३ २५	३ २५	३ २६
२१	३ २७	३ २८	३ २९	३ २९	३ ३०	३ ३१	३ ३२	३ ३३	३ ३४	३ ३४	३ ३५	३ ३६
२२	३ ३७	३ ३८	३ ३८	३ ३९	३ ४०	३ ४१	३ ४२	३ ४३	३ ४३	३ ४४	३ ४५	३ ४६
२३	३ ४७	३ ४८	३ ४८	३ ४९	३ ५०	३ ५१	३ ५२	३ ५२	३ ५३	३ ५४	३ ५५	३ ५६

अयनांश सारणी नं० १

ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश	ई. सन्	अयनांश
	अं. क. वि.		अं. क. वि.		अं. क. वि.
१९५१	२३ १० २१	१९७५	२३ ३० २८	१९९९	२३ ५० ३४
१९५२	२३ ११ १२	१९७६	२३ ३१ १७	२०००	२३ ५१ २४
१९५३	२३ १२ ०२	१९७७	२३ ३२ ०८	२००१	२३ ५२ १५
१९५४	२३ १२ ५२	१९७८	२३ ३२ ५९	२००२	२३ ५३ ०५
१९५५	२३ १३ ४२	१९७९	२३ ३३ ४९	२००३	२३ ५३ ५५
१९५६	२३ १४ ३३	१९८०	२३ ३४ ३९	२००४	२३ ५४ ४६
१९५७	२३ १५ २३	१९८१	२३ ३५ २९	२००५	२३ ५५ ३६
१९५८	२३ १६ १३	१९८२	२३ ३६ २०	२००६	२३ ५६ २६
१९५९	२३ १७ ०३	१९८३	२३ ३७ १०	२००७	२३ ५७ १७
१९६०	२३ १७ ५४	१९८४	२३ ३८ ००	२००८	२३ ५८ ०७
१९६१	२३ १८ ४४	१९८५	२३ ३८ ५१	२००९	२३ ५८ ५७
१९६२	२३ १९ ३५	१९८६	२३ ३९ ४१	२०१०	२३ ५९ ४८
१९६३	२३ २० २५	१९८७	२३ ४० ३१	२०११	२४ ०० ३८
१९६४	२३ २१ १५	१९८८	२३ ४१ २१	२०१२	२४ ०१ २८
१९६५	२३ २२ ०५	१९८९	२३ ४२ १२	२०१३	२४ ०२ १८
१९६६	२३ २२ ५५	१९९०	२३ ४३ ०२	२०१४	२४ ०३ ०९
१९६७	२३ २३ ४६	१९९१	२३ ४३ ५२	२०१५	२४ ०३ ५९
१९६८	२३ २४ ३६	१९९२	२३ ४४ ४२	२०१६	२४ ०४ ४९
१९६९	२३ २५ २६	१९९३	२३ ४५ ३३	२०१७	२४ ०५ ४०
१९७०	२३ २६ १६	१९९४	२३ ४६ २३	२०१८	२४ ०६ ३०
१९७१	२३ २७ ०७	१९९५	२३ ४७ १३	२०१९	२४ ०७ २०
१९७२	२३ २७ ५७	१९९६	२३ ४८ ०३	२०२०	२४ ०८ १०
१९७३	२३ २८ ४७	१९९७	२३ ४८ ५४	२०२१	२४ ०९ ०१
१९७४	२३ २९ ३७	१९९८	२३ ४९ ४४	२०२२	२४ ०९ ५१

अयनांश सारणी नं. २

तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८	तारीख	१	४	७	१०	१३	१६	१९	२२	२५	२८
	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.		वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.	वि.
जनवरी	०	१	१	१	२	२	३	३	३	४	जुलाई	२५	२५	२६	२६	२७	२७	२८	२८	२८	२९
फरवरी	४	५	५	६	६	६	७	७	८	८	अगस्त	२९	३०	३०	३१	३१	३१	३२	३२	३३	३३
मार्च	८	९	९	१०	१०	१०	११	११	१२	१२	सितम्बर	३४	३४	३४	३५	३५	३६	३६	३६	३७	३७
अप्रैल	१३	१३	१३	१४	१४	१५	१५	१५	१६	१६	अक्तूबर	३८	३८	३९	३९	३९	४०	४०	४१	४१	४१
मई	१७	१७	१७	१८	१८	१९	१९	२०	२०	२०	नवम्बर	४२	४२	४३	४३	४४	४४	४४	४५	४५	४६
जून	२१	२१	२२	२२	२३	२३	२३	२४	२४	२५	दिसम्बर	४६	४७	४७	४७	४८	४८	४९	४९	४९	५०

महर्षि–पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञान–चक्र

महर्षि–पराशरोक्त विंशोत्तरी महादशान्तर्दशा ज्ञान–चक्र

सूर्यदशा वर्ष ६ एक घड़ी में ३६ दिन	चंद्रदशा वर्ष १० एक घड़ी में ६० दिन	भौम दशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	राहु दशा वर्ष १८ एक घड़ी में १०८ दिन	गुरु दशा वर्ष १६ एक घड़ी में ९६ दिन	शनिदशा वर्ष १९ एक घड़ी में ११४ दिन	बुधदशा वर्ष १७ एक घड़ी में १०२ दिन	केतुदशा वर्ष ७ एक घड़ी में ४२ दिन	शुक्रदशा वर्ष २० एक घड़ी में १२० दिन
कृ. उ.फा. उ.षा.	रो. ह. श्रव.	मृ. चि. ध.	आर्द्रा स्वा. श.	पुन. वि. पू.भा.	पु. अनु. उ.भा.	आश्ले. ज्ये. रे.	म. मू. अश्वि.	पू.फा. पूषा. भ.
तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्	तन्मध्येऽन्तरम्
ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.	ग्र. व. मा. दि.
र. ० ३ १८	चं. ० १० ०	मं. ० ४ २७	रा. २ ८ १२	बृ. २ १ १८	श. ३ ० ३	बु. २ ४ २७	के. ० ४ २७	शु. ३ ४ ०
चं. ० ६ ०	मं. ० ७ ०	रा. १ ० १८	बृ. २ ४ २४	श. २ ६ १२	बु. २ ८ ९	के. ० ११ २७	शु. १ २ ०	र. १ ० ०
मं. ० ४ ६	रा. १ ६ ०	बृ. ० ११ ६	श. २ १० ६	बु. २ ३ ६	के. १ १ ९	शु. २ १० ०	र. ० ४ ६	चं. १ ८ ०
रा. ० १० २४	बृ. १ ४ ०	श. १ १ ९	बु. २ ६ १८	के. ० ११ ६	शु. ३ २ ०	र. ० १० ६	चं. ० ७ ०	मं. १ २ ०
बृ. ० ९ १८	श. १ ७ ०	बु. ० ११ २७	के. १ ० १८	शु. २ ८ ०	र. ० ११ १२	चं. १ ५ ०	मं. ० ४ २७	रा. ३ ० ०
श. ० ११ १२	बु. १ ५ ०	के. ० ४ २७	शु. ३ ० ०	र. ० ९ १८	चं. १ ७ ०	मं. ० ११ २७	रा. १ ० १८	बृ. २ ८ ०
बु. ० १० ६	के. ० ७ ०	शु. १ २ ०	र. ० १० २४	चं. १ ४ ०	मं. १ १ ९	रा. २ ६ १८	बृ. ० ११ ६	श. ३ २ ०
के. ० ४ ६	शु. १ ८ ०	र. ० ४ ६	चं. १ ६ ०	मं. ० ११ ०६	रा. २ १० ६	बृ. २ ३ ६	श. १ १ ९	बु. २ १० ०
शु. १ ० ०	र. ० ६ ०	चं. ० ७ ०	मं. १ ० १८	रा. २ ४ २४	बृ. २ ६ १२	श. २ ८ ९	बु. ० ११ २७	के. १ २ ०

शिवोक्त योगिनी–दशाऽन्तर्दशा ज्ञानार्थ चक्र

मंगला व. १	पिंगला व. २	धान्या व. ३	भ्रामरी व. ४	भद्रा व. ५	उल्का व. ६	सिद्धा व. ७	संकटा व. ८	दशा तथा वर्ष
चन्द्र	सूर्य	गुरु	मंगल	बुध	शनि	शुक्र	केतु	दशेश ग्रह
आर्द्रा चि. श्रव.	पुन. स्वा. ध.	पुष्य वि. श.	अश्वि आश्ले अनु पूभा	भ. म. ज्ये. उ.भा.	कृ. पू.फा. मू. रे.	रो. उ.फा. पू.षा.	मृ. ह. उ.षा.	जन्म नक्षत्र
मं. ० १०	पिं. १ १०	धा. ३ ०	भ्रा. ५ १०	भ. ८ १०	उ. १२ ०	सि. १६ १०	सं. २१ १०	अन्तर्दशा के मास, दिन
पिं. ० २०	धा. २ ०	भ्रा. ४ ०	भ. ६ २०	उ. १० ०	सि. १४ ०	सं. १८ २०	मं. २ २०	
धा. १ ०	भ्रा. २ २०	भ. ५ ०	उ. ८ ०	सि. ११ २०	सं. १६ ०	मं. २ १०	पिं. ५ १०	
भ्रा. १ १०	भ. ३ १०	उ. ६ ०	सि. ९ १०	सं. १३ १०	मं. २ ०	पिं. ४ २०	धा. ८ ०	
भ. १ २०	उ. ४ ०	सि. ७ ०	सं. १० २०	मं. १ २०	पिं. ४ ०	धा. ७ ०	भ्रा. १० २०	
उ. २ ०	सि. ४ २०	सं. ८ ०	मं. १ १०	पिं ३ १०	धा. ६ ०	भ्रा. ९ १०	भ. १३ १०	
सि. २ १०	सं. ५ १०	मं. १ ०	पिं. २ २०	धा. ५ ०	भ्रा. ८ ०	भ. ११ २०	उ. १६ ०	
सं. २ २०	मं. ० २०	पिं. २ ०	धा. ४ ०	भ्रा. ६ २०	भ. १० ०	उ. १४ ०	सि. १८ २०	

वर्षकुण्डली में १२ भावों में स्थित ग्रहों का फल

ग्रह	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
सूर्य	चिन्ता	नृपभय	धनलाभ	हानि	कष्ट	शत्रुनाश	पीड़ा	कष्ट	धर्मनाश	सुख	धनलाभ	पीड़ा
चन्द्र	पीड़ा	धनलाभ	हर्ष	शत्रुनाश	सुख	पीड़ा	कष्ट	दुःख	भाग्योदय	विजय	धनलाभ	व्यय
भौम	ज्वर	धननाश	जय	व्यसन	दुर्गति	शत्रुनाश	स्त्रीकष्ट	पीड़ा	पुण्योदय	राज्यलाभ	धनलाभ	विरोध
बुध	सुख	धनलाभ	सुख	द्रव्यलाभ	पुत्रलाभ	कलह	धनलाभ	व्यग्रता	सुख	मानलाभ	सुखलाभ	विग्रह
गुरु	सुख	धनलाभ	जय	वाहनलाभ	पुत्रलाभ	कष्ट	सुख	रोग	धर्मलाभ	राज्यलाभ	धनलाभ	शोक
शुक्र	मानप्राप्ति	धनप्राप्ति	कीर्तिलाभ	सुखलाभ	धनलाभ	शत्रुभीति	स्त्रीसुख	कष्ट	धर्मोदय	मानलाभ	धनलाभ	व्यय
शनि	वायुरोग	पीड़ा	धनलाभ	दुःख	पुत्रप्राप्ति	जय	स्त्रीकष्ट	रोग	भाग्यहानि	धनहानि	धनलाभ	चिन्ता
राहु	सिरदर्द	राजभय	सुख	दुःख	बुद्धिनाश	शत्रुनाश	रोगभय	दुःख	हानि	विजय	सुखलाभ	व्याधि
केतु	चिन्ता	क्लेश	आरोग्य	राजभय	दुर्बुद्धि	सुख	क्लेश	पीड़ा	भाग्यनाश	धनलाभ	लाभ	शोक
मुन्था	सुख	यश, अर्थ	पुष्टि	दुःख	सुखप्राप्ति	कष्ट	व्यसन	दुःख	भाग्योदय	राज्यप्राप्ति	लाभ	कष्ट

दशा का भुक्तभोग्य

गत नक्षत्र की घट्यादि को ६० में से घटाकर इष्ट–घटीपल जोड़ने से भयात होता है। ६० में से घटाए हुए अंकों में प्रवेश नक्षत्र के घट्यादि जोड़ने से भभोग होता है। भयात और भभोग की घटियों को ६० से गुणा कर पल बना लें। भयात के पलों को दशा के वर्षों से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध अंक वर्ष; फिर शेषांक को १२ से गुणा करें, भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध मास; फिर शेषांक को ३० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध दिन, फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों का भाग दें, लब्धांक घटी; फिर शेषांक को ६० से गुणाकर भभोग के पलों से भाग दें, लब्ध पल होंगे। यह वर्षादि दशा का भुक्त होता है। इसको दशा के वर्षों में से घटाने पर भोग्य दशा होगी।

सूर्यसिद्धान्तीय वर्षप्रवेश–सारणी

गताब्द	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	१७	१८	१९	२०	२१	२२	२३	२४	२५	२६	२७	२८	२९	३०	३१	३२	३३	३४	३५	३६	३७	३८	३९	४०	४१	४२	४३	४४	४५	४६	४७	४८	४९	५०
वार	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	१५	३१	४६	२	१७	३३	४८	४	१९	३५	५०	६	२१	३७	५२	८	२३	३९	५४	१०	२६	४१	५७	१२	२८	४३	५९	१४	३०	४५	१	१६	३२	४७	३	१८	३४	४९	५	२१	३६	५२	७	२३	३८	५४	९	२५	४०	५६
पल	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

गताब्द	५१	५२	५३	५४	५५	५६	५७	५८	५९	६०	६१	६२	६३	६४	६५	६६	६७	६८	६९	७०	७१	७२	७३	७४	७५	७६	७७	७८	७९	८०	८१	८२	८३	८४	८५	८६	८७	८८	८९	९०	९१	९२	९३	९४	९५	९६	९७	९८	९९	१००
वार	१	२	३	४	६	०	१	३	४	५	६	१	२	३	४	६	०	१	२	४	५	६	०	२	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	०	१	२	३	५	६	०	१	३	४	५	६
घटी	११	२७	४२	५८	१३	२९	४४	०	१५	३१	४७	२	१८	३३	४९	४	२०	३५	५१	६	२२	३७	५३	८	२४	३९	५५	१०	२६	४२	५७	१३	२८	४४	५९	१५	३०	४६	१	१७	३२	४८	३	१९	३४	५०	५	२१	३६	५२
पल	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०	१	३३	४	३६	७	३९	१०	४२	१३	४५	१६	४८	१९	५१	२२	५४	२५	५७	२८	०	३१	३	३४	६	३७	९	४०	१२	४३	१५	४६	१८	४९	२१	५२	२४	५५	२७	५८	३०
विपल	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०	३०	०

सूचना– वेधसिद्ध वर्षमान सूर्य सिद्धान्तीय वर्षमान से ८.५पल कम है। अतः सूक्ष्म–वर्षप्रवेशकालिक इष्ट निकालने के लिए गताब्दो को ८.५ से गुणा करके पलात्मक फल को सारणी से साधित इष्ट मे से घटा देना चाहिए। यही सूक्ष्म–वर्ष मानानुसारी इष्ट होगा, चाहो तो इस इष्ट पर भी फल अनुभव करें।

वर्षफलसाधन–प्रकारः– (१) अभीष्ट संवत् (जिस संवत् का वर्ष निकालना हो) मे से जन्म समय का संवत् हीन करने से जो शेष बचे उसे गतवर्ष, (गताब्द) जाने। स्मरण रहे, कि– मेषार्कप्रवेश से प्रथम और चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अनतर का यदि वर्ष करना हो तो पिछले संवत् से करना होगा– **वर्षायनर्तुयुगपूर्वकमत्र सौरात्–** इस प्रकार गताब्द निकालकर उसी गताब्द अंक के नीचे सारणी मे जो वारादि अक है, उनमें जन्म का वार, इष्ट, घडी, पल जोड़ने से वर्षप्रवेशकालिक वारादि इष्ट ज्ञात हो जाता है। यदि नीचे घट्यादि अंक साठ से अधिक हों तो ६० का भाग देने से लब्धांक को ऊपर युक्त करते जाना। ऊपर से वारांक में सात से अधिक आ जाए तो सात का भाग देकर लब्ध त्याग देने से शेष को वर्षप्रवेश समय का स्पष्ट वारादि इष्ट समझें।

(२) जिस दिन जन्म समय के स्पष्ट सूर्यतुल्य वर्ष मे सूर्य मिले, उसी दिन वर्षप्रवेश जानना। प्रविष्टो के अनुसार कभी–कभी वार नहीं मिलता। वहां पर गणितागत वार को ठीक जाने। इस इष्ट के अनुसार स्वदेशीय लग्नसारणी से लग्नसाधन करके वर्षकुण्डली लगाएं।

मुन्थानयनप्रकार– गताब्दसंख्या में जन्मलग्न जोडकर उसमें १२ का भाग देना, जो शेष बचे उसे मुन्था जाने। यह मुन्था प्रति दिन पांच कला चलती है।

मुद्दा दशा– गत वर्ष में जन्मनक्षत्र जोड़कर, उसमे से दो घटाएं, ९ का भाग देने से जो शेष बचे उसे दशा समझें। १ शेष से सूर्य, २ से चन्द्रमा, ३ से मंगल, ४ से राहु, ५ से गुरु, ६ से शनि, ७ से बुध, ८ से केतु, और ९ शेष से शुक्र की दशा जाने।

दशा के दिन– सूर्य के १८ दिन, चन्द्रमा के ३०, मंगल २१, राहु ५४, गुरु ४८, शनि ५७, बुध ५१, केतु २१, शुक्र ६० – ये दशा के दिन हैं।

हर्ष स्थान बल– सूर्य वर्ष लग्न से ९, चन्द्रमा ३, मंगल ६, बुध १, गुरु ११वें, शुक्र ५वें और शनि १२ वें स्थान में हो तो ५ हर्ष बल देते हैं।

स्वोच्च बल– सू १।५, चं. २।४, मं. १।८।१०, बुध ३।६, गुरु ९।१२।४, शु २।७।१२ तथा श. १०।११ ७ राशियों में ५ बल देते हैं।

पुरुषस्त्री–ग्रह–बल– स्त्रीग्रह (चं.बु.शु.श) १।२।३।७।८।९ और पुरुष ग्रह (सू.,मं.,बृ.) ४।५।६।१०।११।१२वें स्थानों में ५ बल देते हैं। **दिनरात्रि बल–**दिन के वर्षेष्ट मे पुरुषग्रह ५ बल देते हैं और रात्रि के इष्ट में स्त्रीग्रह ५ बल देते हैं।

त्रिराशिपति चक्र

राशि→	मे.	वृ.	मि.	क.	सि.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
दिनलग्नपति→	सू.	शु.	श.	शु.	गु.	चं.	बु.	मं.	श.	मं.	गु..	चं.
रात्रिलग्नपति→	गु.	चं.	बु.	मं.	सू.	शु.	श.	शु.	श.	मं.	गु.	चं.

वर्ष में दृष्टि–ज्ञान और फल

∴ वर्ष में जो ग्रह जिस भाव में पड़ा हो उस भाव से ५वें, ९वें भाव को प्रत्यक्ष मित्र दृष्टि से देखता है। **फल–** कार्य में शीघ्र सफलता, सुख, प्रेम, लाभ और जिन मनुष्यों के साथ पहले शत्रुता होती है, उनसे प्रेम होता है। ∴ तीसरे ग्यारहवें गुप्त मित्र दृष्टि से देखता है। **फल–** कार्य कठिनता से एवं गुप्त भाव से सफल हो।∴ पहले, सातवें प्रत्यक्ष शत्रु दृष्टि होती है। **फल–** शत्रुता करे, मित्र से बैर, धनहानि, बनते काम को बिगडना आदि फल होते हैं।∴ ४–१०वें गुप्तशत्रु दृष्टि से देखता है। **फल–** कार्य बड़ी कठिनता से सफल हो, गुप्तरूप से शत्रु भी उत्पन्न होते हैं।

अथ वर्षेश निर्णयः– जन्म लग्नेश १, वर्ष लग्नेश २, मुन्थेश ३, त्रैराशीश ४, समयेश ५ (दिन मे वर्ष प्रवेश हो तो सूर्य जिस राशि पर हो उस राशि का स्वामी और रात्रि में हो तो चन्द्रराशि का स्वामी समयेश होता है।) इन पांच अधिकारियों में से जो सबसे बलवान् हो और लग्न को देखे वह वर्षेश होता है। यदि पांचो मे से कोई भी लग्न को न देखता हो तो उन में से जो अधिक बलवान् हो वही वर्षेश्वर होगा। कई ग्रहों का बल समान हों तो जिसकी लग्न पर अधिक दृष्टि हो वह और बल, दृष्टि, अधिकार– तीनों समान हों तो मुन्थेश ही वर्षेश हो। यदि चन्द्रमा वर्षेश प्राप्त हो तो जिससे वह इत्थशाल करे या जिसकी राशि में बैठा हो वही वर्षेश हो। **फल–** वर्षेश ६।८।१२ वें व अस्तंगत, हीनबली हो तो वर्ष में दुःख, शोक, चिन्ता, भयविशेष होगा। यदि बलिष्ठ होकर शुभ स्थान में सुयोग के साथ बैठा हो तो वर्ष मे सुखैश्वर्य की वृद्धि हो।

वर्ष में तबदीली का योग– वर्षकुण्डली में लग्नेश– तृतीयेश वा चतुर्थेश–नवमेश एक घर मे हों या एक–दूसरे को मित्रदृष्टि से देखें तो उस वर्ष तबदीली होगी। अगर वर्षलग्नेश वक्री हो और वह मित्रग्रह से दृष्ट हो तो भी तबदीली का योग बनेगा।

सूक्ष्म, शुद्ध वर्षमान के अनुसार वर्षप्रवेशकाल

वेध द्वारा यह सिद्ध हो चुका है कि– सूर्यसिद्धान्तीय वर्षमान वास्तविक (शुद्ध) वर्षमान से १/२ मिनट अधिक है। शुद्ध वर्षफल बनाने के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल का होना आवश्यक है। हम यहां "सूक्ष्म वर्ष–प्रवेश–सारणी" दे रहे हैं। जो दैवज्ञ वर्षफल के लिए सूक्ष्म वर्षप्रवेशकाल जानना चाहते हैं, उन्हें इसी सारणी का प्रयोग करना चाहिए।

इस सारणी में घं. मि. का प्रयोग है, अतः इससे वर्षप्रवेशकाल जानने के लिए जातक के जन्म का स्टैं. टा. ही यहां प्रयोग में लाना होगा। जैसे– मान लीजिए, किसी व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेशकाल जानना है। उस व्यक्ति के जन्म का वार चन्द्र और जन्मकाल (भा. स्टैं. टा.) ८घं. २०मि. (प्रातः) है। उसके वारादि जन्मकाल (2 वा. 8 घं. 20 मि.) में सारणी से गताब्द 9 द्वारा प्राप्त वारादि काल 4 वा. 7 घं. 22 मि. जोड़ने पर 6 वा. 15 घं. 42 मि. मिले। इसका अर्थ हुआ कि इस व्यक्ति के दसवें वर्ष का प्रवेश शुक्रवार को 15 घं. 42 मि. (भा. स्टैं. टा.) पर होगा।

ध्यान रहे– इस सारणी के प्रयोग से प्राप्त वार रात्रि के 12 बजे बदलने वाला होगा। अतः यहां प्रयोग में लाया जाने वाला जन्मकालिक वार भी इसी प्रकार होना चाहिए।

सूक्ष्म वर्षप्रवेश सारणी

गताब्द	वार घ. मि.	गताब्द	वार घ. मि	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घ. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.	गताब्द	वार घं. मि.
१	१/६/९	१३	२/७/५९	२५	३/९/४९	३७	४/११/३९	४९	५/१३/२९	६१	६/१५/१९	७३	०/१७/९	८५	१/१८/५९	९७	२/२०/४९	१०९	३/२२/३९
२	२/१२/१८	१४	३/१४/८	२६	४/१५/५८	३८	५/१७/४८	५०	६/१९/३८	६२	०/२१/२८	७४	१/२३/१८	८६	३/१/८	९८	४/२/५८	११०	५/४/४८
३	३/१८/२७	१५	४/२०/१७	२७	५/२२/७	३९	६/२३/५७	५१	१/१/४७	६३	२/३/३७	७५	३/५/२७	८७	४/७/१७	९९	५/९/७	१११	६/१०/५७
४	५/०/३७	१६	६/२/२७	२८	०/४/१६	४०	१/६/६	५२	२/७/५६	६४	३/९/४६	७६	४/११/३६	८८	५/१३/२६	१००	६/१५/१६	११२	०/१७/६
५	६/६/४६	१७	०/८/३६	२९	१/१०/२६	४१	२/१२/१६	५३	३/१४/०६	६५	४/१५/५६	७७	५/१७/४५	८९	६/१९/३५	१०१	०/२१/२५	११३	१/२३/१५
६	०/१२/५५	१८	१/१४/४५	३०	२/१६/३५	४२	३/१८/२५	५४	४/२०/१५	६६	५/२२/५	७८	६/२३/५५	९०	१/१/४५	१०२	२/३/३४	११४	३/५/२४
७	१/१९/०४	१९	२/२०/५४	३१	३/२२/४४	४३	५/०/३४	५५	६/२/२४	६७	०/४/१४	७९	१/६/४	९१	२/७/५४	१०३	३/९/४४	११५	४/११/३४
८	३/१/१३	२०	४/३/३	३२	५/४/५३	४४	६/६/४३	५६	०/८/३३	६८	१/१०/२३	८०	२/१२/१३	९२	३/१४/३	१०४	४/१५/५३	११६	५/१७/४३
९	४/७/२२	२१	५/९/१२	३३	६/११/२	४५	०/१२/५२	५७	१/१४/४२	६९	२/१६/३२	८१	३/१८/२२	९३	४/२०/१२	१०५	५/२२/२	११७	६/२३/५२
१०	५/१३/३२	२२	६/१५/२२	३४	०/१७/११	४६	१/१९/१	५८	२/२०/५१	७०	३/२२/४१	८२	५/०/३१	९४	६/२/२१	१०६	०/४/११	११८	१/६/१
११	६/१९/४१	२३	०/२१/३१	३५	१/२३/२१	४७	३/१/११	५९	४/०३/१	७१	५/४/५०	८३	६/६/४०	९५	०/८/३०	१०७	१/१०/२०	११९	२/१२/१०
१२	१/१/५०	२४	२/३/४०	३६	३/५/३०	४८	४/७/२०	६०	५/९/१०	७२	६/११/०	८४	०/१२/५०	९६	१/१४/४०	१०८	२/१६/२९	१२०	३/१८/१९

वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए।

जिस प्रकार जातक का जन्म जिस स्थान पर होता है उसी स्थान के अक्षांश–रेखांशानुसार ही लग्न का निर्णय किया जाता है, ठीक उसी प्रकार वर्षप्रवेश के समय जातक जिस स्थान पर हो उसी स्थान के अक्षांश–रेखांशानुसार ही वर्षप्रवेश का लग्न होना चाहिए, क्योंकि वर्ष प्रवेश भी जातक का एक 'उपजन्म' ही है। इस प्रकार न्यूयार्क (अमेरिका) में जन्म लेने वाला जातक यदि अपने किसी वर्ष के प्रवेश के समय दिल्ली (भारत) में मौजूद है तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न दिल्ली के अक्षांश–रेखांशानुसार ही लगाना चाहिए। इसी तरह यदि दिल्ली में जन्म लेने वाला जातक वर्षप्रवेश के समय न्यूयार्क में हो तो उसके उस वर्ष का प्रवेशकालीन लग्न न्यूयार्क के अक्षांश–रेखांशानुसार ही होना चाहिए। क्योंकि प्राचीनकाल में अधिकतर लोग अपने जन्मस्थान को छोड़कर बहुत कम दूसरे स्थान पर जाते थे, अतः ज्योतिषी लोगों में वर्षप्रवेश के लग्न को जन्मस्थान से ही जोड़ने की परम्परा बन गई, जो तर्कसंगत नहीं है।

इस विषय को स्पष्टता से जानने के लिए 'सं. 2052 वि. के' "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृ. 41/42 पर मेरा लेख "वर्षप्रवेश का लग्न किस स्थान का होना चाहिए?" पढ़ें।

मास प्रवेशकाल

भिन्न–भिन्न राशियों में संचार करता हुआ सूर्य जब–जब जातक के जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य की अंश, कला, विकलाओं के तुल्य अंश, कला, विकलाओं पर आता है, तब–तब जातक के मासों का प्रारम्भ (मासप्रवेश) होता है। उदाहरणार्थ– यदि जातक का जन्मकालिक स्पष्ट सूर्य 2 रा. 10 अं. 25 क. 40 वि. है, तो जब जब (सूर्य) जातक की आयु के विभिन्न वर्षों में मेष आदि राशियों के 10 अं. 25 क. 40 वि. पर पहुँचेगा– इसका निर्णय सूर्य की मास–प्रवेश वाले दिन की गति और उस दिन के पंचांगस्थ दैनिक सूर्य तथा मास–प्रवेशकालिक सूर्य के अन्तर से त्रैराशिक द्वारा किया जा सकता है। (इसके लिए सं. 2050 वि. के "श्रीमार्त्तण्ड पंचांग" में पृष्ठ 41 पर दिया गया मेरा लेख "स्पष्टमान से मास–प्रवेशकाल" पढ़ें।)

–प्रियव्रत शर्मा

ग्रहशील-चक्र

रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु	ग्रहाः
३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	३/१०	०	३/१०	३/१०	एकपाददृष्टिः
५/९	५/९	५/९	५/९	०	५/९	५/९	५/९	५/९	द्विपाददृष्टिः
४/८	४/८	०	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	४/८	त्रिपाददृष्टिः
७	७	४/७/८	७	५/७/९	७	३/७/१०	७	७	सम्पूर्णदृष्टिः
चं. मं. गु.	र. बु.	र. बृ. चं.	र. रा. शु.	र. चं. मं.	बु. रा. श.	बु. रा. शु.	बु. श. शु.	बुध	मित्र–ग्रहाः
बु.	मं.श.गु.शु.	शु. श.	मं. गु. श.	रा. श.	मं. गु.	गु.	गु.	०	समग्रहाः
श. रा. शु.	रा.	बु. रा.	चं.	बु. शु.	र. चं.	र. चं. मं.	र. चं. मं.	०	शत्रुग्रहाः
मेष	वृष	मकर	कन्या	कर्क	मीन	तुला	मिथुन	धनु	उच्चराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	परमोच्चांशाः
तुला	वृश्चिक	कर्क	मीन	मकर	कन्या	मेष	धनु	मिथुन	नीचराशयः
१०	३	२८	१५	५	२७	२०	१५	१५	नीचांशाः
सिंह	कर्क	मे., वृश्चि.	मि., क.	ध., मी.	वृष, तुला	म., कुं.	कन्या	मीन	स्वगृहाणि
सिंह	वृष	मेष	कन्या	धनु	तुला	कुम्भ	कर्क	मकर	मूलत्रिकोण
क्षत्रिय	वैश्य	क्षत्रिय	शूद्र	विप्र	विप्र	शूद्र निषाद	निषाद	निषाद	वर्णः
पुरुष	स्त्री	पुरुष	नपुंसक	पुरुष	स्त्री	नपुंसक	पुरुष	पुरुष	पुरुष, स्त्री, नपुंसकः
मध्याह्न	अपराह्न	मध्याह्न	प्रभात	प्रभात	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	अपराह्न	समय
पूर्व	वायव्य	दक्षिण	उत्तर	ईशान	आग्नेय	पश्चिम	नैर्ऋत्य	नैर्ऋत्य	दिशा
सुवर्ण	रौप्य	सुवर्ण	कांस्य	सुवर्ण	रौप्य	लौह	लौह	लौह	धातु
चतुष्पद	बहुपद्	चतुष्पद	द्विपद्	द्विपद्	द्विपद्	भुजंगपद्	अपद्	अपद्	पाद
उग्र	सौम्य	उग्र	शुभ	शुभ	शुभ	पाप	पाप	पाप	सौम्यादि
सत्त्व	सत्त्व	तम	रज	सत्त्व	रज	तम	तम	तम	गुण
स्थिर	चर	चर	द्विस्व.	स्थिर	चर	पक्षी,स्थिर	चर	पक्षी	चरादि
तिक्त	क्षार	कटु	सर्वरस	मधुर	अम्ल	कषाय	कषाय	कषाय	रस
पशु	जलभू	दुग्ध	श्मशान	वाणी	जल	उत्कट	ऊषर	ऊषर	भूमि
पित्त	श्लेष्म	पित्त	समधातु	समधातु	कफशुक्र	वायु	धूम्र	वायु	पित्तादि
वृद्ध	युवा	युवा	युवा	वृद्ध	युवा	अतिवृद्ध	वृद्ध	वृद्ध	अवस्था
पाटल	गौरश्वेत	रक्त	नील	पीत	श्वेत	नील	धूम्र	धूम्र	रंग
मूल	जीव	धातु	जीव	जीव	मूल	मूल	धातु	धातु	धात्वादि
वन	जल	वन	ग्राम	ग्राम	ग्राम	सन्धि	विवर	विवर	स्थानम्

वर्ष में योगिनी के लिए जन्म-नक्षत्रसंख्या में गताब्द जोड़ें, ३ और जोड़ें, ८ से भाग दें, तो शेष मंगलादि योगिनी दशा होती है।

वर्षयोगिनीमतेन मुद्ददशा (मास–दिन)		
सं.	२	२०
सि.	२	२०
उ.	२	०
भ.	१	२०
भ्रा.	१	१०
धा.	१	०
पिं.	०	२०
मं.	०	१०

गर्भयोग–

वर्ष–कुण्डली में लग्नेश पांचवें या सातवें पड़ा हो व पंचमेश और सप्तमेश लग्न में पड़े हों तो उस वर्ष गर्भयोग होता है। मुंथेश और चन्द्रमा बली होकर पांचवें हो और पंचमेश भी बली हो तो गर्भ होता है।

जन्मपत्री न हो तो वर्ष बनाने की रीति

स्पष्ट प्रश्नलग्न की राशि को छोड़कर अंशादिक की कला करें, फिर उसमें १५० (डेढ़ सौ) का भाग दें। लब्ध, जो राश्यादि चार फल आवे उसकी राशि के अंक में प्रश्नलग्न की राशि के अंक मिलाएं। प्राप्तांक को मुन्था का स्पष्ट लग्न समझें और प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि के स्वामी को जन्मलग्नेश जानें अर्थात् पंचाधिकारियों में जन्मलग्नपति के स्थान में प्रश्नलग्न से चतुर्थराशि का स्वामी जो हो उसे लग्नेश समझिए। प्रश्नपत्र पर वर्ष बनाने में इतना ही विशेष है। अन्य सर्व रीति में कुछ न्यूनाधिक नहीं है।

अरिष्ट योग

यदि जन्मलग्न ही वर्ष लग्न हो और जन्मनक्षत्र भी वर्ष में आ जाए तो यह द्विजन्मा वर्ष अशुभ है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ न हों तो अशुभ, कष्टभय होता है। वर्ष में गुरु, चन्द्र शुभ हों तो अशुभ फल नहीं होगा।

आवश्यक मुहूर्त्त

कोई भी कार्य यदि शास्त्र–सम्मत शुभ–मुहूर्त्त में किया जाए तो वह अवश्य सफल होकर सुखप्रद होता है। गया–गोदावरी–यात्रा में, नवरात्रकृत्य में एवम् चातुर्मास्य व्रत में गुरु–शुक्रास्त का दोष नहीं होता।

गर्भाधान संस्कार का मुहूर्त्त

शुभ तिथियां– १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १२, १३। **शुभ नक्षत्र–**तीनों उत्तरा, मृ., ह., अनु., रो., स्वा., श्र., ध., श.। **शुभ लग्न–** जब लग्न और ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभग्रह हों; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; सूर्य, मंगल या गुरु लग्न को देखते हों, विषम राशि के नवांश में चन्द्रमा हो, रजोदर्शनकाल से पहली चार रात्रि छोड़ कर १६ रात्रि तक समरात्रि में गर्भ हो तो पुत्र, विषम में हो तो कन्या होती है।

चित्रा, पुन. पुष्य, अश्विनी गर्भाधान के लिए मध्यम हैं।

गर्भाधान के लिए अशुभकाल

भद्रा; ४, ६, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां; संक्रान्ति का दिन, सन्ध्याकाल, मंगल, रवि, शनिवार, रजोदर्शनकाल की पहली चार रात्रियां; ज्येष्ठा, रेवती और आश्लेषा नक्षत्रों के अन्त की दो–दो घड़ी; मूल, अश्विनी और मघा के आदि की २–२ घड़ी; ४, ८, १२ लग्नों के अन्त की आधी–आधी घड़ी; ५, ९, १ लग्नों की आधी–आधी घड़ी; ५, १, १५ तिथियों के अन्त की एक–एक घड़ी; ६, ११, १ तिथियों के आदि की एक–एक घड़ी; निर्बल तारा, जन्मनक्षत्र, मूल, भरणी, अश्विनी, रेवती, मघा नक्षत्र एवम् ग्रहण के दिन, व्यतिपात, वैधृति योग; माता–पिता के श्राद्ध का दिन; दिन का समय; परिघ योग का आधा भाग; उत्पात से हत नक्षत्र; जन्मराशि से अष्टमलग्न; पापयुक्त लग्न तथा पापाकान्त नक्षत्र गर्भाधान के लिए वर्जित है।

गर्भमासों के स्वामी

मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरु	सूर्य	चन्द्रमा	शनि	बुध	गर्भाधान समय का लग्नेश	चन्द्रमा	सूर्य

स्त्री–पुरुष के चन्द्रबल की विशेषता

गर्भाधान संस्कार में स्त्री का चन्द्रबल देखना चाहिए और अन्यकार्यों में पति का चन्द्रबल देखना चाहिए– यह सदा स्मरण रखें।

पुंसवन संस्कार का मुहूर्त्त

यह संस्कार गर्भधान के तीसरे मास में गुरु, रवि, मंगलवार को मृग., पुन., पु., ह., मू. और श्रवण नक्षत्रों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ १५ तिथियों में जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९ और १० स्थानों में शुभग्रह और ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तो शुभ होता है। तीनों उत्तरा, रोहिणी, रेवती नक्षत्र तथा सोम, बुध और शुक्रवार भी शुभ हैं।

सीमान्त संस्कार का मुहूर्त्त

गर्भाधान के छठे या आठवें मास में जब मास का स्वामी बली हो तब पुंसवन के मुहूर्त्त में निर्दिष्ट तिथियों, वारों, नक्षत्रों और लग्नों में सीमान्त शुभ होता है। **"सीमान्त जातकादीनि प्राशनान्तानि यानि वै। न दोषो मलमासस्य मौढ्यस्य गुरुशुक्रयोः।।"**

गर्भ–रक्षा के लिए विष्णुपूजा

गर्भाधान के आठवें मास में श्रवण, रोहिणी और पुष्य नक्षत्र में; शुभ लग्न, वार और तिथियों में जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध हो तब गर्भ की रक्षा के लिए विष्णु की पूजा करनी चाहिए।

मेधाजनन संस्कार

बालक के उत्पन्न होने के अनन्तर नाल काटने से पहले दाहिने हाथ की अनामिका अंगुली के अग्रभाग में सुवर्ण लगाकर सुवर्णसहित अंगुली से शहद और गौ के घी को मिलाकर **"ॐ भूस्त्वयि दधामि, ॐ भुवस्त्वयि दधामि, ॐ स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भू र्भुवः स्वस्त्वयि दधामि, ॐ भूर्भुवः स्वः सर्व त्वयि दधामि"**– इन पांचों मन्त्रों से बालक को थोड़ा–थोड़ा चार बार मधु चटावें– ऐसा करने से बालक बुद्धिमान् और यशस्वी होता है।

स्तनपान कराने व सूतिकापथ्य का मुहूर्त

रिक्ता., अमा, भद्रा, व्यतिपात एवं वैधृति को छोड़कर शुभ तिथियां हों; वार चं. बु. गु. श. हों; नक्षत्र मृग., पुन., पु., श्र., रे., म. हों– तब स्तनपान कराना शुभ है। आगे अन्नप्राशन में कही गई तिथि, नक्षत्रों में सूतिकापथ्य शुभ है।

प्रसूता स्त्री के स्नान का मुहूर्त्त

रेवती, तीनों उत्तरा, रोहिणी, मृग., ह., स्वा., अश्वि. और अनु. नक्षत्रों में; रवि, गुरु और भोम वारों में; १, २, ३, ५, ७, १०, ११, १३, १५ तिथियों में शुभ हैं। आर्द्रा, पुन., पु., श्र., म., भ., कृ., वि. मू. और चित्रा नक्षत्र तथा शनि और बुधवार त्याज्य हैं। अन्य नक्षत्र और वार मध्यम हैं।

प्रसूता स्त्री द्वारा जलपूजन का मुहूर्त्त

मास समाप्त होने पर बुध, गुरु या चन्द्रवार को ४, ९, १४, तिथियों को छोड़कर अन्य तिथियों में श्र., पुन., पु., मृ., ह., मू., अनु., नक्षत्रों में जलपूजन उत्तम है। परन्तु गुरु और शुक्र के अस्त में; चैत्र, पौष या अधिक मास में (मास पूरा होने पर भी) जलपूजन नहीं करना चाहिए।

जातकर्म और नामकरण का मुहूर्त्त

संक्रान्तिदिन, भद्रा और व्यतिपात को छोड़कर १, २, ३, ५, ७, १०, ११ १२, १३ तिथियों में जन्मकाल से ११वें या १२वें दिन सोम, बुध और शुक्रवार को मृ., रे., चि., अनु., तीनों उत्तरा, रो., ह., अश्विनी, पुष्य, अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., नक्षत्रों में, जब लग्न से १, ४, ५, ७, १० स्थानों में शुभग्रह तथा ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों तब शुभ होता है।

अथ दोला (झूला) आरोहणमुहूर्त्त

जन्म दिन से १०, १२, १६, १८, ३२वें दिन शुक्रवार में; मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि., तीनों उत्तरा, रो. नक्षत्रों में ४, ९, १४, ३० तिथियों के अलावा अन्य तिथियों में; १, ४, ७, १० लग्नों में शुभग्रह से युक्त होने पर एवं १, ४, ५, ६, ७, ९, १०, ११ वें शुभग्रह हों तथा ३, ६, ११ वें पापग्रह हो तो उत्तम होता है।

निष्क्रमण का मुहूर्त्त

स्वा., अश्वि., पुन., ह., मू., पु., अनु., श्र., रो., ध. नक्षत्रों में; भौम एवं शनि को छोड़कर अन्य वारों में, रिक्ता, अमा, भद्रादि से रहित शुभ दिन में; तीसरे, चौथे मास में शुभ है। शीघ्रता होने पर १२वें दिन बालक का निष्क्रमण करें। इसी दिन सूर्य और नक्षत्र पूजन पूर्वक सूर्य नक्षत्रों का दर्शन करा दें।

सूर्य नक्षत्र से चन्द्रनक्षत्र तक गिनें				
५	५	५	५	७
नैरोग्य	मरण	कृषता	व्याधि	सौख्य

भूम्युपवेशन–मुहूर्त्त

पांचवें महीने में पृथ्वी, वाराह का पूजन करके भौम के पूर्ण बल में तीनों उत्तरा, रो., मृग., ज्ये., अनु., अश्वि., हस्त, पुष्य, अभि– इन नक्षत्रों में, ४, ९, १४, ३०– इन तिथियों को छोड़कर स्थिर लग्न एवं शुभ दिन में बालक के करधनी का त्रिसूत्र बांधकर पृथ्वी पर बैठाएं।

भूम्युपवेशन के लिए मंत्र– " रक्षैनं वसुधे देवि सदा सर्वगतं शुभे।
आयुः प्रमाणं सकलं निक्षिपस्व हरिप्रिये।" इति।।

इसी समय बालक के सामने पुस्तक, कलम, वस्त्र, शस्त्र, स्वर्ण, चांदी, तुला आदि वस्तु रखें। जिसको बालक ग्रहण करे उससे उसकी आजीविका होती है।

अन्नप्राशन का मुहूर्त्त

जन्ममास से ६, ८, १० या १२वें मास में पुत्र का और ५, ७, ९ या ११ वें मास में कन्या का भद्रादि दोषरहित १, ३, ५, ७, १०, १३, १५ तिथियों में; सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को म., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पु., अभि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., तीनों उत्तरा, रोहिणी नक्षत्रों में; जन्मराशि या जन्मलग्न से आठवें लग्न या नवांशक तथा मेष, वृश्चिक और मीन लग्न को छोड़कर शेष लग्नों में; १, ३, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों या शुभ ग्रह की दृष्टि हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; दशम स्थान पापग्रहरहित हो; १, ६, ८ स्थान में चन्द्रमा न हो तो शुभ होता है। किसी–किसी के मत से जन्मनक्षत्र अनु., शततारिका (शतभिषा) और स्वाती अशुभ हैं।

कर्णवेध का मुहूर्त्त

चैत्र, पौष देवशयन (आषाढ़ शुक्ल ११ से कार्त्तिक शुक्ल ११ तक), जन्ममास, जन्मनक्षत्र, ४, ९, १४ तिथियां, जन्मतारा, क्षयतिथि और सम वर्षों को छोड़कर जन्म के १२वें या १६वें दिन; ६वें, ७वें, ८वें मास या विषम वर्षों में सोम, बुध, गुरु, शुक्रवार को श्र., ध., पुन., मृ., रे., चि., अनु., ह., अश्वि., पुष्य, अभि. नक्षत्रों में जब लग्न से अष्टम स्थान शुद्ध हो; १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; तुला, वृष, धनु या मीन लग्न में बृहस्पतिवार हो तो कर्णच्छेदन श्रेष्ठ है। इस संस्कार के समय पर करने से मनुष्य के हर्निया (अंत्रवृद्धि) जैसे भयानक रोग की जड़ ही कट जाती है।

कन्या के नासिकाच्छेदन का मुहूर्त्त

कर्णवेधोक्त नक्षत्रों में तथा उत्तरा ३, शत., स्वा. में शुभ तिथ्यादिक, शुक्लपक्ष में दिन के प्रथम प्रहर के समय नासिका वेध शुभ है।

मुण्डनमुहूर्त्त

गर्भाधानकाल से या जन्मकाल से विषम अर्थात् ३रे, ५वें, ७वें वर्ष में (मनु जी के मत से प्रथम वर्ष में भी) चैत्र को छोडकर उत्तरायण सूर्य में चन्द्र, बुध, गुरु और शुक्रवार, लग्न तथा नवांशक में, जन्मराशि या जन्मलग्न से अष्टम लग्न को छोड़कर; २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ तिथियों में संक्रान्तिदिन को छोडकर जब लग्न से आठवां स्थान शुद्ध (ग्रहरहित) हो; ३, ६, ११ स्थानों में पापग्रह हों; ज्ये., मृ., रे., चि., स्वा., पुन., श्र., ध., श., ह., अश्वि., पुष्य और अभिजित् नक्षत्रों में मुण्डन शुभ है।

ध्यान रहे– लड़के की माता को पांच मास का गर्भ हो तो मुण्डन निषिद्ध है, परन्तु पांच वर्ष से अधिक अवस्था के बालक के लिए निषेध नहीं है। जेठे लड़के का मुण्डन ज्येष्ठ मास में नहीं करना चाहिए।

मुण्डनकर्म में विशेष–स्वकुल–शिष्टाचारानुसार पूर्वोक्त नक्षत्र, तिथ्यादि; शुभ समय में अपने–अपने इष्टदेव के स्थानों में मुण्डन तथा कर्णवेध का होना देखा जाता है, जो **"यथा कुलधर्म वः"**– इस स्मृति के अनुसार से ठीक ही है।

क्षौर बनवाने का मुहूर्त्त

मुण्डन के लिए जो तिथियां और नक्षत्र शुभ बतलाये गए हैं वे ही हजामत बनवाने के लिए शुभ हैं– वर्जित काल–शनि, रवि, भौमवार; हजामत में नौवें दिन, संध्याकाल, ४, ८, ९, १४, १५, ३० तिथियां, संक्रान्तिदिन, रात्रि में, बिना आसन, संग्राम में, यात्रा करने के दिन, स्नान करके, शरीर में उबटन लगवाकर और भोजन के पीछे हजामत बनवाना अशुभ है।

विशेष फल– यज्ञ, विवाह, मृतककर्म में, कारागार से छूटने पर, ब्राह्मण और राजा की आज्ञा से किसी भी समय(बिना मुहूर्त्त के भी) हजामत बनवाई जा सकती है। किसी–किसी आचार्य का मत है कि जो लोग राजकार्य में नियुक्त हैं वे रूपजीवी (जैसे– नट–भांड आदि) किसी भी दिन हजामत बनवा सकते हैं।

कर्णवेध और क्षौर का वार– ब्राह्मण रविवार को,, क्षत्रिय सोमवार को, वैश्य और शूद्र शनिवार को क्षौरोक्त तिथ्यादि में हजामत बनवा सकते हैं।

अक्षरारम्भ का मुहूर्त्त

जन्म से ५वें या ७वें वर्ष में उत्तरायण सूर्य में गणेश, विष्णु, सरस्वती और लक्ष्मी का पूजन करके सोम, बुध, गुरु और शुक्रवार को हस्त, अश्वि., पुष्य, अभि., श्र., स्वा., रे., पुन., आर्द्रा, चित्रा, अनुराधा नक्षत्रों में बुरे योगों और भद्रा को छोडकर २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में (शुक्लपक्ष उत्तम) अक्षरारम्भ शुभ होता है। लग्न में मेष, कर्क तुला और मकर राशियां नहीं होनी चाहिएं।

विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

उत्तरायण में (कुम्भ के सूर्य को छोड़कर) रवि, बुध, गुरु और शुक्रवार को; २, ३, ५, ६, १०, ११, १२ तिथियों में; भ.., आर्द्रा, पुन., हस्त, चि., स्वा., श्र., ध., शत., अश्वि., म., तीनों पूर्वा, तीनों उत्तरा, रो., पुष्य, आश्ले., अनु., रेवती नक्षत्रों में; जब लग्न से १, ४, ५, ७, ९, १० स्थानों में शुभ ग्रह हों तो विद्यारम्भ शुभ है।

फारसी, अंग्रेज़ी विद्यारम्भ का मुहूर्त्त

सूर्य, भौम, शनिवार हों; ४, ९, १४ तिथि हों; ज्ये., आश्ले., म., तीनों पूर्वा, भ., कृ., वि., आर्द्रा, उ. षा., शत. नक्षत्र शुभ हैं।

सीने–पिरोने (सूचिकर्म) का मुहूर्त्त

अश्वि., पु., चि., अनु., ध. नक्षत्र; सूर्य, बुध, चन्द्र, गुरु, शनि वार एवम् १; २, ३, ४, ५, ६, ७, ८, ९ १०, ११, १३, १५ तिथियां शुभ हैं।

यज्ञोपवीत संस्कार का मुहूर्त्त

यज्ञ और उपवीत– इन दो शब्दों से यज्ञोपवीत बना है। देवताओं की पूजा, संगति (सम्मेलन या कान्फ्रेंस) और जिसमें दान हों, उसे यज्ञ कहते हैं। उपवीत का अर्थ है– पिरो देने वाला अर्थात् देवपूजा, सम्मेलन और दान के साथ पुरुष को मिला देने वाला संस्कृत (तन्तु–धागाविशेष)– यह यज्ञोपवीत का अर्थ हुआ। बालक को गुरु, चन्द्र शुद्धि देखकर जन्म से या गर्भ से **(गर्भाज्जनेर्वा इति पारस्करमन्वादीनां मते विकल्पः)** ब्राह्मण आठवें वर्ष, क्षत्रिय ११वें, वैश्य १२वें, वर्ष में करें। यदि इन वर्षों में न किया जा सके तो ब्राह्मण १६, क्षत्रिय २२ और वैश्य २५वें वर्ष तक संस्कार कर सकते हैं। उसके बाद सावित्रीपतित व्रात्य संज्ञा वाले होते हैं। माघादि पांच मासों में देवशयनी से पूर्व ह., अश्वि., पुष्य, अभि., ३ उत्तरा, रो., आश्ले., स्वा., श्र., ध., मू., मृग., रे., चि., अनु., तीनों पूर्वा, आर्द्रा वेधरहित, इन नक्षत्रों में (क्षत्रिय, वैश्यों के लिए पुनर्वसु भी ग्राह्य है) सू., चं., बु., (बुधास्त हो तो बुधवार त्याज्य) श., गुरुवार को शुक्ल २, ३, १०, ११, १२ तथा कृष्ण पक्ष की २, ३, ५ तिथियों में शुभ है। किन्तु सोपपदा तिथि (जैसे– आषाढ़ शुक्ल १०, ज्येष्ठ शुक्ल २, पौष शुक्ल ११, माघ शुक्ल १२), संक्रान्तिदिन तथा रोगबाण को छोड़कर मध्याह्न से पहले शुभ है। शु., गु., चं. और लग्नेश ६, ८ स्थानों में चं., शु. १२वें स्थान में और १, ५, ८वें भावों में पापग्रह अशुभ है। शुभ ग्रह ६, ८, १२ स्थानों के सिवाय अन्य स्थानों में; पाप ग्रह ३, ६, ११ स्थानों; वृष या कर्क का पूर्ण चन्द्रमा लग्न में हो तो शुभ होता है। गुरु, शुक्र के बाल्य–वृद्धत्त्व–अस्त के समय को छोड़कर उपनयन शुभ है। यदि गोचराष्टक वर्ग से बालक के उपनयन संस्कार के लिए समयशुद्धि न मिले अथवा सिंह, मकर किंवा अशुभ स्थान में गुरु हो तो सौर चैत्र में उपनयन संस्कार किया जा सकता है–ऐसी शास्त्र की आज्ञा है।

मेलापक सारणी देखने की रीति और अष्टकूट दोषों के परिहार

लेखकः- प्रियव्रत शर्मा

आगे चार पृष्ठों पर 'मेलापक सारणी' दी गई है । इसके बाई ओर पहिले,दूसरे कालमों में लड़की की और सबसे ऊपर वाली पहिली,दूसरी पंक्तियों में लड़के की राशियां तथा चरण-नक्षत्र दिए गए हैं । लड़की के नक्षत्र चरण के आगे लड़के के नक्षत्र-चरण के नीचे वर्ण आदि अष्टकूटों के गुण और मिलान में होने वाले वर्ण आदि दोषों का निर्देश है । वर्ण आदि दोषों के लिए नीचे लिखे सांकेतिक अक्षरों का इस सारणी में प्रयोग किया गया है:-

वर्ण दोष के लिए	= ब	राशीश दोष के लिए	= र
वश्य दोष के लिए	= व	गण दोष के लिए	= ग
तारा दोष के लिए	= त	भकूट दोष के लिए	= भ
योनि दोष के लिए	= य	नाडी दोष के लिए	= न

उदाहरणार्थ - यदि लड़की का जन्म चित्रा के ४ र्थ चरण में और लड़के का पू. भा. के ३ य चरण में हुआ हो तो इनके मिलान में इस मेलापक सारणीसे अष्टकूटों के गुण १८ १/२ मिले, और ज्ञात हुआ कि इस मिलान में त (तारा), य (योनि), ग (गण), तथा भ (भकूट) दोष हैं ।

अष्टकूट दोषों के परिहार-

वर, कन्या के राशीशों अथवा नवमांशेशों की मैत्री तथा राशीशों , नवमांशेशों की एकता द्वारा नाड़ी दोष के अलावा शेष सभी दोषों का परिहार हो जाता है । राशीश-नवमांशेशों की मैत्री-एकता के अलावा अन्य और भी अनेक परिहार हैं, जिनसे वर्ण आदि दोष दूर हो जाते हैं। इनका विवरण नीचे दिया जा रहा है -

(१) वर्ण दोष का परिवार:- वर की राशि के वर्ण से कन्या की राशि का वर्ण उत्तम होने पर वर्ण दोष होता है । लेकिन यदि वर के राशीश का वर्ण कन्या के राशीश के वर्ण से उत्तम हो तो वर्ण दोष का परिहार हो जाता है । सभी ग्रहों के वर्ण इस प्रकार हैं:-

रवि का वर्ण क्षत्रिय,चन्द्र का वैश्य,मंगल का क्षत्रिय,बुध का शूद्र, गुरु का ब्राह्मण, शुक्र का ब्राह्मण और शनि का शूद्र है ।

(२) वश्य दोष का परिहार:- वर कन्या की राशियों की योनिमैत्री होने पर वश्य दोष दूर हो जाता है ।

(३) तारा दोष का परिहार:-वर कन्या के राशीशों, नवमांशेशों की मैत्री या एकता के अलावा तारा दोष का दूसरा कोई परिहार नहीं है ।

(४) योनि दोष का परिहार:- भकूट और वश्य कूटों में से कोई एक भी यदि शुभ(ठीक) हों तो योनिदोष का परिहार हो जाता है ।

(५) राशीश दोष का परिहार:- भकूट शुभ होने पर (यानि द्विर्द्वादश, नवपंचम और षडष्टक का अभाव होने पर) राशीश दोष दूर हो जाता है ।

(६) गण दोष का परिहार:- वर -कन्या की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों या भकूट दोष न हों तो गण दोष दूर हो जाता है।

(७) भकूट दोष का परिहार :- वर कन्या के राशीशों, नवांशेशों की मैत्री या एकता ही भकूट दोष का प्रमुख परिहार है। यदि इसके साथ ताराशुद्धि या वश्यशुद्धि भी हो तो भकूट दोष का उत्तम परिहार माना जाता है ।

(८) नाड़ी दोष का परिहार :- वर,कन्या की राशि एक और नक्षत्र भिन्न-भिन्न हों, अथवा नक्षत्र एक और राशियां, भिन्न-भिन्न हों तो नाड़ी दोष दूर हो जाता है । दोनों के नक्षत्रों के चरणों का वेध न होने की स्थिति में भी नाड़ी दोष का परिहार माना जाता है ।

नाड़ी दोष के परिहार के प्रसंगमें वर-कन्या में से किसी एक का जन्म नक्षत्र के प्रथम चरण में और दूसरे का चतुर्थ चरण में अथवा एक का द्वितीय चरण में और दूसरे का तृतीय चरण में हुआ हो तो पादवेध मान लिया जाता है । लेकिन यह नियम सर्वत्र लागू नहीं होता । इसके स्पष्टीकरण के लिए सं. २०४७ के 'श्री मार्त्तण्ड पंचांग' में पृष्ठ ३४ पर दिया गया मेरा लेख ''**पाद वेध द्वारा नाड़ी दोष के परिहार में परम्परागत एक भ्रांति**'' पढ़ना चाहिए । यह लेख मेरी पुस्तक '**ग्रहयोग एवं दाम्पत्य जीवन**' में भी है ।

ध्यान दें:-जैसा कि ऊपर भी बता चुके हैं,वर,कन्या के राशीशों,नवमांशों की मैत्री और एकता तो वर्ण,वश्य,तारा,योनि,राशीश,गण और भकूट दोषों का परिहार कर देती है,लेकिन नाड़ी दोष का परिहार इनसे नहीं होता । नाड़ी दोष का परिहार तो केवल उपरोक्त स्थितियों में ही होता है ।

दैवज्ञ को यह विशेष रूप से ध्यान में रखना चाहिए,कि नाड़ीदोष का यदि परिहार नहीं मिले तो किसी भी स्थिति में (भले ही अन्य सातों कूट शुद्ध क्यों न हों, मिलान में गुण अठाईस भी क्यों न प्राप्त हों), सम्बन्ध करने की अनुमति नहीं देनी चाहिए । इस बारे में मुहूर्तशास्त्रकारों का यही स्पष्ट निर्णय है ।

'**नाड़ीदोषस्तु विप्राणाम्**' -वाक्य को संहिताकारों ने मान्यता नहीं दी है । 'मुहूर्त चिन्तामणि' आदि अन्य प्रामाणिक मुहूर्तग्रन्थों ने भी इसकी उपेक्षा की है,अत: इसे मान्यता नहीं दी जा सकती।

विशेषः– पुष्य, उत्तरा. ३, रो., म., आश्ले., पू.षा., इनमें से जिस पर बृहस्पति हो, उस नक्षत्र में बृहस्पतिवार को गृहारम्भ हो तो पुत्र और सम्पत्तिदायक होता है। रो., ह., अ., उ. फा., चि. इनमें से जिस पर बुध हो उस नक्षत्र में बुधवार को गृहारम्भ हो तो सुख और पुत्र होते हैं। वि., अ., चि., ध., श., आर्द्रा इनमें से जिस पर शुक्र हो उस नक्षत्र में और शुक्रवार को गृहारम्भ हो तो धनधान्यदायक होता है।

गृहारम्भे वत्सचक्रम्

सूर्यनक्षत्र से गृहारम्भ नक्षत्र तक अभिजित् सहित गणना करें।

स्थानानि	न.	फलानि
शीर्षे	३	अग्निदाहः
अ. पादे	४	शून्यमसत्
पृ. पादे	४	स्थिरता
पृष्ठे	३	लक्ष्मीप्राप्तिः
द. कुक्षौ	४	लाभःशुभम्
पुच्छे	३	स्वामिनाशः
वामकुक्षौ	४	निर्धनता
मुखे	३	पीड़ा असत्

भूमिप्रसुप्तज्ञानम्ः– "संक्रान्ति मिति दिन पांचवें सप्तम नवम जोय।

१०। २१। २४ में पंड़दिन पृथ्वी सोय।। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५। ११। ७।

से बनवाये हुए नए घर में भी वैशाख, श्रावण, कार्तिक, मार्गशीर्ष और

१०। २१। २४ में षड्दिन पृथ्वी सोय।। तत्रात्यावश्यके क्रमात् ५। ११। ७। ६। २। १० एताः घटिका भूमिकर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः।" **अन्यच्च**– सूर्य के नक्षत्र से ५। ७। ९। १२। १९। २६ इतनी संख्या के नक्षत्रों में पृथ्वी शयन के कारण मकान की नींव, तड़ाग, वापी, कूपादि का खोदना उत्तम नहीं होता।

गृहमध्य में कूपविचार								
मध्य	ई.	पू.	आ.	द.	नै.	प.	उ.	वा.
र्थहानि	सुपुष्टि	सुप्राप्ति	पुत्रनाश	स्त्रीनाश	गृहेशनाश	संपत्	सुख	शत्रुभय

अथ चुल्लिचक्र–विचार

सूर्य के नक्षत्र से ६ नक्षत्रपीठ के सुखप्रद। ४ मस्तक के मृत्युप्रद। ८ बाहु के सुन्दर–सुख–भोगदायक। ५ गर्भ के नाशक। २ भुज के भोगदायक। २ चरण के नाशक। यह चुल्लिचक्र गर्गाचार्य ने कहा है, पण्डित जन विचार करें। उपरोक्त शुभ नक्षत्रों में चुल्हा बनावें तथा इन्हीं शुभ नक्षत्रों में प्रथम अग्नि जलावें।

नूतनगृह प्रवेश मुहूर्त्त

माघ–फाल्गुन–वैशाख–ज्येष्ठ मासेषु शोभनाः। प्रवेशो मध्यमो ज्ञेयः सौम्य (मार्ग.)कार्त्तिक मासयोः।। (यहां चन्द्रमास लेना) उत्तरा. ३, अनु., रो., मृ., चि., रे. इन नक्षत्रों में रिक्तामारहित तिथियों में। चं., बृ., श. इन वारों में। २। ५। ८। ११ लग्नों में; **अत्यावश्यके** ३। ६। ९। १२ लग्नों में भी; लग्न से १। २। ३। ५। ७। ९। १० इन स्थानों में शुभ ग्रह हों, ३। ६। ११ में क्रूर हों १। ६। ८। १२वें चन्द्रमा न हो; चौथा, ८वां स्थान शुद्ध हो; जन्म लग्न या जन्म राशि से ८वीं राशि लग्न में न हो; चन्द्र–तारा शुभ हो और कुम्भ चक्र की भी शुद्धि हो, तो आगे गौ, कन्या, जलपूर्ण–पुष्पमाला युक्तकलश, शंखध्वनि व मंगलगान के साथ दम्पति का गृह प्रवेश शुभ है।

गृहप्रवेश का विशेष मुहूर्त्त

पुराने अर्थात् जीर्ण या तृणकुटीर अथवा अग्नि–वर्षा इत्यादि के भय से बनवाये हुए नए घर में भी वैशाख., श्रावण, कार्तिक., मार्गशीर्ष और फाल्गुन मास में शत., पुष्य, स्वा. और धनि. नक्षत्रों तथा गुरु, शुक्र के अस्त में भी गृह प्रवेश हो सकता है।

सूर्यराशिवशात् खातज्ञानम्				
खाते राहोर्मुखात्पृष्ठदिग्भागःशुभदो भवेत्।				
राहुमुखम्	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां	आग्नेय्यां
देवालयारम्भे सूर्यः	मीन, मेष, वृष	मिथुन, कर्क,सिंह	कन्या,तुला, वृश्चिक	धनु,मकर, कुम्भ
गृहारम्भे सूर्यः	सिंह, कन्या, तुला	वृश्चि., धनु, मकर	कुम्भ, मीन, मेष,	वृष, मिथुन, कर्क
जलाशयारम्भे सूर्यः	मकर,कुम्भ, मीन	मेष, वृष, मिथुन	कर्क, सिंह, कन्या	तुला,वृश्चि., धनु
खातदिशाज्ञानम्	आग्नेय्यां	ऐशान्यां	वायव्यां	नैर्ऋत्यां

द्वारशाखाचक्रम्		
सूर्यनक्षत्रात्		
स्थान.	न	फलानि
शिरसि	४	श्रीप्राप्तिः
कोणे	८	उद्वसनं
शाखा	८	सौख्यमं
देहल्यां	३	गृहेशनाशः
मध्ये	४	सौख्यम्
चक्रमिदं विलोक्य सुधिया द्वारं विधेयं शुभम्।		

गृहप्रवेशे कुम्भचक्रम्			
सूर्यभात्			
५	८	८	६
अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

कूप, तालाब और बावड़ी खुदवाने का मुहूर्त्त

अनु., हस्त., उत्तरा. ३, रोहि., धनि., शत., भरणी, पू.षा., रेवती, पुष्य, मृग. नक्षत्र हों व चन्द्रमा मकर के उत्तरार्ध, मीन या कर्क में हो, लग्न में बुध या गुरु हो, शुक्र १०वें स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हों तो शुभ है। यदि २। १०। ४। ११। १२ लग्न हों तो अत्यउत्तम है।

सूर्यनक्षत्रात्कूप–नलचक्रम्		
ईशान ३ क्षार जल	पूर्व ३ खण्डितजल	आग्ने. ३ सुजल
उत्तर ३ उत्तम जल	मध्य ३ स्वादु तथा शीघ्रजल	दक्षिण ३ निर्जल
वायव्य ३ मिश्रितजल	पश्चिम ३ जल	नैर्ऋत्यां ३ अमृतजल

सूर्यभात्तड़ागचक्रम्		
ईशान २ जलनाश	पूर्व २ शोक	आग्ने. २ जलाधिक्य
उत्तर २ अमृतजल	मध्य ५ बहुजल	दक्षिण २ जलनाश
वायव्य ३ जलनाश	पश्चिम २ बहुजल	नैर्ऋत्य २ अमृतजल

गणनाक्रमः–मध्य–पूर्व–आग्नेय–दक्षिणादिक्रमेण बोध्यम्– अवशिष्टानि ६ नक्षत्राणि 'वारिवाह' संज्ञकानि सन्ति। तत्फलम्–वारिवाहे वारिहानिः। गणनाक्रमः– पूर्व, आग्नेय, दक्षिण, नैर्ऋत्य, पश्चिम, वायव्य, उत्तर, ईशान, मध्य में वारिवाह।

रोहिणीभात् वापीचक्रम्

ईशान अश्विनी, भरणी, कृत्तिका मध्यजलम्	पूर्व पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा जलाभावः	आग्ने. मघा, पू.फा., उ.षा. मध्यजलम्
उत्तर पू.भा., उ.भा., रेवती मिष्ठजलम्	मध्य रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा शीघ्रजलम्	दक्षिण हस्त, चित्रा., स्वाती जलाभाव
वायव्य श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा. क्षारजलम्	पश्चिम मूल, ,पू.,षा., उ.षा. अमृतजलम्	नैर्ऋत्यां विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा बहुजलम्

जलाशयारामदेवप्रतिष्ठामुहूर्त्त

"देवतारामवाप्यादिप्रतिष्ठामुत्तरायणे। माघादिपञ्चमासेषु कृष्णेऽप्यापञ्चमीदिने।।
मातृ–भैरववाराहनारसिंहत्रिविक्रमाः। महिषासुरहंत्री च स्थाप्या वै दक्षिणायने।।"

अश्वि., रोहिणी, मृग., पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वाती, अनु., श्रवण, धनि., शत., उत्तरा. 3, रेवती एषु भेषु कुजशनिवर्जितवारेषु २। ३। ५। ७। ८। १०। ११। १२। १३ तिथिषु शुक्ले १। २। ३। ५ तिथिषु कृष्णे, गुरुशुक्रयोः नीचनिर्बलास्तादिरहितकाले, कर्तुः सूर्यचन्द्रतारानुकूल्ये सति जन्मलग्नयोरष्टमराशिलग्नरहिते स्थिर (२। ५। ८। ११) लग्नेषु लग्नात् १। ४। ७। १०। ९। ५। २। ११ स्थानेषु शुभैः, ६। ११ सेन्दुभिः पापैः पूर्वाह्ने देवप्रतिष्ठा कार्या।

देवता–विशेषेण लग्नम्:– सिंहे सूर्यः शिवो द्वन्द्वे लग्ने स्थाप्यः स्त्रियां हरिः। कुम्भे वेधाश्चरे क्षुद्राद्यंगदेव्यः स्थिरेऽखिलाः।। यस्य देवस्य यत्तिथिवारनक्षत्रादिकं तद्दिनेयदि तस्य प्रतिष्ठा मुहूर्त्तो भवेत्तदा अत्युत्तमः।।

वास्तुशान्ति मुहूर्त्त

श्रव., धनि., मृग., मूल, अनु., रेवती, हस्त, चित्रा, स्वा., उत्तरा. 3, पुन., पुष्य, रोहि., अश्वि. एषु भेषु शुभेऽह्नि सत्तिथौ बलिदानपुरस्सरं वास्त्वर्चनं कार्यम्।

अग्नि का वास किस लोक में है

जिस दिन हवन करना हो, उस दिन तिथि और वार क संख्या जोड़कर एक ओर जोड़ना, पुनः ४ का भाग देना। यदि पूरा भाग लग जाए, (०–शेष रहे) अथवा तीन शेष रहे, तब अग्नि का वास पृथ्वी पर सुखकारक होता है, शेष १ बचने पर आकाश में प्राणहानिकारक, शेष २ बचने पर पाताल में धनहानि करता है। तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से तथा वार की गणना रविवार से करनी। इसके बाद आहुतिचक्र ज़रूर देखिए।

विशेष:– यात्राविवाहव्रतगोचरेषु चौलोपनीताद्याखिलव्रतेषु। दुर्गाविधानेषु सुतप्रसूतौ नैवाग्निचक्रं परिचिन्तनीयम्।। महारुद्रे व्रतेऽमायां ग्रस्तेन्द्वर्कास्तराहुणा। नित्यनैमित्तिके कार्ये अग्निचक्रं न दर्शयेत्।। दिग्दाहेप्यथवा घोरे ग्रहास्ते भूमिकम्पने। केतूनामुदये शान्तौ चक्रं यत्नेन चिन्तयेत्।। लक्षकोटिहवने मखेऽखिले चातिरुद्रकरणेमहाविधौ। देवखातभवने सुरालयादग्निचक्रमवलोकयेत्सुधीः।। दुर्गभंगे गृहे वापि विवादे शत्रुविग्रहे। शान्तिकार्ये नृपक्रोधे चक्रं तत्र निरीक्षयेत्।।

ग्रहमुखे होमाहुतिज्ञानाय चक्रम्

(सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनना)

ग्रहाः	सू.	बु.	शु.	श.	चं.	मं.	गु.	रा.	के.
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फलम्	नेष्ट	श्रेष्ठ	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	श्रेष्ठ	नेष्ट	नेष्ट

पापग्रहमुखे–हवने कृते शान्तिः–क्रूरग्रहमुखे चैव सञ्जाते हवने शुभे। शान्तिं विधाय गां दद्याद् ब्राह्मणाय कुटुम्बिने। आयसीं प्रतिमां कृत्वा निक्षिपेतामधोमुखीम्। गोमूत्र–मधुगन्धाद्यैरर्चितां प्रतिमां ततः। कुण्डे निधाय सम्पूज्य तत्र होमो विधीयते।।

अथ ऋणी–धनी विचार– स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण

अथ ऋणी–धनी विचार– **स्ववर्गं द्विगुणं कृत्वा परवर्गेण योजयेत्। अष्टभिश्च हरेद् भागं योऽधिकः स ऋणी भवेत्।।**(अर्थात् अपने वर्ग को दूना कर, दूसरे के वर्ग में जोड़ना, फिर ८ का भाग देना। फिर दूसरे का वर्ग दूना करके, अपना वर्ग जोड़ना, फिर ८ का भाग देना। जिसका शेषांक अधिक बचे, वह दूसरे का ऋणी होगा।), लेकिन वशिष्ठ आदि का मत है कि जिसका शेषांक कम बचे, वह दूसरे का ऋणी होता है– यही प्रामाणिक है।

हलप्रवहण मुहूर्त्त

मृग., रेव., चित्रा, अनु., रोहि., उत्तरा.३, हस्त, अश्वि., पुष्य, अभि., स्वा., पुन., श्रवण, धनि., श., मूल, मघा, विशा. एषु भेषु रिक्तामाषष्ट्यष्ठमीरहित सत्तिथौ शुभ–ग्रहस्य वासरे, १। ५। ७। १०। ११ लग्नेषु भूमिशयन–भद्रादीन् वर्जयित्वा हलचक्रशुद्धौ सत्यां हलप्रवहणं शुभम्।

हलचक्रम्					बीजवपने राहुचक्रम्								
सूर्यभुक्तनक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनें					राहुनक्षत्रात् दिनभं यावत् गणना कार्या								
नक्षत्र	३	७	९	८	८	३	१	३	१	३	१	३	४
फल	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ

बीजवपने मुहूर्त्त

हस्त, अश्वि., पुष्य, उत्तरा. 3, चित्रा, अनु., मृग., रेवती, स्वा., धनि., मघा, मूल एषु भेषु सत्तिथौ भौमातिरिक्तवारेषु सुशकुने राहुचक्रशुद्धौ सत्यां शुभः।

विशेषः– रवौ रौद्रा(आर्द्रा) द्यपादस्थे भूमेः संजायते रजः।
तस्माद्दिनत्रयं तत्तु बीजवापे परित्यजेत्।।

नवान्न–भक्षण–मुहूर्त्त

मृग., रेवती, चित्रा, अनु., हस्त, अश्वि., पुष्य, अभि., स्वा., पुन., श्रवण, धनि., शत. एवम् विषघटी रहित नक्षत्रों में शुभ है, नन्दा–रिक्ता तिथियों और पौष–चैत्र को छोड़कर अन्य मासों में सू., बु., गु., शुक्रवार शुभ है।

गौ, बैल आदि पशु लेने का मुहूर्त्त

अश्वि., पुन., पुष्य, हस्त, विशा., ज्ये., धनि., शत., रेव. नक्षत्र में गौ लेना–बेचना। अन्य पशु पुन., पूर्वा. 3, हस्त, अनु., ज्ये., मूल, धनि., रेवती में लेना–बेचना शुभ है। गाय लेनी हो तो उ.फा. से दिन नक्षत्र तक गिने। ३ तक लाभदायक, ५ तक हानि, ११ तक अर्थलाभ, १६ तक सुख, २२ तक महालाभ, २३ तक वृद्धि, २७ तक भय होता है। वृषभ (बैल) लेना हो तो ६ नक्षत्र लाभदायक; फिर दो–दो के क्रम से गाय के समानफल जानें। महिषी (भैंस) लेनी हो तो भी गौ नक्षत्रगणना क्रम से शुभाशुभफल हेतु सूर्य नक्षत्र तक गिनें– नौमी चौदस चौथ चौपाया। मंगल हान करे घर आया।।

सूर्यनक्षत्रात्काष्ठादि (गुहारा आदि) संस्थापनचक्रम्							
नक्षत्र संख्या	६	२	४	४	४	४	४
	उत्तमपाक	शवदहन	सर्पभय	मित्रलाभ	रोगभय	क्वाथकर्म	सुख
फल	शुभ	नेष्ट	नेष्ट	शुभ	नेष्ट	नेष्ट	शुभ

लतावृक्षाद्यारोपण मुहूर्त्त

मृग., रेवती, चित्रा, अनु., उत्तरा. 3, रोहि., हस्त., पुष्य, अश्वि., शत., मूल, विशा. नक्षत्रों में रिक्तामारहित शुभ तिथियों में और चं., बु., बृ., शुक्रवार हों, शुक्लपक्ष में ४। १०। ११। १२ लग्न में शुभ हैं।

तृणकाष्ठादिसंग्रहे निषेधः – तृण–काष्ठ का सञ्चय और पलंग बनवाना आदि कर्म कुम्भ–मीन के चन्द्रमा (पञ्चककाल) में नहीं करना चाहिए।

औषधसेवन का मुहूर्त्त

हस्त, अ., पुष्य, अभि., मृग., रेवती, चित्रा, अनु., स्वा., पुन., श्रव., धनि., शत. व मूल में जन्मनक्षत्र को छोड़कर, इन नक्षत्रों में ४। ९। १४ को छोड़कर, शुभ तिथियों में, भौम–शनि को छोड़कर, अन्यवारों में शुभ है।

अथ यात्रा–मुहूर्त–विचारः

हस्त, मृग., श्रव., अश्वि., पुष्य, पुन., धनि., अनु., रेवती, एषु भेषु यात्रा अत्युत्तमा; रोहि., उत्तरा. ३, पूर्वा. ३, एषु भेषु मध्या; भरणी, कृत्ति., आर्द्रा, आश्ले., मघा, चित्रा, स्वा., विशा., ज्ये., एतद्भेषु निन्द्याः। तत्रात्यावश्यकेऽपि यात्रायां भरण्यादि भानां क्रमात् ७। २१। १४। १४। ११। ४०। १४। १४। १४ एता घटिकाः गमन कर्मण्यवश्यं वर्जनीयाः। २। ३। ५। ७। १०। ११। १२ कृष्णपक्षस्य प्रतिपत्सु द्विग्द्वारलग्नेषु वा यात्रा शुभा।

द्विग्द्वारलग्नानि

दिशा→	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
शुभम्→	१। ५। ९	२। ६। १०	३। ७। ११	४। ८। १२
मध्यमम्→	२। ६ १०	३। ७। ११	४। ८। १२	१। ५। ९
भयम्→	४। ८ १२	१। ५। ९	२। ६। १०	३। ७। ११
महद्भयम्→	३। ७। ११	४। ८। १२	१। ५। ९	२। ६। १०

यात्रा में शुभाशुभ लग्नः– जन्मलग्न और जन्मराशि से अष्टमलग्न तथा कुम्भ या कुम्भ के नवांश में यात्रा कदापि न करें। शुभलग्न वह है, जब १। ४। ५। ७। ९। १० स्थानों में शुभ ग्रह और ३। ६। १०। ११ वें पापग्रह हों। अशुभ लग्न वह है– जब १। ६। ८। १२वें चन्द्रमा, १०वें शनि, ६वें शुक्र, १२। ६। ८वें लग्नेश हो। **अन्यच्च**– यात्रायामष्टमं शुद्धं विवाहे सप्तमं तथा। दशमं तु गृहारम्भे चतुर्थं तु प्रवेशने।।

जन्मलग्नेश, दशेश अस्त हों व मारकदशा हो तो सुमुहूर्त्त में भी दूर की यात्रा न करें, प्रथम तीर्थयात्रा व देवदर्शन गुरु–शुक्रास्त में वर्जित है।

दिक्शूलज्ञानाय चक्रम्									नक्षत्रशूलचक्रम्			
दिशा	पूर्व	आ.	दक्षि.	नैर्ऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर	ईशा.	पू.	द.	प.	उ.
वार	चं.,श.	चं.,बृ.	गुरु	सू.,शु.	सू.,शु.	भौम	मं.	बु.,श.	ज्ये.	पू.भा.	रोहि.	उ.फा.

दिक्शूलपरिहारः– न वारदोषाः प्रभवन्ति रात्रौ देवेज्यदैत्येज्यदिवाकराणाम्। दिवा शशांकार्कजभूसुतानां सर्वत्र निन्द्यो बुधवारदोषः॥१॥ सूर्यवारे घृतं प्राश्य चन्द्रवारे पयस्तथा। गुड़मंगारके वारे बुधवारे तिलानपि। गुरुवारे दधि प्राश्यं शुक्रवारे यवानपि। माषान्भुक्त्वा शनेर्वारे शूले गच्छञ्छूले न दोषभाक् ॥२॥

यात्रायां कालज्ञान चक्रम्

सम्मुखे	शनौ	शुक्रे	गुरौ	बुधे	भौमे	चन्द्रे	रवौ
नेष्टः	पूर्वे	आग्नेय्यां	दक्षिणे	नैर्ऋत्यां	पश्चिमे	वायव्ये	उत्तरे

योगिनीवास–चक्रम्

दिशा	पूर्व	आग्ने.	दक्षि.	नैर्ऋ.	पश्चि.	वाय.	उत्तर	ईशा.
तिथि	१। ६	३। ११	५। १३	४। १२	६। १४	७। १५	२। १०	८। ३०

योगिनी साधारण यात्रा में सामने और दाहिने अशुभ होती है, पीछे और बाएं की शुभ किंवा युद्ध यात्रा में बाएं ओर की और सम्मुख की विशेष त्याज्य है।

समयशूलः– उषाकाल में पूर्व को, गोधूलि में पश्चिम को, अर्द्धरात्रि में उत्तर को और मध्याह्नकाल में दक्षिण को नहीं जाना चाहिए।

गर्ग–गुरु–अङ्गिरामत– गर्ग जी के मत से ५ या ४ घड़ी रात रहे तो गमन करें। बृहस्पति के मत से अच्छा शकुन मिलने पर यात्रा करें। अङ्गिरा के मत से जब मन प्रफुल्लित हो तब ही चला जाए। भगवान् के मत से ब्राह्मण की आज्ञा लेकर यात्रा करने से शुभ होता है। पंच–पंच (५५) उषाकालः सप्तपञ्चाशद (५७) रुणोदयः। अष्ट पंच (५८) भवेत्प्रातः शेषः सूर्योदयो भवेत्।।

चन्द्रवासचक्रम्

पूर्वे	दक्षि.	पश्चि.	उत्तरे
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	वृश्चि.
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

एकस्मिन् राशौ आवश्यके तात्कालिक–यात्रायां घट्यात्मकं चन्द्रवासचक्रम्

दिशा	पू.	द.	प.	उ.	पू.	द.	प.	उ.
घटी	१७	१५	२१	१६	१७	१५	२०	१४

घट्यात्मक चन्द्रवास

जिस दिशा का चन्द्र होवे उस दिशा से गिनना चाहिए। कुम्भ और मीन के चन्द्रमा में दक्षिण को कदापि न जाएं।

चन्द्रफलम्:– सम्मुखे अर्थलाभाय दक्षिणे सुख–सम्पदः। पृष्ठतो मरणं चैव वामे चन्द्रे धनक्षयः ॥१॥ सर्वे दोषाःलयं यान्ति पूर्णचन्द्रे हि सम्मुखे॥

सम्मुखे चन्द्रप्रशंसा–भगणदोषं वार–संक्रान्ति–दोषं कुतिथिकुलिकदोषं

सूचनाः– यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो

सम्मुखे **चन्द्रप्रशंसा**—*भगणदोषं वार–संक्रान्ति–दोषं* कुतिथिकुलिकदोषं *यामयामार्धदोषम्*। कुजशनिरविदोषं राहुकेत्वादि दोषं हरति सकलदोषं चन्द्रमाः *सम्मुखस्थः॥*

सर्वाङ्कसिद्धियोग—यात्राकालिक शुक्लादि तिथि तथा वार की संख्या को जोडकर तीन जगह रखें। क्रमशः ७। ८। ३ का भाग दें। शेष प्रथम स्थान में शून्य हो तो क्लेश, मध्य में हो तो धनक्षति और अन्त में हो तो मृत्यु होती है। सर्वत्र अङ्क आने से सौख्य, जयलाभ हो। विजयादशमी को बिना सर्वांकादि मुहूर्त्त के भी यात्रा सफल होती है। बायां स्वर चलते समय पूर्व व ईशान को, दायां चलते समय दक्षिण व नैर्ऋत्य को मत जाएं, हानि होती है। जाने वाले का अच्छे मुहूर्त्त और अच्छे शकुन में भी जाने को मन न चाहे तो भी कदापि न जाएं, क्योंकि मुहूर्त्त एवम् शकुन से मन की इच्छा प्रबल है।

वर्ण के क्रम से प्रस्थान का विधान— यदि यात्रा मुहूर्त्त में किसी अत्यावश्यक कार्यवश विलम्ब हो जाय, तो उसी मुहूर्त्त में ब्राहमण जनेऊ, माला, क्षत्रिय शस्त्र, वैश्य मधु–घृत व रुपया और शूद्र फल को अपने वस्त्र में बांध, किसी घर के या नगर के बाहर जाने की दिशा में प्रस्थान के समय रखे। अथवा मन की सबसे प्यारी वस्तु को रख देना चाहिए।

यात्रा से पहले त्याज्य वस्तुः— यात्रा के तीन दिन पहले दूध त्याग दें, पांच दिन पूर्व हजामत, तीन दिन पूर्व तैल, सात दिन पूर्व मैथुन और समर्थ न हो तो एक दिन पहले तो सब त्याज्य वस्तुओं का त्याग अवश्य ही करें।

दिने चतुर्घटिका मुर्हूत्तम्		रात्रौ चतुर्घटिका मुर्हूत्तम्
सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि	घटि.	सूर्य, चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र, शनि
उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर, काल	३।।।	शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ
चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ	७।।	अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग
लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग	११।	चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ
अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग	१५	रोग, लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत
काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर	१८।।।	काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर,
शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ	२२।।	लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग
रोग, लाभ, शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत	२६।	उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर, काल
उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ, शुभ, चर, काल	३०	शुभ, चर, काल, उद्वेग, अमृत, रोग, लाभ

सूचनाः— यदि ३० घटी से न्यूनाधिक दिन या रात्रि का मान हो तो उसमें ८ का भाग देने से एक भाग के घटी–पल ज्ञात होंगे।

यात्रा में शुभ शकुन— मृग बाएं ते दाहिने जो आवे तत्काल। अन्न धन लक्ष्मी बहू मिले चलते प्रातःकाल॥ विप्र, दो अश्व, गजमद, फल, अन्न, दुग्ध, गोदधि, सर्षप, कमल, निर्मलवस्त्र, वाद्य, वेश्या, मयूर, नकुल, सिंहासन, शस्त्र, मांस, दीप्ताग्नि, मत्स्य, ससुत–स्त्री, गोरी कन्या, धोबी, कार्यसिद्धि वाक्य, जलपूर्णघट। यात्रा पश्चात् रिक्तघट यात्रा के समय देखने में शुभ है।

यात्रा में अशुभ शकुन :— बन्ध्या स्त्री, चर्म, अस्थि, इन्धन, संन्यासी, भैंसों का युद्ध, सर्प, शत्रु, मार्जारयुद्ध, कुटुम्बकलह, विधवास्त्री, जातिभ्रष्ट, अङ्गहीन, छिका, दुष्टवाणी यात्रा के समय देखना अशुभ तथा कष्टप्रद है।

आवश्यके रामदैवज्ञोक्त यात्रामुहूर्त्तचक्रम्

पौ.	मा.	फा.	चै.	वै.	ज्ये.	आ.	श्रा.	भा.	आ.	का.	मा.	पूर्व	दक्षिण	पश्चि.	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भीति	लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य	दारिद्र्य	दारिद्र्य	मिश्र
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	हानि	दुःख	लाभ	लाभ
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सौख्य	शुभ	लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	लाभ	लाभ	सुख
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मृत्यु	लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सौख्य	लाभ	सिद्धि	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	सिद्धि	लाभ	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	मृत्यु	लाभ	लाभ	शुभ
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शुभ	सौख्य	मृत्यु	कष्ट

तृतीया–त्रयोदशी, चतुर्थी–चतुर्दशी, पञ्चमी–पूर्णमासी का फल समान जानना। अमावस्या में यात्रा वर्जित है, पक्ष का विचार नहीं है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पांव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े। कार्य सिद्ध हो, यात्रा सफल होगी।

नौकायात्रा—मुहूर्त्तः

चित्रा, हस्त, पु., मृग., पूर्वा. 3, अनु., श्रव., धनि.—एषु भेषु सत्तिथौ शुभेऽह्नि चन्द्र—तारानुकूल्ये सति शुभः।

यात्रानिवृत्तौ प्रवेशमुहूर्त्तः

मृग., रेवती, अनु., रोहि., उत्तरा. 3, हस्त, अश्वि., पुष्य, स्वा., श्रवण, धनि. —एषु भेषु; चं., बु., बृ., शु., श. वारेषु; १। २। ३। ५। ७। १०। ११। १३ तिथिषु; ३। ५। ८। ९। ११। १२ एषु लग्नेषु; १। ४। ७। १०। ५। ९ स्थानेषु शुभैः; ३। ६। ११ स्थानेषु पापैः; ४। ८ शुद्धौ शुभः। विशा., कृत्ति., पूर्वा. ३, भरणी, मघा, मूल, ज्ये., आर्द्रा, आश्ले., नक्षत्राणि; ४। ९। १४। ६। १२। ८। ३० तिथयः; सू., मं. वारौ; १। ४। ७। १० लग्नानि सर्वदा वर्जनीयानि।

मंगलवार को मिलाप कष्टप्रद सिद्ध होता है।

विशेषः— **प्रवेशान्निर्गमश्चैव निर्गमाच्च प्रवेशनम्। नवमे जातु नो कुर्याद्दिने वारे तिथाविति।।**

अथ घातचन्द्रवारादीनां चक्रम्

राशि→	मे.	वृ.	मि.	क.	सिं.	क.	तु.	वृ.	ध.	म.	कुं.	मी.
घात चन्द्र	मे.	क.	कुं.	सिं.	म.	मि.	ध.	वृष	मी.	सिंह	ध.	कुम्भ
घात वार	र.	श.	चं.	बु.	श.	श.	बृ.	शु.	शु.	मं.	बृ.	शु.
घात नक्षत्र	म.	ह.	स्वा.	अनु.	मू.	श्र.	श.	रे.	भ.	रो.	आ.	आश्ले.
स्त्री चन्द्रघात	मे.	ध.	ध.	मि.	वृश्चि.	वृश्चि.	मी.	ध.	कन्या	वृश्चि.	मि.	मेष
घात मास	का.	मार्ग.	पौं.	मा.	फा.	चैत्र	वैशा.	ज्ये.	आषा.	श्रावण	भाद्र.	आ.
घातयोग	वि.	सु.	प.	धृ.	प्री.	सु.	अ.गं.	वृ.	वै.	गं.	व्या.	वै.
घातलग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घाततिथि	१	५	२	२	३	५	४	१	३	४	३	५
घाततिथि	६	१०	७	७	८	१०	९	६	८	९	८	१०
घाततिथि	११	१५	१२	१२	१३	१५	१४	११	१३	४	१३	१५

युद्ध, विवाद, राजसेवा,वाहन, रोगादि कार्यों में घातचक्र देखना और तीर्थयात्रा तथा विवाहादि शुभ कार्यों में घाततिथि आदि देखने की आवश्यकता नहीं होती। **"घाततिथिर्घातवारः घातनक्षत्रमेव च। यात्रायां वर्जयेत्प्राज्ञैरन्यकर्मसु शोभनम्।।"**

वाम—दक्षिणनिर्देश

अग्रे चक्रोक्त सर्व फल पुरुषों के दक्षिण अंग में और स्त्रियों के वामांग में विचार करना, पुरुषों के वाम भाग में और स्त्रियों के दक्षिण भाग में विपरीत अशुभ, भयकारी फल होता है। जो फल पल्लीपात का है, वही सरट (गिरगिट) के चढ़ने का समझें। सरट के गिरने का तथा पल्ली के चढ़ने का फल वृथा होता है।

अथाङ्ग विभाग में पल्ली—(छिपकली, कोढ़किरली) पतन का फल

स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्	स्थानम्	फलम्
शिरसि	राज्यलाभः	भ्रूमध्ये	राज्यसंबंधः	वामपादे	नाशः
नासाग्रे	व्याधिः	वामकर्णे	बहुलाभः	अधरोष्ठे	ऐश्वर्यलाभः
वामभुजे	राज्यभयम्	स्तनयोः	दौर्भाग्यम्	दक्षिणभुजे	नृपतुल्यता
जानद्वये	शुभागमः	हस्तयोः	वस्त्रलाभः	पृष्ठदेशे	बुद्धिनाशः
कटिभागे	अश्वलाभः	वा. मणिबंधे	कीर्तिनाशः	नाभौ	बहुधनम्
गुल्फद्वये	बन्धनम्	दक्षिणपादे	गमनम्	मुखे	मिष्ठान्नभोजनम्
ललाटे	बन्धुदर्शनम्	उत्तरोष्ठे	धननाशः	पादमध्ये	स्त्रीनाशः
दक्षिणकर्णे	आयुवृद्धिः	नेत्रयोः	धनप्राप्तिः	पादान्ते	मृत्युः
कण्ठे	शत्रुनाशः	उदरे	भूषणलाभः	केशान्ते	रणम्
जंघयोः	शुभम्	स्कन्धयोः	विजयः	नखेषु	धान्यलाभः
द.मणिबंधे	मनस्तापः	हृदये	धनलाभः	दक्षिणांगुष्ठे	धनलाभः

पल्लीपतने प्रशस्तवारतिथ्यर्क्षाणि

यदि छिपकली १। २। ३। ५। ६। १०। ११। १२। १३— इन तिथियों में गिरे तो श्रेष्ठ फलदायक है तथा चं., बु., गु., शु.— इन वारों में भी शुभ फल देती है। पुष्य, अश्वि., रोहि., मूल, पुन., उ.फा., हस्त, चित्रा, स्वा., धनि., रेवती, अनु., शत.— ये नक्षत्र शुभफलदायक हैं। इसके अलावा अन्य नक्षत्रों में गिरे तो शुभ नहीं— **अतोऽन्यदभेषु निन्द्याः।**

पल्ली (किरली) पतनोपरान्त कर्तव्य—पल्ली (किरली) तथा

पल्ली (किरली) पतनोपरान्त कर्तव्य–पल्ली (किरली) तथा सरट (गिरगिट) स्पर्श होने पर वस्त्रसहित स्नान करें। जन्मनक्षत्र, मृत्युयोग, दग्धा–तिथि, भद्रा आदि से दूषित दिन को पापग्रहयुक्त लग्न में तथा अष्टम चन्द्रमा से पल्ली आदि के स्पर्श होने से अरिष्ट होता है। उसकी शान्ति के लिए जप, होम, मृत्युञ्जय जाप एवम् तिल, स्वर्ण, दान और पञ्चगव्य से स्नान तथा घृत का छायापात्र दान भी करना उत्तम है।

छिक्का फलम्

छिक्का प्रायः सब दिशाओं की नेष्ट होती है। गौ की छिक्का मरण करती है– **"मदिरा के योग अथवा छींक सूंघनी छल कर लीन्हीं, पीन सरदी घास फल हीनी। छींक पीठी की कुशवाल उचारे; बाईं कारज सवै सवारे॥१॥ सम्मुख छींक लड़ाई भापै; छींक दाहिनी द्रव्य विनाशै ॥२॥ ऊंची छींक कहे जयकारी; नीची छींक होय भयकारी। अपनी छींक महा दुखदाई; ऐसे छींक विचारो भाई ॥३॥**

कन्या, विधवा, मालिन, धोबिन, रजस्वला, वैश्या, चमारी की छींक विशेष अशुभप्रद होती है। भोजनान्त में छींक होय तो दूसरे दिन प्रिय भोजन मिले।

अथ शुभ छिक्काः– आसने शयने शौचे दाने चैव तु भोजने। वामांगे पृष्ठतश्चैव षट् छिक्कास्तु शुभावहाः। एक नाक से दो छींक भी शुभ मानी जाती है– **एक नाक दो छींक; काम बने सब ठींक॥**

तीर्थ में मुण्डनविचार

मुण्डनं चोपवासञ्च सर्वतीर्थेष्वयं विधिः। वर्जयित्वा कुरुक्षेत्रं विशालां (उज्जयिनीं) गिरिजां गयाम्।।

अथ वारंपरत्वेन तैलाभ्यंगे फलं–विधिश्च								तैलाभ्यंगे वर्ज्यानि
सू.	चं.	मं.	बु.	गु.	शु.	श.	वाराः	तदत्राह– रवौ भौमे व्यतिपाते संक्रांतौ वैधृतावपि । षष्ट्यष्टम्योश्च विष्ट्यां च तैलाभ्यंगो न पर्वसु ।।
तापम्	सुकीर्ति	मृतिः	श्री.	वित्त हानि	विपत्ति	सुख सुयोग	फलम्	
पुष्पं	०	मृत्तिका	०	दूर्वा	गोमय	०	पातनम्	

विशेष– यदि प्रतिदिन तेल लगाने का स्वभाव हो तब अथवा उत्सव के दिन व वातरोग में तेल लगाने में दोष नहीं है। अभिमन्त्रित औषधि में पकाया हुआ सरसों का तेल व सुगंधित तेल लगाने से किसी दिन दोष नहीं है।

अंग–स्फुरण का फल

पुरुषों का दायां और स्त्रियों का बायां अंग फरकना शुभ है।
मस्तक का स्फुरण (फरकना) स्त्री–पुरुष दोनों के लिए शुभ है।

स्थान	फल	स्थान	फल	स्थान	फल
मस्तक	पृथ्वीलाभ	वक्षस्थल	विजय	ओष्ठ	प्रियवस्तुप्राप्ति
ललाट	स्थानलाभ	हृदय	इष्टसिद्धि	हनु	महाभाग्य
स्कन्ध	भोगवृद्धि	कटि	प्रमाद	कण्ठ	ऐश्वर्यलाभ
भ्रूमध्य	सुखप्राप्ति	कटिपार्श्व	प्रीति	ग्रीवाधोभाग	शत्रुभय
भ्रूयुग्म	महत्सौख्य	नाभि	स्त्रीनाश	पृष्ठ	पराजय
कपोल	शुभप्राप्ति	आंत्रिक	कोषवृद्धि	मुख	मित्रप्राप्ति
नेत्र	धनप्राप्ति	भग	पतिप्राप्ति	भुज	मधुरभोजन
नेत्रकोण	लक्ष्मीलाभ	कुक्ष	सुप्रीति	भुजमध्य	धनागम
नेत्रसमीप	प्रियसंगम	उदर.	कोषलाभ	वस्तिदेश	भाग्योन्नति
नेत्रपक्षम	राज्यलाभ	लिंग	स्त्रीलाभ	ऊरु	वस्त्रलाभ
हस्त	सद्द्रव्यलाभ	गुदा	वाहनलाभ	जानु	शत्रुवृद्धि
नेत्रोर्ध्व	विजय	वृषण	पुत्रलाभ	जंघा	स्वामीप्रीति
पादोर्ध्व	स्थानलाभ	पादतल	नृपत्व–बुद्धि		

इन्हीं अंगों में तिल, लसन, मस्सा हो व खुजली उठे तो भी चक्रोक्त फल जाने। पैर के तलुओं में खुजली उठे तो यात्रा हो। राजाओं के हाथ में तिल व खाज हो तो जय होती है। साधारण व्यक्ति को लाभ होता है।

काकस्पर्श का फल

मस्तक पर काक स्पर्श धननाश, मरण तथा कलह करता है। कमर, कन्धे पर अशुभ होता है। स्त्री के मस्तक पर काक बैठना पति–पुत्र का नाश करता है। वृक्ष के नीचे दहीं आदि के उत्तम भोजन के कारण काक का स्पर्श दोषकारक नहीं होता, किन्तु अकस्मात् स्पर्श दोष करता है। काकमैथुन का देखना छः मास में मृत्यु अथवा मृत्युतुल्य कष्ट व इच्छितकार्य का नाश करता है। इसके दोष दूर करने के निमित्त उड़द के आटे की काकप्रतिमा मृण्मय (मिट्टी के) पात्र में स्थापित कर उडद, चावल, घी, मीठे का नैवेद्य देवें। ग्राम में दक्षिण की ओर बाहर चौराहे पर गन्ध, पुष्प, धूप, दीप, दक्षिणादि से पूजन कर मृत्युञ्जय मन्त्र का यथाशक्ति जप करें (या करावें), घृतच्छाया–पात्र दान, पञ्चगव्य से स्नान भी करे। इस विधान के करने से सम्पूर्ण दोष नष्ट होते हैं।

काकविष्ठा विचार :– शिरसि–मृत्युः वा कष्टम्। स्कन्धयोः रोगः। भुजयोः प्रियार्तिः। उदरे शोकः। गुह्ये सन्तानकष्टम्। जंघयोः वाहनपीड़ा। पादयोः प्रवासः।

कौवा उड़ता हुआ या किसी सूखे पेड़ पर बैठा हुआ किंवा पूर्व की तरफ बैठा हुआ अथवा दक्षिण दिशा की ओर मुंह किए किसी के ऊपर काली बीठ कर दे तो अशुभ होता है। यदि किसी हरे–भरे या फूले–फले पीपल, बड आदि श्रेष्ठ पेड़ पर बैठा हुआ सफेद बीठ कर दे तो शुभ जानिए।

....

Laser Typesetting by : Gyani Kartar Singh Gadh at Kanwal

विवाहादि मुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

प्रो. प्रियव्रत शर्मा, 59/6 (अभिजित्), P.O. पंचकूला-134 109;

(इन विवाहादि मुहूर्त्तों के शोधन में नालाबलोग (पंचकूला) निवासी, मेरे योग्य शिष्य चि. सुरेशानन्द शर्मा, B.A. का पर्याप्त सहयोग मिला है।)

—: समयशुद्धि :—

शुक्र-अस्त :- शुक्र इस वर्ष आश्विन शुक्ल अष्टमी, गुरुवार (२ अक्तूबर, २०१४ ई.) को पूर्व में अस्त होकर मार्गशीर्ष शुक्ल चतुर्थी, बुधवार (२६ नवंबर, २०१४ ई.) को पश्चिम में उदित होगा ।

गुरु-अस्त :- गुरु इस वर्ष आषाढ़ शुक्ल चतुर्दशी, शुक्रवार (११ जुलाई, २०१४ ई.) को अस्त होकर श्रावण शुक्ल अष्टमी, चन्द्रवार (४ अगस्त, २०१४ ई.) को उदित हो जाएगा ।

गुरु-शुक्र के अस्त का यह उपरोक्त काल पंजाब, हरियाणा, हि.प्र., दिल्ली आदि के लिए है । क्योंकि, अक्षांशभेद से इन ग्रहों के उदय-अस्त की तारीखें भिन्न-भिन्न होती हैं, इसलिए अपने अभीष्ट स्थल के अक्षांशानुसार उस स्थल के गुरु-शुक्र की उदय-अस्त की तारीख नीचे दिए गए कोष्ठक से जानकर विवाहादि मुहूर्त्तों का दैवज्ञ को निर्णय करना चाहिए ।

अक्षांशभेद से भारत के विभिन्न स्थलों पर गुरु—शुक्र का उदय—अस्त 'सं. २०७१ वि.'

अक्षांश →	+५°	+१५°	+२५°	+३५°
शुक्र पूर्व में अस्त	२८ सितं., '१४ई.	३० सितं., '१४ई.	२ अक्तू., '१४ई.	२ अक्तू., '१४ई.
शुक्र पश्चिम में उदित	१८ नवं., '१४ई.	२० नवं., '१४ई.	२३ नवं., '१४ई.	२८ नवं., '१४ई.
गुरु अस्त	१३ जुला., '१४ई.	१३ जुला., '१४ई.	१२ जुला., '१४ई.	१० जुला., '१४ई.
गुरु उदित	४ अग., '१४ ई.	४ अग., '१४ ई.	४ अग., '१४ ई.	४ अग., '१४ ई.

ध्यान रहे :- गुरु-शुक्र के अस्तकाल में तो शुभकृत्य वर्जित रहते ही हैं, इनके अस्तदिन से ३ दिन पहले वार्धक्यदोष और उदयदिन के ३ दिन बाद तक भी बाल्यदोष के कारण शुभकृत्य नहीं किए जाते ।

ध्यान दें - मुहूर्त्तों में जिस लग्न का कुछ भाग किसी विशेष दोष के कारण वर्जित है, उस लग्न के आगे कोष्ठक में भारतीय स्टैण्डर्ड टाईम के अनुसार यह निर्देश दिया गया है कि- इस लग्न को इस टाईम के बाद अथवा पहले ही मुहूर्त्तों में स्वीकार करें ।

दैवज्ञ ध्यान दें-

(विवाहलग्नों की संख्या में वृद्धि)

इन आगे दिए जा रहे शुद्ध विवाहमुहूर्त्त देखने से आपको ज्ञात होगा कि- गत वर्ष से शुद्ध विवाहलग्नों की संख्या अब हमारे पंचांग में पहले की अपेक्षा अधिक हो गई है । दैवज्ञों के लिए इस अधिक संख्या का कारण यहां स्पष्ट कर देना आवश्यक है ।

भारत के अधिकतर पंचांगों में लग्नस्थ चन्द्र-पापग्रह, षष्ठस्थ चन्द्र-शुक्र-लग्नेश, सप्तमस्थ सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र-शनि-राहु-केतु तथा अष्टमस्थ चन्द्र-मंगल-लग्नेश या शुभग्रह होने पर परम्परया लग्नभंग माना जा रहा है । ऐसी स्थिति में उस लग्न को पंचांगकार तभी विवाहयोग्य मानते हैं, जबकि वहां लग्नभंग का परिहार हो । इस परम्परा में लग्नस्थ चन्द्र और पापीग्रह तथा षष्ठस्थ लग्नेश और सप्तमस्थ सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र-शनि-राहु- केतु एवम् अष्टमस्थ लग्नेश का परिहार बिल्कुल नहीं माना जाता और इन स्थितियों में उस लग्न को विवाह में सर्वथा अयोग्य दैवज्ञ लोग मानते चले आते रहे हैं। लेकिन संहिताओं में अनेक ऐसे विशेष स्पष्टवाक्य हमें मिलते हैं, जो सप्तमहीन केन्द्र-त्रिकोणस्थ बुध-शुक्र-गुरु, एकादशस्थ सूर्य-चन्द्र, सप्तमहीन केन्द्रस्थ या एकादशस्थ लग्नेश आदि दस ग्रहादि-स्थितियों को सभी प्रकार के लग्नभंगों का परिहारक घोषित करते हैं । लग्नभंग के इन संहितोक्त विशेष परिहारों में से यदि केवल एक भी परिहार लग्नकुण्डली में प्राप्त हो जाए तब संहिताकारों का कहना है कि- उस एकमात्र परिहार से ही वहां लग्नभंगकारक सभी दोष पूरी तरह नष्ट हो जाते हैं । ये परिहार दशमस्थ मंगल, चतुर्थस्थ राहु, तृतीयस्थ शुक्र, सप्तमस्थ गुरु-चन्द्र और द्वादशस्थ शनि की पूजा वाले दोषों का भी पूरीतरह निवारण करते हैं । यह भी इन परिहार वाक्यों से सुस्पष्ट है । संहिताओं के इन्हीं प्रबल प्रमाणवाक्यों के आधार पर हमने गत वर्ष से लग्नभंगकारक दोषों के इन संहितोक्त विशेष परिहारों को भी दृष्टि में रखते हुए विवाहार्थ शुद्ध लग्नों का यहां निर्णय किया है, जिससे शुद्ध विवाहलग्नों की संख्या में यह वृद्धि हुई है ।

ध्यान दें- गतवर्ष हमने शुद्धविवाहलग्नों के आगे कोष्ठक में लग्नभंगकारक उन ग्रहों का निर्देश किया था, जिनका वहां परिहार हुआ है । इसवर्ष यह निर्देश अनावश्यक समझकर हमने छोड़ दिया है । विशेष स्पष्टता के लिए पृष्ठ 264 पर **"विवाहमुहूर्त्तशोधन में लग्नभंग-परिहार"** लेख पढ़िए ।

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

मास -तिथि-वार	प्रविष्टा	तारीख २०१४ ई.	विवाह नक्षत्र	विवाह लग्न के समय			लत्ता आदि दस दोष-रेखाएं	शुद्धलग्न, ग्रह-दान-पूजा आदि विवरण (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)
				चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरुराशि		
चैत्र शु. १५ मं.	वैशा. २	अप्रै. १५	चित्रा	कन्या	मेष	मिथुन	।। ऽरा. ।ऽबु. ।। ऽ ।।	दि.ल. २(८/०७ तक), (८/०७ बाद मृत्युबाण), (१०/५६ बाद राहुयुति अपरिहार्य),
वैशा. कृ. १ बु.	वैशा. ३	अप्रै. १६	स्वा.	तुला	मेष	मिथुन	ऽमं. ।। ऽशु. ऽसू. ऽअ. ।ऽ।।	दि.ल. २(८/३६ बाद), ३, ६, रा.ल. ८(२३/०७ तक), (शुक्रवेध परिहार),
वैशा. कृ. ३ शु.	वैशा. ५	अप्रै. १८	अनु.	वृश्चिक	मेष	मिथुन	।ऽ ।। ।ऽनृ. ऽ। ।।	दि.ल. ५(१४/३६ बाद), ६, गोधू., ८(२१/५२ तक),
वैशा. कृ. ४ श.	वैशा. ६	अप्रै. १९	मूल	धनु	मेष	मिथुन	।। ।। ।। ऽ। ।।	ल. ८(२२/४४ बाद), १०, ११, १२,
वैशा. कृ. ५ र.	वैशा. ७	अप्रै. २०	मूल	धनु	मेष	मिथुन	।। ।। ।ऽचौ. ऽ। ।।	दि.ल. २, ३, ६, गोधू.,
वैशा. कृ. ७ चं.	वैशा. ८	अप्रै. २१	उ.षा.	धनु/मकर	मेष	मिथुन	ऽशु.। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ६(१८/०८ बाद), गोधू., ८, १०, ११, १२,
वैशा. कृ. ८ मं.	वैशा. ९	अप्रै. २२	उ.षा.	मकर	मेष	मिथुन	ऽशु.। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. २, ३, ६(१६/३९ तक),
वैशा. कृ. ८ मं.	वैशा. ९	अप्रै. २२	श्रव.	मकर	मेष	मिथुन	ऽबु.रा. ऽ ।। ।ऽरो. ।ऽ ।।	दि.ल. ६(१६/३९ बाद), गोधू., ८, १०(२५/२३ तक), (२५/२३ बाद क्रान्तिसाम्य),
वैशा. कृ. ९ बु.	वैशा. १०	अप्रै. २३	श्रव.	मकर	मेष	मिथुन	ऽबु.रा. ऽ ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. २, ३, (८/१७ तक क्रान्तिसाम्य),
वैशा. कृ. ९ बु.	वैशा. १०	अप्रै. २३	धनि.	मकर/कुम्भ	मेष	मिथुन	ऽश.। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ६, गोधू., ८, १०, ११, १२,
वैशा. कृ. १० गु	वैशा. ११	अप्रै. २४	धनि.	कुम्भ	मेष	मिथुन	ऽश.। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. २(८/५० तक),
वैशा. शु. २ गु.	वैशा. १८	मई. १	रोहि.	वृष	मेष	मिथुन	।। ।। ।ऽरो. ऽ। ।।	दि.ल. ३(१०/०० बाद), ४, ६, रा.ल. ८, ९, १०, ११(२७/३३ तक),
वैशा. शु. ३ शु.	वैशा. १९	मई. २	रोहि.	वृष	मेष	मिथुन	।। ।। ।ऽरो. ऽ। ।।	दि.ल. २, ३, ४(११/१८ तक),
वैशा. शु. ३ शु.	वैशा. १९	मई. २	मृग.	वृष/मिथुन	मेष	मिथुन	।। ।। ।ऽरो. ।। ।।	दि.ल.४(११/१८ बाद), ६, रा.ल. ८, ९, १०(२४/४० तक),
वैशा. शु. ८ बु.	वैशा. २४	मई. ७	मघा	सिंह	मेष	मिथुन	।। ।। ।। ।। ।।	ल. १०(२४/४७ बाद), ११, १२,
वैशा. शु. ९ गु.	वैशा. २५	मई. ८	मघा	सिंह	मेष	मिथुन	।। ।। ।ऽचौ. ।। ।।	दि.ल. २, ३, ४, ६, गोधू., ८, ९, १०, ११(२६/३८ तक),
वैशा. शु. ११ श.	वैशा. २७	मई. १०	उ.फा.	सिंह/कन्या	मेष	मिथुन	ऽगु.। ।। ।। ऽ। ।।	दि.ल.२, ३, ४, ५(१४/२० तक), रा.ल. १२(२६/५४ बाद),
वैशा. शु. १२ र.	वैशा. २८	मई. ११	उ.फा.	कन्या	मेष	मिथुन	ऽगु.। ।। ।ऽरो. ऽ। ।।	दि.ल. २(६/३४ तक),
वैशा. शु. १२ र.	वैशा. २८	मई. ११	हस्त	कन्या	मेष	मिथुन	ऽसू.ऽऽमं.ऽशु.ऽशु.ऽरो.।।।।	दि.ल. ३(८/३३ बाद), ४, ५, ६, गोधू., ८, ९, १०, ११, १२, (भौमयुतिपरिहार), (शुक्रवेधपरिहार),
वैशा. शु. १३ चं.	वैशा. २९	मई. १२	हस्त	कन्या	मेष	मिथुन	ऽसू.ऽ ऽमं.ऽशु. ऽशु. ।।।।।	दि.ल. २(७/३५ तक), (भौमयुतिपरिहार), (शुक्रवेधपरिहार),
वैशा. शु. १३ चं.	वैशा. २९	मई. १२	चित्रा	कन्या	मेष	मिथुन	ऽसू.। ऽरा.। ऽशु.। ।। ।।	दि.ल. ३(७/३५ बाद), ४, ६, गोधू., ८(१९/५० तक), (१९/५० बाद राहुयुति अपरिहार्य),
ज्ये.कृ. १ गु.	ज्ये. २	मई १५	अनु.	वृश्चिक	वृष	मिथुन	।। ।। ऽसू.। ऽऽ ।।	दि.ल. ४(११/५४ बाद), ६, गोधू.,८, ९, १०, ११, १२,

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

मास -तिथि-वार	प्रविष्टा	तारीख २०१४ ई.	विवाह नक्षत्र	विवाह लग्न के समय			लत्ता आदि दस दोष-रेखाएं	शुद्धलग्न, ग्रह-दान-पूजा आदि विवरण (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)
				चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरुराशि		
ज्ये.कृ. ३ श.	ज्ये. ४	मई १७	मूल	धनु	वृष	मिथुन	।। ।ऽगु. ।ऽअ. ।। ।।	दि.ल. ७(१७/५३ बाद), गोधू., ९, १०, ११(२५/५८ तक), (गुरुवेधपरिहार),
ज्ये.कृ. ४ र.	ज्ये. ५	मई १८	उ.षा.	धनु	वृष	मिथुन	।। ।ऽबु. ऽगु.। ।ऽ ।।	ल. १०(२४/०४ बाद), ११, १२, (बुधवेधपरिहार),
ज्ये.कृ. ५ चं.	ज्ये. ६	मई १९	उ.षा.	मकर	वृष	मिथुन	।। ।ऽबु. ऽगु. ऽचौ. ।ऽ ।।	दि.ल. ३, ६, ७, गोधू., ९(२२/१३ तक), (बुधवेधपरिहार),
ज्ये.कृ. ५ चं.	ज्ये. ६	मई १९	श्रव.	मकर	वृष	मिथुन	ऽचं.रा.। ।। ।ऽचौ. ।। ।।	ल. ९(२२/१३ बाद),१०, ११, १२,
ज्ये.कृ. ६ मं.	ज्ये. ७	मई २०	श्रव.	मकर	वृष	मिथुन	ऽचं.रा.। ।। ।ऽनृ. ।। ।।	दि.ल. ३, ४(९/५८ तक),
ज्ये.कृ. ६ मं.	ज्ये. ७	मई २०	धनि.	मकर	वृष	मिथुन	ऽशु.श.। ।। ।। ।ऽ ।।	ल. गोधू., ९, १०, ११, १२,
ज्ये.कृ. ७ बु.	ज्ये. ८	मई २१	धनि.	मकर/कुम्भ	वृष	मिथुन	ऽशु.श.। ।। ।ऽचौ. ।ऽ ।।	दि.ल. ३, ४, ६, ७,
ज्ये.कृ. ११ श.	ज्ये. ११	मई २४	रेव.	मीन	वृष	मिथुन	।। ।। ऽमं.। ।ऽ ।।	दि.ल. ७(१६/२५ बाद), गोधू., ९, १०, ११, १,
ज्ये.कृ. १२ र.	ज्ये. १२	मई २५	रेव.	मीन	वृष	मिथुन	।। ।। ऽमं.। ।ऽ ।।	दि.ल. ३, ४, ५, ६(१३/४९ तक), (१३/४९ बाद मृत्युबाण),
ज्ये. शु. १ गु.	ज्ये. १६	मई २९	मृग.	वृष	वृष	मिथुन	।। ।। ।। ।। ।।	ल. ११, १२, १,
ज्ये. शु. २ शु.	ज्ये. १७	मई ३०	मृग.	वृष/मिथुन	वृष	मिथुन	।। ।। ।ऽचौ. ।। ।।	दि.ल. ३, ४, ५(११/५६ तक), ६(१३/५६ बाद), ७, ९(२१/०८ तक),
ज्ये. शु. ६ बु.	ज्ये. २२	जून ४	मघा	सिंह	वृष	मिथुन	।। ।। ।। ऽ। ।।	ल. ११(२४/०१ बाद), १२, १, (२४/०१ तक मृत्युबाण),
ज्ये. शु. ७ गु.	ज्ये. २३	जून ५	मघा	सिंह	वृष	मिथुन	।। ।। ।ऽअ. ऽ। ।।	दि.ल. ३, ४, ५(१०/४३ तक),
ज्ये. शु. ८ शु.	ज्ये. २४	जून ६	उ.फा.	सिंह/कन्या	वृष	मिथुन	ऽगु.। ।। ।। ।। ।।	दि.ल. ६(१३/१८ बाद), ७, गोधू., ९, १०, ११, १२, १,
ज्ये. शु. ९ श.	ज्ये. २५	जून ७	उ.फा.	कन्या	वृष	मिथुन	ऽगु.। ।। ।ऽनृ. ।। ।।	दि.ल. ३, ४, ५, ६, ७(१५/२३ तक),
ज्ये. शु. ९ श.	ज्ये. २५	जून ७	हस्त	कन्या	वृष	मिथुन	।। ऽमं.। ।ऽनृ. ।ऽ ।।	दि.ल. ७(१५/२३ से १६/५० तक), (भौमयुतिपरिहार),
ज्ये. शु. १० र.	ज्ये. २६	जून ८	चित्रा	कन्या	वृष	मिथुन	।। ऽरा.। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ७(१६/४८ बाद), गोधू., ९, १०, ११, १, (राहुयुतिपरिहार),
ज्ये. शु. १२ मं.	ज्ये. २८	जून १०	स्वा.	तुला	वृष	मिथुन	ऽमं.। ।। ऽके.। ऽ। ।।	दि.ल. ३, ४, ५, ६, ७(१७/१९ तक),
ज्ये. शु. १३ बु.	ज्ये. २९	जून ११	अनु.	वृश्चिक	वृष	मिथुन	।। ।ऽशु. ।ऽरो. ।ऽ ।।	दि.ल. ७(१६/२६ बाद), ९, ११, १, (शुक्रवेधपरिहार), (मकर और मीनलग्न में शुक्रवेधदोष है ।),
ज्ये. शु. १४ गु.	ज्ये. ३०	जून १२	अनु.	वृश्चिक	वृष	मिथुन	।। ।ऽशु ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ३, (शुक्रवेधपरिहार), (कर्क और सिंहलग्न में शुक्रवेधदोष है ।),
आषा. कृ. ४ चं.	आषा. २	जून १६	श्रव.	मकर	मिथुन	मिथुन	।। ।। ।। ऽऽ ।।	दि.ल. ४, ५(१२/०९ तक), (१२/०९ बाद मृत्युबाण),
आषा. कृ. ५ मं.	आषा. ३	जून १७	धनि.	मकर/कुम्भ	मिथुन	मिथुन	ऽश.ऽ ।। ।ऽअ. ।ऽ ।।	दि.ल. ६(१३/१७ बाद), ७, गोधू., १०, ११, १२(२५/०८ तक), (१३/१७ तक मृत्युबाण),

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

मास -तिथि-वार	प्रविष्टा	तारीख २०१४ ई.	विवाह नक्षत्र	विवाह लग्न के समय			लत्ता आदि दस दोष-रेखाएं	शुद्धलग्न, ग्रह-दान-पूजा आदि विवरण (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)
				चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरुराशि		
आषा. कृ. ८ शु.	आषा. ६	जून २०	रेव.	मीन	मिथुन	कर्क	।। ।। ऽमं.। ।ऽ ।।	ल. १०(२१/४८ बाद), ११, १२, १, २,
आषा. कृ. ९ श.	आषा. ७	जून २१	रेव.	मीन	मिथुन	कर्क	।। ।। ऽमं.। ।ऽ ।।	दि.ल. ४, ५, ६, ७, ८, गोधू.,
आषा. शु. ४ मं.	आषा. १७	जुला. १	मघा	सिंह	मिथुन	कर्क	।। ।। ।ऽचौ. ।ऽ ।।	ल. ११(२२/२३ बाद), १२, १, २,
आषा. शु. ५ बु.	आषा. १८	जुला. २	मघा	सिंह	मिथुन	कर्क	।। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ४, ५, ६, ७, ८ (१७/५२ तक),
आषा. शु. ६ गु.	आषा. १९	जुला. ३	उ.फा.	सिंह/कन्या	मिथुन	कर्क	ऽगु.ऽ ।। ।ऽरो. ऽऽ ।।	ल. १(२५/१५ बाद), २,
आषा. शु. ७ शु.	आषा. २०	जुला. ४	उ.फा.	कन्या	मिथुन	कर्क	ऽगु.ऽ ।। ।। ऽऽ ।।	दि.ल. ४, ५, ६, ७, ८, गोधू., १०, ११(२३/१४ तक),
आषा. शु. ७ शु.	आषा. २०	जुला. ४	हस्त	कन्या	मिथुन	कर्क	ऽगु.। ।। ।। ।ऽ ।।	ल. १२(२३/१४ बाद), १(२५/४६ तक),
आषा. शु. ८ र.	आषा. २२	जुला. ६	चित्रा	कन्या	मिथुन	कर्क	।। ऽमं.रा.। ।ऽअ ऽऽ ।।	दि. ल. ५(१०/०७ बाद), ६, ७(१३/५४ तक), (१०/०७ तक मृत्युबाण), (१३/५४ बाद भौम-राहुयुति अपरिहार्य),
आषा. शु. ८ र.	आषा. २२	जुला. ६	स्वा.	तुला	मिथुन	कर्क	।। ।। ऽके.ऽअ. ।। ।।	ल. २(२६/२५ बाद),
आषा. शु. ९ चं.	आषा. २३	जुला. ७	स्वा.	तुला	मिथुन	कर्क	।। ।। ऽके.ऽअ. ।। ।।	दि.ल. ४,५, ६, ७, ८, गोधू., १०, ११, १२, १, २(२६/४९ तक),
श्राव. शु. १३ श.	श्राव. २५	अग. ९	उ.षा.	धनु/मकर	कर्क	कर्क	।। ।। ऽशु.ऽनृ. ।। ।।	दि. ल. ७, ८, रा.ल. ११, १२, १,
श्राव. शु. १५ र.	श्राव. २६	अग. १०	श्रव.	मकर	कर्क	कर्क	ऽरा.। ।। ऽगु.शु.। ।ऽ ।।	दि.ल. ८(१३/३८ बाद), ११, १२, १(२२/३९ तक),
भाद्र. कृ. ३ बु.	श्राव. २९	अग. १३	उ.भा.	मीन	कर्क	कर्क	।। ।। ।ऽरो. ।ऽ ।।	दि.ल. ८(१४/१४ बाद), ९, गोधू. ११, १२, १, २,
भाद्र. कृ. ४ गु.	श्राव. ३०	अग. १४	उ.भा.	मीन	कर्क	कर्क	।। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ५, ६, ७(१२/१९ तक),
भाद्र. कृ. ९ मं.	भाद्र. ३	अग. १९	रोहि.	वृष	सिंह	कर्क	ऽबु.शु.। ।। ।ऽअ. ऽऽ ।।	दि.ल. ७, ८(१३/३१ तक), (८/१० तक मृत्युबाण),
भाद्र. कृ. ९ मं.	भाद्र. ३	अग. १९	मृग.	वृष	सिंह	कर्क	।ऽ ।। ।ऽअ. ।ऽ ।।	दि.ल. ८(१३/३१ बाद), ९, १०, गोधू.
भाद्र. कृ. १० बु.	भाद्र. ४	अग. २०	मृग.	मिथुन	सिंह	कर्क	ऽबु.ऽ ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ७(१०/५५ बाद), ८, ९(१५/४१ तक),
भाद्र. शु. ३ गु.	भाद्र. १२	अग. २८	हस्त	कन्या	सिंह	कर्क	ऽगु.ऽ ।। । ऽअ. ।। ।।	दि.ल. ९(१६/१० बाद), १०, १२, १, २, ४, (१६/१० तक मृत्युबाण),
भाद्र. शु. ४ शु.	भाद्र. १३	अग. २९	हस्त	कन्या	सिंह	कर्क	ऽगु.ऽ ।। । ऽअ. ।। ।।	दि.ल. ७, ८(१३/५१ तक),
भाद्र. शु. ४ शु.	भाद्र. १३	अग. २९	चित्रा	कन्या	सिंह	कर्क	।। ऽरा.। ऽके.ऽअ. ।। ।।	दि.ल. १०, रा.ल. १२, १, २, (राहुयति परिहार), (२४/३० बाद क्रान्तिसाम्य),
भाद्र. शु. ५ श.	भाद्र. १४	अग. ३०	स्वा.	तुला	सिंह	कर्क	।। ।। ।ऽनृ. ।ऽ ।।	दि.ल. १०, गोधू., १२, १, २, ३, ४,
भाद्र. शु. ६ र.	भाद्र. १५	अग. ३१	स्वा.	तुला	सिंह	कर्क	।। ।। ।ऽनृ. ।ऽ ।।	दि.ल. ७, ८, ९, १०(१७/१२ तक),
भाद्र. शु. ८ मं.	भाद्र. १७	सितं. २	अनु.	वृश्चिक	सिंह	कर्क	।ऽ ।। ।ऽचौ. ।ऽ ।।	दि.ल. १०(१६/३६ बाद),

Laser Typesetting by : Gyani Kartar Singh 'Gadh' at Kanwal Video & Photostat, Kurali,

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

मास -तिथि-वार	प्रविष्टा	तारीख २०१४-१५ ई.	विवाह नक्षत्र	विवाह लग्न के समय			लत्ता आदि दस दोष-रेखाएं	शुद्धलग्न, ग्रह-दान-पूजा आदि विवरण (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)
				चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरुराशि		
भाद्र.शु. ९ बु.	भाद्र. १८	सितं. ३	मूल	धनु	सिंह	कर्क	।। ।। ।ऽरो. ।। ।।	ल. गोधू., १२, १, २, ३, ४,
भाद्र.शु. १० गु.	भाद्र- १९	सितं. ४	मूल	धनु	सिंह	कर्क	।। ।। ।ऽरो. ।। ।।	दि.ल. ६, ७, ८, ९, १०(१६/१६ तक),
भाद्र.शु. ११ शु.	भाद्र २०	सितं. ५	उ.षा.	मकर	सिंह	कर्क	।। ।। ।। ।। ।।	ल. १(२१/२४ बाद), २(२२/३५ तक), (२२/३५ बाद मृत्युबाण),
भाद्र.शु. १२ श.	भाद्र २१	सितं. ६	श्रव.	मकर	सिंह	कर्क	ऽसू.रा.। ।ऽशु.।ऽअ. ऽ। ।।	ल. ३(२५/०९ बाद), ४, (शुक्रवेधपरिहार), (२३/२१ तक मृत्युबाण),
भाद्र.शु. १३ र.	भाद्र. २२	सितं. ७	श्रव.	मकर	सिंह	कर्क	ऽसू.रा.। ।ऽशु.।ऽअ. ऽ। ।।	दि.ल. ७(९/१९ तक), (शुक्रवेधपरिहार),
भाद्र.शु. १३ र.	भाद्र. २२	सितं. ७	धनि.	मकर/कुम्भ	सिंह	कर्क	ऽश.। ।ऽगु.ऽगु. ऽअ. ।। ।।	दि.ल. ७(९/१९ बाद), ८, ९, १०, गोधू., १२, १, २, ३, ४, (गुरुवेधपरिहार),
आश्वि.शु. १ गु.	आश्वि. ९	सितं. २५	हस्त	कन्या	कन्या	कर्क	।। ।। ।ऽरो. ।। ।।	दि.ल. ९(१३/२२ बाद), १०, ११, गोधू., १(१९/३९ तक),
आश्वि.शु. १ गु.	आश्वि. ९	सितं. २५	चित्रा	कन्या	कन्या	कर्क	ऽगु.।ऽबु.रा.ऽचं.ऽके.ऽरो.।।।।	ल. १(१९/३९ बाद), ४, (राहुयुतिपरिहार), (मिथुन लग्न में अपरिहार्य चन्द्रवेध)
आश्वि.शु. २ शु.	आश्वि.१०	सितं. २६	चित्रा	कन्या	कन्या	कर्क	ऽगु.।ऽबु.रा.ऽचं.ऽके.ऽरो.।।।।	दि.ल. ७(८/३४ तक), (चन्द्रवेधपरिहार), (८/३४ बाद राहुयुति अपरिहार्य),
आश्वि.शु. २ शु.	आश्वि.१०	सितं. २६	स्वा.	तुला	कन्या	कर्क	।ऽ ।। ।। ऽ। ।।	ल. २(२१/२३ से २२/२४ तक),
मार्ग. शु. ११ मं.	मार्ग. १७	दिसं. २	अश्वि.	मेष	वृश्चिक	कर्क	ऽसू.ऽ ।। ।। ऽ। ।।	ल. ७,
मार्ग. शु. १२ बु.	मार्ग. १८	दिसं. ३	अश्वि.	मेष	वृश्चिक	कर्क	।। ।। ।। ।। ।।	दि.ल. १०, ११, १२, १, गोधू., ४(२२/२९ तक),
माघ शु. १ बु.	माघ ८	जन. २१	श्रव.	मकर	मकर	कर्क	।। ऽबु.। ।ऽचौ. ।। ।।	ल. गोधू., ६(२२/१३ तक),
माघ शु. १ बु.	माघ ८	जन. २१	धनि.	मकर	मकर	कर्क	।। ऽशु.ऽगु. ऽगु.। ।। ।।	ल. ६(२२/१३ बाद), ७(२६/१९ तक), (गुरुवेधपरिहार),
माघ शु. ७ चं.	माघ १३	जन. २६	अश्वि.	मेष	मकर	कर्क	।ऽ ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. २(१२/३५ बाद), गोधू., ६(२२/५२ तक)
माघ शु. ८ मं.	माघ १४	जन. २७	अश्वि.	मेष	मकर	कर्क	।ऽ ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. १२ (१०/२३ बाद), १(११/१० तक),
माघ शु. १० गु.	माघ १६	जन. २९	रोहि.	वृष	मकर	कर्क	।। ।। ऽश.। ।ऽ ।।	दि.ल. १(११/३८ बाद), २, ३(१६/२९ तक), (१६/२९ बाद क्रान्तिसाम्य),
माघ शु. ११ शु.	माघ १७	जन. ३०	मृग.	वृष/मिथुन	मकर	कर्क	।। ।। ।। ऽ। ।।	ल. ६(२२/१४ बाद), ७(२५/३२ तक),
फाल्गु. कृ. ४ र.	माघ २६	फर. ८	हस्त	कन्या	मकर	कर्क	।। ऽरा.। ।। ।ऽ ।।	दि. ल. ११(८/२९ बाद), १२, १, २, ३, गोधू., ६, ७, ८, (राहुयुतिपरिहार),
फाल्गु. कृ. ५ चं.	माघ २७	फर. ९	हस्त	कन्या	मकर	कर्क	।। ऽरा.। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. ११, १२, १(११/२७ तक), (राहुयुतिपरिहार),
फाल्गु. कृ. ६ मं.	माघ २८	फर. १०	स्वा.	तुला	मकर	कर्क	ऽचं.बु. ऽ ।। ।। ।। ।।	दि.ल. ३(१४/०२ बाद), गोधू.,
फाल्गु. कृ. ७ बु.	माघ २९	फर. ११	स्वा.	तुला	मकर	कर्क	ऽचं.बु. ऽ ।। ।। ।। ।।	दि.ल. ११(८/१२ बाद), १२(८/५८ तक), (८/५८ बाद मृत्युबाण),

शुद्ध विवाहमुहूर्त्त (सं. २०७१ वि.)

मास -तिथि-वार	प्रविष्टा	तारीख २०१५ ई.	विवाह नक्षत्र	विवाह लग्न के समय			लत्ता आदि दस दोष-रेखाएं	शुद्धलग्न, ग्रह-दान-पूजा आदि विवरण (सर्वत्र भा. स्टैं. टा. दिया गया है।)
				चन्द्रराशि	सूर्यराशि	गुरुराशि		
फाल्गु. कृ. ११ र.	फाल्गु. ३	फर. १५	मूल	धनु	कुम्भ	कर्क	।ऽ ।। ।ऽअ. ।ऽ ।।	दि.ल. १२, १, २, ३, ४(१६/३० तक), (७/५५ तक मृत्युबाण),
फाल्गु. शु. ४ र.	फाल्गु. १०	फर. २२	अश्वि.	मेष	कुम्भ	कर्क	ऽमं. ।। ।। ।। ऽ ।।	ल. ६(२०/४८ बाद), ७, ८, ९(२८/०४ तक), (२८/०४ बाद क्रान्तिसाम्य),
चैत्र कृ. २ श.	फाल्गु. २३	मार्च ७	हस्त	कन्या	कुम्भ	कर्क	।ऽ ऽरा. ।। ऽनृ. ।। ।।	दि.ल. ४(१४/३६ बाद), गोधू., ६, ७, ८, ९, १०, (राहुयुतिपरिहार),
चैत्र कृ. ३ र.	फाल्गु. २४	मार्च ८	हस्त	कन्या	कुम्भ	कर्क	।ऽ ऽरा. ।। ।। ।। ।	दि.ल. ३(१३/०१ बाद), ४, गोधू., (राहुयुतिपरिहार), (१३/०१ तक क्रान्तिसाम्य),
चैत्र कृ. ३ चं.	फाल्गु. २५	मार्च ९	स्वा.	तुला	कुम्भ	कर्क	।। ।। ।ऽवै. ।ऽ ।।	ल. ७, ८, ९,
चैत्र कृ. ४ मं.	फाल्गु. २६	मार्च १०	स्वा.	तुला	कुम्भ	कर्क	।। ।। ।। ।ऽ ।।	दि.ल. १२, १, २, ३(१२/१० तक), ४(१५/३६ बाद), गोधू., ७(२२/२१ तक),

आगामी सं. २०७२ वि. में गुरु-शुक्रास्त- आगामी सं. २०७२ वि. में गुरु लगभग १२ अगस्त से ७ सितम्बर, २०१५ ई. तक अस्त रहेगा। शुक्र लगभग ४ से १६ अगस्त, २०१५ ई. तक अस्त रहेगा। इस संवत् में १७ जून से १६ जुलाई तक आषाढ़ अधिकमास होगा। १४ से ३० सितंबर, २०१५ ई. तक गुरु सिंहराशि के सिंहांशक में रहेगा। आगामी वर्ष संवत् २०७२ वि. के सम्भावित विवाहमुहूर्तों की तारीखें अगले पृष्ठ पर देखें।

विवाहमुहूर्त्तों के शोधन में वेध—युति आदि दोषों के शास्त्रीय परिहार

इस पंचांग में दिए जाने वाले विवाहमुहूर्तों में जहां वेध, युति, कर्त्तरी, दग्धातिथि, षष्ठाष्टमस्थ चन्द्र, भौम, शुक्र के दोषों के परिहार मिल जाते हैं, वहां उन मुहूर्त्तों को शास्त्रानुसार शुद्ध मान लिया जाता है और विवाहलग्न लगा दिए जाते हैं। इन दोषों के परिहार निम्नांकित स्थितियों में माने गए हैं:- *वेध परिहार-* सप्तशलाका एवं पंचशलाका वेध में क्रूरग्रह द्वारा विद्ध नक्षत्र के तो चारों चरण दूषित माने जाते हैं, वेध का वहां परिहार नहीं है। सौम्य ग्रह द्वारा वेध होने पर पादवेधपद्धति से केवल विद्ध चरण को ही दूषित माना जाता है। वहां शेष तीनों चरण वेधदोष से मुक्त रहते हैं। पादवेधपद्धति में वेधक सौम्यग्रह नक्षत्र के पहिले चरण में हो तो वह वेध्य नक्षत्र के चौथे चरण को, चतुर्थ चरण में स्थित वेधक सौम्य ग्रह वेध्य नक्षत्र के पहिले चरण को; द्वितीय चरणस्थ वेधक ग्रह वेध्य नक्षत्र के तृतीय चरण को एवं तृतीय चरणस्थ वेधक ग्रह वेध्य नक्षत्र के द्वितीय चरण को विद्ध करता है। *युतिदोष का परिहार-* नक्षत्र के साथ सौम्यग्रह की युति का दोष सामान्य माना जाता है, लेकिन क्रूरग्रह की युति बहुत ही अशुभ फलप्रद मानी जाती है। यदि चन्द्रमा अपनी उच्च राशि (वृष) या मित्रराशि (सिंह, मिथुन, कन्या) में हो तो क्रूरग्रह की युति का दोष भी समाप्त हो जाता है। *कर्त्तरीदोष का परिहार-* मुहूर्त के लग्न से सप्तमरहित केन्द्र या त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुध स्थित हो तो कर्त्तरीदोष का परिहार हो जाता है। कर्त्तरी बनाने वाले ग्रह यदि शत्रुराशि या अपनी नीचराशि में हों या दोनों अस्त हों, तो भी लग्न का कर्त्तरीदोष नहीं रहता। यदि मुहूर्त्तलग्न से द्वितीय भाव में कोई शुभ ग्रह बैठा हो अथवा बारहवें भाव में गुरु बैठा हो तो भी कर्त्तरीदोष निष्प्रभाव हो जाता है और ऐसा कर्त्तरीदोष विवाहमुहूर्त्त को अग्राह्य नहीं बना सकता। चन्द्र-कर्त्तरीदोष का परिहार भी चन्द्रमा के स्थान को लग्न समझकर, इन्हीं योगों से देखना चाहिए। *दग्धातिथि का परिहार-* मुहूर्त के लग्न से सप्तमरहित केन्द्र या त्रिकोण में गुरु, शुक्र या बुध बैठा हो, तो दग्धातिथि का परिहार हो जाता है, इस परिहार की स्थिति में दग्धातिथि में विवाहलग्न शुद्ध माना जाता है। *षष्ठाष्टमस्थ चन्द्र का परिहार-* नीचराशि (वृश्चिक) में चन्द्रमा हो तो वह लग्न से छठे या आठवें भाव में होने पर भी दोषकारक नहीं होता। यदि चन्द्रमा लग्नेश होकर षष्ठाष्टमस्थ हो, तब तो उसका कोई परिहार शास्त्रों में नहीं मिलता। *अष्टमस्थ मंगल का परिहार-* मंगल अस्त (अदृश्य) हो या वह नीचराशि (कर्क) अथवा शत्रु राशि (मिथुन या कन्या) में हो, तो लग्न से अष्टमस्थ होने पर भी वह दोषकारक नहीं होता। यदि मंगल लग्नेश होकर अष्टम में हो, तो किसी भी स्थिति में उसके दोष का परिहार नहीं माना जाता। *षष्ठाष्टमस्थ शुक्र का परिहार-* शुक्र यदि नीचराशि (कन्या) अथवा शत्रुराशि (कर्क या सिंह) में हो, तो वह षष्ठाष्टमस्थ होने पर भी अशुभ फल नहीं करता। यदि शुक्र लग्नेश होकर षष्ठाष्टमस्थ हो, तो उसका भी कोई परिहार नहीं है।

ध्यान रहे- ये लग्नभंग के सामान्य (अपूर्ण) परिहार हैं, जिन्हें पंचांगकार परम्परया प्रयोग में ला रहे हैं। लेकिन इनसे अतिरिक्त अन्य लग्नभंग के विशेष परिहार भी हैं, जिनका हमने गत वर्ष (सं. २०७० वि.) से लग्नशोधन में प्रयोग करना प्रारम्भ किया है। इसके लिए पृष्ठ 264 पर दिया " विवाहमुहूर्तशोधन में लग्नभंग-परिहार" लेख पढ़ना चाहिए।

वि. सं. 2072 में (21 मार्च, 2015 ई. से 7 अप्रैल, 2016 ई. तक)सम्भावित शुद्ध विवाहमुहूर्त्त

प्रतिवर्ष हमें ऐसे दैवज्ञों एवं अन्य अनेक लोगों के **Phone Calls** / पत्र आते हैं, जो यह जानना चाहते हैं कि– आगामी वर्ष में *शुद्ध विवाहमुहूर्त* किन–किन दिनों में संभावित हैं। उनकी इस जिज्ञासा की शान्ति के लिए यह स्तम्भ गत वर्ष से प्रारम्भ किया गया है। इससे यह पर्याप्त स्पष्टता से ज्ञात हो जाता है कि– आगामी वर्ष के किन–किन दिनों में *शुद्ध विवाहमुहूर्त* संभावित हैं और किन–किन दिनों में नहीं। यहां जिन तारीखों के आगे गुणनचिह्न (×) दिया गया है, उन दिनों में शुद्ध विवाहमुहूर्त्त बिल्कुल नहीं बनते। इनके अतिरिक्त जहां गुणनचिह्न नहीं दिया है, उन दिनों में शुद्ध मुहूर्त्त बनने की पर्याप्त संभावना है। — प्रियव्रत शर्मा

तारीख	मार्च '15	अप्रै. '15	मई '15	जून '15	जुला'15	अग.'15	सितं.'15	अक्तू.'15	नवं.'15	दिसं.'15	जन.'16	फर.'16	मार्च '16	अप्रै.'16	तारीख
1	–	×			×		×	×	×		×			×	1
2	–	×			×	×	×	×	×		×			×	2
3	–	×			×	×	×	×	×		×			×	3
4	–	×			×	×	×	×			×			×	4
5	–	×			×	×	×	×			×			×	5
6	–	×			×	×	×	×			×	×		×	6
7	–	×			×	×	×	×			×	×	×	×	7
8	–	×			×	×	×	×			×	×	×	– –	8
9	–	×		×	×	×	×	×	×	×	×	×	×	– –	9
10	–	×			×	×	×	×	×	×	×		×	– –	10
11	–	×			×	×	×	×	×	×	×		×	– –	11
12	–	×			×	×	×	×			×	×	×	– –	12
13	–	×			×	×	×	×			×	×	×	– –	13
14	–	×		×	×	×					×		×	– –	14
15	–	×		×	×	×	×		×	×			×	– –	15
16	–	×	×	×	×	×	×	×	×	×			×	– –	16
17	–	×	×	×		×	×	×		×			×	– –	17
18	–	×	×	×		×	×			×		×	×	– –	18
19	–	×		×		×	×			×		×	×	– –	19
20	–			–×		×	×		×	×		×	×	– –	20
21	×		×	×		×	×			×			×	– –	21
22	×		×	×		×	×			×	×		×	– –	22
23	×		×	×		×	×			×	×		×	– –	23
24	×	×		×		×	×	×		×	×		×	– –	24
25	×	×		×		×	×			×			×	– –	25
26	×	×		×		×	×			×			×	– –	26
27	×			×		×	×			×			×	– –	27
28	×			×		×	×		×	×			×	– –	28
29	×			×		×	×		×	×			×	– –	29
30	×			×		×	×		×	×		– –	×	– –	30
31	×			– –		×	– –		– –	×		– –	×	– –	31

इस वर्ष (सं. 2072) में इन निम्नांकित दोषों के कारण ये निम्नांकित तारीखें विवाहादि सभी मंगल–कृत्यों में निषिद्ध हैं।

मीनस्थ सूर्यदोष
(21 मार्च से 13 अप्रैल, 2015 ई.)

चन्द्रग्रहण(4 अप्रै.'15) वेधदोष
(3 से 7 अप्रै.'15)

आषाढ़ अधिकमास-दोष
(17 जून से 16 जुला. '15)

शुक्र वार्धक्य–अस्त–बाल्यदोष
(2 से 23 अग., '15)

गुरु वार्धक्य–अस्त–बाल्यदोष
(9 अग. से 10 सितं., '15)

सिंह नवांश में सिंहस्थ–गुरु–दोष
(14 सितं. से 30 सितं., '15)

आश्विन कृष्ण(श्राद्ध)पक्ष-दोष
(28 सितं. से 12 अक्तू., 15)

धनुःस्थ सूर्यदोष
(16 दिसं. '15 से 13 जन. '16)

सूर्यग्रहण (9 मार्च '16) वेधदोष
(8 से 12 मार्च, 16)

मीनस्थ सूर्यदोष
(14 मार्च से 7 अप्रै., 16)

ध्यान दें– सभी मंगलकृत्यों में निषिद्ध इन उपरोक्त तारीखों तथा अन्य तारीखों को भी जो विवाहकृत्य में वर्जित हैं, इस कोष्ठक में गुणनचिह्न से अंकित किया गया है।

सं. २०७१ वि. में भिन्न-भिन्न राशि वाले वरों और कन्याओं के विवाह–निर्णय के लिए निर्बल–शुद्धि

सं. २०७१ वि. में भिन्न-भिन्न राशि वाले वरों और कन्याओं के विवाह-निर्णय के लिए त्रिबल-शुद्धि

(अर्थात् किस राशि वाले वर और कन्या के लिए सं. २०७१ वि. में कुल कितने विवाहमुहूर्त्त किन-किन तारीखों को शुद्ध (ग्राह्य) बनते हैं ?)

लोग अपनी सुविधा के अनुसार किसी खास महीने में या किसी खास तारीख के आस-पास ही विवाह-मुहूर्त्त (साहा) निकालने के लिए ज्योतिषियों से अनुरोध किया करते हैं। ऐसी स्थिति में ज्योतिषी को विवाहमुहूर्त्तों में जगह-जगह त्रिबल-शुद्धि जानने का झंझट करना पड़ता है। इस झंझट से ज्योतिषियों को छुटकारा दिलाने के लिए हम यहां नीचे 'त्रिबलशुद्धि कोष्ठक' दे रहे हैं। संवत् २०७१ वि. के शुद्ध विवाह-मुहूर्त्त इस पंचांग में पृ. 254 पर दिए गए हैं । किस-किस महीने में किस-किस तारीख वाले विवाहमुहूर्त्त में, किस-किस राशि वाले लड़के-लड़कियों के विवाह हो सकते हैं, यह त्रिबलशुद्धि के अनुसार नीचे दिए गए 'त्रिबल-शुद्धि कोष्ठक' में लिख दिया गया है । अमुक राशि वाले लड़के (वर) और अमुक राशि वाली कन्या के लिए इस वर्ष कुल कितने विवाहमुहूर्त्त किन-किन तारीखों को बनते हैं- इस कोष्ठक द्वारा साधारण व्यक्ति भी एक ही नजर में यह तुरन्त जान सकता है। इस कोष्ठक से यह भी तुरन्त जाना जा सकता है, कि अमुक राशि वाली लड़कियों और लड़कों का विवाह इस वर्ष किन-किन तारीखों वाले विवाहमुहूर्त्तों में हो सकता है। वर के लिए 'सूर्य की पूजा' और कन्या के लिए 'गुरु की पूजा' वाला समय भी इस कोष्ठक में दिया गया है ।

